TEXT PROBLEM
WITHIN THE
BOOK ONLY

TEXT FLY
WITHIN THE
BOOK ONLY

UNIVERSAL LIBRARY

OU_182741

UNIVERSAL LIBRARY

**OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY**

Call No. H801 D57P  Accession No. H1845

Author

Title

This book should be returned on or before the date last marked below.

# 'भूषण-विमर्श'

परिवर्द्धित व संशोधित संस्करण

लेखक

आचार्य भगीरथ प्रसाद दीक्षित 'साहित्यरत्न'

भूतपूर्व प्रिंसिपल हिन्दी विद्यापीठ प्रयाग, इन्स्पेक्टर आफ स्कूल्स
व हेड मास्टर नार्मल स्कूल कोटा, साहित्य अन्वेषक नागरी-
प्रचारिणी सभा काशी व हिन्दी साहित्य सम्मेलन
प्रयाग, प्रोफेसर महिला-विद्यालय लखनऊ,
तुलसी-विमर्श, हिन्दू-परिवार मीमांसा
(भारतीय समाज-विमर्श) वीर काव्य-
संग्रह, खेती-बारी, तुलसी
ग्रंथावली, शिवा बावनी,
आदि आदि अनेक
ग्रंथों के रचयिता,
सम्पादक व
टीकाकार।

द्वितीयावृत्ति ]

[ मूल्य ४)

प्रकाशक
अवध पब्लिशिंग हाउस
लखनऊ

Checked 1969

मुद्रक
नारायण कृष्ण पावगी
भारत प्रेस
नेहरू रोड, लखनऊ

# समर्पण

प्रिय एक मात्र सहोदर बन्धु गिंदन ! (स्वर्गीय गेंदालाल दीक्षित) ! जिन 'शिवाजी' के राष्ट्र संगठन के आदर्श को ध्येय बना कर 'महाकवि भूषण' ने स्वराज्य की सृष्टि कर डाली थी तथा अत्याचार से अभिभूत साम्राज्यवाद को ध्वस्त कर दिया था उसी का अन्वेषण, विवेचन और विश्लेषण इस 'भूषण-विमर्श' में किया गया है।

उसी आदर्श को लक्ष्य करके तुमने भी अपने अथक परिश्रम, त्याग और तपमयी वृत्ति से जीवन की बाजी लगाकर 'शिवाजी-समितियों' का निर्माण इस प्रान्त तथा अन्य प्रान्तों में किया था। साथ ही एक सुदृढ़ राष्ट्रीय सेना की स्थापना और संचालन करके राज क्रान्ति का प्रत्यक्ष सजीव-स्वरूप खड़ा कर दिया था, जिसके ाव स बृटिश शासकों का आसन डोल गया और हृदय थर्रा उठा था। उक्त दोनों व्यक्तियों की स्वराज्य प्राप्ति की कृतकार्यता का स्वरूप भी एकसा ही दृष्टिगोचर होता है अन्तर यही है कि भूषण ने ापने जीवन-काल में ही इस स्वराज्य सुख का उपभोग कर लिया था रन्तु तुम्हारे प्रयत्न से मिला यह स्वराज्य नश्वर शरीर के अन्त होने र तुम्हारे नाम से आत्मिक प्रभाव द्वारा काँग्रेस के हाथों में आ गया है। जिसमें अहिंसा और सत्य के बल का भी एक गहरा पुट लगा हुआ। इस सफलता से तुम्हारी आत्मा को अवश्य पूर्ण संतोष होना स्वाभाक है। अतः यह 'भूषण-विमर्श' तुम्हारी दिवंगत आत्मा को स्मृति स्वरूप गद्-गद् हृदय से रुद्ध कण्ठ हो सप्रेम समर्पित है।

तुम्हारा

**दद्दा (भगीरथ प्रसाद दीक्षित)**

# विषय सूची


| | |
|---|---|
| विषय सूची | ५ |
| दो शब्द | ९ |
| सम्मति | ११ |
| प्रस्तावना | १३ |
| प्राक्कथन | १७ |
| १—भूषण का जीवन चरित्र | १—४४ |
| भ्रान्तियाँ (जीवन संबंधी) | १ |
| भूषण का असली नाम | ५ |
| भूषण का जन्म काल | ९ |
| (क) भूषण और मतिराम | १४ |
| (ख) मतिराम के आश्रय दाता और रचनाएँ | १५ |
| (ग) भूषण और मतिराम की समसामयिकता | २१ |
| (घ) भूषण और मतिराम का बंधुत्व | २२ |
| चिन्तामणि और नीलकंठ | ३० |
| भूषण की जन्मभूमि तथा निवास स्थान | ३५ |
| भूषणकालीन परिस्थिति और उद्‌बोधन | ३७ |
| २—शिवराज भूषण का निर्माणकाल | ४५—७७ |
| शिवा बावनी | ५४ |
| हृदयराम का समय निरूपण | ६६ |
| ३—ऐतिहासिक विवेचन | ७८—१०८ |
| शिवराज भूषण में निर्माणकाल के पीछे की घटनाएँ | ७८ |

कर्नाटक की चढ़ाई ७८
भडौंच पर आक्रमण ८८
रामनगर विजय ९२
बहादुर खाँ ( खांने जहाँ ) ९४
दिलेर खाँ ९७
रायगढ़ और सितारा ९६
भूषण के सम्मुख घटित घटनाओं का अभाव १०२
शब्द साक्ष्य १०६
४—भूषण के आश्रय दाता १०९-१५१
आश्रय दाताओं का उल्लेख १०९
( प ) मोरंग और कुमाऊँ नरेश ११२
( फ ) श्रीनगर ( गढ़वाल ) नरेश फतहशाह ११६
( ब ) रीवाँ नरेश अवधूतसिंह का दरबार १२१
राजपूताने का भ्रमण १२३
( अ ) जयपुर ( इ ) जोधपुर ( उ ) उदयपुर, दरबार
दक्षिण यात्रा १२७
( कं ) आदिलशाही और कुतुबशाही राजकुमार १२७
( खं ) छत्रपति शाहू से भेंट १२८
( गं ) बाजीराव पेशवा से भेंट १३१
अन्य आश्रयदाता
( च ) दिल्ली नरेश जहांदारशाह १३२
( छ ) बूँदी नरेश बुधसिंह १३५
( ज ) मैडूं नरेश राजा अनिरुद्ध सिंह १३६
( झ ) असोथर नरेश भगवन्तराय खींचो १३८
( ञ ) छत्रपति छत्रसाल की सहायता १४४

( ट ) चिमनाजी ( चिन्तामणि ) से भेंट १४५
वंगस युद्ध १४६
छत्रशाल-भूषण मिलन १४७
आश्रय दाताओं की सूची १४९
५—भूषण और शिवाजी १५२—१५८
राजाओं के संघटन का कारण १५७
६—भूषण की विशेषताएँ १५९—२२०
( अ ) भाषा पर विचार १५९
( बं ) भूषण की शैलियाँ १६६
( १ ) विवरणात्मक, ( २ ) विवेचनात्मक ( ३ ) संश्लिष्ट
शैली की विशेषताएँ १७२
( सं ) रसनिरूपण १७९
( दं ) भूषण की आलंकारिकता १८७
( प ) भूषण की रचना में वैदिक भावना १९६
( फं ) वैदिक उपासना २०१
( ह ) वीर रसका विकास और भूषण २०४
( च ) तुलनात्मक आलोचना २०५
( छ ) शिवराज भूषण में बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव २१३
( जं ) भूषण की रचना में मौलिकता २१६
७—समाज सुधार की योजना २२१—२३७
( कं ) विवाह का आदर्श २२१
( खं ) वर्ण व्यवस्था संबंधी सुधार २२६
( गं ) हिन्दू-मुसलिम मेल की भावना २३०
( घं ) उत्साह और साहस २३४
( ङ ) नीति वर्णन २३६

८—आक्षेपों का उत्तर २३८-२७७
( क ) क्या भूषण भिखमंगे थे ! २३८
( ख ) अश्लीलता का आरोप २४२
( ग ) जाति विद्वेष का आक्षेप २४६
( घ ) म्लेच्छ, तुर्क, खल और दुर्जन शब्द २५०
( ङ ) ऐतिहासिक आक्षेप २५७
( च ) भूषण और भटैती २५९
( छ ) एक साहित्यिक प्रत्यालोचना २६०
( ज ) भूषण की राष्ट्रियता २६७
९—( ञ ) उपसंहार २७४
१०—( परिशिष्ट ) सवायी जयसिंह २७७-२८०
सहायक पुस्तकों की सूची २८१-२८४
नामानुक्रमणिका २८५

# दो शब्द

हिन्दी-साहित्य के इतिहास में विभिन्न युगों के परिवर्तन पर दृष्टिपात करते हुए हमें उन अमर कृतियों का परिचय मिलता है जिनके द्वारा उन युगों में क्रमशः नवीन भावनाओं का सृजन और विकास सम्भव हो सका था। उन कृतियों के रूप में राष्ट्र को शक्ति जागृति और एकता का सन्देश देनेवाले महान कवियों और साहित्यकारों में महाकवि भूषण का नाम विशेषतया उल्लेखनीय है जिन्होंने मुग़ल शासकों की दासता के बन्धन में जकड़े हुए असहाय पीड़ित और अकर्मण्य हिन्दू-राष्ट्र को अपनी अमर-वाणी द्वारा नवजीवन दान दिया। वीर-रस-प्रधान उनकी काव्य-धारा प्रसुप्त, निरुपाय और हताश स्वदेश के लिए- स्वधर्म के लिए, स्वजाति के लिए और हिंदी साहित्य के लिए साक्षात अमृत-स्रोत बन कर प्रवाहित हुई जिसने अल्पकाल में ही महाराष्ट्र कुल-भूषण साहू जी और शूरशिरोमणि महाराज छत्रसाल जैसे महापुरुषों को देशोद्धार के लिए महाक्रान्ति का आवाहन करने को कटिबद्ध
युग ने करवट बदली और भारयीय राष्ट्र सबल होकर तत्काली.. ।वरोध शक्तियों से सफलतापूर्वक संघर्ष करने लगा।

भूषण ने जहां हिन्दुत्व का समर्थन किया है वहां हिन्दू मुसलिम मेल पर भी अच्छा बल दिया है और राष्ट्रीय भावना के लिये क्षेत्र परिष्कृत करने का पूरा प्रयत्न किया था। वास्तव में औरंगजेब के अत्याचारों से समाज का रक्षण करना ही उनका प्रधान लक्ष्य था।

इस अमर कवि-की जीवनी तथा कृतियों पर अनेक बार प्रकाश डाला जा चुका है। तद्विषयक ग्रन्थों की हिन्दी साहित्य में कमी नहीं है, परन्तु महाकवि भूषण की कृतियों का आलोचनात्मक अध्ययन जो

वास्तविक अर्थ में अनुसन्धान के तथ्यों पर आधारित हो, किसी भी पुस्तक में नहीं मिलता। इसी अभाव की पूर्ति करने के लिये आचार्य भगीरथ प्रसाद दीक्षित ने "भूषण-विमर्श" की रचना की। आचार्य जी ने वर्षों के परिश्रम, अध्यवसाय और अनुसन्धान के पश्चात् इस महान् कार्य्य में सर्व प्रथम सफलता पाई और उनके ग्रन्थ को साहित्य जगत में समुचित सम्मान प्राप्त हुआ। साहित्य के विद्यार्थियों और महाकवि-भूषण के विषय में साहित्यिक अनुसन्धान करनेवाले विद्वानों को इस ग्रन्थ में पर्याप्त संकलित सामग्री प्राप्त हुई और इसकी उपादेयता को समझ कर उन्होंने अपने लेखों में इसे बड़ा महत्व दिया।

परन्तु, आचार्य भगीरथ प्रसाद दीक्षित की अभिलाषा सदा से महाकवि-भूषण-विषयक इस ग्रन्थ को अधिक से अधिक पूर्ण और उपयोगी बनाने की रही है और उनका अनुसन्धान कार्य्य 'भूषण-विमर्श' का प्रथम संस्करण छपने के पश्चात् भी अनवरत चलता रहा है।

वस्तुतः, कई वर्षों के बाद आचार्य जी ने 'भूषण-विमर्श' की संशोधित परिमार्जित और परिवर्धित पाण्डु-लिपि तैयार की जिसमें उनके नवीनतम अनुसन्धानों का तथ्य पूर्णतया वर्तमान था और हमारे द्वारा प्रस्तुत यह नया संस्करण उसी का मुद्रित-रूप है।

हमें विश्वास है कि हमारा यह प्रकाशन सदा की भाँति हमारे अनुग्राहकों, ग्राहकों, लेखकों तथा साहित्य के विद्यार्थियों को उपयोगी सिद्ध होगा और हिन्दी के प्राचीन राष्ट्रीय महाकवि भूषण के प्रति इसे हमारी श्रद्धाञ्जलि मान कर वे इसको समुचित सम्मान प्रदान करते हुए अपनी गुणग्राहकता का परिचय देंगे।

अवध-पब्लिशिंग-हाउस
चारबाग, लखनऊ
ता० १-२-५०

—भृगुराज भार्गव
अध्यक्ष

# सम्मति

आचार्य पं० भगीरथ प्रसाद दीक्षित का भूषण विमर्ष नामक ग्रन्थ मैंने पढ़ा। इसमें दीक्षित जी ने भूषण के जीवन चरित्र और उनके काव्य के सम्बन्ध में खोजपूर्ण और ऐतिहासिक विवेचन के साथ नये विचार दिये हैं। अभीतक भूषण के जीवन चरित्र के लेखक और उनके काव्य के समालोचक विद्वान् उनको छत्रपति शिवाजी का समकालीन और उनका आश्रित कवि मानते आये हैं। दीक्षित जी ने इस मतको असत्य ठहराया है और यह प्रमाणित करने की चेष्टा की है कि भूषण का जन्म शिवाजी की मृत्यु के बाद हुआ था तथा उन्होंने सितारा में छत्रपति साहू का आश्रय पाया था। इसमें यह भी सिद्ध किया गया है कि भूषण और मतिराम भाई नहीं थे। कुछ समालोचकों द्वारा भूषण पर किये गये आक्षेपों के भी, उन्होंने, अध्ययन पूर्ण उत्तर दिये हैं।

भूषण हिन्दी-वीर काव्य के एक प्रतिभा सम्पन्न और प्रसिद्ध कवि हो गये हैं। उन्होंने हिन्दी के शृंगार और काव्य रीतिके कालमें शिवाजी जैसे वीर पुरुष का यश गान करके जनता के साहस और प्रसुप्त-वीर भावनाओं को जाग्रत किया था। जो कार्य शिवाजी ने अपने 'करवाल' से किया वह कार्य भूषण ने अपनी लेखनी से किया। उनके काव्य में जो जातिपक्ष और विद्वेष का दोष लगाया जाता है वह वास्तव

में उस समय की प्रजा पीड़िका राजशक्ति के विरोध में प्रचलित आन्दोलन को उभारने की भावना थी। उससे उन्होंने तत्कालीन शासन के विरुद्ध उठने वाली शक्ति के ओजस्वी उत्कर्षगान द्वारा मुरझाई प्रजा में जीवन-संचार किया था। दीक्षित जी ने साबित किया है कि भूषण ने साहित्य-क्षेत्र के अतिरिक्त सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्रों में भी महान् क्रान्ति कर उस समय की राष्ट्रीय भावना को उदीप्ति दी थी। प्रस्तुत पुस्तक में कवि की भाषा शैली अलंकार आदि काव्य गुणों पर भी संक्षेप में विचार प्रकट किये गये हैं।

लेखक ने भूषण के जीवन के सम्बन्ध में नई बातें देकर हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखक और समालोचकों के विचारार्थ नवीन सामग्री उपस्थित की है। स   है, कुछ काव्य समालोचक दीक्षित जी के इन विचारों से सहमत न हों। इस विषय में मुझे भी कुछ शंकाएँ हैं, उनके विवेचन का यहाँ अवसर नहीं है। परन्तु ग्रन्थ के विषय में मैं इतना अवश्य कहूँगा कि सम्पूर्ण ग्रन्थ पर लेखक की मननशीलता परिश्रम और विद्वत्ता की विशेष छाप लगी है।

दीनदयाल गुप्त ( डाक्टर )

१०।२।५०

अध्यक्ष हिंदी विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय

# प्रस्तावना

हमारे देश के साहित्यिक निर्माताओं के विषय में हमारा ऐतिहासिक ज्ञान या तो शून्य या नगण्य सा है। उसके सम्बन्ध की सामग्री थोड़ी और इधर-उधर फैली हुई है। उसको ढूंढ़ निकालने का परिश्रम कुछ गिने चुने अन्वेषक ही करते हैं और उसकी जाँच पड़ताल तथा आलोचना करने वाले तो और भी कम हैं। इस अभाव की पूर्ति किंवदन्तियों और अनुश्रुतियों से की जाती है किन्तु उनके आधार पर कोई विश्वसनीय और प्रामाणिक निर्णय नहीं हो सकता, अतएव यदि कोई साहित्य-सेवी किसी प्राचीन साहित्यकार के विषय में ऐतिहासिक गवेषणा या आलोचना करने का प्रयास करे तो वह सर्वथा सराहनीय है। उसके कथन को ध्यानपूर्वक सुन और समझकर इतिहास और साहित्य के प्रेमी अपना मत निर्धारित कर सकते हैं। संभव है कि ऐसे प्रयत्नों से हमको अधिकाधिक प्रकाश मिल सके और हमारा ज्ञान पुष्ट हो सके।

आचार्य श्री भगीरथ प्रसाद जी दीक्षित किसी विशेष शिक्षा विभाग या साहित्यिक परम्परा से सम्बन्ध न रखते हुए भी स्वतंत्र रूप से साहित्यानुशीलन करते रहते हैं। आपने भूषणकवि के सम्बन्ध में विशेष छान बीन की और पहली बार जब उन्होंने अपने निर्णयों को

प्रकाशित किया तब कुछ विद्वानों ने उनकी तीव्र आलोचना की थी। दीक्षित जी फिर भी उस पर विचार करते रहे, किन्तु एक दो छोटी बातों को छोड़कर उन्हें कोई ऐसा प्रबल कारण न मिला जिससे कि वे अपने मत को बदल सकते। भूषणविमर्श के इस संस्करण में उन्होंने अपने विचारों को पहले से अधिक परिष्कृत करके रखा है। आशा की जाती है कि विद्वज्जन भी उनपर ध्यान और शान्ति पूर्वक विचार करेंगे।

आचार्य जी का प्रमुख निर्णय यह है कि भूषण कवि छत्रपति शिवाजी के नहीं वरन् उनके पौत्र साहूजी के समकालीन कवि थे। आप लिखते हैं कि "भूषण का जन्म ही ( संवत् १७३८ वि० ) शिवाजी की मृत्यु के एक वर्ष पीछे हुआ था" ( पृ० ५७ ) उनका असली नाम 'मनिराम' था। उनका जन्म-स्थान 'बनपुर' था। संभवतः सं० १७५८ वि० के पश्चात् वे बनपुर से हटकर त्रिविक्रमपुर ( तिकमापुर ) में रहने लगे थे (पृ० ३६-३७)। वहीं पर चिंतामणि और मतिराम द्वितीय भी रहने लगे थे। चिन्तामणि तो उनके सहोदर थे किन्तु मतिराम उनके भाई न थे। यह मतिराम उस महाकवि मतिराम से जिसने जहाँगीर के समय में ख्याति प्राप्त की थी भिन्न थे। भूषण ने शिवराज भूषण की रचना संवत् १७७३ में की। शिवा बावनी उन्होंने 'शाहू, को पढ़कर सुनाई थी। शाहू के सिवा भूषण ने हृदयराम सोलंकी, मोरँग ( विहार ), कुमाऊँ, गढ़वाल, रीवाँ, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर आदि के नरेशों तथा दिल्लीपति के दरबारों को भी देखा था। प्रतिष्ठा भी अच्छी प्राप्त की। "इन दरबारों में भूषण के जाने का उद्देश्य ..विशुद्ध . राष्ट्रीय संगठन था" ( पृ ११२ )

न कि भटई करके पैसा कमाना। दीक्षित जी ने भूषण के राष्ट्रीय पर्यटन तथा सम्मान करने वालों का भी वर्णन किया है और उसकी पुष्टि में भूषण के उपयुक्त छंदों का अवतरण देकर उनकी आलोचना भी की है।

भूषण ने छत्रपति शाहू, छत्रसाल, और सवाई जयसिंह की प्रशंसा विशेष रूप से की है।

छठवे अध्याय से दीक्षित जी ने भूषण की भाषा, शैली, कवित्व-रस, अलंकार, उदात्त भावना, विवेकपूर्ण विश्वास, मौलिकता आदि पर अपने विचार प्रकट किये हैं। भूषण पर किये गये कुछ आक्षेपों का-जैसे भिक्षुक वृत्ति, अश्लीलता, जाति तथा धर्म द्वेष, अनैतिहासिकता, भटैती आदि—भी निराकरण किया गया है। आपका कहना है कि "लोगों ने भूषण के विचारों को ठीक ठीक नही समझा इसीलिए वे भूषण की कविता पर आक्षेप कर बैठते हैं" ( पृ० २७१ ) आक्षेप ही नहीं वरन् उनकी रचना से काल्पनिक आक्षेप वाले छन्दों को निकाल देने का आन्दोलन भी एक बार हो चुका है।

उपर्युक्त संक्षिप्त संकेतों से यह स्पष्ट है कि दीक्षित जी ने भूषण तथा उनकी रचनाओं की व्यापक और सांगोपांग आलोचना करने का प्रयास किया है। यद्यपि उनके कुछ विचारों से अन्य विद्वान् सहमत न हो सकेंगे। तथापि पक्षपात रहित पाठक यह मानने से सकोच न करेंगे कि दीक्षित जी ने अनेक भ्रमात्मक विचारों तथा भूषण संबंधी शंकाओं के समाधान करने का सराहनीय और बहुत कुछ सफल प्रयत्न किया है।

भूषण की कविताओं के संग्रहों में जो छन्द मिलते हैं वे सभी भूषण के ही रचे हुए हैं या उनके नाम से रचे हुए अन्य कवियों के भी छन्द

उनमें घुस आये हैं इसका निर्णय जब तक न हो जाय तथा यह भी निश्चित न हो जाय कि उनके छन्दों का शुद्ध और असंदिग्ध पाठ क्या है तब तक वैज्ञानिक आलोचना और निश्चयात्मक निर्धारण होना दुष्कर सा है। यदि यह मान ही लिया जाय कि वे सब छन्द जिनका अवतरण दीक्षित जी ने दिया है निस्सन्देह भूषण के ही हैं तब तो दीक्षित जी के निबन्ध का मुख्यांश पुष्ट और आदरणीय मानना ही पड़ेगा। तब भूषण को शिवाजी के दरबार के कवि होने की कल्पना का बदलना अनिवार्य हो जायगा। दीक्षित जी ने तो बहुत सी ज्ञातव्य बातें लिखी हैं किन्तु यदि व और कुछ न करके केवल भूषण के समय का निर्धारण ही करते तो भी उनकी कृति बड़े मार्के की कहे जाने की अधिकारिणी होती।

भूमिका में वाद-विवाद उठाने की न तो सम्मानित प्रणाली है और न उसके लिए स्थान ही है। यह सब विवेकशील पाठक स्वयं ही कर लेंगे। आशा है कि यदि इस संस्करण के बाद दीक्षित जी के विचारों पर यदि कुछ बहस छिड़ी तो वह गर्मा-गर्मी से रहित और विवेक पूर्ण होगी। भूषण साहित्य पर दीक्षित जी ने जो आलोचना की है उसके लिए हिन्दी साहित्य सेवियों को कृतज्ञ होना चाहिए और उनका उत्साह वर्धन करना चाहिए। यों तो "नैको ऋषिर्यस्य मतिर्नभिन्ना" की कहावत चलती ही आई है और चलती रहेगी किन्तु गुणज्ञ तो गुणों का सम्मान करते ही रहेंगे।

१२ ए हेस्टिंग्स रोड<br>
सिविल लाइन, प्रयाग<br>
८-१-५०

(डा०) रामप्रसाद त्रिपाठी<br>
डो० एस्० सी० लंदन,<br>
इतिहास विभागाध्यक्ष<br>
प्रयाग विश्वविद्यालय।

# प्राक्कथन

संवत् १९७९ वि० में मैंने नागरी-प्रचारिणी-सभा-काशी के तत्वावधान में अन्वेषणार्थ असनी जिला फतहपुर की यात्रा की थी। इस यात्रा का उद्देश्य हस्तलिखित पुस्तकों की खोज करना तथा उनकी विस्तृत रिपोर्ट लेना था।

भागीरथी के किनारे बसा हुआ यह गाँव प्राचीन संस्कृति से युक्त अत्यन्त मनोरम लगता था। इसी पवित्र भूमि में प्राचीन काल से संस्कृत और हिन्दी के उद्भट विद्वान और कवि बराबर होते चले आये हैं। यह ग्राम पौराणिक वैद्य अश्वनी कुमार बन्धुओं का बसाया हुआ माना जाता है। यहाँ पर उक्त कुमार-द्वय की मूर्तियाँ एक मंदिर में स्थापित हैं जो कि अधिक प्राचीन नहीं है। इन वैद्यों के नाम पर यहाँ एक मेला भी लगता है।

बादशाह अकबर के दरबारी कवि नरहरि महापात्र यहीं रहते थे तथा इनके पुत्र हरनाथ कवि ने एक लक्ष मुद्रा व्यय करके अनेक कुलीन कान्यकुब्जों को लाकर बसाया था। इनके अतिरिक्त और भी अनेक प्रसिद्ध कवि इसी नगरी में हुए हैं जिनमें ईश्वर, ऋषिनाथ, शंकर, घनश्याम शुक्ल आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। आज भी यहाँ पर साहित्यिकों की उल्लेखनीय संख्या है। पचासों अपढ़ गाँव वासी यहाँ ऐसे मिलेंगे जिन्हें

सैकड़ों उत्तम कवित्त कंठस्थ हैं। संध्या समय इन लोगों का कविता पाठ एक अपूर्व आनन्द का समा बांध देता है।

यहाँ पर उक्त समय अपने एक साथी सहित ६ महीने तक हस्त-लिखित पुस्तकों की नोटिसें हम लोग लेते रहे परन्तु वे समाप्त नहीं हो पाई थीं। इनमें सबसे अच्छा संग्रह नरहरि महापात्र के वंशज श्रीलाल जी के पास था। इन्हीं के संग्रह मे एक पुस्तक मतिराम कवि कृति वृत्त कौमुदो ( छन्द सार पिंगल ) नामक मिली थी जिसके आधार पर ही भूषण विषयक खोज का श्रीगणेश हुआ था और उसी के परिणाम-स्वरूप यह "भूषण विमर्श" ग्रंथ आपके सम्मुख है।

वृत्त कोमुदी में मतिराम के पिता का नाम, वंश, गोत्र, पूर्वजो के नाम आदि, भूषण के पिता, वंश आदि से भिन्न हैं, अतः भूषण और मति-राम सहोदर भाई कैसे माने जा सकते हैं!! यही शंका इस ग्रंथ का मूलाधार है। फिर इसी प्रश्न को लेकर नागरी प्रचारिणी पत्रिका के भाग ४ अंक ४ में एक विवेचनात्मक लेख लिखा गया था जो तत्कालीन साहित्यिकों की धारणा के नितान्त प्रतिकूल था। इस नवीन भावना को देखकर हिन्दी संसार एक बार ही विक्षुब्ध हो उठा। उस लेख से कुछ साहित्यिक विद्वानों को एक ऐतिहासिक मर्यादा टूटती हुई दिखलाई दी।

अनेक विद्वान् आलोचकों ने इस लेख के विरुद्ध आवाज उठाई और इसके खंडनार्थ अनेकों लेख प्रकाशित हुए। इन विरोधी लेखों से मुझे बल ही मिला। अनेक बातों के ( जो केवल अनुमान पर अव-लंबित थीं ) स्पष्ट प्रमाण मिलने लगे। भूषण-मतिराम के बंधुत्व संबंधी खोज के साथ उनके समय निरूपण तथा शिवाजी के संबन्ध को

यथार्थता भी कुछ कुछ प्रकट होती दिखलाई दी। अतः अन्वेषण का कार्य और भी तीव्र वेग से चलने लगा।

इसी कार्य के लिये सन् १६२३ ई० में मैंने भूषण के निवास स्थान तिकमापुर ( कानपुर ) की यात्रा की। वहाँ पर सिवाय उनके मकानों के खंडहरों के और कुछ न मिला। केवल पं० मन्नालाल जी वैद्य के पास प्राचीन पत्रों पर भूषण के कुछ छन्द मिले जो भूषण के लिखे हुए बतलाये जाते हैं। हाँ, मतिराम के वंशज गंगाप्रसाद नामक युवक तिकमापुर से ४-५ मील के अंतर पर बांद गाँव मे रहते थे। उनके पास से कश्यपगोत्र की एक वंशावली मतिराम के पंती बिहारीलाल कवि के कुछ पत्र और बुँदेल राजा विक्रमशाह व जयपुर नरेश की कुछ सनदें मिलीं जो उक्त कवि के नाम थीं। जिनमें से कुछ मैं उनसे ले भी आया था।

मैंने राजा बीरबल का बनवाया हुआ महादेव जी का मंदिर और बाग भी देखा जिनका उल्लेख भूषण ने शिवराज भूषण में इस प्रकार किया है—

वीर वीरवर से जहाँ उपजे कवि अरु भूप।
देव बिहारीश्वर तहाँ विश्वेश्वर तद्रूप॥

शिवराजभूषण छन्द २७

इस बाग में एक वृक्ष ३००-४०० वर्ष पुराना 'बाओ बाब' नामक अभी विद्यमान है जिसे बीरबल के हाथ का लगाया हुआ बताया जाता है। इस वृक्ष पर कानपुर के कलक्टर ने एक तख्ती भी लगवा दी है जिस पर उक्त विवरण लिखा हुआ है। यह बाग और मंदिर घाटमपुर—

हमीरपुर रोड पर तिकमापुर से कुछ ही फासिले पर अवस्थित है। कुछ लेखकों ने उक्त मंदिर को राधाकृष्ण का मंदिर मान लिया है। जो कि उनकी स्पष्ट भूल है।

इस मंदिर से आधे मील के अंतर पर सँजेती नामक ग्राम में कवि मतिराम के वंशज 'मान' जी रहते हैं। उन्होंने बतलाया कि हम बछुई के तिवारी हैं। तिकमापुर से डेढ़ दो मील के अंतर पर 'रनबन की भुइयाँ' नामक देवी का मंदिर है। जिसके विषय में कहा जाता है कि यहीं भूषण के पिता रत्नाकर देवी की उपासना किया करते थे। यहां पर बड़ा और प्राचीन मंदिर तो नहीं है, पाछे की बनी छोटी सी मढ़िया अवश्य है। संभव है पुराना मंदिर नष्ट हो गया हो। इससे यह भी विदित होता है कि भूषण के यहाँ आ बसने पर उनके पिता रत्नाकर भी यहीं उनके साथ चले आये थे।

इस मढ़िया के दोनों ओर दो ग्राम बसे बतलाये जाते हैं जो रनपुर व बनपुर के नाम से प्रसिद्ध थे। वे इस समय बिल्कुल उजाड़ दशा में हैं। केवल कुछ खँडहर उन गाँवों की प्राचीन स्मृति रूप में आज भी उनकी साक्षी दे रहे हैं। कालिदास त्रिवेदी नामक कवि यहीं के निवासी थे। जिसका उल्लेख उन्होंने अपने एक कवित्त "रन बन भू मे तब भुजलतिका पैचहा" में किया है।

तीसरी यात्रा रीवां राज्य की इसी भूषण विषयक खोज के लिये हुई थी। राज्य के दीवान पं० जानकीप्रसाद चतुर्वेदी ने मुझे रेकर्ड आफिस आदि से भूषण विषयक कागज पत्र देखने के लिये हर प्रकार की सुविधा कर दी थी। और पटेहरा ( जहांपर बसन्तराय के वंशज रहते हैं ) की

लम्बी यात्रा का भी पूरा प्रबन्ध राज्य की ओर से ही कर दिया था। रींवा राज्य के इतिहास में हृदयराम की जागीर का वर्णन भी दिया हुआ है जिनसे मनिराम को भूषण की उपाधि मिली थी। यही विवरण रेकर्ड से भी प्राप्त हुआ था जिसे महाराजा अवधूतसिंह रीवाँ नरेश ( भूषण के आश्रयदाता ) के पुत्र अजीतसिंह ने संग्रह कराया था। पटेहरा में बसंत-राय सुरकी के वंशज राजा रामेश्वर प्रतापसिंह व कुंवर अवधेशप्रतापसिंह से सुरकियों की छन्दबद्ध एक वंशावली, एक महजरनामा और कई अन्य कागज पत्र मिले जिनसे भूषण के उपाधि दाता हृदयराम व आश्रयदाता वसंतराय सुरकी के समय पर भी अच्छा प्रकाश पड़ता है। इस यात्रा में पं० अम्बिकाप्रसाद जी भट्ट 'अम्बिकेश', राजकवि रींवा व टीकमगढ़ से अधिक सहायता मिली थी।

मुझे पञ्जाब में भी कई मास तक अन्वेषण करने का अवसर मिला था। वहां से भी भूषण-मतिराम-चिन्तामणि संबंधी अच्छी सामिग्री मिली थी। पटियाला स्टेट लाइब्रेरी से मतिराम कृत 'अलंकार पंचाशिका' और नारनौल में चिन्तामणिकृत पिङ्गल की अत्यन्त प्राचीन प्रति तथा मतिराम कृत वृत्तकौमुदी ( छन्दसार पिंगल ) की दूसरी प्रति जो अधिक शुद्ध, परिष्कृत तथा प्राचीन थी, प्राप्त हुई। इनसे मुझे भूषण और मतिराम के बारे में अनेक नवीन बातें ज्ञात हुईं जिनका उपयोग व उल्लेख यथा स्थान किया गया है। चित्रकूट की यात्रा भी मैंने दो बार की। वहाँ पर कुछ उल्लेखनीय सामग्री तो नहीं मिली परन्तु हृदयराम के वंशज गंगासिंह नामक एक वृद्ध सज्जन ने बतलाया कि राजा हृदयराम सुरकियों की भागलपुर वाली शाखा के पूर्वज थे। वहाँ से यह भी

पता चला कि भूषण चित्रकूट नरेश बसन्तराय सुरकी के भी दरबार में गये थे, जो कि हृदयराम के भतीजे थे।

खोई ( चित्रकूट ) के प्रसिद्ध ब्रह्मचारी रामप्रसाद जी ने बतलाया कि "बसन्तराय सुरकी की कहूँ न बाग मुरकी।" पद्यांश महाकवि भूषण का ही रचा हुआ है। परन्तु उक्त पद्यांश का पूरा छन्द आज तक नहीं प्राप्त हुआ।

शिवसिंह सरोज के रचयिता ठाकुर शिवसिंह सेंगर के पुस्तकालय का भी मैंने कई मास तक निरीक्षण किया। ये सेंगर महोदय कांथा जिला उन्नाव निवासी थे। इस पुस्तकालय में रतन कविकृत फतहप्रकाश ग्रंथ मिला जिसमें भूषण के दो नवीन छन्द उद्धृत मिले जिनकी चर्चा भी इस ग्रंथ में आचुकी है। शिवसिंह सरोज की रचना ही भूषण-मतिराम के ऐतिहासिक विवरण को शुद्ध करने के लिये हुई है। इससे यह बात भी स्पष्ट हो जाती है कि जनता में भूषण-मतिराम सम्बन्धी भ्रांतियां उस समय तक पर्याप्त मात्रा में भर चुकी थी।

भिनगा राज ( जिला बहराइच ) में भी कई मास तक पुस्तकों के अन्वेषण के लिये रहना पड़ा था। वहां से एक छंद भूषणकृत मिला जो भगवन्तराय खीचीं की मृत्यु पर उन्होंने लिखा था। इसी प्रकार असनी के श्रीलाल जी महापात्र के संग्रह से भी भूषण का दूसरा छंद भगवंतराय खीचीं की मृत्यु पर मिला था।

हरदोई के एडीशनल जज शंकर कवि तथा गोपालचंद्र जी सिन्हा से परेलिया ( जिला हरदोई ) में भूषण के वंशजों का पता लगा था जो शाहाबाद स्टेशन से १८ मील पर है। सन् १९४२ ई० में मुझे परेलिया

जाने का अवसर मिला। वहां पर पाठकों के कुछ घर हैं वे लोग भूषण को पाठक बतलाते हैं तथा एक वंश वृक्ष भी उनका मिला जिसमें भूषण के ८ भाई और पाठक वंश दिखलाया गया है। इन लोगों से ज्ञात हुआ कि यशोहरा ( जिला मेरठ ) भूषण को दिल्ली के बादशाह की ओर से मिला था जिसकी १४५०) रु० वार्षिक आय का आज भी ये पाठक लोग उपभोग कर रहे हैं। संभव है उक्त गांव के वाजिबुल अर्ज से भूषण सम्बन्धी कुछ और भी विश्वस्त प्रकाश डाला जा सकेगा। उक्त जज महोदय तथा पं० शीतलाचरण जी बाजपेयी एडवोकेट से ज्ञात हुआ कि उक्त गांव मनिराम को दिल्ली नरेश से प्राप्त हुआ था। इस प्रकार से मुझे भूषण सम्बन्धी खोज में भिन्न-भिन्न स्थानों से अनेक प्रकार की सामग्रियाँ प्राप्त हुई थी जिनका आधार लेकर नागरी प्रचारिणी पत्रिका माधुरी, सुधा, हिन्दोस्तान, मनोरमा, गङ्गा, भारत, प्रताप, साहित्य, आज सैनिक इत्यादि अनेक पत्र पत्रिकाओं में भूषण विषयक पक्ष विपक्ष में सैकड़ों लेख समय-समय पर प्रकाशित हुए थे। इनमें भूषण सम्बन्धी भिन्न-भिन्न घटनाओं और विचारों को लेकर विवेचन किया गया है। जिनसे साहित्यिक ज्ञान में अच्छी वृद्धि हुई तथा जीवन चरित्र पर नया प्रकाश पड़ा था। इन लेखों में से सबसे उत्कृष्ट सामग्री पं० मया शंकर जी याज्ञिक के अन्वेषणों से मिली थी। पं० कृष्णविहारी जी मिश्र द्वारा सम्पादित समालोचक पत्र से भी पर्याप्त सहायता प्राप्त हुई थी। यद्यपि ये दोनों सज्जन भूषण विषयक मेरे विचारों से सहमत नहीं थे। फिर भी मैं इन दोनों महानुभावों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

मराठा इतिहास सभासद बखर में भी भूषण विषयक उल्लेख

मिलता है। उसमें लिखा है कि भूषण कवि कुमाऊँ इत्यादि पहाड़ी राज्यों का भ्रमण करने के पश्चात् दक्षिण में शिवाजी के पास पहुँचे थे। ये बखरें पेशवाओं के समय में एकत्रित की गई थीं। अतः इनमें किंवदन्तियों का सहारा लेने के कारण कुछ भूल हो जाना स्वाभाविक है। इसी प्रकार गुजरात के प्रसिद्ध विद्वान् लेखक स्वर्गीय गोविन्द गिल्ला भाई ने भी अपने 'शिवराज शतक' नामक ग्रंथ में लिखा है कि भूषण ने पहले कुमाऊँ इत्यादि पहाड़ी राज्यों की यात्रा की थी फिर वे राजपूताने के जयपुर इत्यादि राज्यों मे घूमकर दक्षिण की ओर गये थे। इन सबका समय शिवाजी से न मिलकर शाहू से ठीक ठीक मेल खा जाता है। उनकी रचनाएँ भी इसी बात की साक्षी देती हैं। शाहूजी से मिलने के साथ ही भूषण ने बाजीराव पेशवा से भी भेंट की थी जिसका उल्लेख इस ग्रंथ में यथावसर विस्तार से किया गया है।

दक्षिण की एक यात्रा भूषण ने उस समय की थी जब छत्रपति छत्रशाल पर मोहम्मद खां बंगस ने आक्रमण किया था तब उन्होंने भूषण को बाजीराव पेशवा की सहायता प्राप्त करने के लिए भेजा था। इसी समय वे पेशवा के भाई चिमना जी ( चिन्तामणि ) से भी मिले थे। कुछ लोगों ने लिखा है कि ये शिवाजी के पार्षदों में थे पर यह भ्रमात्मक बात है। भूषण ने शिवाजी के किसी सरदार की न तो प्रशंसा ही की है और न उसका उल्लेख ही किया है। ऐसी दशा में अपने से पूर्वकालीन किसी साधारण व्यक्ति की प्रशंसा शिवाजी के समान करना कभी संभव नहीं है।

शिवराज भूषण के निर्माणकाल का दोहा तथा आश्रय दाताओं का

उल्लेख उक्त कथन की स्पष्ट साक्षी हैं कि भूषण छत्रपति शाहू के दरबार में ही गये थे। शिवाजी की प्रशंसा तो उनके आदर्श पर राष्ट्र को संगठन करने के लिये ही ईश्वरावतार रूप में की गई है। भूषग का जन्म ही शिवाजी की मृत्यु के एक वर्ष बाद हुआ है तब उनके दरबार में जाने की बात ही व्यर्थ हो जाती है। भूषण की योग्यता के विषय में भी लोगों ने अनेक प्रकार के आक्षेप किये हैं। ये दोषारोपण नितान्त अनुचित, अनर्गल और व्यर्थ हैं। मतिराम को भूषण की उपाधि ही आलंकारिक विशेषता, सामाजिक सुधारवाद, राजनीतिक उत्कृष्ट योग्यता, तथा धार्मिक परिष्कृतताके कारण ही मिली थी। भूषण की भावना वैदिक आधार पर अवलंबित थी। अतः भूषण शब्द में भी हमें यही ध्वनि निकलती जान पड़ती है जो कि उनकी आलंकारिकता, समाज सुधारकता तथा राजनीतिक कार्यकुशलता की परिचायिका है। वे वास्तव में भारतीय समाज के भूषण थे।

भूषण की रचनाएं भी पर्याप्त मात्रा में थी। परन्तु उसमें से अधिकांश लुप्त प्रायः हो चुकी है। केवल थोड़ी सी रचनाएँ ही प्रकाश में आ सकी हैं। इसका मुख्य कारण भूषण विरोधी भावनाओं का विस्तार होना ही मानना पड़ेगा। मुसलमान शासकों ने तो भूषण की भावना का औरंगजेब विरोधी होने के कारण विरोध किया ही था, अंग्रेज भी इस विचारधारा को बढ़ने नहीं देना चाहते थे। क्योंकि इन्हें भय था कि कहीं शिवाजी का आदर्श क्रान्ति का रूप न धारण करले। अन्त में यह भय सत्य ही प्रमाणित हुआ और अंग्रेजों को अपना डेरा डंगर लेकर सात समुद्र पार जाने के लिये बाध्य ही होना पड़ा

इसी भय से त्रस्त होकर सरकारी पिट्ठू तथा राजकर्मचारी भूषण-विमर्श' को ही जब्त कराने के लिए प्रयत्नशील थे। पर इसमें भी उन्हें सफलता नहीं मिली।

विदेशी अन्वेषकों में से किसी ने भी उक्त कारणों से भूषण कवि की चर्चा नहीं की। और न उनका किसी ने उल्लेख ही किया है। यहाँ तक कि डा० ग्रिपर्सन तथा अन्य अंग्रेज लेखकों ने इस महाकवि का नाम लेना भी उचित नहीं समझा था। यही नहीं गार्सीद तासी फ्रेंच लेखक ने भी अपने ग्रंथ इस्त्वार द ला लितरेत्यार इंदुई ए इदुस्तानी में इसका जिक्र तक नहीं किया। अब समय आ गया है कि भूषण की रचनाओं की खोज बीन गहराई और तत्परता के साथ की जाय ताकि वह राष्ट्र निर्माण में हमारी सहायता कर सके। सारे हिन्दी और संस्कृत साहित्य में भूषण की ही एकमात्र रचना ऐसी है जो राष्ट्र निर्माण में हमारी पूरी सहायता कर सकती है। और उसी के बल पर हम देश में वर्ग रहित समाज की सृष्टि करके नवजीवन भरते हुए भारत को समृद्धि-शाली तथा शक्तिशाली बना सकते हैं। भारतीय समाज वैदिक भावना के आधार पर ही उत्कर्ष पा सकता है। जो कि भूषण की रचना में पूर्णतः ओतप्रोत है।

हिन्दू मुसलिम मेल की विचार धारा का भी यही मूलश्रोत है

महाकवि भूषण वीररस का कवि है जिसका स्थायी भाव उत्साह है। अतः जीवन में उत्साह लाने के लिए हमें इस महाकवि द्वारा सबसे अधिक प्रेरणा मिल सकती है। भूषण ने शिवाजी के साहस, पराक्रम उत्साह, शक्ति और सफलताओं का बड़ा ही ओज पूर्ण वर्णन किया है

अतः भारतीय समाज में इन भावनाओं को भरने के लिए इस कवि द्वारा सबसे अधिक उत्तेजना और नवजीवनमय सहायता प्राप्त हो सकती है। शिवसिंह सरोज में भूषण की रचनाओं की चर्चा करते हुए बतलाया गया है कि भूषण हजारा, भूषण-उल्लास और दूषण-उल्लास उनके प्रमुख ग्रन्थ थे पर इनमें से किसी एक का भी पता हिन्दी संसार को नहीं है। यदि भली प्रकार से अन्वेषण किया जाय तो सम्भव है कि ये ग्रन्थ जिनके अन्दर भारतीय समाज की अपूर्व विभूति गर्भस्थ है प्राप्त हो जायँ। डा॰ पीताम्बर दत्तजी बड़थ्वाल ने महाकवि भूषण के नायका के भेद सम्बन्धी २५ कवित्त प्रकाशित किये हैं। इस प्रकार से खोज द्वारा भूषण की रचनाओं में से पर्याप्त मात्रा प्रकाश में आ चुकी है फिर भी एक बड़ा भाग लुप्त दशा में ही है। इस खोज ने उनकी जीवन विषयक अनेक भ्रान्तियों को हटाकर शुद्ध और परिष्कृत रूप समाज के सामने ला रक्खा है। अभी हिन्दी में गंभीरता पूर्वक अध्ययन का अभाव सा ही जान पड़ता है। डा॰ बड़थ्वाल, श्री जयशंकर प्रसाद, श्री राहुल सांकृत्यायन जैसे सैकड़ों लेखक तथा दिनकर व सुधीन्द्र की कोटि के अनेकों कवि हिन्दी क्षेत्र में अवतीर्ण हों तभी हिन्दी साहित्य का भंडार भरा जा सकता है। २२ करोड़ हिन्दी भाषियों में इने गिने लेखकों का होना हमारे लिये लज्जा की बात है। इनमें से जो हमसे बिछुड़ गये हैं, उनके अभाव की पूर्ति होना तो और भी कठिन जान पड़ता है।

एक बात की ओर हम सरकार का ध्यान आकर्षित करना अपना कर्तव्य समझते हैं। हस्तलिखित पुस्तकें दिन प्रतिदिन क्षीण और नष्ट

भ्रष्ट होती जा रही हैं। संग्रहालयों और पुस्तकालयों में उनकी सुरक्षा का समुचित प्रबंध नहीं है। नागरी प्रचारिणी सभा काशी तथा हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग जैसी संस्थाओं से भी उत्कृष्ट पुस्तकें चोरी चली गई हैं। अतः उनकी सुरक्षा का भार सच्चरित्र और उच्चकोटि के विद्वानों के हाथों में सरकार द्वारा होना चाहिये। और सरकार स्वयं हस्तलिखित पुस्तकों की खोज का वृहत व उत्कृष्ट विभाग खोलकर इस काम को तीव्र गति से चलावे तथा उनकी सुरक्षा और साधन का प्रयत्न उचित रूप से हो तभी हिन्दी साहित्य का भंडार पूर्ण रूपेण भरा जा सकता है। विद्वानों को आर्थिक सहायता देकर बाहरी चिन्ताओं से मुक्त करके ही यह कार्य सम्पन्न कराया जा सकता है। उत्तम पुरस्कारों से भी इस कार्य में अच्छी प्रगति हो सकती है। केन्द्रीय और प्रान्तीय सरकारों को शीघ्र अपने हाथ में यह कार्य ले लेना चाहिये।

जब मैं उत्तमा की मौखिक परीक्षा लेने वर्धा (मध्य प्रदेश) गया था तब काका कालेलकर महोदय से भी मिला था। उस समय उन्होंने भूषण सम्बन्धी उल्लेखनीय यह बात बतलाई कि भूषण का विवरण बाजीराव पेशवा से पूर्व के साहित्य में नहीं मिलता, उनका उल्लेख उक्त पेशवा के समकालीन अथवा पीछे के ग्रन्थों में ही पाया जाता है। इसी अवसर पर मैं महात्मा गांधी से भी मिला था।

इसके बाद पूना जाने का भी मुझे अवसर मिला। वहाँ मैंने अनेक विद्वानों से भेंट की। विद्वद्वर त्यागमूर्ति दत्तोजी वामन पोतदार महोदय ने बतलाया कि प्राचीन महाराष्ट्र साहित्य में भूषण का कोई विश्वस्त उल्लेख नहीं है और न शिवाजी से उनके परिचय की बात की ही कहीं

चर्चा आई है। मेरा एक भाषण भी महाकवि भूषण पर यहाँ की परिषद में हुआ था। जिसको विद्वानों ने पसन्द किया था।

कर्नाटक के संबंध में भी कुछ गलत धारणायें प्रचलित हैं। ग्रांट डफ ने स्पष्ट रीति से शिवाजी की कर्नाटक पर चढ़ाई का वर्णन पूर्वी मदरास के लिये किया है। वास्तव में कर्नाटक की उत्तरी सीमा तुंगभद्रा है और इसके कृष्णा नदी में मिल जाने पर वही उसकी उत्तरी सीमा बन जाती है। दक्षिणी सीमा कावेरी है। ऐतिहासिकों ने इसी सीमा का समर्थन किया है। दक्षिण प्रान्त के कुछ महाराष्ट्र लोग मदरास के पश्चिमी भाग को भी कर्नाटक में समझते हैं इसी से कुछ इतिहासकारों को भ्रम हो गया है परन्तु प्रसिद्ध इतिहासज्ञों ने ऊपर के कथनानुसार ही कर्नाटक की चढ़ाई का चित्रण किया है जो कि युक्ति युक्त है। महाकवि भूषण का कर्नाटक तो स्पष्ट ही गोलकुंडा, तंजोर, जिंजी तथा तुंगभद्रा व कृष्णा का दक्षिणी भाग है।

कुछ महानुभावों ने भूषण की रचना में अश्लीलता, जाति-विद्वेष तथा भिखारी होने के दोष दिखलाएँ है पर ये दोष उनकी कविता में नाम मात्र को भी नहीं है। इन साहित्यिकों ने ब्रिटिश सरकार और उसके पिट्ठुओं को प्रसन्न करने के लिए ही ये आरोप गढ़ लिये थे जिनका निराकरण इस पुस्तक में यथा स्थान कर दिया गया है। राज दरबारों में जो भूषण को महान सम्मान प्राप्त हुआ था वही इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। वे राष्ट्र के परम उन्नायक, समाज सुधारक, संगठन कर्त्ता और वैदिक धर्म के प्रसारक थे। मेरे विचार से भारत में विष्णु गुप्त चाणक्य के पश्चात् बाईस सौ वर्षों के भीतर भूषण के समान

राजनीति से युक्त साहित्यिक विभूति उत्पन्न ही नहीं हुई। उन्होंने समाज को एक नवीन आदर्श देकर सर्वाङ्गीण उत्थान देने का प्रयत्न किया और देश को एक राष्ट्र के रूप में लाना चाहा परन्तु उनके बाद उनका स्थानापन्न कोई न रहा जो उस अधूरे कार्य को आगे बढ़ाता। अतः हमें फिर दासत्व की शृङ्खला में जकड़ जाना पड़ा।

भूषण के अवतीर्ण होने से पूर्व देश में कर्मठता, आत्म निर्भरता, सदाचारिता, कार्यदक्षता, गुण ग्राहकता, संलग्नता और परिश्रम शीलता आदि सद्गुणों का अभाव हो रहा था। उस समय भारतीय समाज दीन हीन दशा में पराधीनता ग्रस्त हो केवल ईश्वर के भरोसे पर अपना जीवन-यापन कर रहा था। गोस्वामी तुलसीदास की रचनाएँ वैराग्य की ओर घसीटकर उन्हें और भी कर्महीन व शक्तिहीन बना रहीं थीं उनकी संकुचित वर्णव्यवस्था एवं मुसलमान विरोधी भावनाओं ने समाज को और भी छिन्न-भिन्न व ज़र्जरित कर दिया था। सूरदास भी शृंगारमयी भावना के कारण इस गिरे समाज को उठाने में समर्थ न हो सके। इस पर औरंगजेब ने मजहबी पक्षपात में भरकर हिन्दू समाज को और भी जीर्ण शीर्ण व पददलित कर दिया था। शियों पर भी उसके कम अत्याचार नहीं हुए थे। इस प्रकार से उसने अकबर बादशाह के सारे किये कराये पर पानी फेर दिया और राष्ट्र निर्माण का कार्य वहीं ठप हो गया था।

भूषण ने अपनी वीररसमयी राष्ट्रीय व ओजपूर्ण वाणी के झटके देकर उसी हिंदू समाज को उत्साही सैनिक और समाज सुधारक के रूप में लाकर खड़ा कर दिया था। साथ ही उक्त गुणों के अभाव को दूर कर

समाज में फिर नवजीवन का संचार कर दिया था। सैनिक शक्ति का ऐसा संगठन इससे पूर्व देश में देखा ही नहीं गया था। वास्तव में देश को स्वावलंबन का पाठ पढ़ाने वाले भूषण ही थे। उन्होंने अपने उद्योगों का सफलता पूर्वक परिणाम स्वराज्य की प्राप्ति भी अपने जीवन काल में ही कर दिखाई थी राष्ट्र निर्माण के लिए ता। उनका प्रयत्न और भी सराहनीय है। पर वह स्वतन्त्रता व राष्ट्रीयता अधिक काल तक न टिक सकी और भूषण के अन्तर्धान होने के कुछ वर्ष पीछे ही देश के टुकड़े होना प्रारम्भ हो गया था। साथ ही पारस्परिक द्वेष, कलह और संगठन हीनता के कारण समाज शृंखला फिर बिखरने लगी थी।

भूषण के हृदय में जिस प्रकार से उपर्युक्त सद्‌गुणों की व्याप्ति थी, उसी प्रकार उनके मन में त्याग, उदारता, निस्पृहता, परोपकारिता आदि सद्-गुणों का प्रस्फुरण भी खूब हुआ था। जिसके प्रभाव से उनकी रचना सर्वतोगामिनी और उनका प्रताप अखिल भारतवर्ष व्यापी हो रहा था।

भूषण की इस विचार शृंखला का मूलाधार छत्रपति शिवाजी थे जिन्होंने औरंगजेब की धर्मान्धता, तअस्सुब, मक्कारी और चालबाजियों को नष्ट भ्रष्ट कर देश को सुख व समृद्धि प्रदान की थी। हमारे चरितनायक भूषण ने भी उसी औरंगजेब के उक्त दुर्गुणों का नग्नरूप समाज के सम्मुख खड़ा कर राष्ट्र का संगठन किया था तथा उसके बृहत्साम्राज्य को छिन्न-भिन्न करने में सफल हुए थे। जिस प्रकार से शिवाजी में किसी मजहब के प्रति घृणा व द्वेष न था, उसी प्रकार से भूषण में भी धर्मान्धता नाम को भी न थी। भूषण ने शिवाजी के इसी आदर्श को समाज के सम्मुख रक्खा और हिन्दू-मुस्लिम मेल को दृढ़ करने में भी सफलता पाई थी। ताकि

राष्ट्र का नया स्वरूप बनाने में कृतकार्य हो सकें। वर्तमान समाज भी इसी आदर्श पर चलकर राष्ट्र का निर्माण कर सकता है अतः यह पुस्तक हिन्दी भाषियों के लिये अवश्य उपयोगी सिद्ध होगी। यदि हिन्दी भाषियों और देशप्रेमियों ने इससे कुछ भी लाभ उठाया तो मैं अपने इस २५ वर्ष के परिश्रम को सफल समझूँगा।

इस पुस्तक का ऐतिहासिक अन्वेषण से विशेष संबंध है अतः इस की प्रस्तावना डा० रामप्रसाद जी त्रिपाठी महोदय, इतिहास विभागाध्यक्ष, प्रयाग विश्वविद्यालय ने लिखकर मुझे अत्यन्त अनुगृहीत व गौरवान्वित किया है। तदर्थ आप को हार्दिक धन्यवाद है। इस विषय के आप सर्व मान्य सर्वोत्कृष्ट ज्ञाता हैं। आपने इसे आद्योपान्त पढ़कर जो विचार व्यक्त किये हैं, उनसे साहित्यिकों को एक अच्छा पथ प्रदर्शन मिलने की आशा है। भूषण विमर्श में उद्धृत छन्द नागरी प्रचारिणी सभा काशी से प्रकाशित भूषण ग्रन्थावली से लिये गये हैं।

अन्त में अपने प्रकाशक पं० भृगुराज भार्गव, संस्थापक, अवध पब्लिशिंग हाउस, पानदरीबा, लखनऊ का हार्दिक धन्यवाद देता हूँ जिनकी कृपा से यह पुस्तक का नया संस्करण जनता के समक्ष आ सका। पुस्तक छपते समय मेरे लखनऊ से बाहर रहने के कारण भूषण विमर्श में प्रूफ की कुछ अशुद्धियां रह गई हैं पाठकगण इसके लिए मुझे क्षमा करेंगे और शुद्ध रूप में लिख लेने का कष्ट भी। आशा है अगला संस्करण और भी अधिक परिष्कृत तथा शुद्ध रूप में हम जनता को दे सकेंगे।

विद्या मन्दिर, हुसेन गंज,
लखनऊ ६-३-५०

निवेदक
भगीरथ प्रसाद दीक्षित

# भूषण-विमर्श

## १—भूषण का जीवन-चरित्र

### भ्रान्तियाँ

भारतीय इतिहास भ्रान्त-भरित भावों का भाण्डार बना हुआ है। अन्वेषण ने यद्यपि अनेक भ्रमपूर्ण बातों एवं धारणाओं को हटाकर इतिहास का परिष्कृत रूप प्रत्यक्ष कर दिया है, परन्तु विद्वानों का ध्यान राजनीतिक घटना-चक्रों और राजवंशों की ओर ही अधिक आकर्षित हुआ है; कवियों की ओर उन्होंने विशेष ध्यान ही नहीं दिया।

समाज में राजनीतिक क्रान्ति की अपेक्षा साहित्यिक क्रान्ति अधिक महत्वपूर्ण एवं स्थायी होती है। उदाहरण के लिए गोस्वामी तुलसीदास ने हिन्दू समाज में जो परिवर्तन किया है वह इतना प्रभावशाली और आकर्षक है कि चन्द्रवत् अपने प्रकाश से अखिल भारतवर्ष को अभिभूत कर रहा है। इसी प्रकार महात्मा सूरदास ने कृष्ण-भक्ति का ऐसा श्रोत बहाया कि हिन्दू मुसलमान दोनों ही उसमें अवगाहन कर कृतकृत्य हुए। इसी प्रकार महाकवि भूषण ने अपनी रचना द्वारा जो राजनीतिक

क्रान्ति की थी, वह समाज का मस्तक आज भी उन्नत किये हुए है। उसने हिन्दू जाति में एक विलक्षण स्फूर्ति, नवजीवन-ज्योति, अपूर्व उत्साह एवं सामाजिक जागृति उत्पन्न कर दी थी। वरन् यह कहना अनुचित न होगा कि तुलसी और सूर दोनों की अपेक्षा भूषण का कार्य अधिक महत्वपूर्ण एवम् देश के लिए कल्याणकर था। जिसने देश और समाज की सारी जीवन-प्रणाली ही बदल दी। इसकी राजनीति भारत के बच्चे-बच्चे के हृदय में ऐसा घर किए हुए है कि लेखनी से यथार्थ चित्र खींचना संभव ही नहीं है। मुख्यतः मानसिक निम्नता का भय (Inferiority complex) दूर करने में भूषण ने जैसा प्रभावशाली कार्य किया है वैसा भारत के इतिहास में बहुत कम देखने को मिलेगा। जब ऐसे महान् व्यक्तियों का जीवन-चरित्र ही भ्रमपूर्ण बातों से परिपूर्ण है, तब दूसरों के विषय में तो कहना ही क्या !

ठाकुर शिवसिंह जी सेंगर ने अपने शिवसिंह सरोज की भूमिका के प्रारम्भ में ही लिखा है :—

"मैंने सम्वत् १६३३ विक्रमी में भाषा-कवियों के जीवन-चरित्र सम्बन्धी एक-दो ग्रन्थ ऐसे देखे, जिनमें ग्रन्थकर्ता ने मतिराम इत्यादि ब्राह्मणों को लिखा था कि वे असनी के महापात्र भाट हैं। ये सब बातें देखकर मुझसे चुप न रहा गया। मैंने सोचा, अब कोई ऐसा ग्रन्थ बनना चाहिए जिसमें प्राचीन और अर्वाचीन कवियों का जीवन-चरित्र सन्, संवत्, जाति, निवासस्थान, कविता के ग्रन्थों व उदाहरणों समेत विस्तारपूर्वक लिखा हो।"❀

इससे स्पष्ट है कि आज से पचास-साठ वर्ष पूर्व से ही नहीं वरन् भूषण की मृत्यु के कुछ काल पश्चात से ही उनके संबंध में

---

❀ शिवसिंह सरोज की भूमिका पृ० १

अनेक भ्रान्तियाँ फैलने लगी थीं। जिससे भूषण और मतिराम-विषयक बहुत ही अशुद्ध एवम् भ्रान्तिपूर्ण भावनायें समाज में भर गई थीं। जिन्होंने हमारे इतिहास को भी मलिन बना दिया है। अनुसन्धान द्वारा इन भ्रान्तियों के निराकरण का प्रयत्न तो दूर रहा, इधर कई लेखकों ने तो भूषण के चरित्र पर भी भिन्न-भिन्न प्रकार के घृणित आक्षेप आरोपित करके उन्हें जातीय विद्वेष फैलानेवाला, कामुक और लोलुप तक कह डाला है। भूषण-सम्बन्धी अनेक किंवदन्तियाँ ऐसी फैली हुई हैं, जो उनके जीवन-चरित्र को और भी अन्धकार में डाले हुए हैं। एक ही बात भिन्न-भिन्न रीति से कही जाती है। एक सज्जन निज सम्पादित शिवराज-भूषण की भूमिका पृष्ठ ८ पर, बंगवासी प्रेस में छपी शिवाबावनी का आधार लेकर चिन्तामणि का जन्म संवत् १६५८ और भूषण का संवत् १६७२ वि० मानते हैं, किन्तु हिन्दी नवरत्न में उन्हीं महानुभाव द्वारा भूषण का जन्म सं० १६६२ वि० लिखा गया है।

एक दूसरे सज्जन भूषण का छत्रपति साहू के दरबार में जाना तक स्वीकार नहीं करते। शिवराजभूषण के निर्माण काल पर भी विद्वानों में गहरा मतभेद है। इसी प्रकार उनके भाइयों के सम्बन्ध में भी हिन्दी साहित्य के ऐतिहासिकों के भिन्न-भिन्न मत हैं। कोई उन्हें जाति से भाट मानता है तो कोई शिवाजी का दरबारी कवि मान कर भाट के रूप में प्रतिपादन करता है। कोई भूषण का दो भाई होना बतलाता है, तो कोई तीन, कोई चार, कोई पाँच और कोई तो उन्हें आठ भाई कहने में भी नहीं हिचकिचाते। परेलिया ( जिला हरदोई ) से प्राप्त शिजरे में भूषण आठ भाई दिखाये गये हैं। किसी ने भूषण को औरंगजेब के दरबार में जाना और उन्हें भड़ौआ सुनाकर तथा कबूतरी घोड़ी पर बैठकर ऐसी तेजी से भाग जाना बतलाया है कि औरंगजेब का कोई सरदार और सिपाही भी

उन्हें न पकड़ सका। किसी ने भूषण को बड़ी अवस्था तक अपढ़ मूर्ख मानकर देवी के वरदान से कविता करना सिखलाया है।

किसी ने भाभी के ताने पर एक लाख रुपये का नमक भिजवाया है, तो किसी ने शिवाजी के सामने एक ही छंद अठारह या बावन बार सुनाने की बात कही है। इसी प्रकार भूषण-विषयक असम्बद्ध और अशुद्ध किंवदंतियों का एक लम्बा ताँता-सा बँध गया है। जिनका निराकरण करना साहित्यकों, ऐतिहासिकों और विद्वानों का एक प्रधान कर्तव्य है।

लोगों को महाकवि भूषण के असली नाम तक का पता नहीं है। उनका मूल निवास किस स्थान पर था; उनका जन्म-काल क्या था, उनके कौन-कौन भाई थे; किन-किन परिस्थितियों में रहकर उन्होंने अपनी रचना द्वारा देश में नवजीवन-सञ्चार किया था, उनका शिवाजी से क्या सम्बंध था; साधारण जनता पर उनकी रचना का क्या प्रभाव पड़ा था; राजाओं को किस प्रकार प्रोत्साहित करके उन्हें सङ्गठित किया था; शिवाजी को ही उन्होंने अपना आदर्श क्यों माना था? उनके कौन-कौन आश्रयदाता थे तथा सङ्गठन में पूर्णरूप से सफलता प्राप्त करने के लिए, इस महाकवि को क्या-क्या भगीरथ प्रयत्न करने पड़े थे? इन बातों की विवेचना का प्रयत्न वैज्ञानिक ढङ्ग से अब तक विद्वानों ने किया ही नहीं। और न उनके जीवन चरित्र सम्बंधी खोज ही पर्याप्त रूप से की गई है। जिन व्यक्तियों ने भूषण के चरित्र-विषयक कुछ नवीन बातें जनता के सम्मुख लाकर रक्खीं भी तो उनका तीव्र विरोध किया गया। ऐसी खोज के लिए प्रोत्साहन मिलना तो दूर रहा, उल्टा घोर विरोध हुआ। एक आध को छोड़कर शेष हिन्दी संसार इस विषय में वितंडावादी के रूप में ही जनता के सम्मुख आया है।

## भूषण का असली नाम

'भूषण' कवि का मूल नाम नहीं है, उपनाम है। जैसा कि शिवराज भूषण के इस दोहे से प्रकट होता है :—

**कुल सुलंक चित्रकूट पति, साहस सील समुद्र।**
**कवि भूषण पदवी दई, हृदयराम सुत रुद्र॥**

—दे० शिव० भू० छंद २८

संवत् १९८७ वि० के श्रावण मास के 'विशालभारत' के एक लेख में इनका नाम 'पतिराम' बताया गया है, जो कि मतिराम के वज़न पर ही लिखा गया प्रतीत होता है। मतिराम वास्तव में भूषण के सहोदर भाई न थे, जैसा कि आगे चल कर प्रमाणित किया गया है। अतः इनके नाम का ठीक-ठीक अनुसंधान करना समीचीन और युक्ति युक्त प्रतीत होता है। अब तक विद्वानों ने जो अनुमान लगाये हैं उनसे ऐतिहासिकों को कुछ भी समाधान नहीं हुआ है। इस समय तक प्राप्त अन्वेषणों पर एक विवेचनात्मक दृष्टि डालना असंगत नहीं प्रतीत होता।

किसी ने इनका नाम कन्नौज बतलाया है और किसी ने 'भूषण' ही इनका मूल नाम कहा है।

मेरा अनुमान है कि भूषण का असली नाम "मनिराम" था। पहले मेरा विचार यह था कि जटाशङ्कर ही भूषण का असली नाम है, जैसा कि मैंने जुलाई १९३२ ई० की हिन्दुस्तानी पत्रिका में संकेत किया था, परन्तु इधर पं० बद्रीदत्त जी पाण्डेय कृत कुमाऊँ के इतिहास में वर्णित एक घटना से मुझे अपना पूर्व अनुमान बदलना पड़ा। इस इतिहास में राजा उद्योतचन्द का वर्णन करते हुए लेखक ने लिखा है—

"कहते हैं सितारागढ़-नरेश साहू महाराज के राज-कवि

'मनिराम' राजा के पास अलमोड़ा आये थे। उन्होंने राजा की प्रशंसा में यह कवित्त बनाकर सुनाया था। राजा ने दस हज़ार रुपये तथा एक हाथी इनाम में दिया।"

वह छंद इस प्रकार है :—

पूरण पुरुष के परम दृग दोऊ जानि,
कहत पुराण वेद वानि जोरि रढ़ि गई।
.........दिन पति ये निशापति ज्यों,
दुहुन की कीरति दिशानि माँझि मँढ़ि गई।
रवि के करण भये एक महादानि यह,
जानि जिय आनि चिन्ता चित माँझि चढ़ि गई।
तोहि राज बैठत कुमाऊँ श्री उदोतचंद्र,
चन्द्रमा की करक करेजे हू ते कढ़ि गई।

—दे० कुमाऊँ का इतिहास पृ० ३०२।

यही छंद शिवसिंह सरोज के पृष्ठ २३० प्रथम संस्करण पर मतिराम के नाम से दिया हुआ है। कुमाऊँ के इतिहास में यह छंद बहुत ही विकृत रूप में छपा है। अतः यहाँ हमने सरोज का ही रूप लिया है। क्योंकि वह अधिक शुद्ध है। यद्यपि दोनों छंदों की वास्तविकता में कोई अंतर नहीं है। इतिहास वाले छंद की दूसरी पंक्ति में कई अक्षर न्यून हैं। जिसमें से कवि का नाम भी उड़ा हुआ है। इसकी अन्य पंक्तियों में भी अक्षरों की न्यूनाधिकता स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। अतः सरोज का यह छंद निर्विवाद रूप से अधिक शुद्ध है। हाँ, इतना अन्तर अवश्य है कि सरोज में वह छंद मतिराम के नाम पर लिखा हुआ है।

उक्त इतिहास के पूर्वापर तारतम्य पर विचार करने से निम्न-लिखित निष्कर्ष निकलता है।

१. मतिराम कभी छत्रपति साहू के दरबार में नहीं रहे। और न वहाँ उनका जाना ही पाया जाता है।

२. मतिराम स्थायी रूप से कुमाऊँ-नरेश उदोतचंद्र के दरबारी कवि थे। अतः उक्त पुरस्कार की बात मतिराम के लिए लागू नहीं हो सकती।

३. साहूजी के दरबारी कवि हिन्दी के महाकवि भूषण ही थे। अन्य कोई हिन्दी का कवि उस दरबार में नहीं पहुँचा।

४. इस विषय में यह भी एक बात ध्यान देने योग्य है कि उक्त पुरस्कार में कुमाऊँ-नरेश के अभिमान की मात्रा अधिक होने से भूषण ने उस धन का परित्याग कर दिया था। जिसका संकेत उन्होंने उस घटना के बाद ही श्रीनगर-नरेश फतहशाह की प्रशंसा के लिए कहे छंद में "संपति कहा सनेह न गथ गाहिरो मन, सुख कहँ निरखिबोई मुकुति न मानियो" कहकर किया है।

५, छंद की रचना-शैली और शब्दविन्यास पर ध्यान देने से भी यही प्रतीत होता है कि उक्त छंद भूषण का ही है।

हमारे चरितनायक महाकवि भूषण वैदिक संस्कृति तथा भावना के प्रबल पक्षपाती थे। साथ ही ऐतिहासिक विवेचन-पद्धति भी उनकी रचना की एक विशेषता है। इसी प्रकार पौराणिक विचारों को भी वे सदैव नवीन रूप में ही उपस्थित किया करते थे। तुलना के लिये महाकवि भूषण का एक दूसरा छंद फतह प्रकाश नामक ग्रन्थ से यहाँ उद्धृत है जो कि श्रीनगर-नरेश फतह-शाह की प्रशंसा में ऊपर लिखे कुमाऊँ-नरेश की प्रशंसा के छंद से कुछ दिन बाद ही कहा गया था। महाकवि भूषण कुमाऊँ

से प्रस्थान कर श्रीनगर, (गढ़वाल) नरेश के दरबार में ही पहुँचे थे वह छंद यह है :—

देवता को पति नोको, पतिनी शिवा को हर,
श्रीपति न तीरथ विरथ उर आनियो।
परम धरम को है सेइबो न ब्रत नेम,
भोग को सँजोग त्रिभुवन जोग मानियो।
भूषण कहा भगति न कनक मनि ताते,
विपति कहा वियोग सांग न बखानियो।
संपति कहा सनेह न गथ गाहिरो मन,
सुख कहँ निरखिबोई मुकुति न मानियो।

इन दोनों छंदों पर विचार करने से स्पष्ट विदित होता है कि दोनों में पौराणिक भावना एक सी है। इन्द्र और शिव की महत्ता दिखलाते हुए तीर्थों का भ्रमण, ब्रत, नेम, तथा विष्णु की उपासना को निरर्थक कहा गया है। इस छंद के अंतिम चरण द्वारा यह भी प्रकट कर दिया गया है कि अगर गहरा प्रेम नहीं है तो संपति व्यर्थ की वस्तु है। केवल सुख ही मोक्ष नहीं है। इन दोनों छंदों में वैदिक भावना स्पष्ट झलकती है। साथ ही उनका संकेत उद्योतचंद्र के दिए हुए दान को त्यागने की ओर भी है। जैसा कि किंवदन्ती के रूप में हिन्दी जगत में प्रसिद्ध है। इन दोनों कवित्तों द्वारा ऐतिहासिक उक्त दोनों राजचरित्रों का भी दिग्दर्शन करा दिया गया है। इस प्रकार से ये छंद एक दूसरे के उत्तर-प्रत्युत्तर से प्रतीत होते हैं। विवेचनात्मक शैली, वैदिक संस्कृति एवम् विचारधारा को देखकर बलपूर्वक कहा जा सकता है कि

उक्त दोनों नरेशों की प्रशंसा के छंद महाकवि भूषण कृत ही हैं। जो कि भूषण की विशेषता को भली प्रकार व्यक्त करते हैं।

यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना असंगत न होगा कि भूषण के अनेक छंद दूसरे कवियों के नाम पर धर दिए गए हैं जिनकी संख्या बीसियों तक पहुँचती है।

शिवसिंह सरोज और शृंगार संग्रह में ही ढूँढ़ने से ऐसे कई छंद मिले हैं जिन पर एक अलग अध्याय में विचार किया गया है। अतः निश्चित है कि इसे भी किसी ने भूषण के नाम से हटाकर मतिराम के नाम पर रख दिया है। परन्तु भूषण की रचना ऐसी विशेषता रखती है कि वह सरलतया अन्यों से अलग की जा सकती है। अतः यह भी निर्धारित करना युक्ति युक्त जान पड़ता है कि 'मनिराम' भूषण का ही असली नाम है। और 'भूषण' उनको उपाधि है।

## भूषण का जन्मकाल

भूषण के जन्मकाल पर हिन्दी संसार में घोर मतभेद है। किसी ने इनका जन्मकाल सं० १६७२ वि०, तो किसी ने सं० १६६२ वि० माना है। मिश्रबन्धु महोदय हिन्दी नवरत्न तथा मिश्रबन्धु विनोद में इनका समय सं० १६७२ वि० ही मानते हैं। परन्तु ठाकुर शिवसिंह सेंगर अपने "सरोज*" में चिन्तामणि का जन्म समय सं० १७२६ वि० और भूषण का जन्मकाल सं० १७३८ वि० लिखते हैं। काँथा ( ठा० शिवसिंह सेंगर की जन्मभूमि ) तिकमापुर ( भूषण के निवासस्थान ) और बनपुर ( भूषण के जन्म स्थान ) से १५, २० मील के ही अन्तर पर है। साहित्य के इतिहासों में वर्णित भूषण, मतिराम सम्बन्धी

---

* शिवसिंह सरोज पृ० ४६७

अशुद्धियाँ भी उन्हें बहुत खटकीं थीं। इसका स्पष्ट उल्लेख उन्होंने सरोज की भूमिका में किया है; इसलिये उनका दिया हुआ समय अधिक शुद्ध मानना पड़ेगा। वास्तव में शिवसिंह-सरोज की रचना ही भूषण-मतिराम के जीवनचरित्र को संशोधित कर परिष्कृत रूप देने के लिये हुई है। इससे प्रतीत होता है कि सरोज में दिया गया भूषण तथा चिन्तामणि का यह जन्म-काल अन्य विद्वानों की अपेक्षा अधिक शुद्ध है।

साथ ही उनके उपाधिदाता, आश्रयदाता, कविता-काल तथा अन्य कार्यों व रचनाओं से भी इसी बात की पुष्टि होती है कि भूषण का उक्त जन्मकाल नितान्त शुद्ध और ऐतिहासिक घटनाओं के अनुरूप है।

इस विषय पर शिवराज भूषण में दिये हुये एक दोहे से भी अच्छा प्रकाश पड़ता है :—

दोहा इस प्रकार है :—

**सम सत्रह सैंतीस पर, शुचि बदि तेरसि भान।**
**भूषण शिव भूषण कियो, पढ़ियो सुनौ सुज्ञान॥**

( देखिए नवलकिशोर-प्रेस से प्रकाशित, शिवराजभूषण छन्द नं० ३८० )

इस दोहे में वर्णित 'सम' शब्द किन्हीं दो भावनाओं की तुलना तथा विशिष्ट श्लेष की ओर संकेत करता है। ध्यानपूर्वक अवलोकन करने से दोनों विचार इस प्रकार व्यक्त होते हैं :—

१. शिवराज भूषण का निर्माण-काल।

२. महाकवि भूषण का जन्म-काल।

इनमें से शिवराज भूषण के निर्माण-काल पर तो यथास्थान विचार किया जायगा। यहाँ हम भूषण के जन्मकाल पर विचार करते हैं।

पर = पश्चात , उल्टा। शिवभूषण = देवाधिदेव महादेव और शिवराज भूषण।

अर्थात् संवत् १७३७ विक्रमी के पश्चात् संवत् १७३८ वि० में आषाढ़ बदी तेरस रविवार को देवाधिदेव महादेव ने भूषण को जन्म दिया। दोहे के अन्त में पढ़नेवालों को सावधान करते हुये भूषण कहते हैं कि इस दोहे को विशेष ज्ञानवान ही पढ़ने का प्रयत्न करें। साधारण पंडितों के विचार से यह बाहर की वस्तु है। इस प्रकार भूषण के जन्म की समस्या भूषण के ही शब्दों से हल हो जाती है।

जब हम ज्योतिष द्वारा इस दोहे की जाँच करते हैं, उसमें भी यह बिल्कुल खरा निकलता है। विद्वत्प्रवर तथा महाराष्ट्र-इतिहास के विशेषज्ञ श्रीदत्तोजी वामन पोतदार ने भी खरे पंचांग के आधार पर मुझे बतलाया था कि संवत् १७३८ वि० में आषाढ़ बदी तेरस को रविवार ही था। इस प्रकार जिस समस्या के सुलझाने में बड़े-बड़े साहित्यिक धुरंधर विद्वान् एवम् गणितज्ञ थककर बैठ गये थे, वह अब इस रूप में हल हो गई।

इससे एक विशेष लाभ यह भी होगा कि महाकवि भूषण की जन्मतिथि मनाने का भी हमें अवसर मिलेगा। अब तक भूषण-विषयक कोई निश्चित तिथि अवगत नहीं थी। इस अन्वेषण से वह त्रुटि भी दूर हो जाती है। और एक नवीन विचारधारा हमारे सामने आ जाती है। साथ ही उसकी पुष्टि शिवसिंह सरोज तथा अन्य ऐतिहासिक विवरणों से पूर्णतया हो जाती है। आशा है हिन्दी संसार इस पुण्य तिथि को सोत्साह सारे भारतवर्ष में मनाने का प्रयत्न करेगा। जिसने देश और समाज का इतना महान् कल्याण एवं उपकार किया हो उसकी जन्मतिथि ही न मनाना आश्चर्य की बात नहीं तो क्या है!

मेरा तो दृढ़ विश्वास है कि हमारा देश ऐसे राष्ट्र-हितैषी को कभी न भूलेगा।

कुछ सज्जनों ने परिस्थिति, ऐतिहासिक तथ्यों और भूषण शिवाजी के सम्बन्धों को ठीक न समझने के कारण उक्त निर्माण-काल के दोहे को भी इसी के अनुरूप बनाने का प्रयत्न किया। जब गणित आदि से उसकी चूलि न बैठती दिखलाई पड़ी तो इसमें परिवर्तन करना आरम्भ कर दिया। इसका स्पष्ट परिणाम यह हुआ कि आज इस दोहे ने 'अनेक रूप रूपाय विष्णवे' वत्। बहुत से अवतार धारण कर लिए हैं। जिसके कारण इसका वास्तविक स्वरूप ही लोप हो गया है और ठीक-ठीक भाव समझने में अत्यन्त दुरूहता आ गई है।

एक सज्जन ने शिवसिंह सरोज में वर्णित भूषण के जन्मकाल संबंधी संवत् १७३८ विक्रमी पर यह आरोप किया है कि सेंगरजी ने अपने सरोज में लिखित "उ०" से उत्पत्तिकाल अर्थ नहीं लिया वरन् उसका आशय उ० से उपस्थित अथवा वर्तमान का है।

अब विचारना यह है कि शिवसिंह सेंगर का उ० से क्या आशय है ? क्या उ० उपस्थित अथवा उपलब्ध का द्योतक है ? जैसा कि किसी-किसी ने भावार्थ प्रकट किया है।

इसके लिए हमें अन्यत्र भटकने की आवश्यकता नहीं है। सेंगर जी ने स्वयं इसकी व्याख्या कर दी है। उन्होंने अपने सरोज में व्याख्या करते हुए भली प्रकार स्पष्टीकरण कर दिया है। शिवसिंह सरोज में प्रारम्भ से लेकर पृष्ठ ३७६ तक कवियों की रचनायें दी गई हैं। उसके पश्चात पृष्ठ ३७७ से कवियों का जीवन-चरित्र अकारादि क्रम से प्रारम्भ किया है। सबसे प्रथम अकबर बादशाह का कवि के रूप में वर्णन करते हुए लिखा गया है।

"१ अकबर बादशाह दिल्ली संवत् १५८४ में उत्पन्न हुए।"

यह वर्णन देते हुए अपेक्षाकृत बारीक टाइप का प्रयोग किया गया है। फिर इसी प्रकार अजवेश, आदि कवियों का शीर्षक देते हुए उसी बारीक टाइप में उसी प्रकार संवत् के नीचे "सं०" और "उत्पन्न" के लिए "उ०" लिखा गया है।

—देखिये : शिवसिंह सरोज पृष्ठ ३७८।

यथा : २, अजवेस प्राचीन : १ : सं० १५७० में उ०

इसी प्रकार सर्वत्र "उ" का प्रयोग "उत्पन्न" के लिए ही किया गया है। जहाँ पर कवि की उत्पत्ति का पता सेंगर जी को ज्ञात नहीं हुआ, वहाँ पर उन्होंने समय का उल्लेख ही नहीं किया। परन्तु जो कवि शिवसिंह के समकालीन थे उन्हें "विद्यमान" शब्द से व्यक्त किया गया है।

इसी प्रकार शिवसिंह सरोज के पृष्ठ ३७८ पर 'अयोध्या प्रसाद वाजपेयी, सातन पुरवा जिला रायबरेली "औध" छाप है विद्यमान, लिखा है।

फिर पृ० ३६३ पर ४७ कालिका कवि वंदीजन काशी बासी के लिए वि० से विद्यमान भाव का ही, ग्रहण करते हैं। कहीं-कहीं सेंगर जी से समय देने में भूल भी हुई है परन्तु यह भूल अनजान में ही हो गई है। उ० को उपस्थित मानकर ऐसी भूल नहीं की।

मिश्रबन्धु महोदय तथा पं० रूपनारायण जी पांडेय ने भी सेंगर जी के इस "उ" को उत्पन्न भाव का ही द्योतक माना है। इसलिये शिवसिंह सरोज के पृष्ठ ४६७ पर वर्णित भूषण कवि का जन्मकाल सम्बत् १७३८ वि० बिलकुल शुद्ध है। यह समय ऐतिहासिक घटना-चक्रों और आश्रयदाताओं के समय से भी ठीक-ठीक मेल खा जाता है। अतः हम भूषण के उक्त जन्मकाल को मानने के लिए बाध्य हैं। दूसरा कोई समय उक्त दोनों बातों से मिलान नहीं खाता। अतः निश्चित रूप से कहा जा

सकता है कि भूषण का जन्मकाल संवत् १७३८ वि० मानना ही ठीक है।

## भूषण और मतिराम

भूषण के पारिवारिक संबंधों के विषय में भी हिन्दी-संसार में गहरा मतभेद प्राचीन काल से ही चला आता है। कोई भूषण को दो भाई मानता है, कोई तीन, कोई चार, कोई पाँच और कोई आठ तक बतला देता है। अतः इस बात पर विचार कर लेना आवश्यक प्रतीत होता है कि भूषण, मतिराम चिन्तामणि, नीलकंठ या जटाशंकर में परस्पर क्या संबंध था ? और भूषण के सहोदर भाई कौन-कौन हैं।

इसके लिए सर्वप्रथम भूषण-मतिराम के संबंध पर विचार करते हैं।

तजकिरये सर्व आजाद में कविवर अमीरअली बिलग्रामी ने लिखा है कि चिन्तामणि सबसे बड़े भाई थे, उनसे छोटे मतिराम और सबसे छोटे भूषण थे। ये तीनों ही सहोदर भाई थे।

वंशभास्कर में भूषण को सबसे बड़ा भाई माना है। इनसे छोटे चिन्तामणि और सबसे छोटा भाई मतिराम को बतलाया है।

शिवसिंह सरोज में ये चार भाई कहे गये हैं। इसी आधार पर मिश्रबंधु वर्ग ने अपने विनोद में तथा पंडित रामचंद्रजी शुक्ल ने अपने साहित्य के इतिहास में उन्हें चार भाई कहा है। अन्य इतिहासकारों ने भी इन्हीं का अनुकरण किया है। अतः निश्चित है कि इन इतिहासकारों के कथन वास्तविक अन्वेषण एवं विवेक-पूर्ण आलोचना द्वारा निर्धारित नहीं किए गए हैं। इनमें अंध-परम्परा नीति का ही अनुसरण मात्र है।

यथार्थ में भूषण और चिन्तामणि दो ही भाई थे और मतिराम सहोदर भाई कदापि न थे।

अतः भूषण-मतिराम के समय निरूपण एवं बन्धुत्व संबंधी भ्रान्तियों पर विवेचनात्मक दृष्टि डालना युक्ति-युक्त एवं समीचीन प्रतीत होता है।

## मतिराम के आश्रयदाता तथा उनकी रचनाएँ

महाकवि मतिराम का समय 'रहीम-काल' से प्रारम्भ होता है। उनकी जो सबसे प्रथम रचना प्राप्त हुई है, उसमें रहीम के बरवै नायिका भेद पर लक्षण पाये जाते हैं। रहीम का शरीरान्त सम्वत् १६८४ वि० में हुआ था। उस समय उनकी अवस्था ७२ वर्ष की थी। 'बरवै नायिका भेद' यदि रहीम ने ४०-४५ वर्ष की अवस्था में भी लिखा हो तो यह रचना सम्वत् १६५५ वि० के लगभग की ठहरती है। सम्भवतः उसके २-३ वर्ष पीछे ही मतिराम ने उस पर लक्षण लिखे होंगे। अतः उनकी यह प्रथम रचना संवत् १६६० वि० के आस पास की होगी। यदि उस समय मतिराम की अवस्था ३० वर्ष की भी मान ली जाय तो उनका जन्म संवत् १६३० वि० पड़ता है। लक्षण लिखने के ४-५ वर्ष पीछे ही खान-खाना द्वारा वे बादशाह जहाँगीर के दरबार में उपस्थित हुए होंगे। अतः फूलमञ्जरी का रचना-काल संवत् १६६५ वि० के समीप पड़ता है। पं० कृष्णबिहारी जी मिश्र 'मतिराम ग्रन्थावली' की भूमिका में फूलमञ्जरी का रचना-काल सम्वत् १६७८ वि० मानते हैं। यह ठीक नहीं प्रतीत होता, क्योंकि उस समय तो रहीम पर ही जहाँगीर की वक्र दृष्टि थी। ऐसी दशा में उनके आश्रित कवि पर बादशाह द्वारा उदारता प्रकट की जाने की बात दरबारी ढङ्गों के अनुकूल नहीं जान पड़ती।

इनके अतिरिक्त मतिराम के निम्नलिखित ग्रन्थ और पाये जाते हैं : ( १ ) रसराज ( २ ) ललित ललाम ( ३ ) मतिराम सतसई ( ४ ) साहित्य सार ( ५ ) लक्षण शृङ्गार ( ६ ) छन्द सार पिंगल ( वृत्त कौमुदी ) ( ७ ) अलंकार पंचाशिका ।

इनमें से नं० १, २ व ३ के ग्रन्थ प्रकाशित भी हो चुके हैं। इन ग्रन्थों में से ललित ललाम बूँदी नरेश भाऊसिंह के आश्रय में संवत् १७१५-१६ वि० के बीच किसी समय और मतिराम सतसई जम्बू के राजा भोगनाथ के लिए संवत् १७३०-४० के बीच रची गई है। अलंकार पंचाशिका का निर्माण कुमाऊँ के राजकुमार ज्ञानचन्द्र के लिए संवत् १७४७ वि० में और छन्दसार पिंगल का निर्माण कुण्डार पति स्वरूपसिंह बुन्देला के अर्थ संवत् १७५८ वि० में हुआ था; शेष ग्रन्थों का रचना काल अज्ञात है।

पं० कृष्णविहारी जी मिश्र ने मतिराम का एक छन्द भगवंत-राय खीची के लिए भी रचा हुआ प्रकाशित किया है।

वह छन्द यह है :—

दिल्ली के अमीर दिल्लीपति सों कहत वीर,
दक्खिन की फौज लैके सिंहल दबाइहौं।
जड़ाती जमेसन की जेर कै सुमेर हू लौं,
सम्पति कुबेर के खजाने ते कढ़ाइहौं।
कहै 'मतिराम' लङ्कपति हू के धाम जाइ,
जङ्ग जुरि जमहूँ कौं लोह सौं बनाइहौं।

आगि में गिरेंगे कूदि कूप में परेंगे एक,
भूप भगवंत की मुहीम पै न जाइहौं।*

असोथर-नरेश भगवन्तराय खीची का समय संवत् १७७० वि० से संवत् १७६२ वि० तक माना जाता है। इनमें से उनका मृत्यु समय संवत् १७६२ निश्चित है, क्योंकि इसी संवत् में वे सहादत खाँ से युद्ध करते हुए मारे गये थे।÷ भगवन्तराय खीची एक साधारण जमींदार के लड़के थे और अपने बाहुबल द्वारा एक विशाल राज्य के अधिपति हो गये थे। अतः उक्त छन्द में वर्णित दशा संवत् १७८५ वि० के पश्चात् की ही हो सकती है, जब उन्होंने कोड़ा जहानाबाद के सूबेदार को मारकर वहाँ का राज्य हस्तगत कर लिया था। इसी अनुमान पर उक्त छन्द का समय निर्धारित किया जा सकता है। मतिराम ने ललित ललाम में एक छन्द यह भी लिखा है।

औरङ्ग दारा जुरे दोऊ जुद्ध,
भए भट क्रुद्ध विनोद विलासी।
मारू बजै 'मतिराम' बखानै,
भई अति अस्त्रनि की बरखा सी।
नाथ तनै तिहि ठौर भिर्यौ,
जिय जानि कै छत्रिन कौं रन कासी।

---

* माधुरी ज्येष्ठ, संवत १६८१ वि०

÷ नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भाग ५ अङ्क १

सीस भयो हर हार सुमेरु,
छता भयो आपु सुमेरु कौ बासी ।*

इसी प्रकार ललित ललाम के छन्द नं० १६५, २६० आदि में बड़े सम्मान के साथ बूंदी-राजकुमार गोपीनाथ को 'नाथ' कह कर सम्बोधन किया गया है। इनके अतिरिक्त ललित ललाम के छन्द नम्बर ३० में गोपीनाथ की जो प्रशंसा की गई है, उससे यही अनुमान होता है कि ये कवि महाशय महाराजा छत्रशाल के पिता महाराजकुमार गोपीनाथ के आश्रय में भी रहे होंगे। परन्तु हाड़ा छत्रशाल के समय में मतिराम का बूंदी में रहने का कुछ प्रमाण नहीं मिलता। सम्भव है, इस समय सम्मान कम होने अथवा अन्य किसी कारण से वे वहाँ से जम्बू दरबार में चले गये हों और भाऊसिंह के सिंहासनारूढ़ होने पर फिर बूंदी चले आये हों।

'छन्द सार पिंगल' में अपने आश्रयदाताओं का वर्णन करते हुए मतिराम ने एक छन्द लिखा है जो नीचे दिया जाता है :—

दाता एक जैसो शिवराज भयो तैसो अब,
फतेसाहि सीनगर साहिबी समाज है।
जैसो चित्तौर धनी राना नरनाह भयो,
तैसोई कुमाऊँ पति पूरो रजलाज है।
जैसे जयसिंह जसवन्त महाराज़ भए,
जिनको मही मैं अजौं बढ्यो बल साज है।

---

* ललित ललाम, छन्द ३६

मित्र साहिनन्द सी बुन्देल कुल चन्द जग;
ऐसो अब उदित स्वरूप महाराज है।*

इस छन्द में मतिराम ने अपने तीन आश्रय-दाताओं का उल्लेख किया है।—( १ ) श्रीनगर ( गढ़वाल ) नरेश फतहशाह, ( २ ) कुमाऊँ पति उद्योतचन्द या ज्ञानचन्द और ( ३ ) कुंडार के अधीश्वर स्वरूपसिंह बुन्देला। इस प्रकार मतिराम के आश्रय-दाता निम्नलिखित ठहरते हैं :—

( १ ) अब्दुलरहीम खानखाना ( रहीम कवि ) सं० १६१३ वि० से १६८२ वि० तक।

( २ ) बादशाह जहाँगीर, सं० १६६२ वि० से १६८४ वि० तक।

( ३ ) राजकुमार गोपीनाथ बूँदी, सं० १६८८ वि० से पूर्व।

( ४ ) महाराज भाऊसिंह ( बूँदी-नरेश ) सं० १७१५ वि० से १७३८ वि० तक।

( ५ ) राजा भोगनाथ सं० १७२० वि० से १७४० वि० तक।

( ६ ) फतहशाह ( श्रीनगर नरेश ) सं० १७४१ से सं० १७७३ वि० तक।

( ७ ) उद्योतचन्द्र व ज्ञानचन्द्र ( कुमाऊँ-पति ) सं० १७४५ वि० से १७६५ वि० तक।

( ८ ) कुंडार-पति स्वरूपसिंह बुन्देला, सं० १७५८ वि० के लगभग।

( ९ ) भगवन्तराय खीची ( असोरथ-नरेश ) सं० १७७० वि० से १७९२ वि० तक।

ऊपर के आश्रयदाताओं की सूची और छन्दों पर विचार करने से ज्ञात होता है कि मतिराम का कविता-समय सं० १६६०

---

* वृत्त कौमुदी, सर्ग ४

से प्रारम्भ होकर सं० १७६० वि० तक पहुँचता है। इस १३० वर्ष के दीर्घ काल तक एक कवि कदापि रचना नहीं कर सकता। अतः अवश्य दो मतिराम मानने पर हमें बाध्य होना पड़ता है। ललित ललाम ग्रन्थ भाऊसिंह के आश्रय में रह कर रचा गया है; वह अधूरा है। उसमें सं० १७१८-१७१६ वि० तक की ही घटनाएँ आई हैं। अतः अनुमान होता है कि प्रथम मतिराम का संबंध इस समय बूँदी से टूट चुका था। इसके पश्चात वे जम्बू-नरेश भोगनाथ के दरबार में मतिराम सतसई रचते हुए दिखाई देते हैं। यह समय संवत् १७२० और ३० वि० के बीच का होना चाहिए। अतः प्रथम मतिराम का समय सं० १६३५ वि० से लेकर १७२५ वि० तक ६० वर्ष का और द्वितीय मतिराम का संवत् १७२० वि० से १७६५ वि० तक ७५ वर्ष का ठहरता है।

रसराज, ललित ललाम, और मतिराम सतसई के छुन्द एक दूसरे में ओतप्रोत हैं। भापा और शैली भी मिलती हुई है। अतः ये तीनों ग्रंथ एक ही कवि की रचना हैं, इसमें सन्देह नहीं।

( मतिराम ग्रन्थावली के सम्पादक महोदय ने उक्त ग्रन्थ की भूमिका पृष्ठ २२३ पर फतहशाह का समय सं० १७०० से १७१० वि० तक माना है। 'ज्ञात नहीं, इसका उनके पास क्या आधार है। गढ़वाल-पति* फतहशाह का समय गढ़वाल गजेटियर में सं० १७४१ वि० से १७७३ वि० तक निश्चित् है। इस पर हम आगे चलकर विशेप रूप से विचार करेंगे )।

सं० १७२५ तथा १७४७ वि० के बीच का कोई ग्रन्थ मतिराम का रचा नहीं मिला, इससे यही प्रतीत होता है कि प्रथम पाँच सज्जन रहीम, जहाँगीर, गोपीनाथ, भाऊसिंह और भोगनाथ

---

* गढ़वाल गज़ेटियर, पृ० ११८

ये प्रथम मतिराम के आश्रयदाता थे और उद्योतचन्द्र, ज्ञानचन्द्र, फतहशाह, स्वरूपसिंह बुन्देला और भगवन्तराय खीची ये पाँच आश्रयदाता दूसरे मतिराम के। इनमें से प्रथम चार का उल्लेख वृत्तकौमुदी के उक्त छन्द में भी आ गया है। भगवन्तराय खीची के दरबार में मतिराम वृत्तकौमुदी के रचनाकाल सं० १७५८ वि॰ के पीछे गये थे, अतः उनका उल्लेख इस छन्द में नहीं किया गया है। यहाँ इस बात की चर्चा करना भी असंगत नहीं है कि दोनों कवियों की रचनाओं में बहुत अन्तर है। भाषा और शैली दोनों में ही विभिन्नता दिखलाई देती है। इस प्रकार दो भिन्न मतिरामों का होना निश्चित और प्रमाण-सिद्ध प्रतीत होता है।

## भूषण और मतिराम की सामयिकता

महाकवि भूषण और मतिराम के आश्रयदाताओं पर विचार करने से ज्ञात होता है कि प्रथम मतिराम के आश्रयदाताओं ( रहीम, जहाँगीर, गोपीनाथ, भाऊसिंह और भोगनाथ ) में से भूषण का एक भी आश्रयदाता नहीं है और न इनकी प्रशंसा में उनका कोई छन्द ही मिलता है। इसके विरुद्ध दूसरे मतिराम के पाँच आश्रयदाताओं—( १ ) उद्योतचन्द्र, ( २ ) ज्ञानचन्द्र, (३) फतहशाह, ( ४ ) स्वरूपसिंह बुँदेला और (५) भगवंतराय खीची—में से उद्योतचन्द्र, ज्ञानचन्द्र फतहशाह और भगवंतराय खीची ये चार भूषण के भी आश्रयदाता हैं। अतः यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि द्वितीय मतिराम ही भूषण के समकालीन थे, प्रथम नहीं; जैसा कि मतिराम के पंती बिहारीलाल कवि ने भी इन दोनों को सम-सामयिक लिखा है। यथा—

भूषण चिन्तामणि तहाँ, कवि-भूषण मतिराम,
नृप हमीर सम्मान तैं, कीन्हें निज-निज धाम।

—देखिये विक्रम-सतसई की रसचन्द्रिका टीका।

इससे यह स्पष्ट है कि ये तीनों कवि साथ-साथ रहते थे।

## भूषण और मतिराम का बन्धुत्व

मतिराम-कृत 'छन्दसार पिंगल' (वृत्त कौमुदी) की हस्त-लिखित प्रतियाँ लाल कवि महापात्र (नरहरि कवि के वंशज) असनी*, जिला फतहपुर निवासी और पं० भवानीप्रसाद शर्मा नारनौल, राज्य पटियाला निवासी के पास प्रस्तुत हैं, जिनका उल्लेख खोज-रिपोर्टों में भी आ चुका है। इनमें मतिराम का वंश-परिचय इस प्रकार दिया है :—

तिरपाठी बनपुर बसैं, वत्स गोत्र सुनि गेह;
विबुध चक्रमणि पुत्र तहँ, गिरिधर गिरिधर देह। २१
भूमि देव बलभद्र हुव, तिनहिं तनुज मुनि गान;
मंडित पंडित मंडली, मंडन मही महान। २२
तिनके तनय उदार मति, विश्वनाथ हुव नाम;
दुतिधर श्रुतिधर कौ अनुज, सकल गुननि कौ धाम। २३
तासु पुत्र मतिराम कवि, निज मति के अनुसार;
सिंह स्वरूप सुजान कौ, बरन्यौ सुजस अपार। २४

इन्हीं प्रतियों में आश्रयदाता के सम्बन्ध में यह दोहा भी मिलता है :—

---

* खोज रिपोर्ट सन् १९२०-२२ नं० ११५

वृत्त कौमुदी ग्रन्थ की, सरसी सिंह स्वरूप ;
रची सुकवि मतिराम सो, पढ़ौ सुनौ कवि भूप ।*

महाकवि भूषण अपने को 'शिवराज भूषण' के छन्द नं० २६ में कश्यप गोत्री रत्नाकर का पुत्र बतलाते हैं। यथा :—

द्विज कनौज कुल कश्यपी, रत्नाकर सुत धीर ,
बसत त्रिविक्रमपुर नगर, तरनि तनूजा तीर ।

मतिराम के पन्ती बिहारीलाल ने 'विक्रम सतसई' की 'रस-चन्द्रिका' नामक टीका में अपना परिचय इस प्रकार दिया है :—

"हैं पन्ती मतिराम के सुकवि बिहारीलाल ।"
"कश्यप वंश कनौजिया, विदित त्रिपाठी गोत ;
कविराजन के वृन्द में, कोविद सुमति उदोत ।" ×

इन तीनों ( भूषण, मतिराम और बिहारीलाल ) के वर्णनों पर विचार करने से ज्ञात होता है कि मतिराम वत्सगोत्री विश्वनाथ के पुत्र और भूषण कश्यपगोत्री रत्नाकर के पुत्र थे। अतः भूषण और मतिराम सहोदर भाई कदापि नहीं हो सकते। वे तो एक गोत्र के भी नहीं हैं, फिर बन्धुत्व कैसा ?

यहाँ पर एक यह शंका अवश्य उत्पन्न होती है कि मतिराम तो अपने को वत्सगोत्री कहते हैं, परन्तु उनके पन्ती बिहारीलाल अपने को कश्यपगोत्री बतलाते हैं। इसका क्या कारण है ?

मतिराम के वंशज तिकमापुर के समीप सँजेती और बाँद नामक गाँवों ( जिला कानपुर ) में रहते हैं। वे सब अपने को

---

* छन्दसार पिंगल, सर्ग १

× विक्रम सतसई, प्रथम शतक

कश्यपगोत्री बछई के तिवारी कहते हैं। उनके यहाँ से जो कान्यकुब्ज वंशावली प्राप्त हुई है, उसमें भी बछई के तिवारी कश्यप गोत्र के अन्तर्गत हैं। इससे स्पष्ट है कि मतिराम और उनके वंशज वास्तव में कश्यप गोत्री हैं। मतिराम कवि पर विचार करते हुए एक सज्जन ने बछई शब्द का शुद्ध रूप "वक्षस्थराज" माना है। और लिखते हैं कि वंशावली में इसका मूल नाम यही है। अतः वक्षस्थ का अपभ्रंश बछई है वत्स्य का नहीं। यहाँ पर उक्त छपी वंशावली में स्पष्ट भूल प्रतीत होती है। क्योंकि मतिराम के वंशजों से प्राप्त प्राचीन हस्तलिखित वंशावली में उन्हें बछई के ही तिवारी लिखा है। वक्षस्थराज अथवा वत्स के तिवारी नहीं। अतः निश्चित है कि मूल नाम बछई ही है। वक्षस्थराज नहीं। बछई के ही आधार पर कान्यकुब्ज वंशावली के सम्पादक महोदय ने वक्षस्थराज और मतिराम ने वत्स बनाया प्रतीत होता है। इस परिवर्तन-भावना से स्पष्ट हो जाता है कि वास्तविकता की अनभिज्ञता कितनी अनर्थकारिणी है। प्रकृति-नियमानुसार बछई का शुद्ध रूप वत्स होता है। वक्षस्थ कदापि नहीं। अतः बछई को कश्यपगोत्र के अन्तर्गत मानना ही युक्तियुक्त है। भूषण और मतिराम पर विचार करते हुये पं० विश्वनाथप्रसाद मिश्र त्रिनेत्रजी ने आश्रयदाता के समय पर निम्नलिखित भाव व्यक्त किये :—

"दीक्षितजी अपनी नई सूझ प्रमाणित करने के लिये भूषण और मतिराम की पुस्तकों के रचनाकाल पर विचार न कर इन दोनों कवियों के आश्रयदाताओं के जीवनकाल पर विचार करने लगते हैं। यदि चार-पाँच आश्रयदाताओं के नाम मिल गये तो सब से पूर्ववर्ती का जन्म-काल और परवर्ती का राज्यावरोहण या मृत्यु-काल सामने लाया जाता है। इस प्रकार कवियों के कविता-

काल का विस्तार दिखाया जाता है। मतिराम का कविता-काल १३० वर्ष इसी प्रकार से दिखलाया गया है और उसके साथ ही किसी परवर्ती मतिराम कवि के आश्रयदाता का भी जीवन-काल मिला दिया गया है। अब बतलाइये इसे कवि का कविता-काल मानें अथवा उन आश्रयदाताओं के जीवन-काल का विस्तार!" देखिये - साप्ताहिक 'आज', ८-७-४० ।

यह एक आक्षेप है जो त्रिनेत्रजी द्वारा भूषण और मतिराम की ऐतिहासिकता पर किया गया है। अब हमें विचारना यह है कि आपके आक्षेपों में तथ्य कितना है? और यह दोषारोपण कहाँ तक युक्ति-संगत है? मतिराम के दस आश्रयदाताओं में से सबसे प्रथम अब्दुलरहीम खानखाना का जन्म १६१३ वि० में हुआ था। अन्तिम आश्रयदाता भगवन्तराय खीची का मृत्यु-काल अवध के इतिहास में सं० १७९२ वि०, भगवन्तराय रासा में सं० १७९७ वि० और इम्पीरियल गजेटियर में सं० १८०३ वि० दिया हुआ है। यदि त्रिनेत्रजी के कथनानुसार मतिराम का कविताकाल रहीम के उद्भव-समय संवत् १६१३ वि० से लेकर खीची की मृत्यु संवत् १८०३ वि० तक लेते, तो यह समय १९० वर्ष तक जा पहुँचता है। यदि इसमें उनके जन्म से लेकर कविता का अभ्यास होने तक २५, ३० वर्ष और जोड़ दिया जाय तो उनका जीवन-काल २२० वर्ष तक लम्बा जा पहुँचता है। परन्तु हमने दोनों मतिरामों का कविता-काल केवल १३० वर्ष ही माना है। इससे यह बात तो स्पष्ट हो जाती है कि त्रिनेत्रजी ने ये आक्षेप विचारपूर्वक नहीं किये हैं। यह १३० वर्ष का समय निर्धारित करने में एक विशेष प्रणाली का अनुगमन किया गया है वह यह है :—

रहीम खानखाना के आश्रय में मतिराम के जाने का समय

संवत् १६६० वि० लिखा गया है। उस समय रहीम की अवस्था ४७ वर्ष की थी। रहीम-कृत 'बरवै नायिका भेद' पर मतिराम ने लक्षण लिखे हैं। यह रचना अत्यन्त शृङ्गारिक होने से रहीम की युवावस्था के उमंग-काल में ही रची जा सकती है। अतः उक्त समय युक्तियुक्त जान पड़ता है। उसके कुछ समय पीछे ही मतिराम ने उस पर लक्षण लिखे होंगे। अतः मतिराम का यह समय संवत् १६६० वि० के कुछ पीछे का ही हो सकता है। इसी प्रकार भगवंतराय खीची की प्रशंसा में जो छन्द मतिराम-कृत मिलता है, वह खीची के पूर्ण उत्कर्ष का द्योतक है। यह दशा सं० १७६० वि० के आसपास ही हो सकती है। जब कि उन्होंने कोड़ा जहानाबाद के सूबेदार को मारकर उसका सारा राज्य अधिकृत कर लिया था। अतः मतिराम का यह कविता-काल सं० १६६० वि० से सं० १७६० वि० तक १३० वर्ष लम्बा हो जाता है। इसमें तीस वर्ष आरम्भ के जोड़ देने पर मतिराम की अवस्था १६० वर्ष की हो जाती है। प्रथम तो इतनी बड़ी अवस्था सम्भव ही नहीं है। तिस पर इतनी वृद्धावस्था में राजदरबारों के चक्कर काटते फिरना तो और भी असम्भव है। अतः इस विस्तृत काल में निश्चित रूप से एक मतिराम न होकर अवश्य दो मतिराम मानने पड़ेंगे। जिसका उल्लेख पूर्व ही किया जा चुका है। यहाँ पर एक बात का उल्लेख करना असंगत न होगा कि त्रिनेत्रजी ने 'साथ ही किसी परवर्ती मतिराम कवि के आश्रयदाता का भी जीवन-काल मिला दिया है,' कहकर यह स्वीकार कर लिया है कि दूसरे मतिराम अवश्य थे। त्रिनेत्रजी आश्रयदाताओं के आधार पर कवि-समय का विचार करना उचित नहीं समझते। यद्यपि आश्रयदाताओं के आधार पर किसी कवि का समय निर्धारित करने में अत्यधिक सहायता मिलती है। क्योंकि इतिहास में

राजाओं का समय निरूपण तो मिलता है, परन्तु कवियों का समय नहीं दिया गया। अतः उक्त सहायता लेना स्वाभाविक है। जब कि मतिराम के दो-एक ग्रन्थों को छोड़कर किसी ग्रन्थ में निर्माण-काल ही नहीं दिया हुआ है। ऐसी दशा में आश्रय-दाताओं का सहारा लेना अनिवार्य हो जाता है। परन्तु त्रिनेत्रजी ने अपने लेखों तथा भूषण ग्रन्थावली की भूमिका में कहीं भी भूषण व मतिराम के आश्रयदाताओं का उल्लेख नहीं किया और न विवेचनात्मक ढंग पर विचार करने का ही कष्ट उठाया। उन्होंने यह भी नहीं सोचा कि महाकवि मतिराम को भूषण की उपाधि कब और किसने दी? साथ में इसपर भी विचार नहीं किया कि 'शिवराज भूषण' के निर्माण-काल के अनेक दोहे, अनेक रूप में क्यों मिलते हैं? उनमें से सबसे प्राचीन और शुद्ध रूप कौन सा है? उस दोहे का यथार्थ भावार्थ क्या है? जो दोहा आपने लिया है वही ठीक क्यों है? भूषण और मतिराम के कौन-कौन से आश्रयदाता हैं? और उनका समय क्या है? भूषण का जन्म कब हुआ और शिवाजी का उनसे क्या सम्बन्ध था? इत्यादि बातों पर यदि त्रिनेत्रजी विवेचनापूर्वक विचार करते तो उन्हें सरलतया पता लग जाता कि भूषण का महत्व क्या है? तथा उनकी विशेषता का स्वरूप क्या है?

भूषण और मतिराम के बन्धुत्व के विषय में आपने एक नवीन खोज का भी उल्लेख किया है। मथुरा के पण्डों की बही में मतिराम के वंशज शिवसहाय का अपने परिवार समेत मथुरा जाने का उल्लेख है। उस बही में मतिराम के पिता का नाम रत्नाकर लिखा हुआ है। त्रिनेत्रजी को यह सूचना अब से ८-६ वर्ष पूर्व श्री पं० जवाहरलाल चतुर्वेदी ने दी थी, इस पर ता० २३-६-४० के 'आज' में मैंने श्री जवाहरलाल जी

चतुर्वेदी से विस्तृत रूप से प्रकाश डालने की प्रार्थना की, थी परंतु आज तक उन्होंने कुछ भी लिखने का कष्ट नहीं उठाया। इस शोध पर निम्नलिखित प्रश्न उत्पन्न होते हैं :—

१—मिश्रजी ने इस प्रमाणपत्र को पत्रिकाओं में क्यों नहीं प्रकाशित किया ? आज तक इसकी कहीं चर्चा क्यों नहीं की ? 'नागरी प्रचारिणी सभा' काशी में ही कोई निबंध इस विषय पर पढ़ा होता, अथवा अपनी भूषण ग्रन्थावली की भूमिका में ही इस पर विवेचना की होती !!

२—मथुरा के चौबों तथा तीर्थों के पंडों का यह नियम होता है कि वे सदैव यजमानों की परंपरागत वंशावली अपने यहाँ रखते हैं। क्योंकि एक ही व्यक्ति के पूर्वज और वंशज सदैव एक ही पंडे के घर पर ठहरा करते हैं, बदलते नहीं; परन्तु शिवसहाय तिवारी के न तो पूर्वज वहाँ पहुँचे और न वंशज ही। त्रिनेत्रजी यदि काशी के ही साहित्यिकों से इस विषय पर परामर्श कर लेते तो भी अच्छा होता। परन्तु यह कुछ न करके उसे अपने बस्ते में वर्षों तक बन्द रखना इस बात का द्योतक है कि त्रिनेत्रजी को स्वयं ही उस पर विश्वास न था। अतः यह खोज त्रिनेत्रजी के लिये हितकर सिद्ध नहीं हुई। वृत्तकौमुदी, (छंदसार पिंगल) में मतिराम के पिता का नाम विश्वनाथ लिखा हुआ है। ये भूषण के समकालीन दूसरे ही मतिराम थे जैसा कि भली प्रकार से प्रमाणित किया जा चुका है, अतः निश्चित है कि उक्त विवरण विश्वसनीय नहीं है। मैं उन्हीं दिनों जाँच के लिये मथुरा गया था, पं० जवाहरलाल चतुर्वेदी उस समय बाहर गये थे। बड़े परिश्रम से उस पंडे का पता लगाया, जिसके यहाँ मतिराम के वंशज शिवसहाय ठहरे थे। उस पंडे का नाम गिरवी चौबे है। उक्त चौबेजी तो घाटमपुर तहसील में वृत्ति लेने गये थे, जहाँ भूषण व मतिराम जाकर बसे थे। मैंने

उनकी वृद्धा स्त्री से बही दिखाने को कहा। चौबेजी की स्त्री ने कहा "मेरे जमाई सूं मिलि लेउ वो दिखाइ देइगो।" मैं पं० जवाहरलाल चतुर्वेदी के पुत्र के साथ गिरवी चौबे के जामातृ पं० दानबिहारी शास्त्री सम्पादक से केशीघाट पर मिला। उनसे चर्चा की तो उन्होंने बतलाया कि वह बही पं० जवाहरलालजी चतुर्वेदी के सामने ही देखी जा सकती है। पीछे नहीं दिखा सकते, क्योंकि उक्त चतुर्वेदीजी की यही आज्ञा है। अतः मुझे बैरंग वापिस आना पड़ा, साथ ही इस घटना से "दाल में कुछ काला" वाली कहावत भी सामने आ गई थी।

इस दशा में फिर यह प्रश्न होता है कि मतिराम ने कश्यपगोत्री होते हुये भी अपने को वत्सगोत्री क्यों लिखा? इसका कारण यही प्रतीत होता है कि बछई 'वत्स' का अपभ्रंश रूप है। अतः उन्होंने बछई को वत्स रूप देकर अपने को शुद्ध और परिष्कृत रूप में दिखलाने का प्रयत्न किया है।

बिहारीलाल कवि का

**"कश्यप वंश कनौजिया विदित त्रिपाठी गोत,"**

छन्दांश भी मतिराम की उक्त भूल का मार्जन करता हुआ प्रतीत होता है। अन्यथा कश्यप-गोत्र और त्रिपाठी वंश लिखना युक्तियुक्त होता। 'त्रिपाठी गोत' से कवि बछई के त्रिपाठी की ही ओर संकेत कर रहा है और कश्यप - वंश उसका पूरक बन कर यहाँ बैठा है। इस प्रकार पन्ती बिहारीलाल ने अपने पितामह मतिराम की त्रुटि का प्रच्छालन कर अपने को पुनः परिष्कृत रूप में लाने की कोशिश की है। इस विवरण से यह तो स्पष्ट हो ही जाता है कि प्रथम मतिराम भूषण के जन्म से बहुत पहले ही मर चुके थे और द्वितीय मतिराम भूषण के समकालीन होते हुये भी

उनके सहोदर भाई न थे। द्वितीय मतिराम ने 'वृत्त कौमुदी' ( छंद-सार पिंगल ) में अपने आश्रयदाताओं का स्पष्ट उल्लेख किया है। अतः निश्चित है कि प्रथम पाँच आश्रयदाताओं का इन दूसरे मतिराम से कुछ भी संबंध न था।

## चिन्तामणि और नीलकंठ

यह बात प्रसिद्ध है कि भूषण चार भाई थे। 'शिवसिंह सरोज' और 'मिश्रबन्धु विनोद' दोनों इस विषय में एकमत हैं। मतिराम के सम्बन्ध में हम देख चुके हैं कि वे भूषण के समकालीन होते हुये भी उनके सहोदर भाई न थे। अब यह प्रश्न उठता है कि अन्य दो भाई—चिन्तामणि और नीलकण्ठ—के सम्बन्ध में उक्त कथन कहाँ तक सत्य है।

चिन्तामणि-कृत पिंगल की एक प्रति मुझे नारनौल, राज्य पटियाला से प्राप्त हुई थी। उसमें निर्माण-काल का दोहार्द्ध इस प्रकार दिया हुआ है :—

"कहत अंक मनि दीप द्वै जानि बराबर लेहु।"*

इसके अनुसार पिंगल का निर्माण काल सं० १७७६ वि० ठहरता है। यह पिंगल ग्रन्थ मकरन्द शाह भोंसला के लिए रचा गया था।

जिस प्रकार भूषण ने शिवाजी की प्रशंसा में शिवराज-भूषण उनके मरने के पीछे सं० १७७३ वि० में रचा था, उसी प्रकार चिन्तामणि ने इस पिंगल ग्रंथ की रचना शिवाजी के पितामह मकरंदशाह के लिए सं० १७३६ वि० में की थी। इस पिंगल ग्रंथ में शाहू का नामोल्लेख होने से उक्त विचार की और भी पुष्टि हो जाती है। सं० १७७६ वि० में पिंगल निर्माणकाल के समय

* पिंगल हस्तलिखित प्रति, पृ० १

छत्रपति शाहू का राज्यकाल होने से इस विचार में कोई सन्देह ही नहीं रह जाता।

चिन्तामणि-कृत 'रामाश्वमेध' के भी कुछ पृष्ठ अन्वेषण में मिल चुके हैं, जिनसे इनका कश्यपगोत्री, मनोह के तिवारी होना सिद्ध होता है। इसमें से निर्माण काल का वर्णन फट गया है।❀

चिन्तामणि ने बिजौरा-नरेश बाबू रुद्रशाह की प्रशंसा में यह छन्द कहा था—

प्रबल प्रचंड महाबाहु बाबू रुद्रसाहि,
तो सों वैर रचि न बचत खलकत है।
गहि करवाल काटि काढ़त दुवन दल,
सोनित समुद्र छिति पर छलकत है।
चिन्तामनि भनत भखत भूतगन मांस,
मेद गूद गीदर औ गीध गलकत हैं।
फाटे करि कुम्भन में मोती दमकत मानों,
कारे लाल बादल में तारे झलकत हैं।=

इन वर्दी-नरेश रुद्रशाह के विषय में 'रीवाँ राज्य दर्पण' के पृष्ठ ३३४ पर लिखा है—

"रञ्जीत देव की बीसवीं पीढ़ी में हरिहरशाह नामक अगोरी का राजा हुआ और रुद्रशाह नाम का उसका छोटा भाई था, जिसको अपने हिस्से में बिजौरा इलाका मिला था। उसने अपनी

---

❀ माधुरी, वर्ष २, खंड २

= माधुरी, वर्ष २, खण्ड २, अंक ६, पृष्ठ ७४३

राजधानी गढ़वा गाँव में स्थापित की थी और उसके दो उत्तराधिकारी भी वहीं रहे। अठारहवीं शताब्दी में राजा मयूरशाह ने जो परमाल से २४वीं पीढ़ी पर था, गढ़वा परित्याग कर अपनी राजधानी सोन और गोहद नदियों के सङ्गम पर वर्दी नामक ग्राम में बनवायी।"

रीवाँ गजेटियर में लिखा है :—

Bodh Raj, the younger brother of Rao Ratan, 40th in descent from Ranjit Deo, received as his share the village of Bhopari. .......Bodh Raj had two sons, Sarnam Singh and Fojdar Singh. In 1810, Dalganjan Singh, a step-brother of the Raja Manda, who lived in the Mirzapore district, committed a heinous offence. To escape arrest, he took refuge with Sarnam Singh.

Rewa State Gazetteer, pp. 80-8

प्रथम अवतरण से ज्ञात होता है कि रुद्रशाह परमाल से २१वीं पीढ़ी पर था। परमाल का समय संवत् १२४० वि० निश्चित है। रुद्रशाह से दो पीढ़ी पश्चात् मयूरशाह ईसवी सन् की अठारहवीं शताब्दी में था। अतः रुद्रशाह का समय संवत् १७५० वि० के आसपास पड़ता है। शिवसिंह सेंगर ने चिन्तामणि का जन्म संवत् १७२९ वि० माना है। इससे भी उक्त मिलान ठीक बैठ जाता है।

...यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना असङ्गत न होगा कि रीवाँ गज़ेटियर में वर्णित रञ्जीत देव से बोधराज तक ४० पीढ़ियाँ बतलाना अशुद्ध है, क्योंकि इससे प्रत्येक पीढ़ी का साधारण औसत

ठीक नहीं बैठता और न निश्चित व्यक्ति के निर्धारित समय का मिलान ही ठीक-ठीक जान पड़ता है। अतः यह समय नितान्त अशुद्ध है। इसके मुकाबिले में 'रीवाँ राज्य दर्पण' का कथन बिलकुल सत्य प्रतीत होता है, क्योंकि उसका औसत अन्य ऐतिहासिक घटनाओं से ठीक-ठीक मिलान खा जाता है और निश्चित समय में भी कुछ अन्तर नहीं पड़ता।

चिन्तामणि के एक आश्रयदाता सैयद रहमतुल्ला बिलग्रामी थे। इनका समय संवत् १७४५ वि० के पश्चात् पड़ता है।*

इन अवतरणों से प्रतीत होता है कि इन चिंतामणि का समय भी वही है, जो महाकवि भूषण का था। इसके विपरीत 'प्रबोध रस सुधासर' नामक ग्रन्थ में अन्य कवियों के साथ दूसरे चिंतामणि का भी उल्लेख आया है। इनके आश्रयदाता बूँदी-नरेश भाऊसिंह, बादशाह शाहजहाँ का पुत्र शाहशुजा और शाह-शुजा का पुत्र जैनुद्दीन मोहम्मद बतलाया गया है।

जयपुर नरेश रामसिंह की प्रशंसा में भी इनका एक छंद प्राप्त हुआ है।+

इन चारों आश्रयदाताओं का समय सं० १७०० वि० से सं० १७३८ वि० तक पड़ता है। अतः चिंतामणि प्रथम का समय भी इसी बीच में होना चाहिये।

चिंतामणि द्वितीय की रचना सं० १७४५ वि० से प्रारम्भ होती है। महाकवि भूषण का भी यही समय है, अतः ये दूसरे चिंतामणि और भूषण समकालीन ठहरते हैं।

---

* समालोचक, भाग २ संख्या १-२, संवत् १९८२-८३ और तज़किरए सर्व आज़ाद।

+ माधुरी, आषाढ़, संवत् १९८१, पृ० ७३४-४४

मतिराम के पंती बिहारीलाल कवि ने अपने ग्रंथ विक्रम-सतसई की रसचंद्रिका नामक टीका में भूषण, चिंतामणि और मतिराम के बनपुर से तिकमापुर में साथ-साथ आ बसने का उल्लेख किया है। इस वर्णन में भूषण और चिंतामणि का एक साथ कथन होने से इन दोनों के पारस्परिक सम्बन्ध अथवा भ्रातृत्व का अनुमान होता है। साथ ही साथ भूषण और चिंतामणि का गोत्र आदि एक होने तथा साथ साथ रहने से भी यही प्रतीत होता है कि ये दोनों भाई-भाई थे। यह बात अनेकों ग्रन्थकारों ने स्वीकार भी की है। इसके विरुद्ध कुछ भी प्रमाण न मिलने से हम भ्रातृत्व को स्वीकार करते हैं। तज़किरए सर्व आज़ाद, और वंश भास्कर भी इसी बात का समर्थन करते हैं।

अब रहे नीलकंठ कवि। इन्होंने पौरच-नरेश अमरेश के लिये 'अमरेश विलास' की रचना सं० १७६८ वि० में की थी ❀। ये महाशय श्रीनगर-नरेश फतहशाह के दरबार में भी रहे थे +, जिनका समय सं० १७४१ वि० से १७७३ वि० तक था।

श्रीनगर-नरेश की प्रशंसा में फतहप्रकाश नामक ग्रन्थ रतन कवि ने बनाया था, जिनमें नीलकंठ के अनेकों छन्द उद्धृत हैं। अतः निश्चित है कि नीलकंठ का समय भी यही है। इससे ये भूषण और मतिराम के समकालीन भी ठहरते हैं। परन्तु बिहारीलाल कवि ने वनपुर से तिकमापुर बसनेवालों में इनका उल्लेख नहीं किया और न तज़किरए सर्व आज़ाद और वंश-भास्कर में ही इन्हें भूषण, चिन्तामणि अथवा मतिराम का भाई बतलाया गया है।

---

❀ नागरी प्रचारिणी सभा, काशी की खोज रिपोर्ट, सन् १९०३, नं० १

+ गढ़वाल गजेटियर, पृष्ठ ११८

शिवाजी नामक ग्रन्थ के लेखक ने भी इन्हें उक्त तीनों कवियों का भाई नहीं कहा। इसलिए हम भी नीलकंठ को भूषण का भाई मानने में असमर्थ हैं। इस प्रकार बन्धुत्व की इस विचार-धारा में केवल भूषण और चिन्तामणि ही सहोदर माने जा सकते हैं।

चूँकि भूषण, चिन्तामणि और मतिराम तीनों बनपुर से तिकमापुर में आ बसे थे, इसलिए इन तीनों के बन्धुत्व की वास्तविकता में अन्तर आ गया। वस्तुस्थिति का यथार्थ ज्ञान न होने से केवल किम्वदन्ती के आधार पर ही इनकी बन्धुत्व की भावना का प्रसार होता रहा, जो साहित्य के इतिहास को और भी अन्धकार की ओर बढ़ाती रही।

## भूषण की जन्मभूमि तथा निवास-स्थान

भूषण का निवास-स्थान तो साधारणतया पाठकों को ज्ञात है, परन्तु उनकी जन्मभूमि का उन्हें पता नहीं है। अब तक हिन्दी-संसार तिकमापुर को ही उनकी जन्मभूमि और निवास-स्थान मानता चला आ रहा है, परंतु अन्वेषण से वे स्थान भिन्न-भिन्न प्रतीत होते हैं।

भूषण ने अपने निवास-स्थान का इस प्रकार वर्णन किया है—

**द्विज कनौज कुल कस्यपी, रतनाकर सुत धीर;**
**बसत त्रिविक्रमपुर सदा, तरनितनूजा तीर।**

( शि० भू०, २६ )

महाकवि मतिराम अपने ग्रंथ छंदसार पिंगल ( वृत्त-कौमुदी ) में अपने निवास-स्थान का परिचय इस प्रकार देते हैं :—

तिरपाठी बनपुर बसै, वत्सगोत्र सुनि गेह ;
विबुध चक्रमणि पुत्र तहँ, गिरिधर गिरिधर देह ।*

वृत्तकौमुदी ग्रंथ का निर्माण-काल यह है :—

संवत् सत्रह सौ बरस, अट्ठावन शुभ साल ;
कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी, करि विचार तिहि काल ।+

मतिराम के पन्ती कवि बिहारीलाल ने भी अपने निवास-स्थान और पूर्वजों का वर्णन 'विक्रम सतसई' की 'रत्न-चन्द्रिका' नामक टीका में इस प्रकार किया है :—

बसत त्रिविक्रमपुर नगर, कालिन्दी के तीर ;
विरच्यौ वीर हमीर जनु, मध्य देश को हीर ।
भूषन चिन्तामनि तहाँ, कवि भूषन मतिराम ;
नृप हमीर सम्मान ते, कीन्हों निज-निज धाम ।×

यह टीका संवत् १८७५ वि० में रची गई थी। इन तीनों उद्धरणों पर विचार करने से विदित होता है कि 'वृत्त-कौमुदी' की रचना के समय सं० १७५८ वि० तक मतिराम-भूषण आदि बनपुर में रहते थे। उसके पश्चात् भूषण, चिन्तामणि तथा मतिराम बनपुर से त्रिविक्रमपुर ( तिकमापुर ) में आ बसे थे, ( जैसा कि बिहारीलाल कवि लिखते हैं ) और शिवराज-भूषण की रचना के समय सं० १७७२ वि० में तीनों कवि तिकमापुर

* वृत्त-कौमुदी, प्रथम सर्ग, छं० २१

+ छन्दसार पिंगल ( वृत्त-कौमुदी ) पृष्ठ १-५

× विक्रम सतसई की रस चन्द्रिका टीका, प्रथम शतक तथा माधुरी, ज्येष्ठ, सं० १९८१ वि०।

में ही निवास करते थे (जैसा कि आगे चल कर सिद्ध किया जायगा)। अतः यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि भूषण कवि की जन्मभूमि बनपुर थी और निवास-स्थान त्रिविक्रमपुर, जिला कानपुर था। इस प्रकार अन्वेषण द्वारा भूषण-विषयक अनेक बातें जो अंधकार में विलीन हो रही थीं प्रकाश में आ रही हैं तथा भ्रांतियाँ मिट कर देश व समाज का पथ प्रशस्त हो रहा है।

## भूषण-कालीन परिस्थिति और उद्बोधन

महाकवि भूषण की महत्ता को ठीक-ठीक अनुभव करने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक प्रतीत होता है कि हम तत्कालीन परिस्थिति पर विचार करें। जिस समय भूषण (मनिराम) का बनपुर में जन्म हुआ था, उससे कुछ मास पूर्व ही छत्रपति शिवाजी का शरीरान्त हो चुका था। उस समय दिल्ली के तख्त पर औरङ्गजेब बादशाह था। वह अपनी साम्प्रदायिक कट्टरता के लिए बहुत प्रसिद्ध था। उसने ऐसी नीति का अवलम्बन किया था, जो मुग़ल बादशाहों की भावना के नितान्त प्रतिकूल थी। अकबर बादशाह* ने जिस दृढ़ नींव पर हिन्दू-मुसलमान ऐक्य रूपी भित्ति को स्थापित किया था, उसे औरङ्गजेब× ने साम्प्रदायिक पक्षपात रूपी डेनामाइट से भूमिसात् कर दिया था।

उसने हिन्दुओं पर ऐसे अत्याचार किये थे, कि सम्भवतः एक भी हिन्दू ऐसा न था जो उसे हृदय से चाहता हो। परन्तु उसके दबाव के कारण सम्पूर्ण हिन्दू राजा उसकी मातहती करना

---

* अकबर की राजव्यवस्था।

× औरङ्गजेब, भाग ३, पृष्ठ २६५

अपना सौभाग्य मानते थे, यद्यपि उसने हिंदुओं पर जज़िया+ फिर जारी कर दिया था। उसने जोधपुर-नरेश जसवंतसिंह* को अफ़ग़ानिस्तान में अफ़ग़ानों को दबाने के लिए भेजा, परंतु उसे कोई सहायता न भेजकर तथा मुग़ल सरदारों से आश्रयहीन बनाकर कुत्ते की मौत मरने दिया और उसके लड़कों को विष देकर मरवा डाला। सौभाग्य से गर्भस्थित राजकुमार अजीतसिंह की माँ को स्वामिभक्त सरदार दुर्गादास किसी प्रकार बचा कर निकाल ले गया था। जोधपुर राज्य पर भी औरंगजेब ने अधिकार कर लिया था। उसे भी बड़े प्रयत्न से इसी वीर ने जीवन की बाजी लगाकर उसके जबड़े से निकाल लिया। दुर्गादास की इस महत्वपूर्ण मातृभूमि की सेवा का वहाँ आज भी बड़े आदर से गुणगान किया जा रहा है। जयपुर-नरेश मिर्ज़ा जयसिंह × को भी विष दिलवा कर, उस ने दक्षिण में ही उनकी अन्त्येष्टि क्रिया

---

+ हिन्दुओं पर जज़िया ( हिन्दू होने का कर ) लगाया गया। ग़ैर मुसलमानों से दूनी कस्टम लेने का हुक्म दिया गया। हिन्दू लोग सार्वजनिक दफ़्तरों से हटा दिये गये। मुसलमान बनाने के लिए रिश्वत दी जाती थी और यह फरमान निकाला गया था कि ग़ैर मुस्लिम नागरिक नहीं हो सकते; वे अछूत हैं। ग़ैर मुस्लिम होना सामाजिक और राजनीतिक अयोग्यता थी। [ औरङ्गजेब, भाग ३, पृ० २५१ और २६८-७८

* जसवन्तसिंह के ज्येष्ठ राजकुमार पृथ्वीसिंह को जहरीली पोशाक पहना कर औरङ्गजेब ने मरवा डाला। [ टाड राजस्थान, जिल्द २, पृष्ठ ४० ]

× मिर्ज़ा जयसिंह को औरङ्गजेब ने उनके दूसरे राजकुमार कीर्तिसिंह द्वारा ज़हर दिलवा कर मरवा डाला था। उनको जयपुर की गद्दी का

करवा दी थी तथा उनके राजकुमारों को भी क्रूर काल के हवाले कर, वही दुर्दशा करवा डाली थी। इन अत्याचारों को पढ़कर मानव-हृदय एकबारगी ही सिहर उठता है, दिल दहल जाता है और अंतः करण थर्रा जाता है।

इस प्रकार सहस्रों मंदिर+ ध्वस्त कर मसजिद के रूप में परिणत किये जा चुके थे। इतना ही नहीं, मथुरा में केशवराय का देहरा और काशी में विश्वनाथ का मंदिर तुड़वा कर क्रमशः जामा और ज्ञानवापी मसजिदों के रूप में परिणत किये जा चुके थे। निरीह सतनामी* साधुओं का क़त्लेआम करवा दिया गया था। बचे हुए लोगों को बलात् मुसलमान बनने पर बाध्य किया गया था। सिक्खों पर भी ऐसे अत्याचार हुए कि सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उनके गुरु तेगबहादुर+ को शूली दे दी गयी थी, गुरु गोविंदसिंह× के दो बच्चे लड़ाई में मारे गये और दो मासूम बच्चे दीवार में चुनवा दिये गये। गुरु बंदा÷ को पिंजड़े में बंद

---

लालच दिया गया था, पर अन्त में उन्हें कामा परगना दिया गया। इस प्रकार औरङ्गजेब ने अपनी प्रतिज्ञा भी तोड़ी थी। [ टाड राजस्थान, भाग २, पृष्ठ ३४२ ]

+ मन्दिर तोड़ने की आज्ञा ९ एप्रिल सन् १६६९ को दी गई थी। दे०—औरङ्गजेब, भाग ३, पृष्ठ २६७ व २८२

* प्रसिद्ध इतिहासकार खफ़ी खाँ लिखता है, सतनामी बड़े सदाचारी थे। दुराचार अथवा अनुचित रीति से धन लेना वे पाप समझते थे। [ औरङ्गजेब, यदुनाथ सरकार कृत पृष्ठ २९८ ]

+ औरङ्गजेब, भाग ३, पृष्ठ ३१२-३

× औरङ्गजेब, भाग ३, पृष्ठ ३१६-२०

÷ सिक्खों का इतिहास

कर उसका मांस नुचवाया गया। सम्पूर्ण हिंदू-जाति त्रस्त और भयभीत होकर अत्यंत कष्टमय जीवन व्यतीत कर रही थी। ये अत्याचार राजा लोग अपने चर्म-चक्षुओं से देख रहे थे परंतु किसी को कुछ कहने का साहस न होता था।

हिंदुओं में धर्म-कर्म, और पूजा-पाठ का अभाव-सा* हो चला था। शंख बजाना एक अक्षम्य अपराध माना जाता था। तिलक लगाकर नागरिकों को सड़क पर चलना कठिन हो गया था। बहू-बेटियों का सतीत्व ख़तरे में था। इसी के फलस्वरूप 'शीघ्रबोध' जैसे ग्रन्थों की रचना हुई थी, जिसमें सात-आठ वर्ष की लड़कियों का विवाह कर देना भी बड़ा भारी पुण्य-कर्म बताया गया था।

औरङ्गजेब ने केवल हिंदुओं पर ही अत्याचार नहीं किये, वरन् अपने परिवार वालों तथा शिया लोगों पर भी अमानुषीय कृत्यों की पराकाष्ठा कर दी थी। उसने सूफ़ी विचार रखने वाले अपने बड़े भाई दारा + को पकड़ कर जान से मरवा डाला और उसके शव को शहर भर में घुमाया। उसके लड़के ÷ की भी वही दशा की गई। उसने अपने छोटे भाई मुराद △ को पहले राज का लालच देकर अपनी ओर मिला लिया फिर उसे हाथी के पैर के नीचे कुचलवा दिया और तीसरे भाई शुजा √ को मार कर अराकान के जंगलों में भगा दिया, जहाँ उसे शेर द्वारा खा जाने की

---

* औरङ्गजेब, भाग ३, पृष्ठ २६७

\+ औरङ्गजेब, भाग २, पृष्ठ १८६-२२०

÷ औरङ्गजेब, भाग २, पृष्ठ २३६

△ औरङ्गजेब, भाग २, पृष्ठ ६३-१००

√ औरङ्गजेब, भाग २, पृष्ठ १८७-८८

किंवदंती है। उसके कार्यों का यहीं अंत नहीं हुआ। वह अपने बाप शाहजहाँ* बादशाह को गद्दी से उतार कर स्वयं गद्दी पर बैठ गया और उसे आगरे के किले में बंदी कर दिया। वह बेचारा वहीं सात वर्ष तक जेल की यातना भुगत कर और पानी के लिए तरस-तरस कर परलोक सिधारा। उसने शिया राज्यों (बीजापुर÷ और गोलकुंडा+) को तहस-नहस करने में कुछ भी कोताही नहीं की। आदिलशाही और कुतुबशाही खानदानों की इति-श्री कर दोनों राज्यों को अपने साम्राज्य में मिला लिया। उनके अन्य परिवार वाले इधर-उधर मारे-मारे फिरते थे। उसने मुसलमान फकीर शाहमोहम्मद की भी बड़ी दुर्दशा की और साधू सरमद को शूली दिलवा दी ∫। इस प्रकार उसके अत्याचार एवं नृशंसता के कारण सर्वत्र प्रजा त्रस्त और दुखी थी।

दूसरी ओर हिंदू जाति में घोर नैराश्य और वैराग्य छाया हुआ था। उनके पिटने और पद-दलित होने पर भी संत कवियों की वाणी शांत रहने का आदेश देती थी। गोस्वामी तुलसीदास तथा महात्मा सूरदास की रचना भी इस विषय में हमारी अधिक सहायता न कर सकी। उनके द्वारा भक्ति के उद्रेक के कारण समाज से निराशा तो कुछ दूर हुई और उसका मन भी संसार से हटकर भगवद्भक्ति की ओर फिरा, परंतु प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रीति से संगठन और राष्ट्रीय-भावना का प्रसार न हो पाया। केवल राम और कृष्ण के सहारे सारे कार्यों की पूर्ति का भरोसा

---

* औरङ्गजेब, भाग ३, पृष्ठ ७,१२३ व १३९-१४१

÷ औरंजेङ्गब, भाग ४, पृ० ३२३-३२९

+ औरङ्गजेव, ,, पृ० ३५६-३६६

∫ औरङ्गजेब, ,, १ पृ० ९५-१००

किया जाता था। शत्रु को दबाने तथा अत्याचार से संरक्षण पाने के लिए किस प्रकार का साहस और अध्यवसाय चाहिए, इसका वहाँ नितांत अभाव था। श्रीराम ने रावण को मारने के लिये जो-जो प्रयत्न किये थे, उनमें मानवीय प्रयत्नों की चर्चा न करके भगवान् की अननुभूत और अलौकिक शक्तियों का ही आश्रय लिया गया है। इसके लिए गोस्वामी तुलसीदास जी समय-समय पर शक्ति-सम्पन्न राम को सर्व शक्तिमान् ब्रह्म के अवतार-रूप में पाठकों के सामने रखते व स्मरण भी दिलाते जाते हैं। इनके द्वारा राम-भक्ति के साथ अकर्मण्यता का प्रसार भी बहुत हुआ। क्योंकि वैराग्य और त्याग पर भी उन्होंने बहुत जोर दिया था। सूरदास की रचना में भी लोक-कल्याण और सामाजिक उत्थान की भावना राष्ट्रीय रूप में कहीं दिखलायी नहीं देती। इन संत कवियों के द्वारा वैराग्य, त्याग, जगत्-मिथ्या-भावना, सांसारिक-जीवन-दुःखमय आदि भावों को ही उत्तेजन मिल रहा था। केवल मोक्ष पाने की धारणा ही प्रबल थी। देश को मुक्त करने की ओर किसी का ध्यान न था। इन विचारों के कारण भारतीय समाज से उत्साह, जीवन, और उत्कर्ष का नितान्त तिरोभाव हो गया था। दुःखी, असमर्थ और अज्ञानी मनुष्य जिस प्रकार मृत्यु-काल में अपनी अंतिम घड़ियाँ पूर्ण करने का प्रयास करता है, वही दशा इस प्राचीन आर्य-जाति की हो रही थी। महाकवि-भूषण के जन्म-काल में ये ही भावनाएँ कार्य कर रही थीं।

इस दशा से स्पष्ट विदित होता है कि उस समय देश पर औरङ्गजेब का भय तथा आतङ्क छाया हुआ था। पालने में झूलते हुए भूषण के मानसपटल पर ये ही धारणाएँ अङ्कित हो रही थीं। ज्यों-ज्यों वे बड़े होते जाते थे, उनके चित्त में साम्राज्य-विरोधी भाव जागरित हो रहे थे। उनके प्रतिशोधार्थ उनमें उत्साह-

जोश, और उत्तेजना बढ़ती जा रही थी। औ ,,जेबी अत्याचारों को देखकर उनके हृदय पर एक गहरी ठेस लगी और वे उनके प्रतिकार का उपाय सोचने लगे।

छत्रपति शिवाजी√ ने दक्षिण में औरङ्गजेब की अनीतिपूर्ण राज्य-प्रणाली एवम् अत्याचार परिवर्द्धित हिन्दू-शिया-विरोधी प्रवाह का नितान्त अवरोध कर दिया था। उसका आतंक औरङ्ग-जेबी सूबेदारों❀ तथा सरदारों पर ऐसा छा गया था कि वे दक्षिण में जाने तक का साहस न करते थे। परन्तु उसकी मृत्यु हो जाने से औरङ्गजेब ने दक्षिण में भी वे ही ढङ्ग बरतने प्रारम्भ कर दिये थे जो उत्तरी भारत में चल रहे थे। शिवा जी का ज्येष्ठ पुत्र सम्भाजी× अपने पुत्र शाहू+ सहित बादशाही सेना के हाथ में पड़ गया था। बादशाह ने अत्यन्त निर्दयता के साथ उसका वध करा दिया÷। उस समय शाहू केवल आठ वर्ष का बालक था। औरङ्गजेब की मृत्यु तक वह क़ैद में ही रहा। शिवाजी की मृत्यु के पश्चात् औरङ्गजेबी शासन अत्याचार एवं नृशंसता की पराकाष्ठा पर पहुँच गया था। साम्राज्य-विरोधी शक्तियाँ यत्र-तत्र बिखरी पड़ी थीं। सङ्गठन न होने से उनमें उस नृशंसता का प्रतिशोध और अत्याचारों का अवरोध करने का साहस ही न

---

√ मराठा पीपिल ( Maratha People ) भाग १ और २

❀ शिवाजी, यदुनाथ सरकार कृत

× औरङ्गजेब भाग ४, ३९९-४०१

+ औरङ्गजेब, भाग ४, पृ० ४०६

÷ सम्भा जी को, एक-एक अङ्ग काट कर, बड़ी बेरहमी से मरवाया गया और उसका माँस कुत्तों को खिलाया गया। [ औरङ्गजेब, भाग ४, पृ० ४०२ ]

था। इन्हीं भावनाओं के अंतर्गत रह कर भूषण ने अपने मन में यह निश्चय कर लिया था कि औरङ्गजेबी अत्याचारों से देश और समाज की रक्षा करने के लिए भारतीयों को सुसंगठित किया जाय और उत्तेजन देकर उद्बुद्ध कर दिया जाय। कुछ इतिहासकारों ने औरङ्गजेब के अत्याचारों को मजहबी रंग देकर हिंदू-मुसलमान द्वन्द्व एवं विरोध के रूप में प्रदर्शित किया है। यह धारणा भ्रमपूर्ण है। औरङ्गजेब ने हिंदू-मुसलमान सब पर जुल्म किए थे। उसमें मजहबी कट्टरपन तो था ही। परंतु इसकी भीतरी तह में साम्राज्य-लिप्सा पूर्णतया भरी हुई थी। उसकी वृद्धि के लिए उसे सबके साथ कल-बल-छल करने पड़े थे। जिनको छिपाने के लिए वह उनको धार्मिक रूप दे दिया करता था। इसी कारण उसके पुत्र भी सच्चे हृदय से उसका साथ नहीं दे रहे थे। वर्तमान मुसलमान लेखक बहुधा औरङ्गजेब की प्रशंसा करते हुए दिखाई देते हैं। वे यह नहीं सोचते कि तत्कालीन खफीखाँ आदि ऐतिहासिकों ने भी औरङ्गजेब की घोर निंदा और शिवा जी की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्हें चाहिए कि तास्सुब के स्तर से कुछ ऊँचे उठकर देखें कि औरङ्गजेब के कार्य किस कोटि में आते हैं। अकबर और औरङ्गजेब दोनों की तुलना करने से यह भावना और भी स्पष्ट हो जाती है।

## २—शिवराज भूषण का निर्माण-काल

शिवराज भूषण अलंकार का ग्रन्थ है। उसमें शिवाजी की प्रशंसा फुटकर छन्दों द्वारा उदाहरणों के रूप में की गई है। यह ग्रन्थ शिवाजी के दरबार में रहकर कदापि नहीं लिखा गया। उसमें वह प्रणाली ही नहीं है, जिसे दरबारी कवियों ने प्रयुक्त किया है। विद्यापति-निर्मित 'कीर्तिलता', केशवदास कृत 'वीर-सिंह देव चरित', लाल का रचा 'छत्रप्रकाश', सूदन का बनाया 'सुजान-चरित्र' तथा पद्माकर विरचित 'हिम्मत बहादुर विरुदावली' आदि बीसों ग्रन्थ इस प्रणाली के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। शिवराज-भूषण में न तो ऐतिहासिक क्रम है, न घटना-चक्रों का ही कोई सिलसिला है और न जीवनचरित्र का क्रम-विकास ही दृष्टिगोचर होता है। जनता में केवल उत्साह-वर्द्धन करने और संगठन तथा उत्तेजना फैलाने के लिए ही फुटकर छन्दों के रूप में इनकी रचना हुई है। फिर उन्हीं छन्दों में से कुछ अलंकारों के उदाहरणों में संगृहीत कर दिये गये हैं.

शिवराज भूषण का निर्माण-काल कुछ विद्वान संवत् १७३० वि० मानते हैं। इस सम्बन्ध में अब तक निम्नलिखित छन्द पाये गये हैं।

संवत् सतरह तीस पर, सुचि बदि तेरसि भान।
भूषण शिवभूषण कियौ, पढ़ियो सुनो सुजान ॥१॥*

---

* काशीराज के पुस्तकालय की हस्तलिखित प्रति छंद नं० ३८०।

शुभ सत्रह सै तीस पर, बुध सुदि तेरसि मान ।
भूषण शिवभूषण कियो, पढ़ियो सुन्यो सुजान ॥२॥ ×
संवत् सत्रह तीस पर, सुचि बदि तेरसि भान ।
भूषण शिवभूषण कियौ, पढ़ियो सकल सुजान ॥३॥ +
सम सत्रह सैं तीस पर, सुचि बदि तेरसि भान ।
भूषण शिवभूषण कियौ, पढ़ियो सुनो सुजान ॥४॥=

संवत् निर्माण-काल के ये चारो दोहे भिन्न-भिन्न स्वरूपों का दिग्दर्शन कराते हैं। अब विचारना है कि ये अनेक रूप क्यों और कैसे हो गए ? इसके भीतर कौन सी प्रधान भावना काम कर रही थी। इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करने से प्रकट होता है कि इस परिवर्तन का मुख्य कारण भूषण को शिवाजी के दरबार में खींच ले जाना है। असली निर्माण-काल का दोहा चौथा है जो कि श्लेष-रूप में कहा गया है और दो भावों को व्यक्त करता है।

१—शिवराज भूषण का निर्माण काल संवत् १७७३ वि० ।

२—महाकवि भूषण की जन्म तिथि सं० १७३८ वि० ।

इस चौथे दोहे पर विचार करने से पूर्व हम शेष तीनों दोहों पर विवेचनात्मक रूप से विचार करना उचित समझते हैं।

यथार्थ बात यह है—उक्त दोहों पर विचार करने से न तो उनकी ऐतिहासिक घटनाओं से अनुकूलता ही बैठती है और न वे ज्योतिष के विचार से ही मिलान खाते हैं। अतः यह प्रतीत

---

× नागरी प्रचारिणी सभा काशी की प्रति ।

+ साहित्य सेवक कार्यालय काशी से प्रकाशित ।

= नवलकिशोर प्रेस लखनऊ से प्रकाशित ।

यह था कि ये दोहे जाली हैं। कुछ व्यक्तियों के खींच-तान के अर्थ से यह भावना और भी दृढ़ होती जाती थी कि ये दोहे वास्तव में जाली हैं और गणित आदि से मिलान न होने के कारण इनमें परिवर्तन होता गया है। परंतु कुछ ध्यानपूर्वक मनन करने से मुझे उक्त दोहे द्वारा भूषण की जन्मतिथि का भी कुछ भान होने लगा। फिर विस्तारपूर्वक विवेचन एवं छानबीन करने पर उक्त बात की धारणा और भी प्रबल होती गई। ज्योतिष द्वारा गणना करने और इतिहास के अनुकूल होने पर तो वह दोहा प्रमाण कोटि में गिना जाने लगा। परंतु इस दोहे द्वारा निर्माण काल की भावना संदेहात्मक ही बनी रही। जब चौथे दोहे पर विचार किया और 'सम' शब्द पर ध्यान गया तो वह दोहा स्पष्टतया श्लेषात्मक दिखलाई देने लगा। उस समय भूषण का जन्म समय सं० १७३८ वि० और शिवराज भूषण का निर्माण-काल सं० १७७३ वि० सिद्ध हुआ। और उक्त दोहा दोनों भावों का द्योतक बन गया। निर्माण काल के प्रथम तीन दोहे गणित के विचार से ठीक नहीं बैठते। प्रथम दोहे में वार न होने से जाँच ही नहीं हो सकती। और न वह शुद्ध ही गिना जा सकता है। दूसरे दोहे में महीने का नाम नहीं है। अतः वह भी परीक्षा-कोटि में नहीं आ सकता। इसलिये यह प्रथम से भी अधिक भ्रमपूर्ण और अशुद्ध है। तीसरे दोहे में ऊपरी ढंग से शुद्धता प्रतीत होती है। इसमें तिथि, वार, मास और संवत् सब कुछ प्रस्तुत हैं। परंतु ज्योतिष की गणना के अनुसार स० १७३० वि० की असाढ़ बदी तेरसि को रविवार नहीं पड़ता। अतः यह दोहा भी पञ्चाङ्ग द्वारा अशुद्ध ठहरता है और हमारी ऐतिहासिकता से तो नाम मात्र को भी इनमें से किसी से मेल नहीं बैठता। इस पर कुछ सज्जनों द्वारा छानबीन भी हुई। इधर उधर के कुलाबे

भिड़ाने का भी प्रयत्न किया गया। परंतु सब व्यर्थ हुआ। इस प्रकार बड़े बड़े धुरंधर महारथियों का परिश्रम बेकार हो गया। हाँ, उस विवेचना, आलोचना और प्रत्यालोचना से कुछ तथ्य की बातें भी प्रकट हो गईं। इस ऊहापोह में भूषण-सम्बन्धी अनेक भ्रमपूर्ण भावनाओं का परिष्कार हो गया। भूषण की जन्मतिथि पर हम पहले ही विचार कर चुके हैं। अब देखना यह है कि इस दोहे के द्वारा निर्माण-काल किस प्रकार घटित होता है ?

सम=समान। निर्माण-काल और जन्मकाल दोनों में ही श्लेष द्वारा एक सी भावना। सत्रह=सत्रह सै। पर=उल्टा, विरोधी। सैंतीस का उल्टा=७३ तिहत्तर। इस प्रकार उक्त दोहे से शिवराज भूषण का निर्माण काल सं० १७७३ वि० ठहरता है। अर्थात् असाढ़ वदी तेरसि रविवार सं० १७७३ वि० को महाकवि भूषण ने शिवराज भूषण की रचना की।

इस दोहे के परिवर्तन में किसी ने महीना उड़ाया, किसी ने वार हटाया तो किसी ने "पर" से रहित कर दिया, तो किसी ने श्लेष की भावना ही दूर कर दी। कभी सैंतीस के 'सैं' को निकाल कर केवल तीस ही रख छोड़ा गया। और कुछ नहीं तो अन्यों द्वारा अर्थ की गम्भीरता ही हटा दी गई। परंतु यथार्थता से अनभिज्ञ महानुभावों ने भूषण को शिवाजी के दरबार में रखने का दुराग्रह न छोड़ा। अब इस दोहे पर जो विवेचन किये गये हैं, उनकी भी बानगी लीजिये। सबसे प्रथम पं० अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी के कथन पर विचार कीजिये। आप 'विश्वमित्र' नामक मासिक पत्र में लिखते हैं :—

"शुचि पाठ वाली प्रतियाँ ठीक हैं।" आगे चलकर वे लिखते हैं, संवत् १७३० वि० के आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष में

त्रयोदशी रविवार को न थी—इस विषय में दो मत हैं:—एक यह कि शुचि का अर्थ ज्येष्ठ भी है और ज्येष्ठ संवत् १७३० वि० में रविवार को त्रयोदशी पड़ी थी; और दूसरा मत मिश्र-बन्धुओं का है। महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी जी ने जो पञ्चाङ्ग बनाकर उनके पास भेजा था, उसके अनुसार श्रावण और कार्तिक दोनों में त्रयोदशी रविवार को पड़ी थी। परन्तु यदि श्रावण में कृष्ण पक्ष को १३ रविवार को पड़ी हो तो उसे ही 'शुचि' मास मान सकते हैं। कारण, महाराष्ट्र में उत्तर भारत की तरह पूर्णिमान्त मास नहीं होते, वहाँ अमान्त मास होते हैं और शुक्ल पक्ष के पश्चात् कृष्ण पक्ष आता है इसलिए हमारे यहाँ जो अगले मास का कृष्ण पक्ष है, वही महाराष्ट्र में पिछले मास का कृष्ण पक्ष कहलाता है। इस प्रकार यदि हमारी श्रावण कृष्णा त्रयोदशी को उनकी आषाढ़ कृष्णा त्रयोदशी होती है, तो कोई भूल नहीं है।"

श्री बाजपेयी जी ने पूर्वापर विचार कर पूर्णतया निर्णय कर डाला कि आषाढ़ कृष्णा त्रयोदशी को रविवार था। यह विचारा ही नहीं कि मिश्रबन्धु महोदय इस पाठ को शुद्ध नहीं मानते। उन्होंने "बुध सुदि तेरसि मान," पाठ लिया है। इसी के अनुसार महा महोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी ने श्रावण और कार्तिक शुक्ला त्रयोदशी को बुधवार ( रविवार नहीं ) होना बतलाया था।* रहा श्रावण कृष्णा त्रयोदशी का प्रश्न सो उस दिन बृहस्पतिवार था, रविवार नहीं। आषाढ़ कृष्णा त्रयोदशी को भी रविवार न था। उस दिन मङ्गल पड़ता है। अतः बाजपेयी जी का कथन युक्ति-युक्त नहीं है।

---

*नागरी प्रचारिणी सभा काशी से प्रकाशित और मिश्रबन्धु द्वारा सम्पादित 'भूषण ग्रन्थावली' की भूमिका, पृष्ठ ५६।

अब शुचि पर भी विचार कर लीजिये। कुछ सज्जनों ने ज्येष्ठ कृष्णा १३ को रविवार होने में शुचि का अर्थ ज्येष्ठ मान लिया है। इसके लिए हमें दूर जाने की आवश्यकता नहीं। महीनों के पर्याय देते हुए सब से प्रसिद्ध और प्रधान कोशकार अमरसिंह अपने अमरकोश में लिखते हैं:—

वैशाखे माधवो राधो ज्येष्ठे शुक्रः शुचिस्त्वयम्।
आषाढ़े श्रावणे तुस्यान्नभः श्रावणि कश्च सः १

इस श्लोक में आषाढ़ के अर्थ में स्पष्ट 'शुचि' शब्द दिया गया है। यदि कोई सज्जन खींच-तान कर इसे ज्येष्ठ के अर्थ में लेना भी चाहें तो अमरकोश के "त्वन्ताथादि न पूर्वभाक्", नियमानुसार शुचि का अर्थ ज्येष्ठ लेने से स्पष्ट निषेध किया गया है फिर ज्ञात नहीं 'शुचि' शब्द का अर्थ ज्येष्ठ क्यों कर लिया गया है!

जब वर्ष में एक ही तिथि २४ बार और एक ही बार ५ दफ़ा आता है तो वार और तिथि अवश्य कहीं न कहीं जाकर एकत्रित हो सकते हैं। अतः दोहे में वार या मास का अभाव किसी विशेष महत्व का द्योतक नहीं है, और न प्रमाण ही बन सकता है।

उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट हो जाता है कि निर्माण-काल के उक्त दोहे बनावटी हैं, जिनके अनुसार भूषण को शिवाजी का दरबारी कवि बनाया जा रहा था। 'शिवराज भूषण' की रचना वास्तव में संवत् १७७३ वि० में हुई है। जैसा कि इस दोहे के चौथे स्वरूप से व्यक्त है।

अब त्रिनेत्रजी के विवेचन पर भी विचार कीजिए। आप साप्ताहिक आज के ६-६-४० के अंक में लिखते हैं कि "यदि अमरकोश में शुचि शब्द आषाढ़ का द्योतक है जैसा कि अभी

प्रमाणित किया जा चुका है, तो मेदिनी कोश में शुचि शब्द ज्येष्ठ के अर्थ में भी माना गया है। और प्रमाण में निम्नलिखित श्लोक उद्धृत किया गया है।

शुचिर्ग्रीष्माग्नि शृंगारेष्वाषाढ़े शुद्ध मन्त्रिणि।
ज्येष्ठे च पुंसि धवले शुद्धे अनुपहते त्रिषु ।२६।११

फिर मिश्र जी फरमाते हैं।

अतः शुचि का अर्थ यहाँ ज्येष्ठ करना उस दशा में उचित प्रतीत होता है जब कि सं० १७३० वि० की जेठ बदी १३ को रविवार पड़ता है। इस प्रकार त्रिनेत्रजी कोश के अनुसार दोहे का अर्थ न कर अपने मतलब के अनुसार कोश को चलाने का प्रयत्न करते हैं। जब काव्य में निश्चयात्मकता नहीं होती, तभी निहितार्थत्व दोष की उद्भावना होती है।

( देखिए काव्यप्रकाश )

यहाँ पर भी शुचि शब्द आषाढ़ के प्रसिद्ध अर्थ में न लिया जाकर अप्रसिद्ध भाव में ही लिया गया है। यही नहीं वरन् अशुद्ध अर्थ में ही प्रयुक्त हुआ है। क्योंकि शुचि शब्द ज्येष्ठ मास के लिए किसी कोषकार ने नहीं लिया है। जिस मेदिनी कोश का सहारा आपने लिया है, वहाँ भी ज्येष्ठ शब्द ज्येष्ठ महीने का द्योतक नहीं है, क्योंकि जेठ महीने का नाम ज्येष्ठा नक्षत्र के आधार पर पड़ा है। उसमें 'ऐङ्' प्रत्यय लगाकर ज्येष्ठ महीने का नाम बना है। पूर्णिमा के दिन ज्येष्ठा नक्षत्र होने से ही ग्रीष्म ऋतु में उक्त मास का नाम ज्येष्ठ हुआ है। परन्तु मेदिनी कोश में ज्येष्ठ बड़े के अर्थ में प्रयुक्त हुआ प्रतीत होता है। अतः निश्चित है कि मेदिनी कोश का ज्येष्ठ शब्द ज्येष्ठ मास नहीं बन सकता और न मास के लिए प्रयुक्त ही माना जा सकता है। संस्कृत में

ज्येष्ठ मास का रूप ज्येष्ठ्य होता है। परन्तु कोश में ज्येष्ठ्य न होकर ज्येष्ठ हुआ है। जो कि मास के अर्थ में अशुद्ध है।

जब कोश का सहारा आपको निर्बल दिखलाई पड़ने लगा तो आपने 'कुमारसंभव' का सहारा लिया। और:—

"शुची चतुर्णांज्वलतांस हविर्भुजाम्"

'कुमार संभव'।

इसमें प्रयुक्त शुचि शब्द ज्येष्ठ मास के अर्थ में बतलाया है। परन्तु यह शब्द यहाँ स्पष्ट ग्रीष्म ऋतु के लिए आया है। ज्येष्ठ मास के लिए नहीं। अतः निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि ज्येष्ठ मास के लिए शुचि शब्द न तो किसी कोशकार ने ही लिया और न साहित्य में ही इसका प्रयोग हुआ है। अतः उक्त निर्माण-काल का दोहा भी उसी रूप में शुद्ध और उचित अर्थ का द्योतक है। 'शिवाबावनी' और 'शिवराज भूषण' के ऐतिहासिक विवरणों से भी यही प्रमाणित होता है।

भूषण के बनपुर से तिकमापुर में आ बसने का समय भी सं० १७५८ वि० और सं० १७७३ वि० के बीच में किसी समय था, जिसका उल्लेख मतिराम के पन्ती विहारीलाल ने अपनी 'विक्रम सतसई' की 'रस-चन्द्रिका' नामक टीका में किया है।

'शिवाबावनी' में भी जो ऐतिहासिक विवरण मिलते हैं, वे संवत् १७७३ वि० तक के हैं और 'शिवराज भूषण' में शिवाजी की मृत्यु तक ( सं० १७३७ ) तक ही नहीं वरन् उनकी मृत्यु के बहुत पीछे तक के भी वचन मिलते हैं।

संवत १७३० वि० में तो भूषण तिकमापुर में रहते ही न थे। अतः यह निर्माण-काल कदापि शुद्ध नहीं कहा जा सकता। साथ ही 'शिवराज भूषण' में कुछ ऐसे संकेत भी पाये जाते हैं, जिनसे

भूषण के वर्णन शाहू के समय से अधिक सम्बन्धित प्रतीत होते हैं। यह बात आगे चलकर भली भाँति प्रमाणित की गई है। यथार्थ में यह दोहा 'शिवराज भूषण' के निर्माण-काल सं० १७७३ वि० तथा महाकवि मनिराम ( भूषण ) के जन्मकाल दोनों का ही दिग्दर्शन कराता है। जैसा कि यहाँ प्रतिपादन और जन्मकाल पर विवेचन करते हुए दिखलाया गया है।

अन्त में विद्वत समाज को सावधान करते हुए महाकवि भूषण कहते हैं कि इस निर्माण काल के दोहे को समझ कर एवम् गंभीरता पूर्वक मनन करके ही पढ़ना चाहिए। सर्व साधारण की योग्यता से यह बाहर की वस्तु है। विशेष ज्ञानवान ही इसके मुख्य भावार्थ को समझने में समर्थ हो सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि भूषण ने जानबूझकर इस दोहे की रचना गूढार्थ भाव से युक्त की है और भली प्रकार विचार करने पर ही अच्छे विद्वान इसको समझने में समर्थ हो सकते हैं। इसमें शिव भूषण का अर्थ भी शिवराज भूषण और देवाधिदेव महादेव दोनों ही लिया गया है। इस प्रकार इस दोहे में श्लेष की पूर्ण व्याप्ति है।

पाठकों का ध्यान इस ओर भी जाने की बड़ी आवश्यकता है कि ऐसा निर्माणकाल लाने के लिए भूषण को कुछ प्रतीक्षा अवश्य करनी पड़ी होगी। फिर भी दोनों संवतों का मिलान कैसी सुन्दरता और योग्यता के साथ किया गया है कि इस महाकवि की प्रशंसा स्वयं ही मुख से निकल पड़ती है। ऐसे कितने ही रहस्य भूषण की रचना में भरे पड़े हैं। मेरे विचार से भूषण की रचना का दशांश भी अभी जनता के सम्मुख नहीं आया है। फिर भी जो प्राप्त है, उससे भूषण की महत्ता पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। यथार्थ में भूषण की गूढ़ शैली का अभी भली प्रकार अध्ययन हुआ ही नहीं। इसमें न मालूम कितनी गुत्थियाँ उलझी पड़ी हैं, जिनके

द्वारा राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक एवं आध्यात्मिक कितने ही रहस्यों के उद्घाटन की संभावना है। साथ ही देश को जैसा पथ-प्रदर्शन भूषण से मिल सकता है, वैसा न तो सूर अथवा तुलसी से प्राप्त हो सकता है और न किसी अन्य हिन्दी कवि से ही संभावना है। आशा है विश्व विद्यालयों के योग्य विद्वान् साहित्यिक मंडल तथा विद्वत्समाज इस ओर शीघ्र तथा युक्तियुक्त ध्यान देकर समाज और देश को सर्वोत्तम मार्ग-प्रदर्शन करने में सफलीभूत होंगे।

## शिवाबावनी

'शिवराज भूषण' के निर्माण काल के सम्बन्ध में ऊपर लिखा जा चुका है। अब यहाँ पर 'शिवाबावनी' के निर्माण-काल के सम्बन्ध में विचार करना उचित प्रतीत होता है। 'शिवाबावनी' वास्तव में एक ऐतिहासिक ग्रन्थ होने के साथ-साथ वीर रसपूर्ण कविताओं का उत्कृष्ट संग्रह भी है। साथ ही इसके भीतर एक विशेष घटना की तथ्य-पूर्ण भावना भी निहित है, जिसने देश की शासन-प्रणाली में एक महान् परिवर्तन कर सारे भारत में राष्ट्रियता की लहर बहा दी थी।

बहुत काल से यह बात प्रसिद्ध है कि भूषण ने संयोग ही से, शिकार खेलते समय भेंट हो जाने पर, अपने फुटकर छन्दों में से 'शिवाबावनी' के ५२ छन्द शिवाजी ( वास्तव में शाहू ) को सुनाये थे। जब शाहू जी ने और सुनने की अभिलाषा प्रकट की, तब भूषण ने कहा, "अब महाराजा ( शाहू ) जी के लिए भी कुछ रख छोड़ूं या आपको ही सब सुना दूं।" यह सुनकर शाहू जी वहाँ से चले गये और भूषण को शाहू जी के दरबार में जाने के लिए कहते गये।

दूसरे दिन जब भूषण दरबार में पहुँचे और उन्होंने अपने

पूर्व परिचित व्यक्ति को सिंहासन पर बैठा देखा तो वे दङ्ग रह गये। शाहू जी ने उन्हें पास बुलाया और कहा, मैंने कल ही निश्चय कर लिया था कि आप मुझे जितने छन्द सुनावेंगे, उसी संख्या के अनुसार आप को पुरस्कार दूँगा।" अतः उन्हें ५२ गाँव (जागीर में), ५२ हाथी, ५२ लक्ष रुपये तथा ५२ शिरोपाव आदि पारितोषिक-स्वरूप दिये गये।

कुछ लोगों का कथन है कि भूषण ने ५२ छन्द नहीं सुनाये पथे, केवल एक ही छन्द "इन्द्र जिमि जम्भ पर बाड़व सु अम्भ पर" इत्यादि ५२ बार सुनाया था। यहाँ पर यही कहना पर्याप्त है कि शाहू ने और छन्द सुनने की अभिलाषा प्रकट की थी और भूषण ने शेष शाहू के लिये बचा रखने का भाव व्यक्त किया था। अतः इस प्रश्नोत्तर से निश्चित है कि एक ही छन्द बार-बार नहीं सुनाया गया, वरन् भिन्न-भिन्न छन्द सुनाये गये थे।

अन्य कुछ सज्जनों का कहना है कि भूषण ने एक ही छन्द १८ बार सुनाया था, ५२ बार नहीं। इस विषय में लोकनाथ कवि के "भूषण निवाज्यो जैसे शिवा (साहू) महाराज जू ने बारन दै बावन धरा में जस छाव है" ✽ में भूषण का ५२ हाथी पाने अर्थात् ५२ कवित्त सुनाने का स्पष्ट वर्णन आया है। वे भूषण के समकालीन कवि थे, इससे उनके कथन की सच्चाई में भी सन्देह नहीं किया जा सकता।

लोकनाथ के छन्द में एक संशोधन अवश्य प्रतीत होता है और वह यह कि शाहू के स्थान पर शिवा कर दिया गया है। इस छन्द का वास्तव में क्या रूप है, यह तो प्राचीन प्रतियों के प्राप्त होने पर ही प्रकट हो सकेगा। यह अवश्य प्रतीत होता है

---

✽ देवीप्रसाद मुंशी कृत 'राजरत्नमाला' पृ० ४९

कि शिवा शब्द पढ़ने से छन्द की लय कान को खटकती है, इसलिए शिवा के स्थान पर शाहू शब्द होना अधिक सम्भव तथा युक्तियुक्त है। शिवा 'के स्थान पर" शाहू "शब्द लेने से छन्द के पढ़ने में सुगमता और प्रवाह में मनोहरता आती है। अतः अनुमान यह है कि किसी ने इस कवित्त के निर्माण के पीछे भ्रमवश "शाहू" के स्थान पर "शिवा" कर दिया है। क्योंकि भूषण की मृत्यु के पश्चात शिवाजी की प्रशंसा के छन्द पढ़कर लोग भूषण को शिवाजी का दरबारी कवि समझने लगे थे। और अब तक साहित्यिकों में यही धारणा न्यूनाधिक बनी हुई है। वास्तव में भूषण शिवाजी के दरबार में कदापि न थे। अतः उक्त कथन में साहू शब्द ही मानना पड़ेगा। यदि शिवा शब्द लिया जायगा तो हमें उसे 'भगवान शिवाजी' के ही रूप में लेना पड़ेगा। गोस्वामी तुलसीदास जी को जिस प्रकार भगवान् राम ने "निवाज्यौ;" उसी प्रकार शिवाजी ने भूषण पर कृपा की थी, अर्थात् उन्हीं के नाम का आश्रय लेकर उत्कर्ष पाया था। भूषण का शाहू के दरबार में खूब सम्मान हुआ और वे बड़े ठाट बाट से वहीं रहने लगे।

'शिवाबावनी' के ५२ छन्दों में से ४ छन्द शाहू जी, बाजीराव पेशवा, सुरकी और अवधूतसिंह की प्रशंसा में कहे गये हैं। ये सब भूषण के समकालीन थे। शेष छन्द शिवाजी की प्रशंसा के हैं, परन्तु उनकी अनेक घटनाएँ शाहू से सम्बन्धित हैं। इसी कारण अनेक विद्वान घबड़ा कर कहने लगते हैं कि 'शिवाबावनी' की घटना ठीक नहीं है और ये छन्द कालान्तर में संग्रह कर दिये गये हैं। अब तो लेखकों ने 'शिवाबावनी' के अनेक छन्द निकालकर नये छन्द मिलाना भी प्रारम्भ कर दिया है। इस प्रकार 'शिवाबावनी' का ऐतिहासिक महत्व प्रायः नष्ट किया जा रहा है।

भूषण को शिवाजी के आश्रय में माननेवाले विद्वान उनका

शिवाजी के दरबार में जाना संवत् १७२८ वि० में मानते हैं। कोई कोई सज्जन तो यह समय सं० १७०[illegible] तक पीछे की ओर हटा ले जाते हैं। परन्तु वे 'शिवाबावनी' में शिवाजी के सम्बन्ध की संवत १७३६ तक की घटनाएँ और शाहू आदि के सम्बन्ध की संवत् १७७३ वि० तक की घटनाओं का वर्णन देखकर चकित हो जाते हैं और किंकर्तव्य विमूढ़ होकर कहने लगते हैं कि भूषण ने एक ही छन्द शिवाजी को अनेकबार सुनाया था। इस प्रकार भूषण की कविता के साथ भी अन्याय किया जा रहा है। इसका मुख्य कारण वस्तु-स्थिति की अनभिज्ञता ही है। नवीन अनुसन्धान द्वारा भूषण की रचनाओं पर जो प्रकाश पड़ा है, उससे स्पष्ट हो जाता है कि भूषण ने ये ५२ छंद शिवाजी के सामने नहीं, वरन् शाहू जी के सम्मुख कहे थे। भूषण का जन्म ही शिवाजी की मृत्यु के एक वर्ष पीछे हुआ था। ऐसी दशा में शिवाजी के दरबार में उनका जाना कैसा ?

अब 'शिवा बावनी' के ऐतिहासिक विवेचन पर दृष्टिपात कीजिये।

शिवाजी ने सितारा शहर को राजधानी कभी नहीं बनाया। शाहूजी सं० १७६५ वि० में गद्दी पर बैठे थे। तभी उन्होंने सितारा में अपनी राजधानी स्थापित की थी। भूषण ने 'शिवाबावनी' के अनेक छन्दों में इसका राजधानी के रूप में बड़ा ही विशद वर्णन किया है। उदाहरणार्थ—

"दिल्ली दुलहिन भई सहर सितारे की,"

शि० बा० ३६।

"तारे लागे फिरन सितारे गढ़-धर के"

शि० बा० ७।

बाजत नगारे जे सितारे गढ़-धारी के,

शि० बा० २८।

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि यद्यपि भूषण ने इन छन्दों में शिवाजी का ही वर्णन किया है, तथापि ऐतिहासिक आधार शाहू के साथ ही घटित होता है। शिवाजी की राजधानी रायगढ़ थी। उसका वर्णन 'शिवराज भूषण' के अनेक शब्दों में किया गया है। फुटकर छन्दों में रायगढ़ का कहीं वर्णन नहीं मिलता; उनमें सितारा का ही विशेष उल्लेख पाया जाता है। इसी प्रकार 'शिवराज भूषण' में सितारा का वर्णन नहीं है। फुटकर छन्दों और 'शिवराज भूषण' में जो तारतम्य का अन्तर पाया जाता है, उससे स्पष्ट है कि 'शिवराज भूषण' में शिवाजी की प्रशंसा और उनकी राजधानी रायगढ़ का ही वर्णन मिलता है। परन्तु 'शिवा बावनी' व अन्य फुटकर छन्दों में राजधानी के रूप में सितारा का ही वर्णन किया गया है, रायगढ़ का नहीं। इन दोनों भावनाओं पर विचार करने से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि शिवाजी की प्रशंसा आदर्श रूप में और शाहूजी व बाजीराव पेशवा आदि की प्रशंसा आश्रयदाता के रूप में की गई है।

सितारा शहर शिवाजी ने २५ अक्टूबर १६७४ ई० को लिया था। उससे पहले वे सितारे में पदार्पण भी न कर सके थे। ❀यह समय भूषण के सितारा के कल्पित समय से बहुत पीछे का है। वास्तव में भूषण सं० १७७३ वि० में शाहू के दरबार में सितारा पहुंचे थे।

अब 'शिवाबावनी' के छन्द नं० १५ और ४६ पर दृष्टिपात कीजिये। उनमें वे लिखते हैं—

---

❀ 'ग्रेट शिवाजी' ( Great Shivaji ) पृ० ३७४।

"मालवा उज्जैन भनि भूषण भेलास ऐन,
सहर सिरोज लौं परावने परत हैं।"

और

"भूषण सिरोंज लौं परावने परत फेरि,
दिल्ली पर परत परन्दन की-छार है।"

इनमें वर्णित मरहठा-सेनाएँ शाहू के समय से पूर्व [ सं० १७६६ वि० ] मालवा, उज्जैन, भेलसा और दिल्ली में कभी नहीं पहुँचीं। इसी समय सिरोंज में पहली छावनी बालाजी विश्वनाथ पेशवा ने अपने पुत्र बाजीराव के नायकत्व में डाली थी * इसी प्रकार—

"रङ्कीभूत दुवन करंकी भूत दिगदंती,
पङ्कीभूत समुद सुलंकी के पयान ते।"

शि० बा० ५०।

"जा दिन चढ़त दल साजि अवधूत सिंह,
तादिन दिगंत लौं दुवन दाटियतु है।"

शि० बा० ५१।

"रूम रूँदि डारै खुरासान खूँदि मारै खाक,
खादर लौं झारै ऐसी साहू की बहार है।"

शि० बा० ४६।

"बाजीराव-बाज की चपेट चंगु चहूँ ओर,
तीतुर तुरुक दिल्ली भीतर बचै नहीं।",

शि० बा० ४८।

---

* डफकृत 'मराठा का इतिहास' भाग २।

इन छन्दों में सोलंकी हृदयराम व रीवाँ-नरेश अवधूतसिंह, शाहूजी और बाजीराव का स्पष्ट उल्लेख है।

अवधूतसिंह ने संवत् १७६८ वि० में रीवाँ राज्य और गहोरा प्रान्त बुँदेलों से वापस लिया था। उसके विजय-दरबार में भूषण भी उपस्थित थे। ये वहाँ से लौटकर राजपूताना गये थे। फिर राजपूताना की यात्रा समाप्त करके दक्षिण की ओर प्रस्थान किया था।

जिस समय भूषण शाहू से मिले थे, उस समय वे शिकार से लौट कर उसी मन्दिर पर आये, जहाँ भूषण ठहरे थे। उस समय का वर्णन भी भूषण ने इस प्रकार किया है—

"भूषण जू खेलत सितारे में सिकार साहू,
संभा को सुअन जातें दुअन सँचे नहीं।"

शि० बा० ४८।

अब इस विषय पर विचार करना समीचीन प्रतीत होता है कि 'शिवाबावनी' के कुछ छन्द अन्य कवियों के नाम पर धरे हुए हैं। ये वास्तव में किस कवि के हैं? 'शिवाबावनी' में आने के कारण उन पर भूषण का स्वत्व है, परन्तु 'शिवसिंह सरोज' और 'शृंगार संग्रह' में वे अन्य कवियों के नाम पर भी पाये जाते हैं। अतः इन पर विचार करना आवश्यक है। महाकवि भूषण की 'शिवा बावनी' में एक छन्द इस प्रकार दिया हुआ है।—

"केतिक देश दले छल के बल,
दच्छिन चंगुल चापि कै राख्यो।
रूप गुमान हर्यो गुजरात को,
सूरति को रसचूँसि कै नाख्यो।

× 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' भाग ४ अंक ४।

पंजन पेलि मलेच्छ मले सब,
सोई बच्यौ जेहि दीन ह्वै भाख्यौ।
सौ रँग है सिवराज बली,
जेहि नौरँग मैं रँग एक न राख्यौ।

[यही छंद दत्त कवि के नाम पर इस प्रकार दिया हुआ है :—

केतिक देश जिते छल के बल,
चापि धराधर चूरि कै नाख्यौ।
रूप गुमान हर्यौ गुजरात कौ,
सूरति कौ रस चूसि कै नाख्यौ।
जट्ट की हद्द लिखी कविदत्त ने,
झूठ नहीं यह साँच कै भाख्यौ।
सौ रँग है शिवराजबली, जेहि
नौरंग में रँग एक न राख्यौ।

इन दोनों छन्दों पर ध्यानपूर्वक विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि प्रथम छन्द में मौलिकता है। दक्षिण का शिवाजी से विशेष सम्बन्ध रहा है और वहाँ उन्होंने अपना आधिपत्य भली प्रकार स्थापित किया था। दत्तजी ने 'दक्षिण' शब्द को हटा कर 'धरा' शब्द रख दिया है। इससे ऐतिहासिकता में त्रुटि आ गई है और शिवाजी का साक्षात् सम्बन्ध दूर हो गया है। दत्त कवि ने "जट्टकी हद्द" बनाकर अपने आश्रयदाता की प्रशंसा इस बहाने से करने का प्रयत्न किया है, परन्तु शिवाजी ने ही औरंगजेब के छक्के-छुड़ाये थे। उसे भी वे न छिपा सके। गुजरात और

सूरत-विजय से जाटों का कोई सम्बन्ध नहीं रहा, पर दत्त जी ने इन्हें जाटों की सीमा के भीतर बतलाकर अपने स्वामी की झूठी प्रशंसा कर डाली है और इसीलिए उन्हें "झूठ नहीं यह साँच कै भाख्यौ" के वाक् छल द्वारा सौंगंध तक खानी पड़ी है। इतना होते हुए भी शिवाजी की महत्ता को दूर करना उनकी शक्ति के बाहर की बात थी। इसलिए अंतिम पंक्ति ज्यों की त्यों रख दी। क्योंकि अंतिम पंक्ति ही इस सवैये की जान है। उसे हटाने पर कविता की जान ही चली जाती, अतः उसे नहीं हटा सके। दत्तजी में भूषण का सा आदर्शवाद न था। हाँ भूषण का यह छन्द उन्हें पसंद आया अवश्य प्रतीत होता है। इसीलिए उसी आधार पर कुछ थोड़े से परिवर्तन करके उन्होंने अनेक छन्दों की रचना कर डाली है। इससे स्पष्ट है कि भूषण का छन्द ही असली रूप में है। दक्षिण में पाये जाने के कारण भी यह छन्द भूषण का ही मानना पड़ेगा। दत्तजी कभी दक्षिण में रहे ही नहीं··· इसलिए स्पष्ट है कि यह छन्द भूषण का ही है। दत्त ने भूषण का केवल भद्दा अनुकरण मात्र किया है।

जाटों का औरंगजेब से न तो कभी सीधा संघर्ष हुआ और न युद्ध ही। भरतपुर के जाट औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् ही राज्य के अधिकारी तथा उन्नतिशील हुए थे। उक्त सवैये को 'शिवसिंह सरोज' में भी भूषण का बताया गया है। तथापि त्रिनेत्र जी को यह स्वीकार नहीं। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने "जट्ट की हद" का अर्थ "जाटों के आश्रय में रहना किया है। जो कि नितान्त अशुद्ध है और खींच-तान कर भी यह भाव नहीं लिया जा सकता। इसी प्रकार "झूठ नहीं यह साँच कै भाख्यौ" का कथन उसकी वास्तविकता को और भी स्पष्ट कर देता है। मुझे

तो इस पदांश में स्पष्ट वाक्छल दृष्टिगोचर होता है। बार-बार सत्य की दोहाई देना इसी बात का द्योतक है।

त्रिनेत्रजी ने यह भी बतलाया कि गुजरात के बेनीदास ने ब्रजभाषा के नवरत्न मय कविता—संग्रह 'साहित्य-सिन्धु' में यह छन्द दत्त के नाम से लिया है। परन्तु बेनीदास जी का छंद-संग्रह ब्रज की यात्रा में सुनकर या नकल करके लिखा प्रतीत होता है। क्योंकि दत्त कवि दक्षिण कभी नहीं गये। वे तो कूँड़े के आस-पास घूमनेवाले भटई कवियों में से थे, राष्ट्रीय सँदेश देनेवाले नहीं। यह सौभाग्य तो महाकवि भूषण को ही प्राप्त है। उत्तरी भारत में भूषण की वीर रसमयी रचनाएँ उनकी मृत्यु के पश्चात् अन्य कवियों ने अपनानी आरंभ कर दी थीं इसीलिए उनके अनेक ग्रंथों का भी लोप कर दिया गया है। इस प्रकार रक्षक ही भक्षक बन बैठे थे। विरोधी शासकों ने भी भूषण की विचारधारा को अपने लिए घातक समझकर उसके नष्ट-भ्रष्ट होने में पर्याप्त सहयोग दिया था। 'शिवा बावनी' का एक उदाहरण और लीजिये।

"बाने फहराने थहराने घंटा गजन के,
नाहीं ठहराने राव-राने देश-देश के।
नग भहराने ग्राम-नगर पराने सुनि।
बाजत निशाने शिवराज जू नरेश के।
हाथिन के हौदा उकसाने कुंभ कुंजर के।
भौन कौं भजाने अलि छूटै लट केस के।
दल के दरारेन तैं कमठ करारे फूटे।
केरा के से पात विहराने फन शैष के।।"

यह कवित्त 'शिवा बावनी' का है, परन्तु सरदार कवि-कृत, 'शृंगार संग्रह' में गंग के नाम पर दिया हुआ है। सरदार कवि भूषण से बहुत पीछे हुए हैं और गंग कवि भूषण से लगभग १०० वर्ष पूर्व हुए थे। यदि यह छंद किसी ऐसे संग्रह में मिलता, जो भूषण से पहले का होता, तो संदेह की गुंजाइश न थी; किंतु परवर्ती कवियों ने बादशाही कोप से बचने और अपनी रचना की प्रगल्भता दिखाने के लिए भूषण की रचनाओं को उपेक्षणीय कर दिया। जिससे वे लुप्तप्राय हो गईं। आज अत्यधिक अनुसन्धान करके भी हम उनमें से एक छोटा अंश ही प्राप्त कर सके हैं। पूरा मिलने पर उसका क्या स्वरूप होगा, इसका कुछ अनुमान 'भूषणविमर्श' के पढ़ने से किया जा सकता है। यह देश की कितनी अमूल्य निधि थी, इसका कुछ-कुछ आभास हमें उसी से हो जाता है। यह तो निर्विवाद है कि ये कवित्त भूषण के ही हैं। नहीं तो दक्षिण में इनकी पहुँच ही न होती और न वहाँ के चारणों एवं भाटों को ही इनका ज्ञान होता। इससे यह भी प्रकट हो जाता है कि भूषण की रचनाएँ भिन्न-भिन्न कवियों के नामों पर रख दी गई हैं अथवा उन्होंने स्वयं अपना ली हैं। इसी प्रकार भूषण का एक छंद "ऊँचे घोर मन्दर के अन्दर रहन-वारी ···नगन जड़ातीं ते वै नगन जड़ाती हैं।" इन्दु के नाम पर पाया जाता है, जिसे किसी बली राजा की प्रशंसा में कहा गया है। तथा—"दाढ़ी के रखैयन की···· चकत्ता के घराने की।" नेवाज कवि के नाम पर छत्रसाल के लिए कहा गया बतलाया जाता है।

परन्तु वास्तव में ये छन्द भूषण के रचे हुए हैं, जो शिवा जी की प्रशंसा में कहे गये थे। इसी कारण भूषण-कृत छन्द 'शिवा बावनी' में पाये गये हैं, नहीं तो उसमें गिने ही न जा सकते थे। इन

कवियों ने भूषण की रचनाओं को उड़ाकर और कुछ साधारण सा परिवर्तन कर अपने नाम पर ही कर लिया था, परन्तु यथार्थता छिप ही नहीं सकती थी और अंत में भंडाफोड़ हो ही गया।

एक सज्जन का कहना है कि "शिवा बावनी" में औरंगजेब की निन्दा के छन्द नहीं होने चाहिए। उन्होंने यह नहीं सोचा कि भूषण ने अपने छंद एक अपरिचित व्यक्ति शाहू को अनजान में सुनाये थे। इनमें शत्रु की निन्दा तथा दुर्बलताएँ भी सुनाई गई थीं। जिससे वास्तविक ज्ञान द्वारा राष्ट्रियता को आगे बढ़ाया जा सके। इनके साथ ही भूषण ने औरंगजेब को राष्ट्रद्रोही के रूप में लिया है। इसीलिए उक्त चित्रण युक्तियुक्त तथा समीचीन है। इसीलिए उत्तर-दक्षिण में सर्वत्र भूषण की रचनाओं तथा "शिवा बावनी" का सम्मान हुआ था।

यह तो निर्विवाद सिद्ध है कि "शिवा बावनी" का शुद्ध रूप दक्षिण में ही प्रचलित था। वहाँ की घटना होने से ऐसा होना स्वाभाविक ही है। इसी को गोवर्द्धनदास भाटिया ने सं० १६४७ वि० में प्रकाशित किया था। और "शिवा बावनी" को कच्छभुज के प्राण जीवनभाई ने सं० १६५० वि० में "शिवराज बावनी" के नाम से प्रकाशित किया था। इसके बाद जबलपुर, 'वंगवासी' कलकत्ता, लखनऊ, बाराबंकी, पूना आदि अनेक स्थानों से "शिवा बावनी" के संस्करण प्रकाशित होने लगे। त्रिनेत्र जी ने "शिवा बावनी" की वास्तविकता पर आक्षेप करते हुए लिखा है कि "शिवा बावनी" में शिवाजी को भूषण ने सोलंकी लिखा है। "शिवा बावनी" के छन्द नं० ५० में 'रंकी भूत दुवन करंकी भूत दिगदंती पंकी भूत समुद सुरंकी के पयान ते।' में सुरंकी शब्द आया है। वास्तव में इसी को आपने शिवाजी की प्रशंसा में माना है। यह छन्द हृदयराम सुरकी की प्रशंसा में कहा गया है, जो

सोलंकी वंश के राजपूत थे। इसी प्रकार ५१ वाँ छन्द रीवाँ-नरेश अवधूतसिंह सोलंकी के लिए कहा है। अतः निश्चित है कि शिवाजी को भूषण ने सोलंकी नहीं कहा है। यह केवल भ्रम मात्र है।

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि भूषण ने "शिवा बावनी" के छन्द शाहू के सामने कहे थे, शिवाजी के सम्मुख नहीं। ऊपर के वर्णन के अतिरिक्त "शिवा बावनी" के अनेक छन्दों में कर्नाटक मालवा, कुमाऊँ, मौरंग, जिंजी, तंजौर, गोलकुण्डा, अर्काट, बावनी बबंजा, वेदनूर, मालावार, मदुरा इत्यादि अनेक स्थानों का उल्लेख हुआ है। इन स्थानों की विजय या तो शिवाजी के अंतिम समय में हुई है, अथवा शाहू के समय में। अतः इन आधारों पर निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि "शिवा बावनी" के ५२ छन्द भूषण ने शाहू के सामने कहे थे।

फिर यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि इसका नाम "शिवा बावनी" क्यों पड़ गया? यह प्रत्यक्ष है। क्योंकि "शिवा बावनी" में अधिकांश छन्द शिवाजी की प्रशंसा के हैं। और उन्हीं का विशद वर्णन उनमें किया गया है। अतः इसका "शिबा बावनी" नाम पड़ा। इसके अतिरिक्त शिवाजी का राष्ट्रिय आदर्श इन छंदों के द्वारा व्यक्त होने के कारण भी इसे "शिवा बावनी" का नाम दे दिया गया। इस दृष्टि से "शिवा बावनी" के मूल रूप को नष्ट करना राष्ट्रिय भावना को धक्का पहुँचाना है।

## हृदयराम का समय-निरूपण

महाकवि भूषण ने अपने "शिवराज भूषण" नामक ग्रंथ में अपने आश्रयदाता तथा उपाधिदाता हृदयराम का वर्णन किया है। यह वर्णन महत्वपूर्ण है। क्योंकि यदि हम हृदयराम का

समय निश्चित कर लें तो, भूषण का समय निर्धारित करने में अधिक सुगमता होगी। वह वर्णन इस प्रकार है—

"कुल सुलंक चित्रकूट पति, साहस सील समुद्र।
कवि भूषन पदवी दई, हृदयराम सुत रुद्र॥"

शि० भू० २८।

'रीवाँ राज्य दर्पण' के पृष्ठ ४६८ पर पवैयों की सूची दी हुई है। उसकी तालिका नं० ४ में लिखा है—

"नं० ४ परगना गहोरा (बाँदा) के अधिकारी सुरकी राजा हृदयराम ग्राम संख्या १०४ ३½ बीस लाख का इलाका जो अंग्रेजी राज्य में शामिल हो गया है......।'

उपर्युक्त दोनों वर्णनों को पढ़कर कुछ सज्जनों ने यह प्रश्न उठाया है कि क्या सुरकी और सोलंकी एक ही हैं, अथवा भिन्न-भिन्न वंशों के।

बैस-वंशावली में क्षत्रियों की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए लिखा है—

कनउज ब्यास कीन्ह जब यज्ञा,
प्रकटे चारि नृपति अति अज्ञा।
चारि भुजा चौहान पँवारा।
सुरकी बीर बली परिहारा।*

यही विषय 'रीवाँ राज्य दर्पण' के पृष्ठ ३६ पर इस प्रकार वर्णित है—

* शंभुकृत 'बैस वंशावली'

अग्निवंशी क्षत्रियों की चार शाखाओं में चौहान, पवाँर, परिहार और सोलंकी हैं।"

अतः निश्चित है कि सुरकी और सोलंकी एक ही हैं। रीवाँ राज्य के राजकवि पं० अम्बिकाप्रसाद जी भट्ट 'अम्बिकेश' ने एक पत्र का उत्तर देते हुए लिखा था—

"ये सुरकी और सोलंकी एक ही हैं। गुजरात में निवास करने के कारण ये अपने को सुरकी कहने लगे हैं। रीवाँ राज्य के ये करीबी भाई-बन्धु माने जाते हैं।"

इसलिए हम निश्चयपूर्वक कह सकते हैं कि 'रीवाँ-राज्य दर्पण' में वर्णित हृदयराम सुरकी ही 'मनिराम' कवि को भूषण की उपाधि देनेवाले सज्जन थे। ये ही चित्रकूटाधिपति कहलाते थे। इस सम्बन्ध में रीवाँ राज्य के दरबारी कवि, जागीरदार और नरहरि महापात्र के वंशज 'लालजी' कवि ने बतलाया था, कि सोलंकी चित्रकूट-पति कहे जाते हैं। क्योंकि उनके पूर्वज पहले पहल चित्रकूट में ही आये थे।

'रीवाँ राज्य दर्पण' के पृष्ठ ४५ पर लिखा है कि वहाँ की नीची और ऊँची भूमि तरटही (तरौंहा) और उपरहटी के नाम से प्रसिद्ध है। गहोरा प्रांत घोड़पाडा के नाम से भी विख्यात था। इसी में तरौंहा का किला था। यह प्रान्त चित्रकूट के नाम से भी पुकारा जाता था।

अब्दुलरहीम खानखाना (रहीमकवि) ने भी एक दोहे में रीवाँ-नरेश को सम्बोधन कर ऐसा ही संकेत किया है। वह दोहा यह है—

"चित्रकूट में रमि रहे, रहिमन अवध-नरेश।
जापै बिपता परति है, सो आवत यहि देश॥"

जब रहीम आपत्तिग्रस्त दशा में चित्रकूट में निवास कर रहे थे, उस समय कुछ कवियों ने उन्हें आ घेरा था, उनके पास

देने को कुछ न था। उस समय रहीम ने उक्त दोहा रींवाँ-नरेश के पास भेजा था। उसे पढ़कर बाँधव-नरेश ने एक लाख रूपया उनके पास भेज दिया था, जिसे उन्होंने कवियों में बाँट दिया था। इससे भी यही ध्वनि निकलती है कि सोलंकी चित्रकूटपति कहे जाते थे।

फिर सोलंकियों की दूसरी शाखा (मुरकियों) को वह प्रदेश रीवाँ राज्य की ओर से जागीर में मिला था, जिसका उल्लेख पहले ही किया जा चुका है।

हृदयराम संबंधी अन्वेषण के लिए मैंने रीवाँ राज्य की यात्रा की थी। *वहाँ मुझे रेकार्ड आफिस (Record office) से पवैयों की एक सूची जो संवत १८१८ विक्रमी की लिखी हुई थी, प्राप्त हुई थी। उसमें उक्त हृदयराम के नाम गहोरा प्रान्त की जागीर (मुनाफा आदि समेत) दी हुई है। यह सूची महाराजा अवधूतसिंह के पुत्र महाराजा अजीतसिंह ने तैयार कराई थी। इन महाराजा साहब का समय सं० १८१२ वि० से १८६६ वि० तक था। मुझे यहाँ के कागजातों से और अधिक मसाला न मिल सका। क्योंकि राज्य के पुराने कागजात सं० १७६८ वि० में बुन्देलों ने नष्ट कर डाले थे। सं० १७६८ वि० में रीवाँ राज्य की जब पुनः स्थापना हुई, तभी उक्त जागीर हृदयराम को दी गई थी और उसी समय से फिर कागजात एकत्रित किये जाने लगे थे।

मैंने इसके बाद पटेहरा की यात्रा की ❀यहाँ पर हृदयराम

---

*राज्य के तत्कालीन मंत्री पं० जानकीप्रसाद चतुर्वेदी ने मेरे लिए राज्य की ओर से प्रत्येक प्रकार की सुगमता कर दी थी।

❀इस यात्रा का प्रबन्ध भी राज्य की ओर से था। यह स्थान पहाड़ी प्रदेश में लगभग १०० मील का मार्ग था। मार्ग में टोंस और पनासिन नदियों के जलप्रपात तथा आल्हाघाटी आदि मनोहर पहाड़ी दृश्य मिलते हैं।

के वंशज रहते हैं। सुरकी वंश के वर्तमान नरेश राजा रामेश्वर-प्रताप सिंह और उनके छोटे भाई महाराजकुमार अवधेशप्रताप सिंह से मिला था। ये दोनों भाई वसन्तराय सुरकी से आठवीं पीढ़ी में हैं और राजा रुद्रदेव से दसवीं पीढ़ी में। इनके पास सुरकी वंश की वंशावली, महज़रनामा तथा अनेक राज्य संबंधी पत्र हैं। जिनको देख कर भूषण के आश्रयदाता हृदयराम और वसंतराय के समय पर अच्छा प्रकाश पड़ता है।

इस स्थान पर सुरकियों की वंशावली पर विचार करना असंगत न होगा। इस वंशावली से उद्‌धृत अंश, महाराजकुमार लाल अवधेशप्रताप सिंह के हस्ताक्षर सहित मेरे पास प्रस्तुत हैं। इन्हें मैं ज्यों का त्यों उद्‌धृत किये देता हूँ—

"सिंहराव महाराज के, प्रगटे युगल कुमार।
व्याघ्रदेव महाराज भे, श्री सुखदेव उदार ॥८॥
श्री सुखदेव नरेश कौ, बरणौं उत्तम वंश।
श्री सुखदेव नरेश के, रूपदेव जस हंस ॥९॥"

* * * *

भीमसेनी देव के कुमार विजैछत्र देव,
धेनु द्विज वृन्दनि पै कीन्हौं भुजा छाँह है।
विजैछत्र देव के हैं टोडर सुमल्ल देव,
विप्रन को दीन्हौं दान सहित उछाह है।
टोडर सुमल्ल के हैं महाराज रुद्रराव,
पाल्यौ जो प्रजान कौं सुजान के निगाह है।

रुद्रराव देव के हैं सागर सुराव देव,
जिनकी सुबाहु की पनाह गहे साह है ॥२६॥
"सागर सुराव देव भूप के बसन्तराय,
छाय दीन्हौं यश को वितान जाने जंग मैं ।
लै कैं समसेर जौन सेर सौ निसंक वीर,
कीन्हों जेर वैरिन कों वीरता उमङ्ग मैं ।
चढ़ि कै तुरङ्ग शैल सोहत मतङ्ग यूथ,
संग चतुरङ्ग लै उछाह गहे अङ्ग मैं ।
अंकी अवनी कौ करि रंकिय गनीमन कौं,
भूपति सुलंकी भौ निसंकी रण रंग मैं ॥२७॥

* * * *

श्री बसन्तराय के कुमार भे पहारसिंह,
भक्त हनुमन्त के दयालु भे अपार हैं ।
श्री पहारसिंह के भये हैं रामसिंह ताके,
फतहबहादुर भे जंग जेतवार हैं ।
फतहबहादुर के भये हरिदत्त सिंह,
जिनको सुजस स्वच्छ मानौं गंग धार हैं ।
हरिदत्तसिंह के भये हैं छत्रसाल सिंह,
दानी भे बिसाल कल्पतरु से उदार हैं ॥२८॥

इस वंशावली में वर्णित रुद्रराव ही भूषण कवि द्वारा कथित "हृदयराम सुत रुद्र" हैं, जिनका वर्णन 'शिवराज भूषण' में आया है। परन्तु इस वंशावली में हृदयराम का नामोल्लेख नहीं है। इसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि रुद्रराव के पश्चात् राज-सूत्र सागरराव के स्थान पर हृदयराम के हाथ में था, वे पटेहरा से भिन्न भागलपुर की शाखा में से थे। ये हृदयराम सागरराव के छोटे भाई थे। सागरराव के पुत्र वसन्त-राय ने हृदयराम के पश्चात् पुनः गहोरा प्रान्त अधिकृत कर लिया था। जिसकी प्रशंसा में भूषण ने भी एक छन्द कहा था। इसका एक पदांश यह है—

'बसन्तराय सुरकी की कहूँ न बाग मुरकी।'

गहोरा राज के सुरकियों के वंशज सीतापुर ( चित्रकूट ) में भी रहते हैं। ठाकुर गङ्गासिंह सुरकी ने बतलाया था कि पटेहरा, सीतापुर ( चित्रकूट ) भागलपुर, रेगाँव और पड़री में सुरकी राजाओं के वंशज रहते हैं।

पटेहरा के राजा साहब के पास एक सनद भी है। जिसमें सुरकियों को १४ परगने और पनासिन का किला, जो तरौहाँ से तीन कोस पर था, रीवाँ राज की ओर से दिए जाने का उल्लेख है। इसके अतिरिक्त उनके पास एक महज़रनामा की नकल है, जिसे बसन्तराय सुरकी के पौत्र रामसिंह ने सं० १८२० वि० में अँगरेजों की सेवा में सहायतार्थ भेजा था। इसमें शुजाउद्दौला द्वारा गहोरा राज्य के छीने जाने का उल्लेख है। गहोरा प्रांत सं० १७८१ वि० में लखनऊ के सूबेदार ने छीन लिया था। बसंत-राय सुरकी की मृत्यु सं० १७८० वि० के लगभग बतलाई जाती है। उस समय बुंदेलखंड पर मोहम्मद ख़ाँ बंगस का आक्रमण हुआ

था। संभवतः यह राज्य भी उसी झपेट में आ गया हो और बाजीराव पेशवा की सहायता के कारण फिर बच गया हो।

जिस समय महाराजा छत्रसाल ने बघेलों पर आक्रमण किया था, उस समय महाराजा अवधूतसिंह के साथ हृदयराम सुरकी को भी राज्य छोड़ना पड़ा था। फिर इन दोनों की संयुक्त शक्ति तथा दिल्ली-नरेश बहादुरशाह की सहायता से उन्होंने अपना राज्य वापस पाया था।❀

हृदयराम सुरकी और अवधूतसिंह दोनों समकालीन थे। दोनों ही भूषण के आश्रयदाता थे, न कि हृदयराम के पुत्र रुद्रराव थे। जैसा जनता मानती चली आ रही है। मेरे इस कथन को अनेक सज्जनों ने स्वीकार कर लिया है तथा लोग शाहू और बाजीराव पेशवा को उनका आश्रयदाता भी मानने लगे हैं। इधर पौष, सं० १९८५ वि० की 'माधुरी' के "भूषण के आश्रयदाता हृदयराम" शीर्षक जो लेख निकला था, उस पर विचार करना आवश्यक प्रतीत होता है। पत्रिका के सम्पादक लिखते हैं

"कहते हैं कि जिस समय महाराज व्याघ्रदेव ने बघेलखंड पर अधिकार किया, तो उसे दो भागों में विभक्त कर दिया। जो भू भाग ऊँचे पर था, वह तो बघेलों के अधिकार में रहा; जो नी था वह सुरकियों को दे दिया गया। सुरकी बघेलों की ही शाखा है और वे उन्हीं के साथ आकर बघेलखंड में बसे थे।

इस कथन में कई बातें भ्रान्तिपूर्ण कही गई हैं। महा व्याघ्रदेव के साथ सुरकी आये इसका कोई प्रमाण नहीं मि वरन इसके विरुद्ध कई प्रमाण मिलते हैं। ज्ञात नहीं, क

---

❀ 'नागरी प्रचारणी प 13, खंड 1-2।

❀ 'रीवाँ राज्य दर्पण' पृ०

उक्त आधार लेकर यह कल्पना कर ली गई है । व्याघ्रदेव ने दक्षिण से चित्रकूट आने पर उसके समीपस्थ मड़का दुर्ग पर अधिकार कर लिया था परन्तु उस समय के 'चित्रकूट के इतिहास' में किसी सुरकी का उल्लेख नहीं मिलता। गहोरा प्रांत पर व्याघ्रदेव का अधिकार होने से विदित होता है कि सुरकी और बघेलों में आधा-आधा राज्य बँटने की कल्पना नितांत निर्मूल है। सुरकियों को बघेलों की शाखा मानना तो और भी अशुद्ध है। सुरकी और बघेले दोनों सोलंकियों की शाखाएँ हैं । बघेलों के गहोरा में आने तक दोनों शाखाएँ सोलंकी नाम से पुकारी जाती थीं। तदुपरान्त सोलंकियों की जो शाखा गुजरात में जा बसी, वह 'सुरकी' कहलाई। और भाटघोड़ा में जो शाखा आई थी, उसे व्याघ्रदेव के नाम से बघेले कहने लगे।''

'माधुरी'-सम्पादक ने सुरकी और बघेलों की वंशावली की तुलना करते हुए बघेलों की ३४ पीढ़ियाँ और सुरकियों की १०-११ पीढ़ियाँ मानी हैं। उन्होंने इन दोनों के फलस्वरूप हृदयराम का समय संवत् १४५१ वि० निर्धारित किया है; परंतु यह समय अनुकूल न पड़ने से स्वयं ही उसे त्याज्य समझ लिया है। वे लिखते हैं—"ऐसी दशा में वंशावली की सूची हमारी बहुत कम सहायता करती है।"

*परंतु सुरकी-वंशावली में सुखदेव से बसन्तराय तक ११ पीढ़ियाँ मानना नितांत असंगत है।

'मनोरमा' वाले लेख में मैंने नवें दोहे के पश्चात् २६वाँ छंद ... किया था। इन छंदों पर नम्बर भी पड़े थे। बीच के छंद ... समझ कर छोड़ दिये गये थे। यथार्थ में सुखदेव से ...य तक २६ पीढ़ी का

'रीवाँ राज्य दर्पण' पृष्ठ ४

व्याघ्रदेव सं० १२६० वि० में किसी समय चित्रकूट आये थे। अतः सुखदेव का भी वही समय मानना पड़ेगा। सुखदेव से वर्तमान राजा रामेश्वरप्रताप सिंह तक ३५ पीढ़ियाँ होती हैं। सं० १२६० वि० से १६८२ वि० तक ६९२ वर्ष होते हैं। अतः एक पीढ़ी का औसत १६⅔ वर्ष हुआ। इस हिसाब से २५ पीढ़ियों के बाद बसन्तराय का समय सं० १७७७ वि० पड़ता है, जो उनके वंशजों के कथनानुसार तथा लिखित आधार पर भी ठीक बैठता है। इससे एक पीढ़ी पूर्व हृदयराम का समय सं० १७५५ वि० के पास मान लेना भी युक्तियुक्त प्रतीत होता है।

अब सम्पादक महोदय के सबसे प्रबल प्रमाण पर भी विचार कर लेना चाहिए।

बाँदा गजेटियर के पृष्ठ के २६३ आधार पर पौष सं० १६-८५ वि० की 'माधुरी' के पृष्ठ ११०० पर लिखा है—"यह ख्याति है कि तिचकपुर नामक गाँव जहाँ पर स्थित था, वहीं संन् १६॰ ई० के लगभग गहोरा के सुरकी राजपूत बसन्तराय ने तरौहाँ दुर्ग बनवाया।" इसका मूल उद्धरण इस प्रकार है।

Another tradition has it that the vi
formerly existing was called Tichakpur
that about 1634 A. D., one Basant Rai.
Rajput of Gahora came and built the fo

इसमें केवल किंवदन्ती का आधार दिया गया
बसन्तराय ने बाहर से आकर किला बनवाया। यह
महत्व को और भी कम कर देती है।

इस किंवदन्ती के पहले उसी गजेटियर में एक
दी हुई है। जिसे 'माधुरी'-सम्पादक ने छोड़ दि
यह है—

One tradition says that in the remote past, city called Salampur existed here but no ins are extant.

इस कथन के बाद बसन्तरायवाली कहावत आने से उसकी त्ता नाम मात्र को रह जाती है। परन्तु ऐतिहासिक प्रमाणों के मने तो ये कथन नगण्य ही हो जाते हैं।

गजेटियर बनाते समय ऐतिहासिक तथ्यों के साथ गलत न्वदंतियाँ भी ले ली गई थीं। उनमें दिये गये संवतों के अनु- न तो और भी अशुद्ध हैं। नये अन्वेषण ने उन अशुद्धियों निर्मूल कर दिया है। जिस बात का गजेटियर स्वयं विश्वास ीं करता, उसी आधार पर सफलता पाने का भरोसा करना ान्त असङ्गत है।

अब 'मिश्र बन्धु' महोदय के कथन पर विचार कर लेना श्रेए। आप 'हिन्दी-नवरत्न' के पृष्ठ ४०१ पर लिखते हैं—

ोलंकियों का राज्य सं० १७२८ वि० के लगभग महाराजा ने छीन लिया था। अतएव भूषण को यह उपाधि मिलने सं० १७२८ वि० से पूर्व की है।"

ाम सोलंकी ने भूषण को यह उपाधि दी थी। 'मिश्र- ु उपाधि देने का समय सं० १७२८ वि० से पूर्व र प्रमाण देते हैं कि सं० १७२८ वि० में तो उपाधि- ज्य ही नष्ट हो गया था। जब वे राजा ही न थे, तो सा !!

महोदय ने इस बात पर ध्यान ही नहीं दिया कि वि० में तो छत्रसाल ने राज्य-संस्थापन प्रारम्भ किया य उनको नाम मात्र का भी राज्य नहीं मिला था।

उस वर्ष वे कुल ३५० जवान एकत्रित कर सके थे। उनके सम्बन्ध में कवि 'लाल' अपने छत्र प्रकाश में लिखते हैं—

"सम्वत सतरह सैहि पर, आठ आगरे बीस।
लगत बरस बाइसवीं, उमड़ि परचौ अवनीस।"

इससे स्पष्ट हो जाता है कि सं० १७२८ वि० में छत्रसाल ने राज्य संस्थापन का कार्य प्रारंभ किया था। इससे पूर्व उन्होंने कहीं पर एक चप्पा भर भूमि भी न ले पाई थी।

फिर 'नागरी-प्रचारिणी-पत्रिका,' भाग १३, अंक १-२ में स्वर्गीय श्री कृष्ण बलदेव जी वर्मा लिखते हैं "अवधूतसिंह को हराने और बघेलखंड पर कब्जा करने के पश्चात् सं० १७६० वि० के अनन्तर महाराज छत्रसाल चित्रकूट में ठहरे थे। अतः स्पष्ट है कि संवत् १७६० वि० से पूर्व तरौंहा तथा बघेलखंड पर बघेलों का राज्य था और तरौंहा हृदयराम सुरकी की जागीर में था।

इस प्रकार साहित्य और इतिहास दोनों ही 'मिश्रबंधु' महोदयों के वर्णन का खंडन करते हैं और मेरे कथन का समर्थन।

हृदयराम का समय जब सं० १७५५ वि० के लगभग निश्चित है, तब भूषण का भी यही समय होना चाहिए। ऐसी दशा में वर्तमान विचारधारा बिलकुल उलट जाती है। वास्तव में भूषण शिवाजी के समकालीन न होकर शाहू के समकालीन थे। उन्हीं के आश्रय में उन्होंने 'शिवराज-भूषण' की रचना की थी।

# ३—ऐतिहासिक विवेचन

## 'शिवराज भूषण' में निर्माणकाल के पीछे की घटनाएँ

कर्नाटक की चढ़ाई—'शिवराज भूषण' की रचनाकाल १७३० वि० माना जाता रहा है। परन्तु उसमें अनेकों घटनाएँ इस समय के पश्चात की वर्तमान हैं। इस पर कुछ सज्जन यह उत्तर देते हैं कि वे घटनाएँ फिर से रचकर मिला दी गई हैं। इस पर यह प्रश्न उठता है कि इन छन्दों के मिलाने से पूर्व की प्रतियों का रूप क्या कहीं मिलता है? यदि नहीं मिलता, तो मानना पड़ेगा कि भूषण ने पीछे से कोई छन्द नहीं मिलाये और सब छन्द पहले के ही रचे हुए हैं। फिर एकही घटना के अनेक छन्दों का भिन्न-भिन्न स्थानों पर होना इस बात का प्रमाण है कि ये कालान्तर में नहीं मिलाये गये।

कर्नाटक की चढ़ाई का वर्णन 'शिवराज भूषण' के तीनों छन्दों नं ११६,२०७, और २६३ में है।

( १ ) छन्द नं० ११६ में वर्णित हबस और फिरंगियों से शिवाजी के युद्ध सं० १७३० वि० के पूर्व भी हो चुके थे; परंतु कर्नाटक मे कोई युद्ध इससे पूर्व नहीं हुआ। कर्नाटक पर शिवाजी की चढ़ाई सं० १७३६ वि० में हुई थी।

> "करनाट हबस फिरङ्गहू बिलायत,
> बलख रूम अरि-तिय छतियाँ दलति हैं।"

शि० भू० ११६

यह दशा आक्रमण-काल में अथवा आक्रमण की पुनरावृत्ति के समय ही हो सकती है। जिसकी स्मृति स्त्रियों को अधिक भयभीत बना देती है।

'अरि' शब्द भी यही भाव प्रकट करता है कि आक्रमण की स्थिति एवं भावना उनके हृदय में अवश्य थी।

इस छन्द में गोलकुंडा का उल्लेख न होने से यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है, क्योंकि वहाँ वालों ने कर्नाटक की चढ़ाई के पूर्व ही शिवाजी से मेल कर लिया था। नहीं तो हजारों मील दूर पर अरि-तिय छतियाँ दलने लगें" और बीच के देशों में शत्रुओं पर कुछ भय न हो, यह संभव नहीं।

( २ ) छन्द नं० २०७ में तो स्पष्ट रूप से कर्नाटक की चढ़ाई का उल्लेख है। वह छन्द यह है—

"लै परनालौ शिवासरजा करनाटक लौं सब देश बिगूंचै।
बैरिन के भगे बालक वृन्द कहै कवि 'भूषन' दूरि पहूँचै।
नाँघत-नाँघत घोर घने बन हारि परे यों कटे मनो कूँचै।
राजकुमार कहाँ सुकुमार कहाँ विकरार पहार वे ऊँचै॥"

कर्नाटक-युद्ध पर विचार करने के पूर्व इस बात का निर्णय करना आवश्यक प्रतीत होता है कि कर्नाटक प्रान्त की उत्तरी सीमा क्या है? तथा दक्षिण में कहाँ तक फैला हुआ है? 'सोर्स बुक आफ़ मराठा' के पृष्ठ १२५ पर कर्नाटक का वर्णन करते हुए लेखक ने बतलाया है "कर्नाटक प्रान्त तुंगभद्रा और कावेरी के बीच में बसा हुआ है।" तुंगभद्रा पूर्व की ओर बहती हुई कृष्णा नदी से जा मिली है। इसके पश्चात् कर्नाटक की उत्तरी

सीमा कृष्णा नदी बन जाती है। अतः निर्णयात्मक रीति से यह कहा जा सकता है कि कर्नाटक का उत्तरी भाग तुंगभद्रा और कृष्णा के पूर्वी भाग तक फैला हुआ है। दक्षिण की ओर कावेरी नदी उसकी सीमा बनाती है।

केलूस्कर, तकाखव, राजवाड़े आदि इतिहासकार भी कर्नाटक पर आक्रमण करने में इसी की पुष्टि करते है। किसी इतिहास-लेखक ने इसके पूर्व कर्नाटक के आक्रमण का उल्लेख नहीं किया। इसी 'लौं' पर त्रिनेत्र जी ने भी विचार किया है। उनकी विचार-सरणी सम्पादक 'माधुरी' से भिन्न हुई है। आपने 'लौं' का मर्यादा-भाव लेकर अपनी विवेचना का यह स्वरूप दिया है। आप लिखते हैं—

"हिन्दी ककहरा जाननेवाला भी 'कर्नाटक लौं' का अर्थ कर्नाटक-विजय या कर्नाटक की चढ़ाई न लेगा। इसका अर्थ तो 'कर्नाटक तक' होगा। अर्थात् कर्नाटक विगूँचे जानेवाले देशों से पृथक् है। पर ऐतिहासिक खोज करने वाले दीक्षित जी भला व्याकरण की परवाह क्यों करने लगे ?"—साप्ताहिक 'आज' ६-६-४० पृष्ठ २१।

यह है हिन्दू विश्वविद्यालय के हिंदी के एक प्रोफेसर की विचार सरणी !!! वास्तव में "करनाटक लौं सब देश विगूँचे" का भावार्थ 'कर्नाटक की दक्षिणी सीमा तक सारा देश रौंद डाला' ही लेना पड़ेगा। क्यों कि इतिहास और भूगोल दोनों ही इसके अनुकूल पड़ते हैं तथा व्याकरण से भी इसका समर्थन होता है।

'लौं' ब्रजभाषा में साधारण बोलचाल का शब्द है। जिसका अर्थ 'तक' होता है। यथा—

१—हमने सब तैयारी करली थी कि कपड़े तक पहन लिये।

२—पानी तक पी लिया।

क्या त्रिनेत्रजी के कथनानुसार कोई इसका अर्थ यह ले सकता है कि 'कपड़े नहीं पहने,' 'पानी नहीं पिया' शेष सब काम कर लिया। मेरे विचार से भारत भर में एक भी व्यक्ति ऐसा न मिलेगा, जो त्रिनेत्र जी का बनाया हुआ अर्थ स्वीकार करने को प्रस्तुत हो। इसका तो स्पष्ट अर्थ 'कपड़े भी पहन लिये' तथा 'पानी भी पी लिया' मानना पड़ेगा। इसी प्रकार "करनाटक लौं सब देश विगूँचे" का अर्थ 'कर्नाटक समेत बीच में पड़नेवाले सब देशों को कुचल डाला ही' लेना युक्ति-युक्त एवं न्याय-संगत है। ऐसी दशा में ककहरा का ज्ञान किस पर घटित होता है, यह विचारणीय है! फिर इस रूप में त्रिनेत्रजी के व्याकरण विषयक पाण्डित्य का अनुमान भी पाठकों को हो जाता है। हमें हर्ष है कि ६-१२-४० के साप्ताहिक 'आज' में मेरे लेख का जो उत्तर दिया है उसमें "आङ्, मर्यादाभि विध्यो" सूत्र का अर्थ लिखते हुए यह स्वीकार किया है कि 'लौं' का अर्थ 'तत्सहितो ऽभिविधि' के अनुसार उसके सहित भी लिया जाता है। केवल 'ते न विना मर्यादा' का ही रूप सर्वत्र नहीं होता। आइये पाठकगण इस 'ही' और 'भी' के झंझट पर भी कुछ विचार कर डालें कि आपका कथन कहाँ तक विवेचना की कसौटी पर ठहरता है। आपने इसके प्रमाण में दो-तीन उदाहरण भी दिये हैं। जो ब्रज-भाषाके काव्य से लिये गये हैं—

"सावन लौं आवन सुन्यौ है घनश्याम जू कौ,
आँगन लौं आय पायँ पटकि-पटकि जात।" ॥ १ ॥

—घनश्याम

"है सखि संग मनोभव सौ भट, कान लौं बान सरासन ताने।" ॥२।

—पदमाकर

साप्ताहिक 'आज' ६-१२-४० पृ० २४

आपका कथन है कि ये दोनों उदाहरण 'लौं' के प्रयोग में मर्यादा का भाव देते हैं। यह कथन युक्तियुक्त नहीं वरन् अनभिज्ञता का द्योतक है। 'आँगन लौं आय पायँ पटकि-पटकि जात' में 'आँगन लौं' का अर्थ 'आँगन के बीच तक पहुँच जाना' ही होता है। उससे अलग रहकर किसी भिन्न स्थान की अभिव्यक्ति इससे कदापि नहीं होती। अतः स्पष्ट है कि यहाँ पर 'लौं' 'अभिविधि' भाव का ही द्योतक है। मर्यादा अर्थ को प्रकट नहीं करता। इसी प्रकार दूसरा उदाहरण भी अभिविधि का द्योतक है।

यहाँ पर आपका कथन उस ग्रामीण की जिद से टक्कर लेता है जो कहता है—'पंचों की आज्ञा सिर माथे, परंतु परनाला तो यहीं बहेगा।' अस्तु

कानलौं बान--सरासन तानेमें कान तक का अर्थ 'कान छोड़कर उसकी आँख की ओर की बाहरी सीमा' नहीं है। वरन कान की पिछली सीमा से तात्पर्य है। ज्ञात होता है मिश्र जी ने कभी किसी धनुर्धारी को तीर चलाते नहीं देखा !! फिर भी मारीच के पीछे दौड़ते श्री रामचन्द्र के तीर-संचालन का चित्र–दर्शन तो अवश्य ही किया होगा। सम्यक गहरी दृष्टि न होने से जो मन में आया वही लिख दिया। जो सज्जन अपने दिये हुए उदाहरणों का भावार्थ भी नहीं समझते, वे उसी अशुद्धि का दूसरों पर आक्षेप करने का साहस कैसे कर बैठते हैं !! यह आश्चर्य है !! मेरे विचार से ऐसे व्यर्थ आक्षेप करने का कोई विद्वान तो साहस नहीं करेगा।

यह स्पष्ट है कि "करनाटक लौं सब देश विगूँचे" का अर्थ कर्नाटक समेत सब देशों को रौंद डालना ही लिया जायगा। अन्य नहीं। इसी अर्थ में वास्तविक संगति बैठ सकती है।

'सोर्सबुक आफ़ मराठा' के पृष्ठ ५८-५६-६० में कर्नाटक पर आक्रमण होने का उल्लेख है। जिसे त्रिनेत्रजी ने बड़े गर्व से

प्रमाण में दिया है; परन्तु उपर्युक्त प्रसिद्ध इतिहासकारों में से किसी ने भी इस प्रमाण को स्वीकार नहीं किया। न अपने इतिहासों में इसका उल्लेख ही किया है। उक्त आक्रमण सन् १६५८ ई० में हुआ बतलाया गया है। शिवाजी ने परनाले का किला पहली बार अफजल खाँ को मारने के पश्चात् अक्टूबर सन् १६५६ ई० में विजय किया था। अतः महाकवि भूषण द्वारा वर्णित 'परनाला जीतकर कर्नाटक की विजय' 'सोर्सबुक मराठा' में कथित आक्रमण से अवश्य भिन्न माननी पड़ेगी। इसलिए हम इस निश्चित परिणाम पर पहुँचने के लिए बाध्य हैं कि भूषण का कर्नाटक का उल्लेख अवश्य ही सं० १६७६ वि० का आक्रमण था। अन्य नहीं। इस आक्रमण के सिवाय अन्य कोई आक्रमण कर्नाटक पर हुआ ही नहीं। अतः भूषण का कथन स्पष्ट होने में कोई सन्देह नहीं रहता। उक्त भूल का मुख्य कारण यही प्रतीत होता है कि इस इतिहासकार ने 'विदनूर' को कर्नाटक प्रान्त में मान लिया है। इंगलिश रेकर्ड ऑन शिवाजी के पृष्ठ ३०५ पर भी यही भूल दिखलाई गई है। वास्तव में कोंकण के दक्षिणी भाग में ही उक्त 'विदनूर'-राज्य अवस्थित था। इसे कर्नाटक प्रान्त में कहना सरासर भूल है। यदि यह भूल न होती तो सरकार, केलूस्कर, राजवाड़े आदि इतिहासकार अपने इतिहास में इसका उल्लेख अवश्य करते। इसलिए 'रेकार्ड ऑन शिवाजी' के अनेक पत्रों में इस कर्नाटक की चढ़ाई का उल्लेख है। उदाहरण के लिए भाग २ पृष्ठ १३५ पत्र २४८।

२६ अगस्त सन् १६७७ ई० का एक पत्र मिला है। जिसमें लिखा है—"चूंकि गोलकुण्डा की कुतुबशाही ने शिवाजी को कर्नाटक जाने का मार्ग दे दिया इसलिए वेदरखाँ आदि जनरलों ने उससे युद्ध छेड़ दिया।"

द्वितीय भाग पृष्ठ १७८ पत्र ३२५—हहानी से सूरत को पत्र भेजा गया है। ता० ३१ अगस्त १६७८ ई० के इस पत्र में लिखा है "मास दो मास में ही कर्नाटक शिवाजी के हाथ में आ जायगा। सिरजेखाँ व सिद्दी मसऊद का लड़का उन्हें रोक रहा है, परन्तु इससे क्या होगा!"

द्वितीय भाग पृ० १२७ पत्र २३५ ता० २७ जून १६७७ ई० – "शिवाजी गोलकुण्डा के किले में है। जाड़े के बाद कर्नाटक पर आक्रमण होगा।" साथ ही इसमें यह भी लिखा है–"दक्खिन के बहुत से उमरा शिवाजी से मिल गए हैं, इसीलिए इधर से सामान नहीं भेजा जा सकता।" (चाइल्ड का पत्र कारवार से सूरत को)।

'माधुरी' सम्पादक ने भी 'लौं' शब्द की व्याख्या करते हुए, पार्थक्य और अभिविधि समझाने के लिए अष्टाध्यायी के अनेक सूत्र लिख डाले हैं। फिर भी उन्हें दुविधा ने न छोड़ा। इसका अत्यन्त सरल मार्ग यह है कि हम इसको ऐतिहासिक कसौटी पर कसकर विवेचनापूर्वक विचार करें। छन्द में लिखा है कि शिवा जी ने परनाला का किला जीतकर कर्नाटक तक का सारा देश रौंद डाला। 'ग्रांट डफ कृत 'मराठों के इतिहास' भाग १ पृष्ठ २६१ पर लिखा है कि शिवाजी ने १६७६ ई० के अन्त में परनाला का किला तीसरी बार जीतकर कर्नाटक पर चढ़ाई की थी। श्रीयुत यदुनाथ सरकार भी पहले परनाले के आस-पास के स्थानों की विजय का वर्णन करके सन् १६७६ ई० के प्रारम्भ में कर्नाटक की चढ़ाई का उल्लेख करते हैं। कैलूस्कर, तकाखव, राजवाड़े आदि इतिहासकार भी कर्नाटक पर आक्रमण करने में इसी की पुष्टि करते हैं। किसी इतिहास लेखक ने इसके पूर्व कर्नाटक के आक्रमण का उल्लेख नहीं किया।

अतः सब इतिहासकार इस सम्बन्ध में एकमत हैं। हम 'लौं' का अर्थ मर्यादा के साथ पार्थक्य का ही मान लेते हैं। यद्यपि यहाँ उसका प्रयोग उस अर्थ में नहीं हुआ है, जैसा आगे चलकर प्रमाणित किया गया है। वास्तविक बात तो यह है कि मरहठे सन् १६७७ ई० ( १७३४ वि० ) के पूर्व कर्नाटक की उत्तरी बाहरी सीमा पर भी न पहुँच सके थे। सीमा तो दूर की वस्तु है। वे तो वहाँ से सैकड़ों मील दूर 'तुंगभद्रा' नदी तक और उसके कृष्णा नदी में मिलने के पश्चात् 'कृष्णा' नदी के किनारे तक भी न पहुँच पाये थे, जो कर्नाटक की उत्तरी सीमा पर है।

यह भी निर्विवाद सिद्ध है कि सन् १६७७ ई० से पूर्व शिवाजी की सेना कभी गोलकुंडा में नहीं घुसी थी, जहाँ से कर्नाटक कई सौ मील दूर है। इस पर यह विचार उत्पन्न होता है कि सम्पादक महोदय ने "लौं" की तो इतनी गहरी छान-बीन कर डाली, परन्तु ऐतिहासिक घटना-चक्रों पर क्यों ध्यान नहीं दिया। 'शिवराज भूषण' के २६१ वें छंद में लिखा है—

"पेसकसैं भेजति बिलायति पुरतगाल,
सुनि कै सहम जाति कर्नाटकथली हैं।"

इससे यह प्रतीत होता है कि इङ्गलैंड और पुर्तगाल के व्यापारी शिवाजी के पास अपने राजदूत और नजराने भेजने लगे थे। मदरास, गोआ इत्यादि स्थानों पर मरहठों का अत्यधिक प्रभाव होने से कर्नाटक भयभीत हो गया था। यह दशा संवत् १७३१ ( सन् १६७४ ) में शिवाजी की राजगद्दी होने के पश्चात हुई थी। अतः ये घटनाएँ 'शिवराज भूषण' के निर्माण-काल के पीछे की ही माननी पड़ेंगी। 'शिवा-बावनी' की घटनाएँ तो और भी पीछे की मानी जाती हैं। इसका छन्द १७ निम्नलिखित है—

"बिज्जपूर बिदनूर सूर सर धनुष न संधहिं ;
मङ्गल बिनु मल्लारि नारि धम्मल नहिं बंधहिं ।
गिरत गब्भ कोटै गरब्भ चिंजी चिंजाउर ;
चालकुण्ड दलकुण्ड गोलकुंडा संका उर ।
भूषन प्रताप शिवराज तुव, इमि दच्छिण दिसि सञ्चरहि ।
मधुरा धरेश धकधकतसो, द्रविड़ निबिड़ उरदविउरहि ।"

इस छन्द के अधिकांश भाग में कर्नाटक का वर्णन किया गया है। चिंजी—चिंजाउर से जिंजी और तंजौर का आशय है। जिंजी का किला एप्रिल सन १६७७ ई० में तथा तंजौर उसके पश्चात् जीता गया था।* मदुरा भी कर्नाटक प्रान्त में एक प्रसिद्ध स्थान है। विज्जपूर और बिदनूर की धनुष उठाने योग्य न रहने की दशा तो सन् १६७८ ई० के बाद ही हुई थी। जब शिवाजी कर्नाटक विजय करके लौटे थे।'शिवा बावनी'के २२ वें छन्द में—

भूषन भनत गिरि विकट निवासी लोग ,
बावनी बवंजा नव कोटि धुन्ध जोति हैं।

द्वारा बावनीगिरि का जो उल्लेख है, वह कर्नाटक का ही वर्णन है। श्रीयुत यदुनाथ सरकार ने 'शिवाजी' नामक ग्रन्थ के पृष्ठ ३८८ पर लिखा है—

The Khan ( शेरखाँ ) fled with a broken regiment of only 100 cavalry to the town of Bawani Giri, 22 miles south of Velur, still pursued by the enemy.

---

* यदुनाथ सरकार कृत 'शिवाजी,' पृ० ३०५

'मिश्रबन्धु' महोदय इस बावनी बवंजा को बजूना ( फतहपूर सीकरी के समीप एक स्थान ) मानते हैं। परन्तु वास्तव में 'बावनी गिरि' से भूषण का तात्पर्य कर्नाटक के उक्त नगर से ही है। यहीं पर शिवाजी ने शेर खाँ को हराया था। 'युक्त प्रान्त' के इस 'बजूना' स्थान से शिवाजी का कभी कोई सम्बन्ध नहीं रहा। न वे कभी वहाँ पहुँचे ही थे।

कुछ सज्जनों ने उक्त छन्द में वर्णित "नव कोटि" का अर्थ "मारवाड़" लिया है; परन्तु भूषण ने इस "नव कोटि" से मदुरा के राजा की नौ करोड़ की सम्पति की ओर संकेत किया है। जिसे शिवाजी ने छीन लिया था। ❀

'शिवा बावनी' के ७ वें छन्द में भूषण कहते हैं—

'भूषन' भनत बाजे जीत के नगारे भारे,
सारे करनाटी भूप सिंहल कौं सरके।"

कहींकहीं करनाटी के स्थान पर 'अरकाटी' पाठ भी मिलता है, जो कर्नाटक की चढ़ाई के पीछे की घटना है। यह तय है कि कोई शत्रु भय से इतनी दूर की साधारण घटनाएँ सुनकर नहीं भागेगा। वह तो अपने ऊपर आक्रमण होने अथवा होने की सम्भावना पर ही भागेगा।

प्रोफेसर यदुनाथ सरकार अपने शिवाजी नामक ग्रन्थ के पृष्ठ ३६३ पर लिखते हैं—

Shortly before he had pillaged Porto Novo and made himself master of the South Arcot district in October 1677, army surrendered to

---

❀ 'शिवाजी' नामक पुस्तक से कर्नाटक की चढ़ाई का वर्णन।

him and so also did some other forts in the north Arcot district.

अतः यह निश्चित है—वह स्थान चाहे कर्नाटक हो या अर्काट—दोनों स्थानों की घटनाएँ सं० १७३० वि० से कई वर्ष पीछे की हैं।

इन स्पष्ट प्रमाणों के होते हुए यह कभी संभव नहीं कि 'शिवराज भूषण' का निर्माण-काल सं० १७३० वि० माना जाय।

## भड़ौच पर आक्रमण

'शिवराज भूषण' के छन्द नं० ३५४ में भूषण ने सूरत की लूट के पश्चात् शिवाजी के भड़ौच पर आक्रमण करने का उल्लेख इस प्रकार किया है—

"दिल्लिय दलन दबाय कर, शिव सरजा निरसंक;
लूटि लियो सूरत सहर, बंकक्करि अति डंक।
बंकक्करि अति डंकक्करि अस संकक्कुलिखल;
सोचच्चकित भड़ोच च्चलिय विमोचच्चखजल।
तट्ठट्ठइ मन कट्ठिक सोइ रट्ठ ढिल्लिय;
सद्दद्दिसि दिसि भद्दद्दवि भइ रद्दद्दिल्लिय।

कुछ लोग इस वर्णन को एकमात्र सूरत की लूट के सम्बन्ध में ही मानते हैं। वे कहते हैं कि सूरत की लूट को देखकर भड़ौच चलायमान हो गया था। इसमें शिवाजी की सेना के भड़ौच पर किये गये आक्रमण का उल्लेख नहीं है।

यह कथन वास्तविकता से भिन्न है। इसकी केवल दूसरी पंक्ति में सूरत के लूटने का वर्णन है। तीसरी पंक्ति में उसके

प्रभाव का वर्णन करते हुए शत्रुओं में भय प्रदर्शित किया गया है।

सूरत की लूट के प्रभाव को सोचकर भड़ौचवासी शत्रु आश्चर्य-चकित होकर घबड़ा गये और आँसू बहाने लगे। अंत में शिवाजी ने सूरत के समान ही भड़ौच नगर के दरवाज़े पर पहुँच कर "ढेर के ढेर" शत्रुओं को ठेलकर भगा दिया। इस कारण सब ओर से दबकर दिल्ली की भद्द हुई और वह बरबाद हो गई। भड़ौच के सम्बन्ध में इतना स्पष्ट उल्लेख होते हुए भी यदि कोई विद्वान इससे असहमत हो तो आश्चर्य ही है! इस पर त्रिनेत्र जी का भाष्य देखिये। आप लिखते हैं-

"पूर्वोक्त पद्य का सीधा अर्थ यह है कि सूरत के लोग चकपकाये हुए, सोचते हुए और नेत्रों से जल गिराते हुए भड़ौच की ओर चले ( भागे )। पर आप 'भड़ोचलिय' का अर्थ 'भड़ौच भी चलायमान हो गया, घबड़ा गया' लेते हैं। अगले चरण को सूरत की लूट से न जोड़कर भड़ौच के आक्रमण से जोड़ लेते हैं। किन्तु सूरत की लूट के समय वहाँ के लोग भड़ौच की ओर भागे थे।"

इस पद्य के 'चकित' शब्द का अर्थ त्रिनेत्र जी ने 'चकपकाये हुए" लिया है, जिसका भावार्थ 'सकपकाना' या सशंकित होना लिया है। चकित का अर्थ अचंभित होना होता है। 'चकपकाना' या 'सकपकाना' भयभीत होना नहीं। इसका 'अचंभित' अर्थ करने से ही त्रिनेत्र जी का भावार्थ विकृत हो जाता है। क्योंकि आश्चर्य किसी घटना के एकाएक घटित होने, आपत्ति आने अथवा नवीनता की उद्भावना होने के पूर्व ही होता है, पीछे नहीं। यह मनोविज्ञान का पक्का और साधारण नियम है। अतः सूरत की लूट होने के बाद आक्रमण का आश्चर्य सूरतवालों को

हो ही नहीं सकता। यह अचम्भा सूरत की लूट पर भड़ौचवालों को हुआ, जो युक्ति-युक्त है। त्रिनेत्र जी ने इस अर्थ की वास्तविकता न समझ कर 'चकित' शब्द का अशुद्ध अर्थ कर दिया है। जिससे वह सूरत पर घटित हो जाय। परंतु यह संभव ही नहीं है इस परिस्थिति के कारण 'सोचत चकित और चलिय' का कर्ता भड़ौंच के अतिरिक्त और कुछ नहीं हो सकता। अतः उक्त अमृतध्वनि का यह अर्थ होगा—"शेर शिवाजीने दिल्ली की सेना को निर्भयतापूर्वक दबाकर सूरत नगर को बड़े जोर से डंका बजाते हुए तीव्रता से आक्रमण करके लूट लिया। इस प्रकार लूट करने से औरंगजेब की सम्पूर्ण अत्याचारी सेना में आतंक भर गया। इसके विचारते ही भड़ौंचवासी अचम्भे में भर कर घबड़ाये तथा आँखों से आँसू बहाने लगे।" छन्द की अंतिम दो पंक्तियों ने उपर्युक्त कथन को और भी पुष्ट कर दिया है। अर्थात् "वैसा ही मन में निश्चय करके (शिवाजीने) भड़ौंच नगर के द्वार पर पहुँच कर ढेर के ढेर शत्रुओं को पीछे ठेल दिया। जिससे शीघ्र ही सब दिशाओं में बदनामी होने से दब कर दिल्ली बरबाद हो गई।" इसमें प्रयुक्तठिल्लिय का अर्थ त्रिनेत्र जी प्रबन्ध करना लेते हैं। रामलीला देखते हुए पुलिस द्वारा ठेले जाने और संगीन की नो कसे ठलने के अंतर का ध्यान रखना चाहिए। यह समझ लेना चाहिए कि शत्रुको संगीनों द्वारा ठेल कर भी खाड़ी तक पहुँचाया जा सकता है। इसी प्रकार आपने 'कुलिखल' को कर्ता मानकर सूरत के साथ मिला दिया है, परन्तु यह शब्द स्पष्ट रूप से ही सप्तम्यन्त है और औरंगजेब की सम्पूर्ण सेना के लिए जो कि अत्याचार कर रही थी, उपयुक्त हुआ है।

इस आक्रमणका उल्लेख तकाखव और कैलूस्कर ने अपने "लाइफ आफ शिवाजी महाराज" के पृष्ठ ४११ पर किया है। वे

लिखते हैं—"शिवाजी के सेनापति हमीरराव ने सन् १६७४ ई० में नर्मदा को पार किया और भड़ौंच में घुस गया।" फिर पृष्ठ ४१३ पर उक्तलेखक वर्णन करते हैं कि हमीरराव की सेना ने भड़ौंच के आस-पासका भाग दबाया। इसी कथनका यदि 'ग्रांट डफ' ने अपने इतिहासमें वर्णन कर दिया तो क्या पाप किया? इससे स्पष्ट है कि भूषण का कथन भड़ौंच विषयक ही है, अन्य कुछ नहीं। आशा है पाठकगण इस छन्दमें वर्णित वास्तविक भावना को समझ गये होंगे।

यह घटना सं० १७३० वि० के कई वर्ष पीछे की है, अतः निश्चित है कि 'शिवराज भूषण' का यह निर्माणकाल कदापि नहीं है। वरन् उसका समय सं० १७७३ वि० है। जैसा कि पिछले अध्यायमें दिखलाया गया है। कर्नाटक और भड़ौंचकी घटनाएँ ही नहीं हैं वरन् अन्य अनेक घटनाएँ भी इसी का समर्थन कर रही हैं।

भड़ौंचकी लूट सं० १७३२ विक्रमी में हुई थी। ❀ डफ महाशय का कथन है कि सं० १७३२ वि० के पूर्व कभी भी मराठा सेना नर्मदा नदी के उत्तर की ओर नहीं गई। जब तक सेना का आगमन नर्मदा नदीके दक्षिण किनारे तक न होता तबतक शत्रु पराजित होकर भागने का नाम भी न लेते। यहाँ तो प्रत्यक्ष ही भड़ौंचके दरवाजे पहुँचने अथवा उसकी सेना में घुसने का उल्लेख है।

यह घटना 'शिवराज भूषण' के कल्पित निर्माण-काल से दो वर्ष पश्चात्‌की है। यह निश्चित है कि 'शिवराज भूषण' के निर्माण-कालके अनन्तर की अनेक घटनाएँ उस ग्रन्थमें वर्तमान हैं। अतः उसमें दिया हुआ निर्माण-काल अशुद्ध है।

---

❀ डफ कृत 'मराठा इतिहास' भाग १, पृष्ठ २६७।

## रामनगर-विजय

हम अभी बतला चुके हैं कि 'शिवराज-भूषण' की अनेक घटनाएँ उसके कल्पित निर्माण-काल के पीछे की हैं। इनमें एक घटना रामनगर-विजय की भी है। भूषण ने 'शिवराज भूषण' में इसका वर्णन इस प्रकार किया है।—

"जावलि बार सिंगार पुरी औ,
जवारि कौ राम के नेरि कौ गाजी।
भूषण भौंसिला भूपति तैं सब,
दूरि किये करि कीरति ताजी।"

—शि० भू० २०७

❀ ❀ ❀ ❀

"भूषण भनत राम नगर जवारि तेरे,
बैर परवाह बहे रुधिर नदीन के।

शि० भू० १५३

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि शिवाजी की विजयों का ही इन छन्दोंमें उल्लेख है। उन्होंने रामनगर को जीतकर अपने यश को नवीन रूप से दिग-दिगन्त व्यापी कर दिया है। भूषण ने रामनगर की विजय को बहुत महत्वपूर्ण बतलाया है तथा इसके कारण शिवाजी को गाजी की उपाधि दे डाली है। शिवाजी ने रामनगर को मई सन् १६७६ ई० में जीता था। ❀

'शिवाजी' ग्रन्थ के पृष्ठ २६२ के फुटनोट में लिखा है—

❀ 'ग्रेट शिवाजी' ( Great Shivaji ) पृष्ठ ३५०

"Ram Nagar was not conquered even up to 1678."

शिवाजी के आक्रमण रामनगर पर जून सन् १६७२ ई० से ही प्रारम्भ हो गए थे, परन्तु उसकी विजय सन् १६७६ ई० में ही हुई थी। जो 'शिवराज भूषण' के निर्माण-काल (सं० १७३० वि०) से कई वर्ष पीछे की घटना है। ऐसी दशा में 'शिवराज भूषण' का निर्माण-काल सं० १७३० वि० मानना नितान्त अशुद्ध है। सर यदुनाथ सरकार ने अपने शिवाजी नामक ग्रन्थ के पृष्ठ २६२ पर शिवाजी द्वारा रामनगर विजय करने का उल्लेख अवश्य किया है। परन्तु तुरन्त ही वहाँ से भागने की चर्चा भी कर दी है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि सन १६७२ ई० की इस विजय का कोई महत्व नहीं था। क्योंकि वहाँ से मरहठों को तुरन्त भागना पड़ा था। ऐसी दशा में इस घटना के एक वर्ष पश्चात् भूषण इस विजय का क्यों उल्लेख करने लगे ? इस पर भूषण ने रामनगर की विजय पर शिवाजी को 'राम के नेट को गाजी' कहकर उन्हें महत्व दिया है।

'शिवराज भूषण' छंद २०७

इसीका उल्लेख 'सोर्सबुक आफ मराठा हिस्ट्री' भाग २, पृष्ठ ३२६ पर इन शब्दोंमें किया गया है—

"Shivaji made a second raid on Surat and now lately has taken the Raja Shiva of Ram Nagar."

इससे स्पष्ट हो जाता है कि भूषण ने इस वर्णन में १६७२ ई० की घटना का कथन कदापि नहीं किया। वरन् १६७६ ई० के आक्रमण का ही उल्लेख आया है। जिसमें वहाँ के राजा को हटाकर रामनगर को अपने राज्य में मिला लिया था। इस पर त्रिनेत्र जी

लिखते हैं—' भूषण ने १६७६ ई० में 'शिवराज भूषण' समाप्त किया। इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं कि उन्होंने जिस तिथि का उल्लेख किया है, उसी तिथि को सबकी सब रचनाएँ रच डालीं। क्या रामनगर की चर्चा सन् १६७२ ई० में नहीं की जा सकती थी? पर दीक्षित जी के लिए यह महत्वपूर्ण न होती।"

( साप्ताहिक आज, १६—१२—४० पृ० २४ )

यह ठीक है कि भूषण ने अपना ग्रन्थ एक ही दिन में नहीं लिख डाला था। परन्तु जिस घटना का परिणाम अन्त में पलायन हो, उसे विजय के रूप में वर्णित करना भूषण जैसे मनस्वी कवि के लिए कदापि संभव नहीं। विशेषतः ऐसी दशा में, जब आवागमन की कठिनाइयाँ और परिस्थितियाँ समय--साध्य हों तथा ग्रन्थ-संशोधन का पूरा अधिकार ग्रन्थ समाप्ति तक लेखक के हाथ में हो। अतः निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि महाकवि भूषण ने रामनगर की जिस घटना का उल्लेख किया है, वह सन् १६७६ ई० की ही विजय का वर्णन है, अन्य नहीं।

## बहादुर खाँ

भूषण ने बहादुर खाँ की चर्चा अपने अनेक छन्दों में की है और उसे भिन्न-भिन्न नामों से याद किया है। उसके लिए कहीं 'बहादुर खाँ' कहीं 'बादर खाँ' कहीं 'खान' और कहीं 'जहान' नामों का उल्लेख मिलता है। जैसे—

(१) "पीय पहारन पास न जाहु यों,
तीय बहादुर सों कहैं सोषैं;
कौन बचै है नवाब तुम्हें, भनि,
'भूषन' भौंसिला भूप के रोषैं ! ॥१॥

शि० भू०, ७७।

(२) या पूना में मत टिको, खान बहादुर आय,
हचाई साइत खान कौं, दीन्हीं सिवा सजाय ॥

शि० भू० ३४०

(३) आजु सिवराज महाराज एक तुही सर—
नागत जनन कौं दिवैया अभैदान कौं;
फैली महि मंडल बड़ाई चहुँ ओर तातें,
कहिये कहाँ लौं ऐसे बड़े परिमान कौं ॥
निपट गँभीर कोऊ लाँघि न सकत वीर,
जोधन कौं रन देत जैसे भाऊ खान कौं।
दिल दरियाव क्यों न कहैं कविराय तोहिं,
तो मैं हहरात आनि पानिप जहान कौं ॥

शि० भू०, ३४८।

(४) गत बल खान दलेल हुव, खान बहादुर युद्ध ॥

शि० भू० ३५७

(५) दीन्हों मुहीम को चार बहादुर,
छागो सहै क्यों गयंद कौं झप्पर ?

.......................

(६) काल्हि के जोगी कलींदे के खप्पर।"

फुटकर छन्द ४९।

इन उदाहरणों से स्पष्ट हो जाता है कि बहादुर खाँ के विषय में भूषण की एक निश्चित राय थी। भूषण ने उसे शिवाजी के मुकाबिले में सर्वत्र अत्यन्त तुच्छ ठहराया है। ऊपर के छन्दों

में भूषण ने उसकी भिन्न—भिन्न परिस्थितियों का अच्छा दिग्दर्शन कराया है। तीसरे उदाहरण में बहादुर खाँ के लिए 'खान' और 'जहान' नामों का उल्लेख आया है। 'खान-जहान' बहादुर खाँ की उपाधि थी।

'साहित्य सेवक कार्यालय' काशी से प्रकाशित तथा पंचवर्गीय विद्वान् सम्पादकों द्वारा सम्पादित 'भूषण ग्रन्थावली' के पृष्ठ ३२० पर 'खान' की व्याख्या में लिखा है—

"खान—मुसलमानों की एक उपाधि। खाँ जहाँ बहादुर ( दे० बहादुर खान )।"

इसी ग्रन्थ के पृ० ३२६ पर 'जहाँ बहादुर' की व्याख्या करते हुए उन्हीं विद्वानों ने लिखा है—

"जहाँ बहादुर—खाँ जहाँ बहादुर ( दे० बहादुर खाँ )।"

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि 'खान' और 'जहान' शब्द बहादुर खाँ के लिए प्रयुक्त हुए हैं।

बहादुर खाँ जनवरी सन् १६७३ से १६७७ ई० तक पहली बार दक्षिण का गवर्नर रहा था। ❀

दूसरी बार सन् १६८० ई० में बहादुर खाँ फिर दक्षिण का सूबेदार होकर आया था। उसे इसी समय बादशाह औरंगजेब की ओर से 'खाने जहाँ' की उपाधि दी गई थी। †

इस पर त्रिनेत्र जीने 'आज' में जो टिप्पणी दी है, वह पं० विश्वनाथ प्रसाद जी मिश्र की ही बात के विरुद्ध है। मिश्र जी स्व-संपादित भूषण-ग्रंथावली के पृष्ठ ३२० पर स्पष्ट रूप से उक्त दोनों शब्दों की व्याख्या 'खाने जहाँ बहादुर' ( बहादुर खाँ ) के लिए की है।

---

❀ 'औरंगजेब' जिल्द ४, पृष्ठ १३९।

† 'औरंगजेब' यदुनाथ सरकार कृत, जिल्द ४, पृष्ठ २४३।

यह कवित्त भूषण ने 'निरुक्ति' अलंकार के उदाहरण में दिया है। जिसका लक्षण उक्त कवि के ही शब्दों में सुनिये—

**"नामन कौ निज बुद्धि सों, कहिए अरथ बनाय।**
**ताकों कहत निरुक्ति हैं, भूषन जे कविराय॥"**

शि० भू०, ३४५।

इससे स्पष्ट हो जाता है कि 'ख़ान' और 'जहान' नामवाचक शब्द हैं, जिनका श्लेष में प्रयोग किया गया है तथा बहादुर ख़ाँ की उपाधि 'ख़ानेजहाँ' के यौगिक शब्द को खंड रूप में विश्लेषण कर ख़ान और जहान की अलग-अलग व्याख्या कर दी गई है। इससे सिद्ध होता है कि भूषण ने 'ख़ानेजहाँ' की निरुक्ति का कैसा सुन्दर स्वरूप दिया है तथा उसका विश्लेषण कितने अनोखे ढंग से किया गया है। इसमें 'ख़ान' और 'जहान' शब्दों का प्रयोग जान-बूझकर बहादुर ख़ाँ के लिए किया गया है। यहाँ पर एक बात का उल्लेख करना असंगत न होगा कि त्रिनेत्र जी ने पं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र के कथन का स्वयं खंडन कर दिया है। इसे 'बादरायण-संबंध' कहना भी युकित-युक्त नहीं।

इससे सिद्ध होता है कि भूषण की रचनाओं का निर्माण-काल (सं० १७३० वि०) से बहुत पीछे का है। जब बहादुर ख़ाँ को 'ख़ानेजहाँ' की उपाधि ही सं० १७३७ वि० में मिली थी, तब 'शिवराज भूषण' का निर्माण-काल १७३० वि० मानना नितान्त अशुद्ध है।

## दिलेर ख़ाँ

भूषण ने शिवराज-भूषणमें शिवाजी द्वारा दिलेरख़ाँ के हराये जाने का उल्लेख किया है। ३५७ वें छन्द में वे लिखते हैं—

**गत बल खान दलेल हुव, खान बहादुर मुद्ध।"**

इसी प्रकार अन्यत्र भी कई स्थानों पर इसकी चर्चा की गई है। दिलेर ख़ाँ को शिवाजी ने जून सन् १६७४ ई० में हराया था। प्रोफेसर यदुनाथ सरकार अपनी शिवाजी की जीवनी के पृष्ठ २६२ पर लिखते हैं—

Defeat of Deler Khan, 1674. But Shivaji stopped the Pathans by breaking the roads and mountain passes, and keeping a regular guard at various points, where the route was most difficult and the mughals had returned baffled."

फिर अँगरेजी व्यापारियों के लेख का उद्धरण देते हुए प्रोफेसर सरकार आगे लिखते हैं—

"Deler Khan hath laterly received a route by Shivaji and lost 1000 of his Pathans."

इस युद्ध से पूर्व दिलेर ख़ाँ और शिवाजी का कोई युद्ध नहीं हुआ। यदुनाथ सरकार ने मुख्यतः दोनों के आमने-सामने के युद्ध का कहीं भी उल्लेख नहीं किया है। सम्भवतः अन्य इतिहासकार भी इस विषय में सरकार महोदय से पूर्णतया सहमत हैं।

इस घटना से दिलेर ख़ाँ की धाक उखड़ गई थी। उसकी शान में क्षीणता आ गई थी। इसी का उल्लेख भूषण ने "गतबल खान दलेल हुव" कहकर किया है।

उक्त अमृतध्वनि में भूषण ने 'दिलेर ख़ाँ' और 'बहादुर ख़ाँ' का वर्णन किया है। तथा सल्हेर के युद्ध में न तो दिलेर ख़ाँ लड़ा था और न बहादुर ख़ाँ। अतः इसमें दिलेर ख़ाँ और बहादुर ख़ाँ

की हार का उल्लेख मानना असंगत है। जिस युद्ध में ये दोनों सरदार उपस्थित ही नहीं थे, उसमें दिलेर खाँ का नाम संबंधित करना नितान्त असंगत है। त्रिनेत्र जी का कथन है कि सल्हेर के युद्ध में दिलेर खाँ और बहादुर खाँ दोनों हार गये थे। यह कथन ठीक नहीं है।

## रायगढ़ और सितारा

भूषण ने 'शिवराज भूषण' के १४ वें छन्द में रायगढ़ का वर्णन इस प्रकार किया है—

"दच्छिण के सब दुग्ग जिति, दुग्ग सहार बिलास;
सिव सेवक सिवगढ़ पती, कियो रायगढ़ वास।"

इसके पश्चात् ही दस छन्दों में रायगढ़ के किले का बड़ा ही विशद वर्णन किया गया है। इसके अतिरिक्त कहीं पर भी रायगढ़ का उल्लेख नहीं मिलता। इस किले में शिवाजी के राज्याभिषेक का जो महोत्सव हुआ था उसकी चर्चा तक भूषण द्वारा नहीं की गई है। इसका एक मुख्य कारण है। भूषण ने शिवाजी को ईश्वर के रूप में प्रतिपादित किया है। अतः वे उन्हें राज्य के लिए उद्योगी व्यक्ति के रूप में रखना उचित नहीं समझते थे। राम और कृष्ण की त्याग-भावना का जो रूप शिवाजी में प्रदर्शित किया गया है, वह इस राज्यारोहण के वर्णन से नष्ट हो जाता है। अतः भूषण का रायगढ़ का वर्णन शिवाजी की राजनीतिक प्रगति का परिचायक है।

किले के वर्णन में जिन वृक्षों आदि का उल्लेख भूषण ने किया है, वे शिवाजी के समय रायगढ़ में न थे। क्योंकि भूषण ने शिवाजी के सामने स्वयं वस्तु-स्थिति को देखकर इसका वर्णन कदापि नहीं

किया था। वरन् बहुत पीछे शाहू के सामने उक्त कथन किया गया था। इसी से ये कथन तत्कालीन वास्तविक स्थिति से सर्वथा भिन्न। इसका प्रधान कारण कवि-प्रणाली नहीं, अपितु कल्पना है।

भूषण ने 'रायगढ़' की अपेक्षा 'सितारा' राजधानी का महत्व अधिक प्रदर्शित किया है और अनेकों छन्दों में उसका वर्णन भी आया है। 'शिवा-बावनी' के छंद नं० ७ में—

"मारे सुन सुभट पनारे वारे उदभट,
तारे लागे फिरन सितारे गढ़धर के।"

कहकर सितारा नगर का बहुत ही ओजपूर्ण वर्णन किया गया है।

शिवाजी ने सितारा नगर २५ अक्तूबर सन् १६७४ को लिया था। जो 'शिवराज भूषण' के कल्पित निर्माण-काल के एक वर्ष के अनन्तर होता है। उस समय सितारे का कोई महत्व नहीं था। शिवाजी तो सितारे में कभी रहे ही नहीं। वास्तव में सितारे की प्रसिद्धि शाहू के द्वारा राजधानी बनाये जाने पर सं० १७६५ से हुई * भूषण ने शिवा-बावनी के छन्द नम्बर २८ में—

"बाजत नगारे जे सितारे गढ़धारी के।"

तथा छन्द नं० ३६ में—

"दिल्ली दुलहिन भई सहर सितारे की।"

कहकर शाहू का ही उत्कर्ष दिखलाया है और दिल्ली तथा सितारे की तुलनात्मक आलोचना तक कर डाली है। उन्होंने अन्तिम छन्द में सितारे को पति और दिल्ली को पत्नी-रूप में व्यक्त करके शाहू की राजधानी को ही महत्व दिया है। इसमें बड़ी

---

* 'ग्रेट शिवाजी' (Great Shivaji) पृ० ३४५।

ही सुन्दर तथा महत्वपूर्ण उक्ति द्वारा दिल्ली की दिल्लगी उड़ाई गई है।

रायगढ़ और सितारा के इस अन्तर को देखकर कुछ ऐतिहासिक चक्कर में पड़ जाते हैं और 'किं कर्तव्य विमूढ़' होकर 'शिवा-बावनी' को ही जाली कहने लगते हैं। भूषण को शिवाजी के दरबार में माननेवाले महानुभावों के पास इस घपले का कुछ उत्तर नहीं है। 'शिवा बावनी' में इसके अतिरिक्त अन्य बीसियों घटनाओं का उल्लेख है। जिनसे शिवाजी का कोई संबंध न होकर शाहू अथवा उनके समय से संबंध रखती हैं। जो 'शिवा-बावनी' से शाहू का संबंध निर्धारण करने में सर्वोच्च प्रमाण हैं।

मरहठों की सत्ता को शिवाजी की महत्ता और उन्हीं के प्रताप का फल समझ कर भूषण ने इस प्रकार के वर्णन किये हैं। जो बातें शिवाजी के नाम पर व्यक्त की गई हैं, वे वास्तव में शाहू के साथ यथातथ्य रूप में प्रतिफलित होती हैं। कवि ने शिवाजी को महाराष्ट्र की सत्ता के रूप में प्रतिपादित किया है। भूषण का ध्येय शिवाजी का आदर्श सामने रखकर सारे देश को संगठित करना था। इसके लिए उन्होंने अनेक प्रकार के प्रयत्न भी किये थे।

'शिवराज भूषण' में रायगढ़ का और फुटकर छन्दों में सितारा का वर्णन मिलने से हम दोनों के अन्तर को सरलता से समझ सकते हैं। ये कथन शिवाजी को वास्तविक रूप में हमारे सामने खड़ा कर देते हैं।

समालोचक त्रिनेत्र जी ने रायगढ और सितारा के इस अन्तर पर तो कुछ ध्यान नहीं दिया और बाग-बगीचों के वृक्षों तथा पौधों की आलोचना करने लगे। ऐसे वर्णनों से इतिहास पर कोई

प्रभाव नहीं पड़ता। हाँ, वास्तविक विवेचन दूर होकर वितंडावाद सामने आ जाता है, जो अवांछनीय है। ये सब वर्णन अवश्य ही सं० १७३० वि० के बाद मानने पड़ेंगे।

## भूषण के सम्मुख घटित घटनाओं का अभाव

शिवाजी के दरबार में भूषण के जाने का जो समय माना जाता है, उस समय अनेक बड़ी-बड़ी घटनाएँ हुई थीं। परन्तु भूषण ने उनकी चर्चा न तो 'शिवराज भूषण' में की, न स्फुट छंदों में ही उनका वर्णन मिलता है। सं० १७२७ से सं० १७२६ तक की प्रमुख घटनाओं का विवरण इस प्रकार है*—

( १ ) शिवाजी-छत्रसाल की भेंट, सन् १६७१ ई० ( सं० १७२७ वि० । )

( २ ) भूपतिसिंह पवाँर का पुरन्दर के किले में मारा जाना, सन् १६७० ई० ( सं० १७२७ वि० )

( ३ ) रज़ीउद्दीन ख़ाँ को किले में कैद कर देना, सन् १६७० ई० ( सं० १७२७ वि० )

( ४ ) महावत ख़ाँ की हार, सन् १६७१ ई० ( सं० १७२८ वि० )

( ५ ) विक्रमशाह से राज छीनना सन् १६७२ ई० ( सं० १७२६ वि० )

'मिश्रबंधु' महोदय शिवाजी के दरबार में भूषण के जाने का समय पहले सं० १७२८ वि० मानते थे। परन्तु उन्होंने 'हिन्दी-नवरत्न' के नवीन संस्करण में यह समय सं० १७२४ वि० कर दिया है।† इस संशोधन का आधार क्या है? यह एक रहस्य है। शिवाजी के दरबार में भूषण के जाने की तिथि सं० १७२४ मान

---

* शिवाजी' पृष्ठ १०७, १२८, १८८, २०७, २११ और ४३२।

† 'हिन्दी-नवरत्न' पृ० ४०२।

लेबे पर तो ऐसी घटनाओं की संख्या और भी अधिक हो जायगी, जो भूषण के सामने हुई थीं। परन्तु उन घटनाओं का वर्णन उन्होंने नहीं किया।

इसके अतिरिक्त भूषण ने 'शिवराज भूषण' में कई घटनाएँ अशुद्ध दी हैं, जिनकी ऐतिहासिक प्रामाणिकता नहीं है। वे निम्नलिखित हैं—

( १ ) शिवाजी का मिर्जा जयसिंह को २३ किले देना ऐतिहासिक बात है ; परन्तु भूषण इनकी संख्या ३५ लिखते हैं।

( २ ) गुसलखाने का वर्णन भी इतिहास के अनुकूल नहीं है।

शिवाजी की मृत्यु के पीछे की घटनाएँ—

'शिवराज भूषण' में कुछ घटनाएँ ऐसी भी हैं जो उसके कल्पित निर्माण-काल के ही पीछे की नहीं हैं, वरन् शिवाजी की मृत्यु के भी बहुत काल पीछे की हैं, जिनका मेल वास्तविक निर्माण-काल से ठीक-ठीक बैठ जाता है।

'शिवराज भूषण' का छन्द नं० १५६ यह है—

"उत्तर पहार बिधनोल खंडहर झार-
खंड हू प्रचार चारु केली है बिरद की।
गोर गुजरात और पूरब पछाँह ठौर,
जंतु जंगलीन की बसति मार रद की।
'भूषन' जो करत न जाने बिन घोर सोर,
भूलि गयौ आपनो उँचाई लखे कद की।
खोइयो प्रबल मदगल गजराज एक,
सरजा सों बैर कै बड़ाई निज मद को॥"

—'शिवराज भूषण' १८६।

इस छन्द में भूषण ने मरहठों द्वारा गोर ( बंगाल ) और गुजरात प्रान्त के बरबाद किये जाने का वर्णन किया है। साथ ही इन पूर्व और पश्चिम के स्थानों की विजय का भी उल्लेख कर दिया है। हिमालय पहाड़, उड़ीसा और विदनूर तक शिवाजी का यशोगान हो रहा है। जो औरंगजेब सदैव अपनी महत्ता का जोर शोर से प्रदर्शन किया करता था वह भी अपनी शाहंशाही महानता को भूलकर भयभीत हो गया। ऐसा औरंगजेब रूपी हाथी सिह रूपी शिवाजी से शत्रुता करके अपने मद को खो बैठा। इस छन्द की प्रथम दो पंक्तियों में शेर रूपी शिवाजी के यश-विस्तार, भय, आतंक तथा जंगली जीवधारियों के समूहों को नष्ट-भ्रष्ट कर दिये जाने का उल्लेख है।

विदनूर से औरंगजेब का कभी संबध नहीं रहा और न उसने उसे कभी विजय ही किया। शिवाजी का विदनूर पर आक्रमण एक प्रसिद्ध घटना है। अतः निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि ये छन्द शिवाजी रूपी सिह के ही लिये कहे गये हैं। औरंगजेब रूपी हाथी के लिए नहीं। उन स्थानों में शेर अधिकता से पाये भी जाते हैं। एतदर्थ शिवाजी का सिंह से सम्बन्ध स्थापित करना युक्ति-युक्त है। सरजा ( शेर ) शिवाजी की उपाधि भी है, जिसका भूषण ने बहुत अधिक वर्णन किया है। इसीलिए उक्त कवित्त का ठीक अर्थ वही माना जा सकता है, जो ऊपर कहा गया है। साथ ही ये घटनाएँ शिवाजी के जीवन-काल से ही संबंधित नहीं हैं, वरन् उनकी मृत्यु ( सं० १७३७ वि० ) के पश्चात् शाहू, बाजीराव पेशवा तथा उनके भाई चिन्तामणि से भी संबंधित हैं।

इससे हम सरलता-पूर्वक भूषण की विचार-सरणी तथा उनके शिवाजी से संबंध का अनुमान कर सकते हैं। महाकवि भूषण महाराष्ट्र-अभ्युदय को भगवान् शिवजी की ही विभूति

मानते थे। इसीलिए उन्हें विष्णु के अवतार-रूप में प्रतिपादित किया है। उक्त छन्द की तीसरी पंक्ति में प्रयुक्त 'जो' शब्द भूषण के भाव को भली भाँति व्यक्त कर देता है। जो पहली दोनों पंक्तियों से प्रत्यक्ष तथा भिन्न है। "जंतु जंगलीन की बसति मार रद की" भाव सिंह के लिए ही कहा जा सकता है। हाथी तो शेर की माँद सूँघकर ही उसके पास फटकने का साहस नहीं कर सकता। शेर ही सम्पूर्ण जंगली जानवरों का शिकार करके उनके स्थानों को रिक्त कर सकता तथा उन्हें उजाड़ सकता है।

शिवाजी को दक्षिण के झंझटों से ही जीवन भर अवकाश नहीं मिला था। अतः उक्त परिस्थिति का सच्चा चित्र समय के अनुरूप लाने के लिए हमें शाहू के समय में गये बिना निस्तार नहीं हो सकता। साथ ही वे घटनाएँ 'शिवराज भूषण' के निर्माण-काल सं० १७७३ वि० से भी भली भाँति मिलान खा जाती हैं।

जो सज्जन भूषण की वास्तविक विचार-धारा और शैली से अपरिचित हैं, वे ही ऐसे कथन पढ़कर चकरा जाते हैं। यथार्थ में भूषण की रचना-प्रणाली अन्य कवियों की रचना-प्रणाली से नितान्त भिन्न है। उसमें अन्योक्ति, रूपक, उपमा श्लेषादि अलंकारों की अधिकता होने से उसका भावार्थ समझने में कुछ कठिनाई अवश्य होती है। वैदिक भावना एवं ऐतिहासिक विवेचन होने से उसमें गंभीरता एवं विशिष्ट विचारों का दिग्दर्शन होना स्वाभाविक है।

इन जटिल बातों को ठीक-ठीक समझे बिना विद्वत्समाज भूषण की रचना को वास्तविक रूप में नहीं समझ सकता।

त्रिनेत्र जी ने इस छन्द की पहली दो पंक्तियों को भी औरंगजेब के विशेषण-रूप में मान लिया है, जो अशुद्ध एवं भ्रमपूर्ण है।

भूषण की रचना की यह विशेषता है कि उसका वास्तविक स्वरूप जाने बिना विवाद करने से लज्जित होना पड़ता है। भूषण की रचना का एक ही निश्चित अर्थ कहना और मानना पड़ेगा। तब हम उसके समय का निरूपण भी सरलतापूर्वक कर सकेंगे।

इन सम्पूर्ण बातों पर विचार करने से यह अनुमान करना स्वाभाविक है कि भूषण ने शिवाजी के दरबार में रह कर 'शिवराज भूषण' का प्रणयन कदापि नहीं किया था।

दक्षिण में जो महाराष्ट्र-साहित्य उपलब्ध है, उससे भी इसी विचार की पुष्टि होती है।

इससे स्पष्ट हो जाता है कि भूषण शिवाजी के दरबार में न रह कर शाहू के दरबार में ही थे।

## शब्द-साक्ष्य

शब्द-शास्त्र का प्रमाण भी एक प्रबल प्रमाण माना जाता है। शब्दों का विकास और ह्रास सामाजिक जीवन में एक प्रधान स्थान रखता है। भूषण ने शिवाजी के लिए कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग किया है, जो शब्द-शास्त्र की दृष्टि से बड़े महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने 'शिवराज-भूषण' के छन्द नं० २२१ में—

"सरजा सवाई कासों करि कविताई तव,
हाथ की बड़ाई को बखान करि जात है।"

पद दिया है। इतिहासज्ञ भली भाँति जानते हैं कि 'सवाई' की उपाधि औरंगजेब ने सर्व प्रथम जयपुर-नरेश महाराज जयसिंह द्वितीय को सं० १७५७ वि० में दी थी। †

भूषण औरंगजेब से बहुत घृणा करते थे। इसलिए उसकी दी हुई उपाधि सवाई का उन्होंने जयसिंह के लिए कभी प्रयोग नहीं

---

† राजस्थान' भाग १।

किया। इसके विपरीत वे 'सवाई' की उपाधि शिवाजी के लिए प्रयुक्त करते थे।

यहाँ पर यह कहना अनुचित न होगा कि इस सवाई शब्द का महत्व जयसिंह की उपधि-प्राप्ति से पूर्व कुछ भी न था। महाराज जयसिंह के सवाई जयसिंह कहलाने के कारण ही इस उपाधि को बड़प्पन मिला था।

'सवाई' शब्द का भूषण से पहले बहुत कम प्रयोग हुआ है। अतः 'शिवराज भूषण' में इसका वर्णन आने से स्पष्ट हो जाता है कि उसका निर्माण-काल अवश्य सं० १७५७ वि० से पीछे का है। तभी सवाई शब्द ढलकर उसमें आ सका था। इस 'सवाई' शब्द का प्रयोग महाकवि भूषण से पूर्व ही महाराष्ट्र के विद्वानों ने शिवाजी के लिए किया था। संभवतः वहीं से प्रभावित होकर भूषण ने अपने ग्रन्थ 'शिवराज भूषण' में इस शब्द का प्रयोग किया है। कुछ भी हो यह निश्चित है कि 'सवाई' शब्द की महत्ता जयसिंह के समय से ही बढ़ी थी।

इसी प्रकार का दूसरा शब्द 'बखत बुलन्द' भी है। भूषण के पूर्ववर्ती कवियों ने भी इसका प्रयोग किया है। मतिराम द्वितीय ने सं० १६४७ वि० में 'अलङ्कार पञ्चाशिका' नामक ग्रंथ रचा था। उसमें उन्होंने राजकुमार ज्ञानचन्द के लिए इस उपाधि का उल्लेख किया है। इसी प्रकार 'केशवदास' ने भी 'वीरसिंह देव चरित' में वीरसिंह देव के लिए इसका प्रयोग किया है। परन्तु भूषण ने यह उपाधि केवल शिवाजी के लिए ही प्रयुक्त की है, अन्य किसी के लिए नहीं। उदाहरण के लिए—

"बासव से बिसरत विक्रम की कहा चलो,
विक्रम लखत बीर बखतबुलन्द के।"

शि० भू० १०६

औरंगजेब ने यह उपाधि गोंड़ राजा को सं० १७४८ वि० में दी थी। ❀

इसमें भी भूषण की वही भावना काम करती हुई प्रतीत होती है, जिसका वर्णन 'सवाई' शब्द के विषय में किया गया है। इसके प्रयोग की एक विशेषता यह भी है कि 'बखत बुलन्द' शब्द यहाँ विशेषण के रूप में नहीं रखा गया है; वरन् उपनाम की भाँति प्रयुक्त किया गया है। अतः ये दोनों शब्द 'सवाई' और 'बखत बुलन्द'—शब्द-साक्ष्य के रूप में भूषण की रचना पर अच्छा प्रकाश डालते हैं और उसके निर्माण-काल के यथार्थ स्वरूप के समझने में सहायक होते हैं।

इस प्रकार 'शिवराज—भूषण' के निर्माण-काल पर 'कर्नाटक-विजय' और 'शिवा बावनी' में वर्णित घटनाएँ, भड़ौंच पर आक्रमण, रामनगर की जीत, दिलेर खाँ और बहादुर खाँ से शिवाजी के युद्ध, रायगढ़ और सितारे के वर्णन, गोर-गुजरात आदि स्थानों पर आक्रमण निश्चित रूप से शिवाजी की मृत्यु काल के पीछे की घटनाएँ हैं। 'सवाई' तथा 'बखत बुलन्द' आदि शब्दों के प्रयोग भी ऐसे प्रमाण और साक्षी हैं जिनसे 'शिवराज भूषण' का निर्माण-काल सं० १७३० वि० कदापि नहीं माना जा सकता। वरन् वह लगभग ४३ वर्ष पीछे हट जाता है, जैसा कि 'निर्माण-काल' के दोहे से ही व्यक्त हो जाता है अतः निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि 'शिवराज भूषण' का निर्माण काल सं० १७७३ वि० ठीक और युक्ति युक्त है। इसके विरुद्ध सिद्ध करने के प्रयास मिथ्या और व्यर्थ हैं।

---

❀ नागपुर गजेटियर का 'इतिहास-खंड'

## ४—भूषण के आश्रयदाता

### आश्रयदाताओं का उल्लेख

महाकवि भूषण ने 'शिवराज भूषण' के २५० वें छन्द में अपने आश्रयदाताओं का वर्णन किया है। जिससे विदित होता है कि वे उसके निर्माण-काल तक किन-किन दरबारों में भ्रमण कर चुके थे। वह छन्द निम्नलिखित है—

"मोरँग जाहु कि जाहु कुमाऊँ,
सिरीनगरे कि कवित्त बनाये।
बान्धव जाहु कि जाहु अमेरि, कि
जोधपुरे कि चितौरहि धाये।
जाहु कुतुब्ब कि एदिल पै, कि
दिलीसहु पै किन जाहु बुलाये।
'भूषन' गाय फिरो महि में,
बनिहै चित चाह सिवाहि रिझाये॥"

कुछ सज्जनों की राय है कि इस सवैया में भूषण के आश्रयदाताओं का उल्लेख नहीं है; वरन् उन दरबारों का वर्णन है, जहाँ प्रायः कवियों का अच्छा सम्मान होता एवं उनको आश्रय दिया जाता था।

इस छन्द पर कुछ महानुभावों का यह आक्षेप भी है – "इसमें कुतुबशाह गोलकुंडा-नरेश तथा आदिलशाह बीजापुराधिपति की चर्चा है, जो उस समय तक राज्यभ्रष्ट हो चुके थे। औरंगजेब ने दोनों राज्यों को अपने साम्राज्य में मिला लिया था। अतः भूषण कवि का उन दरबारों में पहुँचना कभी संभव ही नहीं है।" इस विषय में मेरा यह निवेदन है कि महाकवि भूषण बीजापुर और गोलकुंडा-नरेशों के दरबारों में नहीं गये थे; वरन् आदिलशाही और कुतुबशाही वंशों के मुखियों के पास गये थे। जो उस समय तक शेष बच रहे थे। इस छन्द की यह विशेषता है कि भूषण ने अन्य नरेशों की राजधानियों का वर्णन किया है, जिन पर उक्त राजा अधिकृत थे। परन्तु बीजापुर और गोलकुंडा के नरेशों का उल्लेख न करके भूषण ने आदिल और कुतुब-वंश मात्र की चर्चा कर दी है। इससे भूषण की हार्दिक भावना का स्पष्ट दिग्दर्शन हो जाता है। यही भूषण की शैली का महत्व है जो उन्हें अन्य कवियों से प्रथक् कर देती है। आदिल और कुतुब्ब के साथ 'शाह' शब्द का न होना हमारे उक्त विचार को और भी पुष्ट कर देता है।

इसके साथ हो मोरंग, बीजापुर, गोलकुंडा तथा तत्कालीन दिल्ली-नरेश के यहाँ कवियों का बहुत बड़ा सम्मान होता हो, इसका भी कोई अच्छा प्रमाण नहीं मिल रहा है। इनसे भिन्न छत्रसाल पन्ना-नरेश, रावराजा बुधसिंह बूँदी-नरेश, भगवन्तराय खीची असोथर-नरेश एवं जम्बू, दतिया, ओड़छा और कोटा इत्यादि राज्यों में कवियों को उनसे कहीं अधिक सम्मान तथा आश्रय मिला हुआ था। इन नरेशों के दरबार उच्च कोटि के कवियों से भरे हुए थे। अतः मेरे विचार से यह छन्द केवल भूषण के आश्रयदाताओं की उस सूची को प्रदर्शित करता है,

जो 'शिवराज भूषण' के रचना-काल तक भूषण को आश्रय दे चुके थे। इसीलिए बूँदी नरेश बुधसिंह, पन्ना-नरेश, छत्रपति छत्रसाल असोथर-नरेश भगवन्तराय खीची तथा मैंडू नरेश अनिरुद्धसिंह का उल्लेख इस सवैया में नहीं है। क्योंकि भूषण उस समय तक इन दरबारों में नहीं पहुँच सके थे।

भूषण ने इस छन्द में—"दिलीसहु पै किन जाहु बुलाये।" कहकर दिल्ली-नरेश का स्पष्ट उल्लेख कर दिया है। जिसकी प्रशंसा का एक छन्द भी प्रचलित है।

अनुमान यह है कि दिल्ली के प्रधानामात्य 'बूँदी-नरेश, बुधसिंह द्वारा ही भूषण को बादशाह का निमंत्रण मिला था। कुमाऊँ, श्रीनगर, रीवाँ, जयपुर और दिल्ली के नरेशों की प्रशंसा में भूषण के कई-कई छन्द मिले हुए हैं। संभव है अन्य आश्रयदाताओं की प्रशंसा में भी भूषण के छन्द मिल जायँ। जिनका उन्होंने इस सवैया में वर्णन किया है। परन्तु अब तक उनका कोई छन्द प्राप्त नहीं हो सका है।

'आदिल' और 'कुतुब' के उल्लेख से यही प्रतीत होता है कि 'आदिल' और 'कुतुब' के वंशधरों में से जो बच रहे होंगे, उन्हें भी अपने राष्ट्रीय संघटन में सम्मिलित करना भूषण का उद्देश्य था। इसीलिए वे सर्वत्र उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम तक राज-दरबारों का दौरा किया करते थे। नहीं तो शाहू और दिल्ली-नरेश का सम्मान पाकर मैंडू के साधारण राजा अनिरुद्धसिंह के दरबार में जाने की भूषण को कोई आवश्यकता न थी। भूषण के इन दरबारों में जाने का कारण धन-प्राप्ति ही न था वरन् छोटे-बड़े सब राजाओं का संघटन कर राष्ट्र का निर्माण करना ही उनका प्रधान लक्ष्य था, जिससे औरंगजेब के अत्याचारों से देश और समाज की रक्षा हो सके।

भूषण की इस महत्ता का बहुत थोड़े विद्वानों ने ही अनुभव कर पाया है। वे राष्ट्र के उन्नायक तथा समाज-सुधार के प्रबल समर्थक थे। उन्हें देश की संकुचित मनोवृत्तियाँ बहुत अखर रही थीं। इसीलिए वे समाज का भी नवनिर्माण करने की इच्छा करते थे। इसके लिए प्रयत्न भी कर रहे थे। परन्तु उनका असली लक्ष्य राजनीतिक युक्ति ही था और इसी में उनको अच्छी सफलता भी प्राप्त हो सकी थी।

यहाँ पर इस बात का वर्णन करना असंगत न होगा कि इस छन्द को दृढ़ प्रमाण-कोटि में कभी नहीं माना गया। हाँ, भूषण के आश्रयदाताओं पर विचार करने के पश्चात्, इसे सहायक प्रमाण-रूप में अवश्य लिया जा सकता है। आशा है विद्वत्समाज इसपर इन्हीं भावनाओं से प्रेरित होकर विचार करने की कृपा करेगा।

## मोरंग और कुमाऊँ नरेश

इस छन्द को ध्यानपूर्वक पढ़ने तथा ऐतिहासिक तारतम्य पर विचार करने से भी यह स्पष्ट हो जाता है कि कथित दरबारों में भूषण के जाने का वही क्रम है, जो इस छन्द में वर्णित है। अर्थात् हृदयराम सुरकी से 'भूषण' की उपाधि प्राप्त कर यह महाकवि मोरंग ( बिहार )—नरेश के दरबार में पहुँचे थे। वहाँ से कुमाऊँ, श्री नगर ( गढ़वाल ), रीवाँ, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, शाह के वंशज आदिलशाह के उत्तराधिकारी तथा दिल्ली के बादशाह के दरबार में भी पहुँचे थे। इन दरबारों में भूषण के जाने का उद्देश्य वही था, जो ऊपर वर्णित है। अर्थात् विशुद्ध राष्ट्रिय संघटन। नहीं तो रीवाँ और जयपुर-नरेश जैसे महाराजाओं का जीवन भर साथ रहने पर अन्य किसी दरबार में जाने की इच्छा हो ही नहीं सकती थी। अतः निश्चित है कि भूषण का

उद्देश्य राजनीतिक और लक्ष्य राष्ट्रिय संघटन था। वे इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए आजीवन प्रयत्नशील रहे।

औरंगजेब के आक्रमणों ने मोरंग * और कुमाऊँ † के राज्यों को बरबाद कर दिया था। भूषण ने सर्वप्रथम इन्हीं स्थानों का भ्रमण किया और उन्हें शिवाजी का आदर्श बतला कर उनको नीति पर चलने का उपदेश दिया। इन राज्यों पर इसका प्रभाव भी पड़ा और आगे चलकर उसी के अनुकरण से उन्हें सफलता भी प्राप्त हुई। मोरंग राज कुछ समय तक तो सफलतापूर्वक विरोध करता रहा, परंतु आगे चलकर उसका पतन हो गया और वह मुग़लिया साम्राज्य में मिला लिया गया था। इससे स्पष्ट है कि भूषण की विचारधारा और कार्य-प्रणाली अन्य कवियों की अपेक्षा नितान्त भिन्न मार्गावलम्बिनी हो रही थी। कुमाऊँ राज्य भी औरंगजेब ने उद्योतचन्द्र से छीन लिया था। केवल शिवाजी का आदर्श ग्रहण करने से उसकी रक्षा हो सकी थी। भूषण ने इन राजाओं की प्रशंसा में कुछ छन्द भी रचे थे। कुमाऊँ-नरेश की प्रशंसा के तो कई छंद भी मिले हैं। परन्तु मोरंग-नरेश की प्रशंसा का कोई छन्द अब तक प्राप्त नहीं हुआ। कुमाऊँ-नरेश उद्योतचन्द्र के हाथियों की प्रशंसा का एक छन्द यह है।

"उलदत मद उनमद ज्यों जलधि जल,
बल हद भीमकद काहू के न आह के।

---

* 'चम्पारन गज़ेटियर और औरंगज़ेब' भाग ३, पृ० ४१।

† कुमाऊँ-नरेश ने दारा के पुत्र सुलैमान शिकोह को आश्रय दिया था, ( कुमाऊँ का इतिहास पृ० २८४ ) इसलिए औरंगज़ेब ने कुमाऊँ पर कब्जा कर लिया था। 'औरंगज़ेब', भाग ३, पृ० ४१–४२।

प्रबल प्रचण्ड गंड मंडित मधुप बृन्द,
बिंध्य से बिलन्द सिंधु सातहू के थाह के।
'भूषन' भनत झूल झंपति झपानि झुकि,
झूमत झुलत झहरात रथ डाह के।
मेघ से घमण्डित मजेजदार तेज पुञ्ज,
गुञ्जरत कुंजर कुमाऊँ-नरनाह के ॥"*

कुमाऊँ-नरेश उद्योतचन्द्र और उनके राजकुमार ज्ञानचन्द्र के दरबार में रहकर मतिराम द्वितीय ने सं० १७४७ वि० में 'अलंकार पंचाशिका' † नामक ग्रन्थ की रचना की थी। इस ग्रन्थ में उन्होंने भूषण की भाँति ही ज्ञानचन्द्र के हाथियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

"सहज सिकार खेलै पुहुमि पहार पति,
यार रह्यौ गढ़पति ढार सों लपटि के।
कहै 'मतिराम' नाद सुनत नगारन कौ,
नगन के गढ़पति गढ़ तें निकसि के।
सोहै दल वृन्द में गयन्द पर ज्ञानचन्द्र,
बखतबिलन्द ऐसी सोभा रही मढ़ि के।
मेरे जान मेघन के ऊपर अँबारी कसि,
मघवा मही को सुख लेन आयो चढ़ि के।"

इन दोनों छन्दों की तुलना करने से स्पष्ट विदित होता है कि

---

* 'भूषण ग्रन्थावली' फुटकर छन्द पृ० १२२-२३।

† 'समालोचक' भाग १।

'भूषण' की रचना 'मतिराम' की अपेक्षा अधिक ओजस्विनी और प्रभावशालिनी है। उनकी भाषा और शब्द-संघटन भी कहीं अधिक उत्तम है। उद्योतचन्द्र की प्रशंसा में भूषण-कृत एक छंद—

"पूरण पुरुष के परमदृग दोऊ जान,.................।
..............................।
...........चन्द्रमा की करक करेजे हूते कढ़ि गई।"

इसी पुस्तक के छठवें पृष्ठ पर दिया हुआ है। जिसमें पौराणिक कथा को नवीन रूप में प्रदर्शित किया गया है।

कुमाऊँ-नरेश* ने भूषण का उचित सम्मान किया था। चलते समय दस सहस्त्र मुद्रा और एक हाथी दिया था। भेंट देने के पश्चात् बातचीत के दौरान में कुमाऊँ-नरेश ने भूषण से कहा था—"आपको ऐसी भेंट अन्यत्र प्राप्त न हुई होगी।" † इसका उत्तर देते हुए भूषण ने कहा था—"आपको ऐसा त्यागी ब्राह्मण भी न मिला होगा।" इतना कहकर और उस धन को त्याग कर वे वहाँ से चल दिये! बहुत आग्रह और अनुनय-विनय करने पर उन्होंने केवल यही कहा—"मैं केवल यह जानने के लिए यहाँ आया था कि शिवाजी का यश-विस्तार इस पहाड़ी भाग में भी हुआ है, या नहीं। यहाँ पर उनकी नीति का अनुसरण और पालन किया जाता है, या नहीं।

इस स्थान पर जिस निस्पृहता का परिचय महाकवि भूषण ने दिया था, वह उन्हीं के अनुरूप था। उस समय तक भूषण को

---

* 'समालोचक,' भाग २, पृष्ठ ३४ तथा 'कुमाऊँ का इतिहास' पृ० ३०३।

† 'नागरी प्रचारिणी सभा' काशी से प्रकाशित 'भूषण-ग्रन्थावली' की भूमिका।

आर्थिक स्थिति साधारण ही थी। ऐसी दशा में उनका यह उत्सर्ग अनुपम एवं प्रशंसनीय था।

### श्रीनगर ( गढ़वाल ) नरेश फतहशाह

महाकवि भूषण के आश्रयदाता फतहशाह भी थे। कुमाऊँ से चलकर भूषण इन्हीं के दरबार में पहुँचे थे। इनकी प्रशंसा में 'फतह-प्रकाश' में भूषण के दो छन्द पाये जाते हैं। जो निम्नलिखित हैं—

"लोक ध्र व लोक हू तें ऊपर रहैगो भारो,
भानु तैं प्रभानि की निधान आनि आनैगो।
सरिता सरिस सुरसरितै करैगो साहि,
हरि तैं अधिक अधिपति ताहि मानैगो।
अरध परारध लौं गिनती गनैगो गुनि,
वेद तें प्रमान सो प्रमान कछू जानैगो।
सुयश ते भलो मुख 'भूषण' भनैगो बाढ़ि,
गढ़वार राज पर राज जो बखानैगो॥'*

इससे यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि गढ़वाल-नरेश फतहशाह के प्रति जन-साधारण का भाव अच्छा न था। परन्तु भूषण ने अपनी उक्ति और युक्ति से वह भावना दूर कर दी थी।

इस छन्द में फतहशाह की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है। साथ ही गढ़वाल को शत्रु-राज्य माननेवालों को अत्यन्त निन्दनीय कहा गया है तथा उनको यश की हानि का भय भी दिखलाया गया है। भूषण के कथन से यह भी प्रतीत होता है कि

* 'फतह प्रकाश', सर्ग ४, छन्द ५६।

गढ़वाल-नरेश ने गंगा की धारा को पहाड़ों में उचित मार्ग देकर सरल प्रवाहिनी बना दिया था।

इसी छन्द से यह ध्वनि भी निकलती है कि फतहशाह प्रबल समाज-सुधारक और राष्ट्रवादी व्यक्ति था। इसीलिए वह सर्वोत्कृष्ट माना जाने योग्य है।

दूसरा छन्द यह है—

"देवता को पति नीको पतिनी शिवा को हर,
श्रीपति न तीरथ विरथ उर आनियो।
परम धरम को है सेइबो न व्रत नेम,
भोग को सँजोग त्रिभुवन जोग जानियो।
'भूषन' कहा भगति न कनक मनि ताते,
विपति कहा वियोग सोग न बखानियो।
सम्पति कहा सनेह न गथ गाहिरो जहँ,
सुख को निरखिबोई मुकुति न मानियो॥ ❋

ऊपर के छन्द में शिवाजी की नीति और उनका प्रभाव बतलाते हुए, इन्द्र और महादेव की प्रशंसा की गई है और विष्णु तथा तीर्थादि को व्यर्थ बतलाया गया है। विपत्ति और वियोग को अविचारणीय बतलाते हुए सुख को मुक्ति न मान कर देश की स्वतंत्रता को ही यथार्थ मुक्ति कहा गया है।

इन छन्दों से स्पष्ट है कि फतहशाह के प्रति भूषण के हृदय में कितना सम्मान था। साथ ही "सम्पति कहा सनेह न गथ

❋ 'फतहप्रकाश' सर्ग ४, छन्द १६४।

गाहिरो" कहकर उन्होंने उद्योतचन्द्र की निन्दा को ओर संकेत भी कर दिया है। आगे शिवाजी की नीति के अनुसरण से फतहशाह का राज्य-विस्तार बहुत बढ़ गया था।

तदुपरान्त शिवाजी की नीति का प्रसार करते और राज्यों को संघटित करते हुए 'भूषण' बनपुर को लौट आये थे।

फतहशाह कहाँ का राजा था? इसका निर्णय करने में भी कुछ सज्जनों ने भयंकर भूल की है। 'मतिराम-ग्रंथावली' के सम्पादक महोदय ने इन्हें बुन्देलखंड-वासी बुँदेला राजा माना है ❀ और इनका समय सं० १७०० से १७१० दिया है।

ठाकुर शिवसिंह सेंगर ने अपने 'सरोज' के पृष्ठ ४८३ पर 'रतन कवि' को श्रीनगर (बुन्देलखण्ड) वासी और श्रीनगर-नरेश फतहशाह बुंदेला के आश्रित 'फतहप्रकाश' नामक ग्रन्थ का रचयिता माना है। गोविन्द गिल्ला भाई ने भी अपने 'शिवराज शतक' में 'शिवसिंह-सरोज' के आधार पर ही फतहशाह को बुंदेला लिखा है और इन्हीं के आधार पर अन्य साहित्यकारों ने भी उसे बुंदेला मान लिया है।

अनुसन्धान से ज्ञात हुआ है कि श्रीनगर-नरेश फतहशाह न तो बुंदेला था और न बुंदेलखंड का राजा ही था। यह श्रीनगर (गढ़वाल) का राजा था। जिसका समय सं० १७४१ से १७७३ वि० तक था। † वास्तव में 'रतनकवि'-कृत फतह प्रकाश श्री नगर (गढ़वाल)-नरेश फतहशाह की प्रशंसा में ही लिखा गया था। 'रतन कवि' इसी नरेश के आश्रित थे। इनके द्वारा प्रणीत 'फतह प्रकाश' शिवसिंह सेंगर के पुस्तकालय में वर्तमान

---

❀ 'मतिराम-ग्रन्थावली' की भूमिका, पृष्ठ २२३।

† 'गढ़वाल गजेटियर', पृष्ठ ११८।

है। उसमें कहीं भी फतहशाह को बुंदेला नहीं लिखा है। इसके विपरीत इस ग्रन्थ में स्पष्ट रूप से फतहशाह को श्रीनगर (गढ़वाल) का राजा लिखा हुआ है। ग्रन्थ के प्रथम उद्योत की समाप्ति पर इस प्रकार लिखा मिलता है—

"श्रीनगरवासी राजा फतहशाह मेदनीशाह आत्मजेन आज्ञप्त।"

इससे विदित होता है कि श्रीनगर-नरेश फतहशाह, मेदनीशाह का पुत्र था। 'गढ़वाल गजेटियर' में लिखा है कि मेदनीशाह सन् १६८४ ई० (सं० १७४१ वि०) में मर गया और उसका पुत्र फतहशाह श्रीनगर (गढ़वाल) का राजा हुआ। जो सं० १७७३ तक राज्य करता रहा।

'फतह-प्रकाश' के दूसरे उद्योत में अद्भुत रस का उदाहरण देते हुए 'रतन कवि' ने एक छन्द लिखा है। जिसका अन्तिम चरण यह है—

"गढ़वाल नाह फतेशाह शैलगाह तोहि,
जग माँहि जोहि ऐसे ज्ञान गुनियतु है।*

भूषण ने भी एक छन्द में फतहशाह की प्रशंसा करते हुए गढ़वाल राज्य का उल्लेख किया है। इसी छंद को 'रतन कवि' ने 'फतह-प्रकाश' ग्रंथ में उद्धृत किया है। उसका एक चरण यह है—

"सुजस ते भलो मुख 'भूषण' भनैगो बाढ़ि,
गढ़वार राज पर राज जो बखानैगो।†

---

* 'फतह-प्रकाश', उद्योतर २ छन्द ४२।

† 'फतह-प्रकाश', उद्योत ४, छन्द ५९।

ऊपर के उदाहरणों से यह सिद्ध हो जाता है कि 'रतन कवि' का आश्रयदाता गढ़वाल-नरेश फतहशाह ही था। बुन्देला फतहशाह कदापि नहीं। बुन्देलखण्ड के किसी श्रीनगर में किसी राजा फतहशाह का तो पता ही नहीं चलता। शिवसिंह सेंगर ने भी अन्य किसी 'रतन कवि' का उल्लेख नहीं किया जो फतहशाह का आश्रित तथा 'फतह-प्रकाश' का रचयिता हो। अतः यह निश्चित है कि शिवसिंह सेंगर से अनजान में यह भूल हो गई। उसी भूल को गोविन्द गिल्ला भाई तथा मिश्र-बन्धुओं ने दोहरा दिया है। संभवतः इसी ग्रंथ में उद्धृत 'धुरमंगद' के छन्द को (जिसमें पंचम का उल्लेख है) फतहशाह के लिए समझकर ही शिवसिंह सेंगर ने उन्हें बुन्देला लिख दिया है। वह छन्द यह है।

"वीर मदछक्का पै न कबहूँ उछक्का जा कौ,
धर में धरक्का जस पारावार नक्का है।
जाकौ तेज तक्का सोई लक्का सम लक्का खरे,
खानन खरक्का जाके धौंसा को धमक्का है।
बाघ ज्यों बबक्का त्योंही पंचम रबक्का जाइ,
ठौर ही ठबक्का गज याते जो दबक्का है।
सोई खांज बक्का अब लरने सों थक्का,
जब लागा रन पक्का धुरमंगद कौ धक्का है।"*

'फतह-प्रकाश' में केवल यही छन्द फतहशाह से भिन्न राजा की प्रशंसा में पाया जाता है। 'धुरमंगद' बुन्देला क्षत्रिय था।

* 'फतह-प्रकाश' उद्योत १, छन्द ४७।

शिवसिंह सेंगर ने भूल से इस छन्द को फतहशाह की प्रशंसा में समझ लिया है। 'पंचम' यहाँ कवि का नाम है। यह बुन्देलों की उपाधि भी थी। इसीलिए भ्रम से फतहशाह बुन्देला समझ लिया गया है। वास्तव में वह बुन्देला न था।

## रीवाँ-नरेश अवधूतसिंह का दरबार

महाराजा अवधूतसिंह बान्धव-नरेश सं० १७५७* वि० में गद्दी पर बैठे थे। इसके कुछ दिन पश्चात् भूषण ने रीवाँ दरबार में पदार्पण किया था। रीवाँ-राज्य के जागीरदार और चित्रकूट-पति हृदयराम से भूषण की पूर्व ही घनिष्ठता हो चुकी थी। उन्हीं के द्वारा रीवाँ की राजगद्दी के अवसर पर भूषण ने अवधूतसिंह के दरबार में प्रवेश किया था।

फिर सं० १७६८ वि० में पन्ना-नरेश छत्रसाल से युद्ध होने के अवसर पर भूषण के दर्शन होते हैं। इसके पश्चात् हृदय-राम के साथ अवधूतसिंह के विजयोत्सव में भी वे फिर दिखलाई देते हैं।

हम बतला चुके हैं कि हृदयराम सुरकी की जागीर 'तरौंहा' के नाम से विख्यात थी। यह प्रान्त चित्रकूट के निकट होने के कारण सुरकी राजा चित्रकूट-पति कहे जाते थे। पन्ना-नरेश छत्रसाल ने सं० १७६० वि०† के लगभग रीवाँ राज्य तथा चित्र-कूट पर अधिकार कर लिया था और सं० १७६४ वि० के लगभग वे चित्रकूट में थे। अतः निश्चित है कि उस समय तक रीवाँ तथा चित्रकूट दोनों राज्यों पर उनका अधिकार था।

---

* 'इम्पीरियल गजेटियर' जिल्द २१, पृष्ठ १८२ और 'रीवाँ राज्य-दर्पण' का वंशवृक्ष, पृ० १।

† 'समालोचक' भ पृ० ६१।

सं० १७६८ वि० में दिल्ली-नरेश बहादुरशाह* की सहायता, हृदयराम और अवधूतसिंह की संयुक्त शक्ति और अवधूतसिंह के मामा प्रतापगढ़-नरेश के सहयोग से अन्त में रीवाँ-नरेश ने अपना राज्य वापस पाया था। इसी के परिणाम-स्वरूप हृदयराम को चित्रकूट की बीस लाख की जागीर रीवाँ राज्य की ओर से प्रदान की गई थी। 'रीवाँ राज्य दर्पण' में इस जागीर का स्पष्ट उल्लेख है। ‡

संभव है कि महाकवि भूषण ने भी अपने उपाधिदाता के आग्रह से इस युद्ध में यथा-शक्ति सहायता प्रदान की हो। भूषण ने हृदयराम सुरकी को इस चढ़ाई के प्रस्थान-समय वीरों को शक्ति से भर देनेवाला और उनमें नवजीवन संचार करनेवाला निम्नांकित छंद सुनाया था—

"बाजि बंब चढ़ो साजि बाजी जब कलाँ भूप,
गाजी महाराज राजी 'भूषण' बखानते।
चंडी की-सहाय महि मण्डी तेजताई ऐन्ड,
छन्डी रायराजा जिन दण्डी औनि आन
मंदीभूत रवि रजबंदीभूत हठधर,
नन्दीभूत पति भौ अनन्दी अनुमान ते।
रंकीभूत दुवन करंकी भूत दिगदन्ती,
पंकीभूत समुद सुलंकी के पयान ते।

---

* 'समालोचक' भाग १, अङ्क १, पृष्ठ ६२ और 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' भाग १३, अङ्क १-२।

‡ 'रीवाँ-राज्य दर्पण' पृष्ठ ४६८

इससे हम भूषण की प्रभावशालिनी रचना का अनुमान कर सकते हैं।

रीवाँ-नरेश के विजयोपलक्ष्य में जो दरबार हुआ था, उसमें भूषण ने यह छंद पढ़ा था—

"जा दिन चढ़त दल साजि अवधूतसिंह,
ता दिन दिगन्त लौं दुवन दाटियतु है।
प्रलै कैसे धाराधर धमकै नगारा धूरि,
धारा तें समुद्रन की धारा पाटियतु है।
'भूषण' भनत भुवडोल को कहर तहाँ,
हहरत तेगा जिमि गज काटियतु है।
काँच से कचरि जात सेस के असेस फन,
कमठ की पीठि पै पिठी सी बाँटियतु है॥१॥

कैसा ओजपूर्ण कवित्त है! इसे सुनकर कायरों के हृदय में भी उमङ्ग भर जाती है। भूषण की भाषा और भाव-व्यंजना अत्यन्त ओजस्विनी और उत्साहवर्द्धक तथा उनका शब्द-विन्यास वीर-रस के नितांत अनुकूल है। उनकी वर्णन-शैली भी अत्यंत प्रभावशालिनी थी। ऊपर की कविता में वीर-रस का जैसा परिपाक हुआ है, वैसा अन्यत्र शायद ही दृष्टिगोचर हो सकेगा।

## राजपूताने का भ्रमण

बांधव दरबार से लौटने पर भूषण ने राजपूताने की यात्रा की थी। इस यात्रा का उद्देश्य राजपूत राज्यों को औरंगजेब के विरुद्ध उभाड़ना तथा उन्हें पारस्परिक सहानुभूति द्वारा

संघटित करना था। सर्वप्रथम भूषण जयपुर पहुँचे। वहाँ उन्होंने सवाई जयसिंह से भेंट की। उनके चित्त में स्वदेश-प्रेम, जात्युत्थान, मातृभूमि-उद्धार आदि भावों का उद्भावन करने के लिए उन्होंने कुछ दिन वहीं निवास किया। जयपुर-नरेश इसके पूर्व से ही राज्योद्धार में संलग्न थे। उन्होंने इनकी भावनाओं से प्रेरित होकर राजपूताने का नेतृत्व स्वीकार किया और वे राष्ट्रिय संघटन के लिए सतत उद्योगशील रहे।

भूषण ने सवाई जयसिंह के पूर्वजों तथा उनकी प्रशंसा में जो छन्द कहे हैं, उनमें से एक यहाँ उद्धृत है—

"अकबर पायो भगवन्त के तनै सों मान,
बहुरि जगतसिंह महा मरदाने सों।
'भूषण' त्यों पायो जहाँगीर महासिंह जू सों,
शाहजहाँ पायो जयसिंह जगजाने सों।
अब अवरङ्गजेब पायौ रामसिंह जू सों,
औरौ दिन-दिन कूरम के माने सों।
केते रावराजा मान पावैं पातसाहन सों,
पावैं बादसाह मान इन के घराने सों।।"

इस छन्द में भूषण ने सवाई जयसिंह के पूर्वजों* की वीरत्वपूर्ण घटनाओं और उनके द्वारा मुगल वंश की महान् सेनाओं का बड़ा ही विशद स्पष्टीकरण किया है। साथ ही रावराजा बुधसिंह से जयपुर-नरेश† की शत्रुता होने तथा औरंगज़ेब की दासता स्वीकार

---

* 'अकबर' और 'टाड राजस्थान' भाग २ पृष्ठ ७०, ३५०।

† 'टाड राजस्थान' जिल्द २, पृष्ठ ३४३।

करने के कारण उनकी निन्दा भी की गई है। इसमें हम भूषण के राजनीतिक चातुर्य, व्युत्पन्न-मतित्व एवं कार्य-कुशलता का अनुमान कर सकते हैं। महाराज मानसिंह का इसलिए भी उनके हृदय में सम्मान था कि वे हिन्दू-मुसलमान मेल के प्रबल पक्षपाती थे। सबसे प्रथम मुगल वंश से संबंध करने में वे ही अगुआ थे। साथ ही मुगल वंश को इनके आश्रित भी बतला दिया है। इसी शैली से उन्होंने राजाओं को अपनें पक्ष में कर लिया था। सवाई जयसिंह की प्रशंसा में उन्होंने यह छन्द रचा था। अवलोकन कीजिये—

"भले भाइ भासमान भासमान भान जाको,
भानत भिखारिन के भूरि भय जाल है।
भोगन को भोगी भोगी राज कैसी भाँति भुजा,
भारी भूमि भार के उबारन को ख्याल है।
भाग्र तो सभानि भूमि भामिनी को भरतार,
'भूषण' भरतखंड भरत भुआल है।
विभौ को भंडार औ भलाई को भवन भासै,
भाग भरे भाल जयसिंह भुवपाल है॥"

भूषण ने इस छंद में सवाई जयसिंह के प्रसिद्ध-प्रसिद्ध कार्यों, उनके प्रताप तथा ऐश्वर्यपूर्ण समृद्धि का बड़ा ही मार्मिक चित्र अंकित किया है।❀ वहाँ की वेधशालाओं, नगर-निर्माण, भिक्षुओं पर धन-राशि की अटूट वर्षा करना तथा रावराजा बूँदी-नरेश द्वारा दबा लिये गये जयपुर राज्य के पुनरुद्धार का उल्लेख कर भूषण ने सवाई जयसिंह की महत्ता को भली भाँति प्रदर्शित किया

❀ 'टाड राजस्थान' भाग २, पृ० ३४३-५।

है। उसकी सभाओं की शोभा आनन्द का उपभोग तथा शेषनाग से समता करनेवाली प्रबल भुजाओं का बड़ा ही विशद वर्णन है। साथ ही भरतखंड के संस्थापक शाकुन्तल भरत से उनकी तुलना कर छन्द की सार्थकता बहुत ही स्पष्ट कर दी है। कैसी प्रतिभा-सम्पन्न सार्थक रचना है! इन्हीं रचनाओं द्वारा भूषण ने राजाओं में ओज भर कर देश में राष्ट्रियता की प्रबल धारा बहा दी थी।

कुछ दिन जयपुर में निवास करने के बाद भूषण जोधपुर चले गये। तत्कालीन जोधपुर-नरेश की मनोवृत्ति भूषण के भावों के नितान्त प्रतिकूल थी। वे उस समय मुगल-राज्य की दरबार-दारी कर रहे थे। उनकी मनोवृत्ति बदलते न देख भूषण वहाँ से उदयपुर चले गये। राणा उदयपुर * ने उन्हें पूर्ण आश्वासन दिया और जयपुर-नरेश का साथ देने को प्रतिज्ञा की जिसका उन्होंने भली भाँति पालन किया।

जोधपुर नरेश के राष्ट्रिय आन्दोलन में सम्मिलित न होने के कारण उनके पिता जसवन्तसिंह की 'शिवराज-भूषण' में कड़ी भर्त्सना की गई है। भूषण उन्हें गीदड़ की पदवी तक देने में नहीं चूके हैं। यद्यपि वे भूषण के इष्टदेव शिवाजी के घनिष्ट मित्रों में थे। और उन्होंने उन्हें यथाशक्ति सहायता भी दी थी। इन सब बातों के होते हुए भी भूषण ने उनकी निन्दा कर सामयिक भावना को ही अधिक स्पष्ट कर दिया है। यथा—

"जाहिर है जग में जसवंत लियो गढ़सिंह में गीदड़ बानों।"†

इसके विपरीत राणा जयसिंह के राष्ट्रिय आन्दोलन में भाग

---

* 'टाड राजस्थान' जिल्द २, पृ० ३४४-७।

† 'भूषण ग्रन्थावली' (साहित्य सेवक कार्यालय, काशी से प्रकाशित) पृ० ११४।

लेने के कारण ही, राणावंश वालों के प्रति भूषण ने सहानुभूति दिखलाते हुए लिखा है।—

"हिन्दु बचाय बचाय यही अमरेस चँदावत लौं कोइ टूटै।'

शि० भू० २०६

इसी प्रकार 'शिवराज भूषण' के छन्द २२६ में भी उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है। यथा—

"शिव सरजा सो जंग जुरि, चन्दावत रजवंत।
राव अमर जो अमर पुर, समर रही रजतंत॥"

इन घटनाओं से हम भूषण की राष्ट्रिय भावनाओं के वास्तविक स्वरूप का अनुमान कर सकते हैं। शिवाजी भी राणा वंश के थे। इसलिए भूषण के हृदय में राणा वंश की प्रतिष्ठा और भी अधिक थी। भूषण ने राणा उदयपुर की प्रशंसा में कुछ छन्द अवश्य रचे होंगे। क्योंकि उन्होंने राणा के दरबार में जाने का स्पष्ट उल्लेख किया है। परन्तु वे छन्द अभी तक अप्राप्त हैं।

राजपूताने की यात्रा से भूषण अपनी जन्म-भूमि बनपुर को लौट आये। कुछ दिन तक वहीं रहकर तत्कालीन स्थिति का निरीक्षण करते रहे। परन्तु उन्होंने वहाँ रहना सुरक्षित न समझा इसलिए वे 'चिंतामणि' और 'मतिराम' सहित हमीरपुर-नरेश की संरक्षता में त्रिबिक्रमपुर (तिकमापुर) चले गये और तीनों वहीं अपनी-अपनी हवेलियाँ बनाकर सपरिवार रहने लगे। इन हवेलियों के भग्नावशेष उन महाकवियों की स्मृतियों को आज भी ताज़ा कर देते हैं।

## दक्षिण की यात्रा

भूषण १२-१३ वर्ष तक उत्तरी भारत में राष्ट्रियता और संघटन का कार्य करते हुए शिवाजी के आदर्श पर समाज को जाग्रत

करते रहे। अब उनका ध्यान दक्षिण की ओर आकृष्ट हुआ और वे संवत् १७७० वि० के लगभग थोड़े से अनुचरों के साथ गोलकुंडा पहुँचे। वहाँ पर उन्होंने कुतुबशाही राजकुमारों से भेंट की और उन्हें औरंगजेबी अत्याचारों का स्मरण दिलाकर मुगल वंश के विरुद्ध उत्तेजित किया।

इसके पश्चात् गोलकुंडा जा पहुँचे। वहाँ भी उन्होंने उसी नीति का अनुगमन कर आदिलशाह के वंशजों को अपने पक्ष में करने का प्रयत्न किया।

बीजापुर और गोलकुंडा दोनों शिया-राज्य थे और औरंगजेब सुन्नी था। अतः वह इन दोनों शिया-राज्यों को नष्ट-भ्रष्ट करने पर तुला हुआ था। अन्त में उन्हें समाप्त करके ही उसने दम लिया था। भूषण ने इन दोनों शिया राज्यों को भी अपने पक्ष में करके दिल्ली साम्राज्य के अन्त करने का प्रबल उद्योग किया था। दक्षिण की यात्रा में उनका एक लक्ष्य यह भी था कि इन मुसलमानी राज्यों को भी राष्ट्र-संघटन में लिया जाय।

## छत्रपति शाहू से भेंट

बीजापुर और गोलकुंडा होकर भूषण सितारा पहुँचे। सितारा-नगरी उस समय मरहठों की राजधानी थी और उन्नति के पथ पर अग्रसर हो रही थी। यहाँ पहुँचकर भूषण ने अपने अनुचरों सहित एक विशाल राजकीय मंदिर में निवास किया। उस समय शाहू महाराज शिकार खेलने गये हुए थे। शिकार से लौट कर रात के समय संयोगवश शाहू उसी मंदिर में आ पहुँचे, जिसमें भूषण टिके हुए थे। शाहू और भूषण में बातचीत होने लगी। परन्तु भूषण को यह विदित न हो सका कि यह शाहू महाराज हैं। उत्तरी भारत में बहुत काल तक रहने के कारण शाहू हिन्दी काव्य

और साहित्य के बड़े मर्मज्ञ हो गये थे। कवि का परिचय पाकर उन्होंने कविता सुनने की अभिलाषा प्रकट की। भूषण ने कुशल-समाचार के अनन्तर शिवाजी की प्रशंसा में यह छन्द सुनाया—

"इन्द्र जिमि जंभ पर बाड़व सुअंभ पर,
रावन सदंभ पर रघुकुल राज है।
पौन वारिवाह पर शंभु रतिनाह पर,
ज्यो सहस्रबाहु पर राम द्विजराज है।
दावा द्रुमदंड पर चीता मृगझुंड पर,
'भूषण' वितुंड पर जैसे मृगराज है।
तेज तम अंस पर कान्ह जिमि कंस पर,
त्यों मलेच्छ वंश पर शेर शिवराज है॥"

—शि० बा० २।

भूषण ने इस प्रकार शाहू को क्रमानुसार ५२ छंद सुनाये। उनमें से अधिकांश शिवाजी की प्रशंसा में थे। केवल पाँच छंद शाहू, हृदयराम सुरकी, बाजीराव पेशवा तथा महाराजा अवधूत-सिंह की प्रशंसा में भी सुनाये थे। इनमें से एक छंद जिसमें बाजी-राव की प्रशंसा की गई है, शाहू महाराज के शिकार खेलने के सम्बन्ध में है। इस छंद से यह भी विदित होता है कि शाहू किन जानवरों का शिकार करके लाये थे। उस समय शिकार खेलते हुए उनके साथ बाजीराव पेशवा के भी होने की ध्वनि निकलती है। वह छंद यह है—

"सारस से सूबा कर बानक से साहिजादे,
मोर से मुगल मीर धीर में धँचै नहीं।
बगुला से बंगस बलूचिए बतक ऐसे,
काबिली कुलंग याते रन मैं रचै नहीं।
'भूषण' जू खेलत सितारे में शिकार साहू,
संभा को सुअन जाते दुवन सँचै नहीं।
बाजीराव बाज की चपेटैं चंगु चहूँ ओर।
तीतर तुरुक दिल्ली भीतर बचै नहीं।
—शि० बा० ४८।

शाहू महाराज महाकवि भूषण की ओजस्विनी वाणी के प्रवाह में ऐसे निमग्न हो गये थे, कि कविता सुनने से उनकी तृप्ति ही नहीं होती थी। उन्होंने कुछ और छंद सुनने की इच्छा प्रकट की। तब भूषण बोल उठे—"अब महाराज शाहू के लिए भी कुछ बचाकर रख छोड़ें कि आपको ही सब सुना दें।" यह सुनकर छत्रपति शाहू वहाँ से चल दिये और भूषण से प्रातः काल शाहू के दरबार में पधारने के लिए कहते गये।

दूसरे दिन नियत समय पर जब सज-धज के साथ भूषण शाहू महाराज के दरबार में पहुँचे, तो वहाँ गद्दी पर रातवाले ही व्यक्ति को बैठे देखकर वे दंग रह गये। उन्हें चकित देखकर शाहू महाराज ने कहा—"मैंने कल ही निश्चय कर लिया था कि आप मुझे जितने छंद सुनावेंगे उसी के अनुसार आप को पुरस्कार दूँगा। अतः आपको ५२ गाँव, ५२ हाथी, ५२ शिरोपाव और ५२ लक्ष रुपये इत्यादि पुरस्कार में दिये जाते हैं।"

भूषण ने इस पुरस्कार से पूर्ण संतोष प्रकट किया और वे

दरबारी कवि की भाँति वहीं रहने लगे। बहुत दिन वहाँ रहकर राष्ट्रिय साहित्य का अध्ययन और विचार-विनिमय करते रहे। इस काल में ही भूषण ने 'शिवराज भूषण' नामक ग्रंथ रचा, तथा फुटकर रचनाएँ भी करते रहे थे।

## बाजीराव से भेंट

शाहू महाराज के दरबार में रहते हुए, भूषण की पेशवा बाजीराव से भी घनिष्टता हो गई थी। भूषण ने उनकी प्रशंसा में कई छंद सुनाये थे। ये छंद शाहू और बाजीराव की संयुक्त प्रशंसा के रूप में ही रचे गये थे। यह बात 'शिवा बावनी' के छंद नं० ४८, ४९ से प्रमाणित हो जाती है। छंद नं० ४९ निम्न-लिखित है—

"बलखबखारे मुलतान लौं हहर पारैं,
काबुल पुकारै कोऊ धरत न सार है।
रूम रूँदि डारै खुरासान खूँदि मारै,
खाक खादर लौं झारै ऐसी साहू की बहार है।
मक्खर लौं भक्खर लौं मक्कर लौं चले जात,
टक्कर लेवैया कोऊ वार है न पार है।
'भूषन' सिरोंज लौं परावने परत फेरि,
दिल्ली पर परत परंदन की छार है।"

इसी प्रकार 'शिवा बावनी' के छन्द नं० १५ का वर्णन शिवाजी के नाम पर होते हुए भी वह वास्तव में शाहू और बाजी-राव से ही सम्बन्ध रखता है। क्योंकि ये घटनाएँ उन्हीं दोनों महानुभावों के समय में घटित हुई थीं।

"मालवा उज्जैन भनि 'भूषन' भेलास ऐन,
सहर सिरोंज लौं परावने परत हैं।
गोंडवानो तिलगानो फिरगानो करनाट,
रुहिलानो रुहिलन हिए हहरत हैं।
साहि के सपूत सिवराज तेरी धाक सुनि,
गढ़पति वीर तेऊ धीर न धरत हैं।
बीजापुर गोलकुण्डा आगरा दिल्ली के कोट,
बाजे-बाजे रोज दरवाजे उघरत हैं॥"

इन छन्दों में वर्णित सिरोंज की छावनी बाजीराव के ही नायकत्व में पड़ी थी। कुछ अन्य घटनाएँ भी शाहू के समय से सम्बन्धित हैं, जो शिवाजी के जीवन से सम्बन्ध रखती हुई बतलाई गई हैं। इसका मुख्य कारण यही है कि भूषण की दृष्टि में मरहठों का अभ्युदय एवं उत्कर्ष शिवाजी के प्रताप के कारण हुआ था। ऐतिहासिक तथ्य भी इसी भावना को दृढ़ करता है। यही कारण है कि भूषण ने शाहू के समय की घटनाओं को भी शिवाजी से सम्बन्धित कर दिया है। 'शिवराज भूषण' के छन्द नं० २५० में भूषण ने "दिलीसहु पै किन जाहु बुलाये" कहकर यह दिखला दिया है कि 'शिवराज भूषण' की रचना करते हुए भी दिल्ली-नरेश का निमंत्रण मंत्री-द्वारा प्राप्त हो चुका था। इसके कुछ दिन पीछे ही वे दिल्ली की ओर चल पड़े थे। उस समय बूँदी-नरेश बुधसिंह दिल्ली-नरेश के दीवान थे। उन्हीं के द्वारा ये दरबार में उपस्थित हुए और बादशाह जहाँदारशाह की प्रशंसा में यह छन्द सुनाया।

"डंका के दिये तें दल डम्बर उमंड्यो,
उडमंड्यौ उडुमंडल लौं खुर की गरद है।
जहाँदरशाह बहादुर के चढ़त पैंड़,
पैंड़ पै मढ़त मारू राग चम्ब नद है।
'भूषन' भनत घने घुम्मत हरौल वारे,
क़िम्मत अमोल बहु हिम्मत दुरद है।
हद्दन छपद्द महिमद्द फरनद्द होत,
कद्द न भनद्द से जलद्द हल दद्द है।"*

'शिवराज भूषण' के छंद नं० २५० में बूँदी-नरेश का उल्लेख नहीं है। इससे स्पष्ट है कि उस समय तक भूषण बूँदी-नरेश (जो जहाँदारशाह के मंत्री थे) के दरबार में नहीं पहुँचे थे। वे सितारा से लौटकर दिल्ली गये थे। तभी दिल्ली और बूँदी-नरेश से मिले थे।

दो-एक सज्जनों ने उपर्युक्त छन्द औरंगज़ेब के बड़े भाई "दाराशाह" की प्रशंसा में रचा हुआ बतलाया है। इसका कारण यह बतलाया जाता है कि 'नवीन'-कृत 'प्रबोध-रस-सुधा-सर' में 'जहाँदारशाह' के स्थान में "जहाँदाराशाह" पाठ मिलता है। उक्त ग्रंथ मेरा देखा हुआ है। उसमें "जहाँदारा शाह" पाठ अवश्य है, परंतु इसमें मुझे लेखक की भूल प्रतीत होती है। लिपिकर्ता की भूल मानने के निम्नलिखित कारण हैं।

(१) दाराशाह दिल्ली का बादशाह कभी नहीं रहा, परंतु भूषण ने 'शिवराज भूषण' के छंद नं० २५० में "दिलीसहु पै किन जाहु बुलाये" कहकर जहाँदारशाह द्वारा बुलाये जाने का उल्लेख किया है।

* 'भूषण ग्रन्थावली' फुटकर छंद, पृष्ठ १२४।

(२) इस छंद में 'जहाँ' शब्द नाम के अंश रूप में साभिप्राय होकर व्यवहृत हुआ है। यदि जहाँ शब्द क्रिया-विशेषण के रूप में होता, तो वह वहाँ शब्द की अपेक्षा रखनेवाला होना चाहिए था। यथा—

"जहाँ जाय भूखा, तहाँ परै सूखा।"

तथा—

"जहँ-जहँ जाइँ कुवँर वर दोऊ,
तहँ-तहँ चितव चकित सब कोऊ।"

इससे स्पष्ट होता है कि यह 'जहाँ' शब्द नामवाचक रूप में ही प्रयुक्त हुआ है।

(३) कुछ महानुभाव इस 'जहाँ' शब्द को भरती का शब्द कहते हैं। परन्तु ऐसा कहते समय वे यह भूल जाते हैं कि भूषण की रचना में भरती के शब्द नहीं रहते। उनकी रचना बड़ी ओजस्विनी तथा सार्थक होती है।

(४) 'जहाँ दाराशाह' में हाँ, दा, रा, और शा—ये चार अक्षर दीर्घ रूप में आये हैं। मनहरण दण्डक में चार दीर्घ अक्षर एक साथ आने से प्रवाह में बाधा पड़ती है और उच्चारण सुगमतापूर्वक नहीं होता। इस प्रकार दण्डक-पद्धति के अनुसार इसमें 'जहाँदारशाह' ही होना चाहिए। चार दीर्घ मात्राओं का प्रयोग कवित्त में दोष भी माना जाता है। अतः यह शब्द 'जहाँदारशाह' ही है।

(५) भूषण के सब आश्रयदाता 'दारा शाह' के बहुत पीछे हुए हैं। उनका एक भी आश्रयदाता दारा का समकालीन न था।

अतः यह निश्चित है कि भूषण ने उक्त छन्द दिल्ली-नरेश जहाँदारशाह की प्रशंसा में ही रचा था। मुगल इतिहास में उसका

समय सं० १७६६ वि० ❀ निर्विवाद है। जहाँदारशाह हिन्दुओं के साथ पूर्ण सहानुभूति रखता था। दिल्ली का राज्य उसको हिंदुओं की सहायता से ही मिला था। उसका प्रधान मंत्री राव-राजा बुधसिंह भी हिंदू ही था। अतः हस्त-लिखित 'प्रबोध रस-सुधासर' (जो भरतपुर पुस्तकालय में सुरक्षित है) में वर्णित 'जहाँदारशाह' दिल्ली का बादशाह 'जहाँदारशाह' ही है। उसी की प्रशंसा में भूषण ने उक्त छन्द कहा था।

## बूँदी-नरेश बुधसिंह

भूषण जिस समय 'शिवराज भूषण' की रचना कर रहे थे, उसी समय उन्हें दिल्लीपति जहाँदारशाह का निमंत्रण रावराजा बुधसिंह द्वारा मिला था। भूषण ने उस समय दो छंद बूंदी-नरेश † की प्रशंसा में भी कहे थे। वे ये हैं—

"जुद्ध को चढ़त दल बुद्ध को जसत तब,
लंक लौं अतंकन के पतरे पतारे से।
'भूषण' भनत भारे घूमत गयंद कारे,
बाजत नगारे जात अरि उर छारे से।
धँसि कैं धरा के गाढ़े कोल के कड़ाके डाढ़े,
आवत तरारे दिगपालन तमारे से।

---

❀ 'माधुरी' आषाढ़, संवत् १९८१ और 'इलियट की हिस्ट्री' जिल्द ७ पृ० ४६२ और 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' भाग ६, अङ्क १।

† 'टाड राजस्थान' भाग १ पृ० ३९०-३६४।

बुधसिंह का समय १७६५ वि० से १७६८ वि० तक माना जाता है।

फेन से फनीस फन फूटि विष छूटि जात,
उछरि उछरि सिंधु पुरवे फुआरे से ॥१॥
रहत अछक पै मिटै न धक पीवन की,
निपट जुनागी उर काहू तें डरै नहीं।
भोजन बनावै नित चोखे खानखानन के,
श्रोनित पचावै तऊ उदर भरै नहीं।
उगलत आसौ तऊ सुकल समर बीच,
राजै राव बुद्ध कर विमुख परै नहीं।
तेग या तिहारी मतवारी है अछक तौलौं,
जौ लौं गजराजन की गजक करै नहीं ॥२॥

इन छंदों से स्पष्ट है कि उस समय दिल्ली के मुसलमान सरदारों से रावराजा का विरोध चल रहा था, तथापि बादशाह रावराजा जी के पक्ष में था।

रावराजा जी बड़े कविता-प्रेमी थे और कवियों का उचित मान करते थे। उनका दरबार कवियों से भरा रहता था। अनेक कवियों ने उनका प्रशंसात्मक वर्णन किया है।

## मैंडू-नरेश राजा अनिरुद्धसिंह

दिल्ली से लौटते हुए भूषण मैंडू ( जिला अलीगढ़ ) के राजा अनिरुद्धसिंह ❀ से मिले थे। वहाँ भी उनका बहुत सम्मान हुआ था। उन्होंने अनिरुद्धसिंह की प्रशंसा में निम्नलिखित छंद सुनाया था।—

❀ अनिरुद्धसिंह शीर्षक लेख, 'माधुरी' चैत्र सं० १९९० ।

"पौरच नरेश अमरेस जू के अनिरुद्ध,
तेरे जस सुने ते सुहात श्रौन सीतलै।
चन्दन सी चाँदनी सी चादरैं सी चहुँदिसि,
पथ पर फैलती हैं परम पुनीत लै।
'भूषन' बखानी कवि मुखन प्रमानी सो तौ,
बानी जू के बाहन हरख हंस ही तलै।
सरद के घन की घटान सी घुमंडती हैं,
मैंडू ते उमंडतो हैं मंडती महीतलै॥"❀

पौरच-नरेश से भूषण की भेंट का उल्लेख वहाँ के दरबारी कवि जयजयराम ने अपने काव्य 'कृष्ण जन्म खण्ड' में इस प्रकार किया है—

"भूषनादि कवि आइ कैं, पायो बहु सनमान।
जस बरनन जिनको कियौ, बहु कवि जान जहान॥"

यह ग्रंथ सं० १८६७ वि० में रचा गया था। राजा अनिरुद्ध-सिंह की मृत्यु सं० १८७० वि० के लगभग अनुमान की जाती है। † इससे भूषण के सम्बन्ध में निम्नलिखित बातें ज्ञात होती हैं।—

( १ ) छत्रपति शाहू, जयपुर के महाराज सवाई जयसिंह तथा दिल्ली के बादशाह जहाँदारशाह के यहाँ सम्मान पाने पर भी वे छोटे-छोटे जागीरदारों के यहाँ जाने में संकोच न करते थे।

---

❀ 'भूषण ग्रन्थावली' फुटकर छन्द ३८ पृष्ठ १२२।

† 'माधुरी' वर्ष ११, खण्ड २, संख्या ३, पृ० ३२८-३३०।

( २ ) राष्ट्रिय सङ्गठन के लिए वे छोटे-बड़े सभी दरबारों में बराबर आते-जाते रहते थे। वे सब भूषण को अपने दरबार में बुलाने के लिए उत्सुक रहते थे।

( ३ ) राजा अनिरुद्धसिंह के दरबारी कवि भूषण के संसार से चले जाने के १०० वर्ष पश्चात् भी उनकी महत्ता का अनुमान कर बड़े गौरव के साथ अपने काव्य में उनका उल्लेख किया करते थे।

## असोथर-नरेश भगवन्तराय खीची

भूषण सं० १७७० वि० के लगभग असोथर-नरेश भगवंतराय खीची* के दरबार में पहुँचे थे। शिवाजी की नीति पर चलकर ही खीची ने अपने बाहु-बल द्वारा एक छोटी सी जागीर से एक बृहत् राज्य की स्थापना कर ली थी। इनके विषय में प्रसिद्ध है कि इन्होंने ४८ युद्धों में विजय प्राप्त की थी। मध्य देश ( युक्तप्रांत ) में उस समय इनकी वीरता की धाक जमी हुई थी। इन्होंने कोड़ा-जहानाबाद के मुसलमान सूबेदार को मारकर उसकी लड़की से अपने पुत्र रूपसिंह का विवाह कर दिया था। भूषण के हृदय में खीची के प्रति अत्यधिक आदर और प्रेम था। वे उनके दरबार में बहुधा आया-जाया करते तथा समय-समय पर सलाह-मशविरा किया करते थे। भूषण की समाज-सुधारक राजनीतिक योजना को असली रूप देने में खीची भी सदैव अग्रसर रहता था। अतः भूषण और खीची में स्वाभाविक स्नेह-बंधन हो गया था। खीची के निधन † पर भूषण

---

* 'भगवन्तराय रासा' पृ० १ और 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका', भाग ५ अङ्क १।

† 'डिस्ट्रिक्ट गजेटियर' यू० पी० जिला फतहपुर, के पृष्ठ १५७ पर भगवन्तराय खीची की मृत्यु सं० १८०२ वि० ( सन् १७४५ ) लिखी है, जो अशुद्ध प्रतीत होती है।

ने जो छंद कहे हैं, उनसे हम उन की हार्दिक भावना का अनुमान कर सकते हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो उनके एक-एक शब्द से मार्मिक वेदना फूटी पड़ती हो। यथा—

"उठि गयो आलम सों रुजुक सिपाहिन कौ,
उठिगौ बँधैया सबै बीरता के बाने को।
'भूषन' भनत उठि गयो है धरा ते धर्म,
उठिगौ सिंगार सबै राजा राव राने को।
उठिगौ सुकवि सील उठिगौ जसीलौ डील,
फैलो मध्य देश में समूह तुरकाने को।
फूटे भाल भिक्षुक के जूझे भगवन्तराय,
अरराय टूट्यो कुल खंभ हिन्दुआने को ❀
शुन्डन समेत काटि विहद मतंगन कौं,
रुधिर सों रङ्ग रणमंडल में भरिगौ।
'भूषन' भनत तहाँ भूप भगवन्तराय,
पारथ समान महाभारत सौ करिगो।
मारे देखि मुगल तुराबखान ताही समै,
काहू नाहिं जानी मानो नट सौ उचरिगो।
बाजीगर कैसी दगाबाजी करि बाजी चढ़ि,
हाथोहाथा हाथी तैं सहादति उतरिगौ ॥ †

---

❀ यह छन्द मुझे राजा साहब भिनगा के पुस्तकालय से प्राप्त हुआ था।

† यह छन्द मुझे नरहरि महापात्र के वंशज श्री 'लाल' कवि के संग्रह से मिला था।

इन छंदों से हम खीची की भावना का कुछ परिचय पा सकते हैं। इनमें राष्ट्रियता का स्वरूप भी प्रत्यक्ष हो जाता है। संभव है भूषण ने भगवंतराय खीची की प्रशंसा में कुछ छंद और भी कहे हों, परंतु वे अभी तक अप्राप्त हैं।

'समालोचक'-सम्पादक पं० कृष्णबिहारी मिश्र ने कल्पना के आधार तथा पोलियोग्राफी का सहारा लेकर दूसरे छंद को भूधर-कृत बतलाया है। उनका अनुमान है कि किसी लेखक ने लिपि-दोष के कारण इसे 'भूधर' के स्थान पर 'भूषण' पढ़ लिया होगा। उनके विचार में इसकी भाषा 'भूधर' से मिलती हुई है। उन्होंने पहले छंद को भी भूधर-रचित ही माना था और मिलान के लिए एक छंद भी उद्धृत किया था।❀ किंतु बाद में दूसरे छंद के सम्बंध में उन्होंने अपना मत बदल दिया। 'समालोचक' के दूसरे अंक में इस छंद को 'सारंग' कविकृत बतलाया है। आपका कथन है कि "सारंग" कवि भवानीसिंह खीची के आश्रित थे और उक्त छंद की रचना भगवंतराय के लिए नहीं, बल्कि उनके भतीजे भवानीसिंह के लिए हुई थी। आगे चलकर वे लिखते हैं—आज से ८० वर्ष पूर्व जिस 'शिवसिंह सरोज' की रचना हुई थी, उसके पृष्ठ ४६१ पर 'सारंग' कवि के लिए लिखा है "ये कवि राजा भवानी सिंह खीची, ( भगवंतराय के भतीजे ) के पास असोथर में रहा करते थे।" पृष्ठ ३२७-८ में विवादास्पद छंद भी दिया है, जो इस प्रकार है—

**"तंगन समेत काटि बिहित मतंगन सौं,**
**रुधिर सों रंग रण-मण्डल में भरिगो।**

---

❀ 'समालोचक' भाग १, अंक १ और २।

'सारंग' सुकवि भनै भूपति भवानीसिंह,
पारथ समान महाभारत सौ करिगौ।
मारे देखि मुगल तुराबखान ताही समै,
काहू अस जानी कोहू नट सौ उचरिगौ।
बाजीगर कैसी दगाबाजी करि बाजी चढ़ि,
हाथोहाथा हाथी तैं सहादति उतरिगौ।।"

इसके अतिरिक्त यह छन्द 'हरिश्चन्द्र कला' के सं० १९४८ में प्रकाशित संस्करण के पृष्ठ ११२ पर भी 'सारंग' के नाम से मिला है। इससे सिद्ध होता है कि यह छंद सारंग कवि का ही है भूषण का नहीं।

अब हमें इस बात पर विचार करना है कि ये दोनों छन्द भूषण कृत हैं अथवा 'भूधर' और 'सारंग'-कृत। इसी प्रकार इस बात पर भी विचार करना आवश्यक है कि ये छन्द भगवन्तराय खीची की प्रशंसा में लिखे गये थे अथवा उनके भतीजे भवानीसिंह की प्रशंसा में।

इन बातों की जाँच छंद में आये हुए ऐतिहासिक व्यक्तियों की विवेचना से सहज ही में हो सकती है। दूसरे छन्द में दो मुसलमान व्यक्तियों के नाम प्रसंगवश आये हैं। युद्ध में तुराबख़ाँ के मारे जाने पर सहादत ख़ाँ किस फुर्ती से हाथी से उतर कर घोड़े पर सवार हो गया। इसी का वर्णन अंतिम चार पंक्तियों में है।

'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' भाग ५ अंक १ में एक लेख 'भगवन्तराय रासा' पर निकला है। इस ग्रन्थ की रचना भगवन्तराय खीची के दरबारी कवि 'सदानंद' ने की थी और उसका निर्माण-काल खीची की मृत्यु के कुछ ही दिन पीछे का है।

'पत्रिका' के पृष्ठ १११ पर लिखा है—"जब मोहम्मदशाह बादशाह ने अवध के नवाब बुर्हानुल मुल्क ( सहादत खां ) को इस परगने का अधिकार दे दिया, तब वह ससैन्य शांति-स्थापन के लिए आया। भगवन्तसिंह यह समाचार सुनकर तीस सहस्र सवारों के साथ गाजीपुर ( फतहपुर ) के दुर्ग से निकल कर नवाब की सेना के सामने जा डटे। नवाब के आक्रमण से कुछ क्षति उठाकर, उसका रुख बचाते हुए वे अबूतुराब खां के अधीनस्थ हरावल पर टूट पड़े। उस अफसर को मारकर तथा हरावल को छिन्न-भिन्न कर भगवन्तराय नवाब की शरीर-रक्षक सेना पर जा पड़े।"

उसी 'पत्रिका' के पृष्ठ ११४ के फुटनोट में लिखा है—सहादत खाँ ( अवध के प्रथम नवाब बुर्हानुल्मुल्क 'सआदत खाँ' का नाम 'सहादति खान' सादति खाँ आदि भी रखा गया है। )

यह तो हुआ मुसलमानी तवारीख का ऐतिहासिक वर्णन अब रासे में भी देखिये सदानंद कवि क्या लिखते हैं।—

"साह मोहम्मद छत्रपति, दान कृपान जहान।
सूबा कीन्हौं अवध कौ, विदित सहादति खान॥

और—

"चलि फौज सादति खान की गढ़ छोड़ि कै गरबी भगे।
भजि जात दिग्गज डोल परवत सार सों अहि यों जगे।"
"तब जाइ कैं तहहीं जुरे जहँ खेत बैरिन कौं रुचै।
उततैं चल्यौ भगवन्त जू रन आजु तो हमसौं सचै।"

तथा—

"चमकै छटा सी ज्यों घटा सौं दल फारि देत,
केतिन कटाकै भर जुत्थन सुभाइ कैं।
भूप भगवन्त की कृपान यों करति खेत,
खंडै खल शीस भुज समर चुनाइ कैं।
ज्योति सी जगी है अनुराग सौं रँगी है, बज्र
चाल सों पगी है गति अदभुत पाइ कैं।
आरत को छाँड़ते विचार तब मानी मूढ़,
मोगल सँघारति तुराबखान खाइ कैं।"

इन छन्दों से भी सिद्ध होता है कि तुराब ख़ाँ को, (जिसे मुसलमानी इतिहासों में अबूतुराब ख़ाँ लिखा गया है) भगवन्तराय खीची ने मार डाला था। फिर सहादत ख़ाँ पर धावा बोल दिया था। सहादत ख़ाँ अवध का नवाब था। वह सेना लेकर भगवन्तराय खीची पर चढ़ आया था।

ऊपर के छन्द में भगवन्तराय खीची का ही नाम मिलता है, भवानीसिंह का नहीं। वास्तव में सहादत ख़ाँ तथा तुराबख़ाँ का युद्ध भगवन्तराय खीची के ही साथ हुआ था, भवानीसिंह के साथ नहीं। ये तो भगवन्तराय खीची के मारे जाने पर सआदत ख़ाँ द्वारा असोथर की गद्दी पर बैठाये गये थे। अवध के इतिहास में उक्त युद्ध भगवन्तराय खीची तथा सआदत ख़ाँ के बीच हुआ बतलाया गया है। अतः निश्चित है कि किसी कवि ने इस छन्द को 'सारंग' के नाम पर रखकर भवानीसिंह के लिए लिख दिया है। परंतु ऐतिहासिकता के एक ही धक्के ने इस सारी बनावटी इमारत को भूमिसात् कर दिया।

इससे स्पष्ट है कि कल्पित भावनाएँ किस प्रकार सत्य के सामने छिन्न-भिन्न हो जाती हैं।

वास्तव में इस युद्ध का न तो भवानीसिंह से कोई सम्बन्ध था और न वे दोनों छन्द 'भूधर' तथा 'सारंग' कृत ही हैं। इसके विपरीत निश्चित रूप से वे दोनों छन्द भूषण-कृत ही हैं।

## छत्रपति छत्रसाल की सहायता

महाराज छत्रसाल बुंदेला ने शिवाजी की शिक्षा मानकर स्वराज्य की स्थापना की थी। अनवरत युद्ध करते हुए उन्होंने एक छोटी सी जागीर से अपना राज्य बहुत विस्तृत कर लिया था। सं० १७८० वि० के लगभग मोहम्मद खाँ बंगस ने उक्त पन्ना-नरेश छत्रपति छत्रसाल पर बड़े वेग से आक्रमण कर दिया। महाराजा छत्रसाल उस समय बहुत वृद्ध हो गये थे। उनके पुत्रों में कोई भी सुयोग्य सेनापति न था, अतः वे इस आक्रमण को न सम्हाल सके। उन्होंने उस समय भूषण को बुलाया और उनसे परामर्श करके उन्हीं को बाजीराव पेशवा के पास सहायतार्थ भेजा। भूषण ने छत्रसाल की ओर से पेशवा से यह प्रार्थना की थी—

"जो गति ग्राह-गजेन्द्र की, सो गति मेरी आज।
बाजी जात बुँदेल की, राखो बाजी लाज॥"

अन्त में भूषण ने महाराज शाहू और बाजीराव पेशवा को सहायता देने के लिए राजी कर लिया। मरहठों की एक मँजी-मँजाई सेना लेकर पेशवा ने उत्तरी भारत की ओर प्रस्थान किया। इस चढ़ाई के अवसर पर भूषण ने छत्रपति शाहू और बाजीराव पेशवा की प्रशंसा में यह छन्द सुनाया था—

"साजि दल सहज सितारा महाराज चलैं,
बाजत नगारा पड़ैं धाराधर साथ से।
राव उमराव राना देश-देश पति भागे,
तजि-तजि गढ़न गढ़ोई दसमाथ से।
पैग पैग होत भारी डावाँडोल भुवि गोल,
पैग पैग होत दिग्ग मैंगल अनाथ के।
उलटत पलटत गिरत झुकत उझकत
शैषफन वेद-पाठिन के हाथ से॥"

इसी दौरान में भूषण ने बाजीराव पेशवा के छोटे भाई चिमना जी ( चिन्तामणि ) से भेंट की थी और उनकी प्रशंसा में निम्नलिखित छंद सुनाया था—

"सक्र जिमि सैल पर अर्क तम फैल पर,
बिघन की रैल पर लम्बोदर लेखिए।
राम दसकंध पर भीम जरासंध पर,
भूषण ज्यों सिंधु पर कुंभज बिसेखिए।
हर ज्यों अनंग पर गरुड़ भुजंग पर,
कौरव के अंग पर पारथ ज्यों पेखिए।
बाज ज्यों बिहंग पर सिंह ज्यों मतंग पर,
म्लेच्छ चतुरंग पर 'चिन्तामणि' देखिए।

शि० भू० १२०।

## बँगस-युद्ध

मरहठी सेना ने उत्तरी भारत में आकर झाँसी में डेरे डाले। फिर व्यूह की रचना कर एक ओर से मरहठों ने और दूसरी ओर से बुँदेलों ने मोहम्मद खाँ बंगस पर हल्ला बोल दिया। बंगस घबड़ा कर मैदान छोड़ भागा और विजयश्री बाजीराव पेशवा के हाथ लगी।

भूषण ने बंगस विजय के पश्चात् बाजीराव पेशवा से भेंट की और उनकी प्रशंसा में यह छंद सुनाया—

"बाजे-बाजे राजे से निवाजे हैं नजरि करि,
बाजे-बाजे राजे काढ़ि काटे असिमत्ता सों।
बाँके-बाँके सूबा नाल बंदी दै सलाह करैं,
बाँके-बाँके सूबा करे एक-एक लत्ता सों।
गाढ़े-गाढ़े गढ़पति काढ़े राम द्वार दै-दै,
गाढ़े-गाढ़े गढ़पति आने तरे कत्ता सों।
बाजीराव गाजी ने उबारयो आइ छत्रसाल,
आमिल बिठायो बल करिकैं चकत्ता सों॥"

शि० भू०, फुटकर छन्द ४१।

युद्ध-समाप्ति के अनन्तर महाराज छत्रसाल ने भूषण की सलाह से अपनी मुसलमान वेश्या से उत्पन्न कन्या मस्तानी का विवाह बाजीराव पेशवा से कर दिया। मस्तानी के विषय में प्रसिद्ध है कि वह एक वीराङ्गना थी। उसकी सुन्दरता की प्रशंसा उस समय सारे भारतवर्ष में फैली हुई थी। शरीर की गठन सुडौल और रूप-लावण्य में अद्वितीय थी। वह शस्त्र-चालन, गान-विद्या एवं

चित्रकला आदि गुणों में भी बड़ी दक्ष थी। उसका स्वभाव सरल और वाणी मधुर थी। वह अत्यन्त व्यवहार-कुशला थी। पेशवा ने ऐसे रमणी-रत्न को पाकर अपने को कृत-कृत्य समझा। वह बहुधा पेशवा के साथ युद्धों में भी जाती और उन्हें सैन्य संचालन में सहायता देती थी। तथापि महाराष्ट्र ब्राह्मणों ने इस विवाह को घृणा की दृष्टि से देखा और समाज से निषिद्ध ठहराया। इसका परिणाम यह हुआ है कि उसकी सन्तान मुसलमान होकर ही निर्वाह कर सकी।

इसके पश्चात् पेशवा बाजीराव को पूना के लिए विदा करके भूषण अपने निवास-स्थान तिकमापुर लौट गये।

इससे स्पष्ट है कि भूषण जन्म भर राष्ट्रोद्धार करते तथा देश और समाज में राष्ट्रिय भाव फैलाते रहे। वे इस हेतु से समय-समय पर सितारा, पूना, पन्ना, जयपुर, असोथर और रीवां आदि दरबारों में बराबर आते-जाते रहे।

## महाराजा छत्रसाल से भेंट

महाराजा छत्रसाल ने भूषण के उपाधिदाता और आश्रय-दाता चित्रकूटपति हृदयराम सुरकी तथा रीवाँ-नरेश अवधूत-सिंह का राज्य छीनकर अपने अधिकार में कर लिया था। इससे भूषण उनसे अत्यन्त असंतुष्ट थे। यही कारण था कि वे बुंदेल-खंड-वासी होते हुए भी कभी बुंदेला छत्रसाल पन्ना-नरेश से न मिले थे। परन्तु छत्रसाल पर आपत्ति आते ही वे उनकी सहायता के लिए तुरंत दौड़ पड़े थे और उन्होंने बाजीराव पेशवा से सहायता दिलवा कर बुंदेलखंड को अत्याचारी शत्रुओं से सुरक्षित करवा दिया था। भारतीय इतिहास में उनकी राष्ट्रिय

भावना, उत्कृष्ट राजनीति एवं उदारता के व्यवहार का उदाहरण मिलना कठिन है।

छत्रसाल के हृदय पर भूषण की इस उदारता और राजनीति का गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने भूषण को अपने-दरबार में बुलाया। भूषण ठाट-बाट से अपने नाती को लेकर पन्ना पहुँचे। सूचना मिलने पर महाराजा छत्रसाल स्वयं पेशवाई के लिए चल दिये। भूषण पालकी पर सवार थे। उनका नाती घोड़े पर सवार पालकी के आगे-आगे चल रहा था। अन्य कई कवि, घुड़सवार, नौकर-चाकर आदि साथ-साथ जा रहे थे। पास पहुँचते ही महाराजा छत्रसाल हाथी से उतर पड़े। उन्होंने भूषण के नाती को हाथी पर सवार करा दिया और स्वयं पालकी के एक कहार को हटा कर उसकी जगह लग गये। ज्योंही यह वृत्तांत भूषण को ज्ञात हुआ, वे तुरंत पालकी से कूद पड़े और 'बस-बस' कहते हुए महाराजा छत्रसाल की प्रशंसा में यह छन्द सुनाया—

"नाती को हाथी दियो, जा पै ढुरकत ढाल।
साहू के जस-कलस पै, धुज बाँधी छत्रसाल॥

राजत अखंड तेज छाजत सुजस बड़ो,
गाजत गयन्द दिग्गजन हिय साल को।

जाहि के प्रताप सों मलीन आफताब होत,
ताप तजि दुर्जन करत बहु ख्याल को।

साजि-साजि गज तुरी पैदरि कतार दीन्हें,
'भूषन' भनत ऐसो दीन-प्रतिपाल को?

और राव-राजा एक मन में न ल्याऊँ अब,
साहू को सराहौं कै सराहौं छत्रसाल को ?

इस प्रकार उन्होंने क्रमशः दस-ग्यारह कवित्त सुनाये। फिर दोनो गले मिले। पन्ना दरबार में भूषण बहुत दिन तक रहे। इस प्रकार इनका पारस्परिक समागम आनंद का अनुभव करता रहा। इन छंदों की रचना अत्यंत ओजपूर्ण एवं वीर रस से आप्लावित है। इस कोटि के छंद अन्यत्र तो मिलेंगे ही नहीं, ये भूषण की चोटी के छन्दो में हैं। भूषण की महानुभावता ही उनको इतना आदर और अतुलनीय ऐश्वर्य देने में सफल हुई थी। छत्रसाल के यहाँ भूषण को जैसा सम्मान मिला था, वैसा संभवतः संसार के किसी कवि को कहीं नसीब नहीं हुआ। और वह उनकी उदारता एवं योग्यता का पुरस्कार था।

## आश्रयदाताओं की सूची

यहाँ पर भूषण के आश्रयदाताओं की तालिका उनके राज्य-काल सहित दी जाती है। इससे भूषण का समय समझने में सुगमता होगी।

१—चित्रकूटपति हृदयराम सुरकी, सं० १७५० विक्रमी के लग-भग।*

२—कुमाऊँ नरेश उद्योतचंद्र, सं० १७३१ से १७५५ वि० तक।†

३ श्रीनगर-नरेश फतहशाह, १७४१ वि० से १७७३ वि० तक।‡

---

* 'सुधा' वर्ष ३, खंड १ संख्या ५, पृ० ५३२।

† 'कुमाऊँ का इतिहास' पृ० २६६।

‡ 'गढ़वाल-गजेटियर' पृ० १८८–८६।

४—रीवाँ-नरेश, अवधूतसिंह, सं० १७५७ वि० से १८१२ वि० तक।*

५—जयपुर-नरेश सवाई जयसिंह, सं० १७५६ वि० से १८१२ वि० तक।†

६—सितारा-नरेश छत्रिपति शाहू, सं० १७६५ वि० से १८०५ वि० तक ‡

७—बूँदी-नरेश रावराजा बुधसिंह, सं० १७६४ से १७६८ वि० तक।⊙

८—दिल्ली-नरेश जहाँदारशाह, सं० १७६६ वि० ∟

९—मैंडू-नरेश अनिरुद्धसिंह पौरच, सं० १७७० वि० के लगभग।△

१०—असोथर-नरेश भगवन्तराय खीची, सं० १७७० वि० से १७९२ वि० तक।∠

---

* 'इम्पीरियल गज़ेटियर' जिल्द २१ पृ० १८२ और 'रीवाँ राज्य दर्पण' का वंश-वृक्ष।

† 'टाड राजस्थान' भाग १ पृ० २८८-२९८।

‡ 'पारसनीस का इतिहास' भाग १, पृ० ११७ और ३०००।

⊙ 'टाड राजस्थान' पृ० ३९०-३९४।

∟ 'माधुरी' आषाढ़ सं० १९८१। 'इलियट् हिस्ट्री' जिल्द ७ पृ० ४६२ तथा 'नागरी प्रचारिणी' पत्रिका भाग ६, संख्या १।

△ 'अलीगढ़-गजेटियर' का इतिहास-भाग तथा 'माधुरी' चैत्र सं० १९८० वि०।

∠ 'नागरी प्रचारिणी' पत्रिका भाग १ अंक १ और 'भगवंतराय यश' पृ० १।

११—बाजीराव पेशवा सं० १७७७ वि० से १७६७ वि० तक।*

१२—चिमनाजी (चिन्तामणि) सं० १७८० वि० के लगभग।†

१३—चित्रकूटपति वसन्तराय सुरकी, सं० १७८० वि० के लगभग। ‡

१४—पन्ना-नरेश छत्रसाल, सं० १५२८ बि० से १७६१ वि० तक।⊙

---

* 'मराठा पीपिल' पृ० २६२ और डफकृत 'मराठा इतिहास भाग १ पृ० ७५६।

† ग्रांट डफ कृत 'मराठा इतिहास' भाग १, पृ० ४२७ और ५०३ तथा भाग २ पृ० ४५६।

‡ 'सुधा', वर्ष ३ खंड १, सं० ५ पृ० ५३०।

⊙ छत्रसाल का जीवन चरित्र, साहित्य-भवन प्रयाग से प्रकाशित तथा 'छत्र प्रकाश।

# ५—भूषण और शिवाजी

भूषण के जितने आश्रयदाता हुए हैं, वे सब शिवाजी की मृत्यु के २८-३० वर्ष पीछे ही रंगस्थली पर आते हैं, शिवाजी के समय में नहीं। भूषण की उपाधि देनेवाले हृदयराम का समय भी सं० १७५० के पीछे ही पड़ता है, पहले कदापि नहीं। भूषण❀ का जन्म ही शिवाजी के मृत्यु के एक वर्ष पश्चात् हुआ है। फिर उनका शिवाजी के दरबार में रहना तो बहुत दूर की बात है। तब यह प्रश्न होता है कि भूषण ने शिवाजी की भूरि-भूरि प्रशंसा करके व्यर्थ ही पोथे के पोथे क्यों रच डाले ?

इसका एक प्रधान कारण है। वह बहुत ही महत्त्वपूर्ण है जिस समय उत्तर भारत के राजपूत शक्ति-शून्य हो रहे थे, उस समय शिवाजी ही एक ऐसी सत्ता थे, जिन्होंने औरंगजेबी अत्याचारों से राष्ट्र तथा जाति की रक्षा की थी, तथा स्वराज्य की स्थापना कर राष्ट्रोद्धार किया था। इसीलिए भूषण ने उन्हें ईश्वर के अवतार रूप में चित्रित किया है। 'शिवराज-भूषण' में पचासों छन्द ऐसे मिलेंगे जिनमें शिवाजी को ईश्वरावतार, देवत्व प्राप्त अथवा राष्ट्र-धर्म का उद्धारक कहा गया है। शिवाजी गौ, ब्राह्मण, राष्ट्र, जाति और धर्म के रक्षक थे। अतः उन्हें साक्षात् शिव और विष्णु का अवतार माना गया है। तत्सम्बन्धी कुछ उदाहरण ये हैं—

---

❀ 'शिवसिंह सरोज' पृ० ४४६।

"दशरथ जू के राम भे, वसुदेव के गोपाल।
सोई प्रगटे साहि के, श्री शिवराज भुआल॥"

शि० भू० ११।

"तेरे ही भुजन पर भूतल को भारु अरु,
कहिबे को शेष दिगनाग हिमाचल है।
तेरो अवतार जग पोषन भरनहार,
कछु करतार को न तामधि अमल है।
साहिन में सरजा समत्थ शिवराज, कवि-
'भूषन' कहत जीबो तेरोई सफल है।
तेरो करवाल करै म्लेच्छन को काल
बिनु काज होत काल बदनाम धरातल है।"

शि० भू० ८७।

"इन्द्र को अनुज तैं उपेन्द्र अवतार याते,
तेरो बाहु बल लै सलाह साधियतु है।

शि० भू० १०३

इसी प्रकार—

"तुम शिवराज ब्रजराज अवतारु आजु,
तुमहीं जगत काज पोषत भरत हौ।

ईश्वरीय प्रकोप से बचाव के लिए वे कहते हैं:—

"और बाँभननि देखि करत सुदामा सुधि,
मोहिं देखि काहे सुधि भृगु की करत हौ।

शि० भू० ७५

इस छन्द में भूषण ने शिवाजी को कृष्ण का अवतार बतलाते हुए भृगु और विष्णु की घटना की ओर संकेत किया है तथा प्रसन्नता के साथ समाज के उत्थान की प्रार्थना की है।

फिर 'शिवराज भूषण' के छन्द १४५ में –

"यक्कइ गयंद यक्कइ तुरंग
किमि सुरपति सरिवर करहि।"

कहकर शिवाजी को इन्द्र से भी बड़ा बतलाया गया है। इससे भी उत्कृष्ट रूप में भूषण कहते हैं—

"सीता संग सोहत सुलच्छन सहाय जाके,
सरजा शिवाजो राम ही कौ अवतार है।"
शि० भू० १६६।

यहाँ शिवाजी को स्पष्ट रूप से राम का अवतार बतलाया गया है।

नीचे के छन्द में भी भूषण ने शिवाजी को हरि का अवतार माना है।

"ब्रह्म रचै पुरुपोत्तम पोषत,
संकर स्टष्टि सँहारन हारे।
तू हरि को अवतार सिवा नृप,
काज सँवारै सबै हरि वारे।
शि० भू० २२८।

"दारुन दइत हिरनाकुस बिदारिबे कों,
भयौ नरसिंह रूप तेज विकरार है।
'भूपन' भनत त्योंही रावन के मारिबे को,
रामचन्द्र भयो रघुकुल सरदार है।

कंस के कुटिल बल बंसन बिधुंसिबे कौं,
भयो यदुराय वसुदेव को कुमार है।
पृथ्वी पुरहूत साहि के सपूत सिवराज,
म्लेच्छन के मारिबे कों तेरो अवतार है।"

शि० भू० ३५०।

इस छन्द में नृसिंह रूप को 'तेजविकरार', राम को 'रघुकुल-सरदार' और कृष्ण को 'वसुदेव कुमार' कहकर तथा शिवाजी को 'अवतार' मानकर चारों की साम्यावस्था का बड़ा ही सुन्दर विश्लेषण किया गया है। इस प्रकार के अनेक छंद जिनमें भूषण ने शिवाजी को स्पष्टतः ईश्वर का अवतार माना है, उदाहरण-स्वरूप दिये जा सकते हैं। शिवाजी की अवतार-रूप में स्थिरता बनी रहने के लिए आशीर्वाद देते हुए भूषण ने अपने ग्रंथ 'शिवराज-भूषण' के अंत में लिखा है—

"एक प्रभुता को धाम सजे तीनों वेद काम,
रहै पंच आनन पड़ानन सरबदा।
सातो बार आठौ जाम जाचक निवाजैनव,
अवतार थिर राजै कृपान हरि गदा।
'शिवराज-भूषण' अटल रहै तौलौं जौलौं,
तृदस भुवन सब राजै औ नरमदा।
साहितनै साहसिक भौंसिला सुरज बंस,
दासरथि राज तौलौं सरजा वीर सदा।

शि० भू० ३८१।

इस कवित्त में भूषण ने शिवाजी के अवतार की दाशरथि राम के अवतार से तुलना करते हुए उन्हें नव अवतार माना है। तथा अपने ग्रंथ 'शिवराज भूषण' के स्थायित्व के लिए (स्वर्ग और नर्मदा नदी जब तक रहै तब तक) के लिए प्रार्थना की है। इस छंद में शिवाजी भौंसिला का अवतार स्थिर (थिर) रखने का भी स्पष्ट उल्लेख है। साथ ही शिवाजी की तलवार को 'हरिगदा' के रूप में प्रदर्शित कर उस अवतार की पुष्टि की गई है। यहाँ 'दासरथि राज' और 'नव अवतार थिर राजै' शब्दांश विशेष रूप से ध्यान देने योग्य हैं।

इसके अनंतर भूषण ने अपने भावों को 'शिवराज भूषण' के अंतिम दोहे में और भी अच्छी तरह व्यक्त कर दिया है।—

"पुहुमि फणनि रवि ससि पवन, जब लौं रहै अकास।
सिव सरजा तब लौं जियौ, 'भूषन' सुजस प्रकास॥

शि० भू० ३८२।

यहाँ भूषण शिवाजी के सुयश के प्रकाश को (शिवाजी को नहीं) जीवित रहने का आशीर्वाद देते हैं।

इन उदाहरणों से हम भूषण की आभ्यन्तरिक भावनाओं का अनुमान सहज ही कर सकते हैं। उन्होंने किन-किन प्रेरणाओं से शिवाजी को ही (अन्य किसी को नहीं) आदर्शरूप में चित्रित किया था। उनके हृदय में शिवाजी के लिए कौन सा स्थान था? वे सारे देश में चक्कर लगाते हुए शिवाजी की प्रशंसा के गीत क्यों गाते फिरते थे? तथा किन-किन कारणों से वे उनका ईश्वर के रूप में प्रतिपादन कर रहे थे?

इन सबका स्पष्ट उत्तर एक ही है। भूषण का प्रधान लक्ष्य था शिवाजी के आदर्श पर राष्ट्र का संघटन करना तथा अत्याचारी औरंगजेब के साम्राज्य को छिन्न-भिन्न करके स्वराज्य

की स्थापना कर धर्म की रक्षा के लिए प्रयत्नशील रहना। इसी उद्देश्य की पूर्ति में भूषण ने अपना सारा जीवन लगा दिया था। उन्होंने 'शिवराज-भूषण' में लिखा है —

"नृप समाज में आपनी, होन बड़ाई काज
साहि तनै सिवराज के, करत कवित कविराज।

तथा

शि० भू० २७८।

को कविराज सभाजित होत,
सभा सरजा के बिना गुन गाये।,,

शि० भू० १५३।

इससे स्पष्ट है कि वे क्यों शिवाजी की प्रशंसा करते फिरते थे। भूषण ने शिवाजी को छोड़कर अन्य किसी को ईश्वरावतार नहीं माना और न किसी को अनुकरणीय ही बतलाया है। शिवाजी का अनुकरण करनेवाले राजाओं की ही उन्होंने प्रशंसा की है। इनमें सवाई जयसिंह, साहू, फतहशाह, भगवंतराय खीची, बाजीराव पेशवा और छत्रपति छत्रशाल मुख्य थे। कुमाऊँ-नरेश को भूषण ने जो उत्तर दिया था, उससे भी इसी बात की पुष्टि होती है कि उनके आदर्श केवल शिवाजी थे। वे उन्हीं के सहारे तत्कालीन राजनीतिक आन्दोलन के प्रसिद्ध एव सर्व प्रधान नेता थे।

## राजाओं के संघटन का कारण

भूषण ने राजाओं को ही अपना आश्रयदाता बनाकर उन्हीं के द्वारा राष्ट्र-संघटन को दृढ़ किया था। इसका मुख्य कारण यह था कि तत्कालीन भारतीय समाज में राजा ही समाज की एक-मात्र केन्द्रीभूत सत्ता थी। प्रजा राजा को ईश्वर का अंश मानती थी। भिन्न-भिन्न राजाओं के रूप में सामाजिक सत्ता के आभ्या-

न्तरिक स्वरूप का अनुभव करके, भूषण ने राजाओं को ही अपना केन्द्र निर्धारित करते हुए उन्हीं के द्वारा जन साधारण को संघटित करने का उद्योग किया था। इसी दृष्टि से उन्होंने उत्तरी भारत में सवाई जयसिंह और दक्षिणी भारत में छत्रपति शाहू और बाजीराव पेशवा को जनता का नेतृत्व ग्रहण करने के लिए उत्साहित किया था।

यद्यपि उस समय राजाओं में एक निश्चित और सुदृढ़ संघटन की विचारधारा एवं राष्ट्रिय एकरूपता की कमी थी। फिर भी देश में औरंगजेब के विरोधी भावों का आधार लेकर राष्ट्रियता की एक प्रबल धारा बह निकली थी। बहुत से मुसलमानों का हार्दिक सहयोग मिलने से भारत में राष्ट्रियता के नवीन रूप का प्रस्फुटन हो उठा था। जिसके पोपक भूषण ही कहे जा सकते हैं। उनके प्रयत्न से औरंगज़ेब द्वारा उत्तेजित हिन्दू-मुसलमानों में पारस्परिक समाज-विरोधी भावनाओं का अवरोध हो रहा था और देश में शान्ति स्थापित होने लगी थी। यह सत्य है कि भूषण ने औरंगज़ेब के प्रति घृणा फैलाकर सामाजिक संघटन में सफलता पाई थी; परन्तु इस प्रचार में जातीय द्वेष की गन्ध नाम मात्र को भी न थी। उन्होंने राष्ट्रिय विचारों के सम्मिश्रण द्वारा ही स्वराज्य की स्थापना को अधिक दृढ़ीभूत करने का प्रयत्न किया था। भूषण ने हिन्दुत्व का संकुचित रूप कहीं नहीं लिया। उनकी नीति उदार और हिंदू-मुसलमान मेल पर निर्धारित थी। इसीलिए वे मुसलमानों से भी सम्मान पाते थे। और इसी से भूषण भी उनकी प्रशंसा करते थे। इस प्रकार की राजनीति भूषण के विचारों का प्रधान अंग बन गई थी। वही उनकी सफलता की कुंजी थी। इसमें भी उनका आदर्श शिवाजी ही थे।

# ६—भूषण की विशेषताएँ

## भाषा पर विचार

भूषण की रचना में भाषा का अपना निजी महत्व है। उनकी भाषा ओजपूर्ण तथा वीर रस के लिए नितांत अनुकूल है। उनकी भावपूर्ण रचना में वह अँगूठी में नगीने की भाँति जड़ी हुई है। उसका स्वरूप यद्यपि शुद्ध ब्रजभाषा के साँचे में ढला हुआ है; परंतु भिन्न-भिन्न प्रांतों में भ्रमण करने के कारण उनकी रचना में अन्य प्रांतों के भी अनेकों शब्द अनायास ही आ मिले हैं। और वहाँ ऐसे घुल-मिल गये हैं कि वे भिन्न भाषा के प्रतीत ही नहीं होते। यथा—

माची, चिर्जा, चिंजाउर, भटी, हुन्नै और बरगी आदि शब्द मराठी प्रयोगों से लिये गये हैं। शिवाजी की प्रशंसा में छंद रचने के कारण तथा दक्षिण में बहुत काल तक रहने से उनकी रचना में मराठी शब्दों के प्रयोग पर्याप्त मात्रा में मिलते हैं। ❀ एदिल, खुमान और सरजा शब्द भी मराठी से ही लिये गये हैं।

इनके अतिरिक्त अकर, ठइ, लिय, भुवाल, अरि और बारगीर इत्यादि शब्द भिन्न प्रांतों से लिये गये हैं।

भूषण की भाषा में फारसी, अरबी तथा तुरकी भाषा के भी

---

❀ शिवाजी का चरित्र और उनकी ऐतिहासिक घटनाएँ जानने के लिए 'शिव भारत' तथा अन्य मराठी ग्रन्थों का अवलोकन वाञ्छनीय है।

बहुत से शब्द भरे हुए हैं। जहाँ मुसलमानों के सम्बंध की बातचीत है, वहाँ तो उन शब्दों की बहुलता पाई जाती है। यथा—

"छूट्यो है हुलास आम खास एक संग छूट्यो,
हरम,सरम एक संग बिनु ढंग ही।
शि०भू० १५०

"कीरति कौं ताजी करी बाजी चढ़ि लूटि कीन्हीं,
भई सब सेन बिनु बाजी बिजैपुर की।
शि०भू० १५५

"जसन के रोज यों जलूस गहि बैठो जोऽब,
शि० भू० १९८।

इसी प्रकार जहान, दरगाह, बखतबुलंद, पेसकसै, मुलुक, बलंद जोरावर' उजीर, दिल, अदली, दरकी, गरीबनेवाज, बालम, गरबीले, बिलायति, रसाल, गुसलखाने, हिम्मत, इलाज, खजाने मिजाज, दौलत, उमराव, नाहक, जरवाफ, हमाल, ख्याल और दिवाल इत्यादि सैकड़ों तुर्की शब्दों की भरमार है।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी इन शब्दों का प्रयोग किया है, परंतु भूषण की रचनाओं में ऐसे शब्दों का प्रयोग अधिक हुआ है। सामयिक परिस्थिति और मुसलमानों के संसर्ग में रहने के कारण ऐसे प्रयोग स्वाभाविक हैं।

भूषण की रचना की एक विशेषता यह भी है कि ये शब्द उसमें ऐसे घुल-मिल गये हैं कि पढ़ते समय ज़रा भी नहीं खटकते। इन शब्दों के तद्भव रूपों से उनमें भारतीयता भी आ गई है। भाषा में इस प्रकार की वृद्धि उसकी समृद्धि को बढ़ा देती

है। और उसमें शब्दों का कभी अभाव नहीं रहता ❀ भूषण की रचना में कहीं-कहीं पृथ्वीराज रासो में प्रयुक्त वीर गाथा काल के शब्दों का भी प्रयोग पाया जाता है। जैसे-कित्रिय, पब्बय, नैर, पुहुमि किन्ति इत्यादि। ऐसे प्रयोग भूषण के समय में साधारण बोल चाल में प्रयुक्त नहीं होते थे। परंतु भाषा में ओज लाने तथा प्राचीन पद्धति दिखलाने के लिए ही उन्होंने कहीं कहीं ऐसे प्रयोग किये हैं।

भूषण ने ब्रज भाषा के मूल स्थान ( सौर सेनी प्रान्त ) की बोली के प्रचलित परंतु साहित्य में कम प्रयुक्त होने वाले शब्दों को भी अपनी कविता में स्वतंत्रतापूर्वक स्थान दिया है। यथा

—ओत ( शांति ), पेली ( ढकेल दी ), कट्ठ ( कठा ) घर की बाहरी सीमा, रट्ठ ( ढेर ) और छिया ( तुच्छ ) इत्यादि।

इसी प्रकार अवधी, बुंदेलखण्डी और बैसवाड़ी आदि भाषाओं के प्रयोग भी उनकी रचनाओं में यत्र-तत्र दृष्टिगोचर होते हैं। जैसे-धरती धुरकी, केरी, कीबी और धौं इत्यादि।

'शिवराज भूषण' से पहले ब्रजभाषा का कोई वीररसात्मक ग्रंथ नहीं था। 'वीरसिंह देवचरित' और 'रतन बावनी' में थोड़े से वीरतापूर्ण वर्णन अवश्य मिलते हैं। परंतु उनमें बुंदेलखंडीपन और भाषा की कृत्रिमता होने से रस के परिपाक में बाधा पड़ती है और पढ़ने में आनंद नहीं आता। इन रचनाओं में ओज और प्रसाद की भी न्यूनता है। 'रासौ' आदि में डिंगल भाषा प्रयुक्त हुई है जो बोल चाल की भाषा ही नहीं है। विद्यापति की कीर्तिलता की भी वही दशा है। वह अपभ्रंश भाषा में लिखी गई है।

❀ ऐसे प्रयोग हमें ग्यारहवीं शताब्दी से ही हिन्दी काव्यों में मिलने लगते हैं।

'बीसलदेव रासौ' और आल्हा के प्राचीन रूप लुप्तप्राय हैं। भाट-चारणों से एक दूसरे के द्वारा वे केवल गायन के रूप में परिवर्तित होते चले आये हैं। अन्य दो-एक ग्रंथ, 'राज-विलास' आदि मिलते हैं; परंतु उनमें न तो भूषण की सी उदात्त भावनाएँ है और न वैसी भाषा ही दिखलाई देती है।

खुशामदी कवियों और चारणों की अपने आश्रयदाताओं के लिए रचित चाटुकारिता-पूर्ण रचनाएँ उच्च पद को अधिकारिणी नहीं हो सकतीं और न वे वीर-काव्य ही मानी जा सकती हैं। क्योंकि उनमें शृंगारिक भावनाएँ भी मिश्रित कर दी गई हैं। अतः वीर रसात्मक ओज पूर्ण शुद्ध रचनाओं में सर्वप्रथम भूषण की ही कविता पर दृष्टि पड़ती है।

वीर-रस के उपयुक्त ओज पूर्ण भाषा ढूँढ़ना भूषण के लिए नवीन मार्ग था। इतना होते हुए भी भूषण की भाषा में न तो कृत्रिमता प्रतीत होती है और न शिथिलता ही। सब शब्द साँचे में ढले हुए से और बहुत ही उपयुक्त प्रतीत होते हैं। मानो वह भाषा पहले से ही मँजी-मँजाई भूषण के हाथ में आई थी। उसमें केशवदास की भाषा का सा बनावटीपन और भद्दापन कहीं पर भी दृष्टिगत नहीं होता। शृंगार आदि रसों का सफल वर्णन करने के लिए माधुर्यपूर्ण कोमल-कान्त पदावली युक्त ब्रजभाषा का पथ तो सूरदास ने प्रशस्त कर दिया था। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भाषा के भिन्न-भिन्न रूपों को सब रसों के उपयुक्त बना कर एक अनुकरणीय आदर्श अवश्य रख दिया था। परंतु वीर-रस के लिए नितांत अनुकूल ओजपूर्ण और मुहावरेदार ब्रजभाषा की कई प्रणालियों का अनुगमन कर एक नवीन आदर्श प्रस्तुत कर देना भूषण का ही काम था। उनकी अमृतध्वनियों में जहाँ वीर गाथा काल का रूप दिखलाई देता है, वहाँ शिवा बावनी, छत्रसाल

प्रशंसा तथा अनेक फुटकर छन्दों में शुद्ध ब्रजभाषा का ओजपूर्ण, निखरा हुआ रूप जो वीररस के ही योग्य है, पाया जाता है। इससे हम भूषण के भाषा विषयक आधिपत्य का अनुमान कर सकते हैं।

भूषण ने मुहावरों और कहावतों का भी बहुलता से प्रयोग किया है। उनके कुछ उदाहरण यहाँ दिये जाते हैं।—

( १ ) 'गई कटि नाक सिगरेई दिल्ली दल की'
( २ ) 'स्याही जाय सब पातसाही मुख झलकी'
( ३ ) 'ग्रीवा नै जात'
( ४ ) 'छाती दरकति है'
( ५ ) 'पुहुमी के पुरहूत'
( ६ ) 'भाग्यो साहि को इलाम'
( ७ ) 'दंत तोरि नखत तरे ते आयो सरजा'
( ८ ) 'नाह दिवाल की राह न धाओ'
( ९ ) 'कारे घन उमड़ि अँगारे बरसत हैं'
(१०) 'तृन ओठ गहे'
(११) 'कुल चंद कहावे'
(१२) 'भूलि गयो आपनी उँचाई लखे कद की'

ऐसे ही अन्य अनेक मुहावरों का भूषण ने सफलता पूर्वक प्रयोग किया है। मुहावरों की भाँति लोकोक्तियाँ भी उनकी रचना में अनायास आगई हैं। उदाहरण के लिए

( १ ) 'सौ सौ चूहे खाय के बिलारी बैठी तप के'
( २ ) 'काल्हि के जोगी कलींदे के खप्पर'
( ३ ) 'अजौ रविमंडल रुहेलन का राह है'
( ४ ) 'छागौ सहै क्यों गयन्द को झप्पर'
( ५ ) 'जे परमेश्वर पर चढ़ैं तेई साँचे फूल'
( ६ ) 'सूबा ह्वै दक्खिन चले धरे जात कित जीव'

गोस्वामी जी की चौपाइयों की भाँति भूषण के अनेक छंदांश लोकोक्तियाँ बन गये हैं। यथा—

"तीन बेर खातीं ते वे तीन बेर खाती हैं,

'बिजन डुलातीं ते वे विजन डुलाती हैं,"

'नगन जड़ातीं ते वे नगन जड़ातीं हैं,

'धारा पर पारा पारावार यों हलत है," इत्यादि।

इन उदाहरणों से हम भूषण के भाषा विषयक प्रभाव का अनुमान कर सकते हैं! इनकी रचना में जहाँ एक ओर परिष्कृत ब्रज भाषा के दर्शन होते हैं। वहाँ दूसरी ओर खड़ी बोली की रचनाएँ भी यत्र-तत्र देख पड़ती हैं। 'भूषण ग्रंथावली' से इसके कुछ उदाहरण प्रस्तुत किये जाते हैं—

(१) "अफजल खाँ को गहि जाने मयदान मारा,

बीजापुर गोलकुंडा मारा जिन आज है।"

(२) "बचैगा न समुहाने बहलोल खाँ अयाने,

"भूषण बखाने दिल आनि मेरा बरजा।"

(३) "झुके निसान मक्के समर मक्के तक्क तुरुक्क भजि।"

(४) "औरङ्ग अठाना साह सूर कीन माने आनि,

जब्बर जुराना भयो जालिम जमाना को।"

(५) "शिवा की बड़ाई औ हमारी लघुताई क्यों,

कहत बार बार कहि पातसाह गरजा।"

भूषण ने ब्रजभाषा की उकारान्त प्रणाली की मनोहर शब्दावली ग्रहण कर अपनी रचना में माधुर्य लाने का भी प्रयत्न

किया है। जैसे – गोतु, उदोतु, सोतु, होतु, बाँधियतु, काटियतु, बाहियतु इत्यादि।

इसे कुछ सज्जन अवधी का रूप बतलाते हैं, परन्तु वास्तव में यह ब्रजभाषा की ही प्रणाली है और सौरसेनी प्रान्त में बहुत प्रचलित है। प्राचीनकाल से ब्रजभाषा के साहित्य में ऐसे रूप प्रयुक्त होते चले आ रहे हैं, अतः उन्हें अवधी का रूप कहना भूल है।

इस स्थान पर ब्रजभाषा विषयक प्रचलित भ्रान्ति पर विद्वानों का ध्यान आकर्षित करना अनुचित होगा। आजकल मथुरा-वृन्दावन के समीप प्रचलित बोली ही ब्रजभाषा समझी जाती है। परन्तु साहित्य में जो भाषा इस नाम से प्रयुक्त होती है, वह ब्रज की प्रचलित बोली नहीं है। वहाँ पर कर्म के रूप में सर्वत्र राम कूँ, वाकूँ, तोकूँ, मोकूँ तथा करण व अपादान के रूप में राम सूँ, वासूँ, तासूँ, मोसूँ, लाठी सूँ, आदि प्रयोग प्रचलित हैं। इसी प्रकार वहाँ क्रियाओं और सर्वनामों में ऐसा ही विधान पाया जाता है। साहित्य में इन शब्दों के स्थान पर मोकों, तोकों, वाकों, हमको, राम कों, श्याम सों, लाठी सों उनसों आदि रूप प्रयुक्त होते हैं। इसी प्रकार के ऐसे ही और भी बहुत से रूप मिल सकते हैं जिनसे ब्रज की प्रचलित बोली और साहित्यिक ब्रजभाषा में बहुत अन्तर जान पड़ता है। मथुरा-वृन्दावन आदि में साहित्यिक भाषा का भी प्रचार होने से दोनों रूपों के दर्शन होते हैं। परन्तु गाँवों में केवल प्रथम रूप ही दिखाई देता है।

इस अन्तर का प्रधान कारण यह है कि साहित्यिक ब्रजभाषा सौरसेनी अपभ्रंश से क्रम-विकास द्वारा वर्तमान रूप में आई है। अब से दो हजार वर्ष पूर्व सौरसेनपुर ( वर्तमान

बटेश्वर ) सौरसेनी भाषा का प्रधान केन्द्र था। इसका उल्लेख मैगास्थनीज़ ने अपने एरियन-नामक ग्रंथ में किया है और इसकी गणना भारत के प्रसिद्ध छः नगरों में की है। यही नगर महाभारत से पूर्व श्री कृष्ण के पिता वसुदेव तथा पितामह सूरसेन की राजधानी था। सूरसेन ने इसे बसाकर इसका नाम सौरसेनपुर रक्खा था। आज वहाँ भी अनिरुद्ध खेड़ा और प्रद्युम्नपुरा के मोहल्ले खंडहरों के रूप में विद्यमान हैं, जिसका उल्लेख आर्कियालौजिकल सर्वे की रिपोर्टों में भी मिलता है। *

अतः स्पष्ट है कि भूषण की भाषा अत्यन्त प्रभाव शालिनी, ओजस्विनी, परिष्कृत और मुहावरेदार शुद्ध ब्रजभाषा है। ब्रज-भाषा के अतिरिक्त अन्य भाषाओं का स्वतंत्रता से प्रयोग कर उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि उन पर भी उनका काफ़ी अधिकार है। वीर रस के नितान्त अनुकूल होने से भूषण की भाषा ने वीर, रौद्र और भयानक रसों के साहित्य के लिए पथ-प्रदर्शन का अच्छा काम किया है।

## भूषण की शैली

भूषण की शैली साधारणतः विवेचनात्मक तथा संश्लिष्ट है। विवरणात्मक प्रणाली का उन्होंने बहुत ही कम उपयोग किया है। उनकी रचना महाकाव्य के रूप में न होने के कारण इस शैली के लिए अधिक गुंजाइश भी न थी। फिर भी इसके उदाहरणों की कमी नहीं है। रायगढ़ के वर्णन में विवरणात्मक प्रणाली ही का प्रयोग हुआ है।

---

* आर्कियालाजीकल सर्वे रिपोर्ट सन् १८७१-७२, जिल्द ४, पृ० १५८ तथा 'सरस्वती' में 'सौरपुर का प्राचीन विवरण' शीर्षक लेख। भाग २७ संख्या ४ पृ० ४६३।

उदाहरणार्थ—

"कहूँ बावरी-सर-कूप राजत, बद्ध मनि-सोपन हैं।
जहँ हंस-सारस चक्रवाक, विहार करत समान हैं।
कितहूँ विसाल प्रवाल जालन जटित अंगन भूमि है।"

❀ ❀ ❀

"लवली लवंग पलानि केरे लाख हों लाभ लेखिये।
कहुँ केतकी कदली करौंदा कुंद अरु करवीर हैं;
कहूँ दाख दाड़िम सेव कटहल तूत अरु जम्भीर हैं।"

पुन्नाग कहूँ कहुँ नाग केसरि, कतहुँ बकुल असोक हैं;
कहुँ ललित अगर गुलाब पाटल पटल बेला थोक हैं।

शि० भू० १९-२१

यह शैली बहुधा काव्य-ग्रंथों में यत्र-तत्र प्रयुक्त की जाती है। इसका अधिक प्रयोग करने से काव्य में नीरसता आ जाती है। यह दोष 'छत्र प्रकाश' से स्पष्ट दृष्टि गोचर होता है। फुटकर छन्दों में भी इस शैली का अधिक प्रयोग करने से उसमें चमत्कार नहीं आता फिर भूषण का 'शिवराज भूषण' एक आलंकारिक ग्रन्थ है। उसमें मुक्तक छन्दों का ही प्रयोग हो सकता है। उसमें यदि विवरणात्मक प्रणाली का प्रयोग किया जाता, तो साहित्यकता का अभाव हो जाता जो आलंकारिक ग्रन्थ में संभव नहीं है।

इसके अतिरिक्त एक बात यह भी थी कि भूषण को राज-दरबारों से काम लेना था। दरबारों में काव्य-ग्रन्थों के सुनाने का न तो अवसर होता है, न अवकाश। वहाँ तो कवित्त, सवैया,

छप्पय, अमृतध्वनि आदि छन्द ही ( जिनमें चमत्कारपूर्ण, और रस से सराबोर रचना हो ) अपना प्रभाव डाल सकते हैं। इसके लिए दरबारी कान पहले ही से अभ्यस्त थे। भूषण ने इसी प्रथा का अनुसरण कर बड़े-बड़े राज दरबारों में अपना पूरा सिक्का जमा लिया था। साथ ही उनका विषय नया, सामयिक और उत्साह वर्द्धक था। जिसने राज-दरबारों का ध्यान बरबस अपनी ओर खींच लिया। अतः स्पष्ट है कि यद्यपि भूषण ने विवरणात्मक शैली का बहुत कम प्रयोग किया है ; परन्तु जहाँ कहीं उसका प्रयोग हुआ है, वह रचना बड़ी ही सुन्दर, परिमार्जित और ओज पूर्ण बन पड़ी है।

उदाहरणार्थ—

"छूटत कमान और गोली-तीर बानन के,
मुसकिल होत मुरचानहू की ओट में।
ताहि समै सिवराज हाँकि मारि हल्ला कियो,
दावा बाँधि परा हल्ला वीर वर जोट में।
'भूषन' भनत तेरी हिम्मत कहाँ लौं कहौं,
किम्मत यहाँ लगि है जाकी भट झोट में।
ताव दै दै मूछन कंगूरन पै पाँव दै-दै,
अरि मुख घाव दै दै कूदि परे कोट में।"

शि० बा० ३१

इस छन्द में भूषण ने शिवाजी के युद्ध-कौशल और किला विजय करने के ढंग का बड़ा ही विशद तथा ओजपूर्ण वर्णन किया है। ऐसे ही और भी कई उदाहरण दिये जा सकते हैं,

जिन से हम भूषण के विवरणात्मक रचना-सौष्ठव का अनुमान कर सकते हैं।*

## विवेचनात्मक शैली

भूषण की सबसे प्रसिद्ध और मँजी हुई शैली विवेचनात्मक है। इसी शैली के कारण भूषण वास्तव में महाकवि भूषण कहलाये। इसके कुछ उदाहरण ये हैं—

"कवि कहैं करन-करन जीत कमनैत,
अरिन के उर माँहि कीन्हों इमि छेत्र है।
कहत धरेस सब धराधर सेस ऐसो,
और धराधरनि को मेट्यो अहमेव है।
'भूषन' भनत महाराज सिवराज तेरो,
राज-काज देखि कोऊ पावत न भेव है।
कहरी यदिल मौज लहरी कुतुब कहैं,
बहरी निजाम के जितैया कहैं देव है।"

शि० भू० ७२

इस छन्द में कवि ने शिवाजी के प्रभाव का अत्यन्त ही मनोरंजक ढंग से विश्लेषण किया है। उन्होंने आदिलशाह, कुतुबशाह और निजामशाह द्वारा क्रमशः 'कहरी', 'मौजलहरी', और जितैया देव कहकर शिवा जी के प्रति तीनों राज्यों की वास्तविक भावनाओं का बड़े कलापूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया है।

---

*'शिवा बावनी', छत्रसाल दशक' तथा फुटकर छन्दों में कई स्थानों पर इसी शैली का अनुगमन हुआ है।

यह भूषण की तीव्र एवं विलक्षण प्रतिभा का परिचायक है। निजाम की 'बहरी' उपाधि भी कौतूहल से रिक्त नहीं है।

नीचे के उदाहरणों में शिवाजी के आतंक और प्रभाव का अत्यन्त सुन्दर निदर्शन कराया गया है।

"दौलति दिली की पाय कहाए आलमगीर,
बब्बर अकब्बर के बिरद बिसारे तैं।
'भूषन' भनत लरि लरि सरजा सों जङ्ग,
निकट अभंग गढ़-कोट सब हारे तैं।
सुधरचौ न एकौ साज भेजि-भेजि वेही काज,
बड़े बड़े बेइलाज उमराव मारे तैं।
मेरे कहे मेरु करु सिवाजी सों बैर करि,
गैर करि नैर निज नाहक उजारे तैं।"
शि० भू० २८१

"सिंह थरि जाने बिनु जावली जङ्गल हठी,
भटी गज एदिल पठाय करि भटक्यो।
'भूषण' भनत देखि भभरि भगाने सब,
हिम्मत हिए में धारि काहुवै न हटक्यो।
साही के सिवाजी गाजी सरजा समत्थ महा,
मदगल अफजलै पञ्जा बल पटक्यो।
ता बिगिरि ह्वै करि निकाम निज धाम कहँ,
आकुत महाउत सुआँकुस लै सटक्यो।"
शि० भू० ६९

इस छन्द में विवेचनात्मक शैली का बड़ा ही सुंदर दिग्दर्शन कराया गया है। अफजल रूपी हाथी शेर शिवाजी से पटकवा कर आकूत खाँ के साथ अंकुश खाँ के भागने का बहुत ही उत्तम विवेचन किया गया है। अंकुश और गज का सामंजस्य भी सुन्दर है।

'शिवराज भूषण' से छंद नं० ६६, ७७ ८३, ९८, १०३ इत्यादि में इस विवेचनात्मक शैली के बहुत ही उत्कृष्ट नमूने मिल सकते हैं। भूषण के हाथ में यह शैली खूब सफल हुई है और ये छन्द भी बहुत उत्तम बन सके हैं।

## संश्लिष्ट शैली

जिस रचना में विवरणात्मक तथा विवेचनात्मक दोनों शैलियों का समावेश रहता है, उसे संश्लिष्ट शैली कहते हैं। भूषण की यह शैली भी बहुत सफल हुई है।

उदाहरणार्थ—

"दानव आयो दगा करि जावली,
दहि भयारो महामद भारयो।
'भूषन' बाहु बली सरिजा तेहि,
भेंटिबे कों निरसंक पधारयो।
बीछू के घाय गिरे अफजल्लहि,
ऊपर ही सिवराज निहारयो।
दाबि यों बैठो करिंद अरिंदहि,
मानो मयंद गयंद पछारयो।"

शि० भू० २८।

भूषण की यह शैली भली भाँति मँजी हुई जान पड़ती है। उनकी रचना में इसका बाहुल्य भी है।

एक उदाहरण और प्रस्तुत है—

"आये दरबार बिललाने छड़ीदार देखि,
जापता करन हारे नेकहू न मन के।
'भूषन' भनत भौंसिलाके आय आगे ठाढ़े,
बाजे भये उमराय तुजुक करन के।
साहि रहयो जकि सिव साहि रहयो तकि,
और चाहि रहयो चकि बने ब्योंत अनबन के।
ग्रीषम के भानु सो खुमान को प्रताप देखि,
तारे सम तारे गये मूँदि तुरकन के।

शि० भू० ३८

भूषण कालीन युग में आलंकारिक शैली का ही विशेष प्रचार था। इसी लिए उनकी रचनाओं में अलङ्कारों की अधिकता है। उनकी फुटकर रचनाओं में भी अनायास अलंकार आगये है परन्तु इससे भाषा और भाव के प्रवाह में कोई व्यधान नहीं दिखाई देता, वरन् वे भी भाव को स्पष्ट करने के लिए आये हैं।

## भूषण की शैली की विशेषताएँ

भूषण की शैली की अनेक विशेषताएँ हैं। वे युद्ध के बाहरी साधनों का ही वर्णन कर संतोष नहीं कर लेते, वरन् मानव-हृदय में उमंग भरने वाली भावनाओं की ओर उनका सदैव लक्ष्य रहता है। उनका शब्द-विन्यास जहाँ वीर रस के नितान्त

अनुकूल है, वहाँ उनकी भावना भी उत्साह वर्द्धक और उत्तेजक है। इस प्रकार शब्दों और भावों का सामञ्जस्य भूषण की रचना का विशेष गुण है। यथा—

"इंद्र जिमि जंभ पर बाड़व सुअंभ पर,
रावन सदंभ पर रघुकुल राज हैं।

❀ ❀ ❀

तेज तम अंस पर, कान्ह जिमि कंस पर,
त्यों मलेच्छ बंस पर शेर शिवराज हैं।"

शि० भू० ५६।

चपला चमकती न फेरत फिरंगे भट,
इन्द्र को चाप रूप बैरष समाज को।

शि० भू० ८१

मघवा मही में तेजवान सिवराज वीर,
कोट करि सकल सपच्छ किये सैल हैं।

शि० भू० ६६

दल के दरारे हूते कमठ करारे फूटे,
केरा के से पात बिहराने फन सेस के।"

शि० बा० ८

"बीजापुर वीरन के गोलकुंडा धीरन के,
दिल्ली उर मीरन के दाड़िम से दरकें।"

इस प्रकार भूषण की रचना में जैसा उत्कृष्ट वीर रस का

परिपाक हुआ है, हिन्दी साहित्य में वैसा अन्यत्र मिलना दुर्लभ है।

भूषण के बहुत से छन्द इस प्रकार के हैं, मानों वे किसी व्यक्ति के सामने पहुँच कर उसे धमका रहे हों। निम्न-छंद देखिये--

"बचैगा न समुहाने बहलोल खाँ अयाने,
'भूषन' बखाने दिल आनि मेरा बरजा।
तुझते सवाई तेरा भाई सलहेरि पास,
कैद किया साथ का न कोई वीर गरजा।
साहिन के साहि उसी औरङ्ग के लीन्हें गढ़,
जिसका तू चाकर औ जिसकी है परजा।
साहि का ललन दिल्ली दल का दलन अफ-
जल का मलन सिवराज आया सरजा।"

शि० भू० १६१

"बूड़ति है दिल्ली सो सँभारै क्यों न दिल्ली पति,
धक्का आनि लागो सिवराज महाकाल कौ।"

शि० बा० ३६

'भूषन' सुकवि कहैं सुनौ नवरँग जेब,
एते काम कीन्हें फेरि पातसाही पाई है।"

शि० बा० ४५

सूबेदार बहादुर खाँ की स्त्रियों की ओर से भूषण नवाब से कहलाते हैं—

"पीय पहारन पास न जाहु यों,
तीय बहादुर सों कहैं सोषैं।
कौन बचै है नवाब तुम्हें भनि,
'भूषण' भौंसिला भूप के रोषैं!"

शि० भू० ७७

"या पूना में मत टिको, खान बहादुर आय।
ह्याई साइत खानको, दीन्हीं सिवा सजाय।

शि०भू० ३४०

शिवाजी को सम्मुख मानकर भी भूषण ने अनेकों छन्द कहे हैं। उनमें शिवाजी के ईश्वरत्व की सर्वव्यापकता की भी पुट मिली हुई है। मानो भूषण अपनी राजनीतिक सफलता के लिए उनका आह्वान कर रहे हैं। सम्मुख आने पर किसी से बात करते हुए जो ओज और तेजस्विता प्रदर्शित की जा सकती है, परोक्ष में उतना वीरत्व आ ही नहीं सकता। किसी के प्रत्यक्ष कथन की अपेक्षा परोक्ष-कथन उतना प्रभावशाली हो ही नहीं सकता। इसीलिए भूषण के कथन साक्षात् ओज की मूर्ति के रूप में ही प्रत्यक्ष हुए हैं। यथा—

"आजु शिवराज महाराज एक तुही,
सरनागत जनन को दिवैया अभैदान को।
फैली महिमंडल बड़ाई चहुं ओर तातें,
कहिये कहाँ लौं ऐसे बड़े परिमान को।
निपट गँभीर कोउ लाँघि न सकत वीर,
जोधन को रन देत जैसे भाऊ खान को।

दिल दरियाव क्यों न कहैं कविराय तोहि,
तो मैं ठहरात आनि पानिप जहान को।
शि० भू० ३४८।

सूर्य भगवान् को सम्बोधन करके भूषण कहते हैं—
"तरनि जगत जलनिधि तरनि, जय जय आनँद ओक।
कोक कोकनद सोक हर, लोक लोक आलोक॥"
शि० भू० ३

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि भूषण ने बहुत से छन्द व्यक्तियों को सम्बोधन कर कहे हैं। यद्यपि वे उनके सम्मुख कभी नहीं गये। बहलोलखाँ और औरंगज़ेब आदि को सम्बोधन कर जो छन्द कहे गये हैं, वे उनके सामने कदापि नहीं कहे जा सकते। इसी प्रकार शिवाजी-सम्बन्धी छन्द शिवाजी के सामने वर्णन करने योग्य नहीं हैं।

शिवाजी को ईश्वर का अवतार मानकर वे छंद उसी प्रकार कहे गये हैं, जिस प्रकार सूर्य की स्तुति का छन्द कहा गया है। तथा तुलसी के मुख से राम की प्रार्थना कराई गई है। ऊपर की वर्णित शैलियों के अतिरिक्त भूषण की एक शैली प्रश्नोत्तर-रूप में भी है। यथा—

"दुरगाहि बल पंजन प्रबल, सरजा जिति रन मोहि।
औरंग कहे दिवानसों, सपन सुनावत तोहि।"
शि० भू० ६३

"मुनि सु उजीरन यों कह्यो, 'सरजा सिव महराज।'
'भूषन' कहि चकता सकुचि, "नहिं सिकार मृगराज॥"
शि० भू० ९४

"को दाता को रन चढ़्यो, को जग पालन हार ?
कवि 'भूषन' उत्तर दियौ, सिवनृप हरि अवतार ।"

शि० भू० ३१४ ।

"साहिन के उमराव जितेक, सिवा सरजा सब लूटि लये हैं ।
'भूषन' ते बिन दौलत ह्वै कैं फकीर ह्वै देस बिदेस गये हैं ।
लोग कहैं इमि दच्छिन जेय, सिसौदिया रावरे हाल ठये हैं ।
देत रिसाय कै उत्तर यों, 'हमहीं दुनियाँ तैं उदास भये हैं ॥

शि० भू० ३१६ ।

ऐसेही प्रश्नोत्तर 'शिवराज भूषण' के ६०, ३१३, ३१७, ३१६, ३२१ तथा अन्य अनेक छन्दों में दृष्टिगोचर होते हैं ।

भूषण की शैली की एक विशेषता और है । किसी बात को समझाने के लिए वे इतने अधिक उदाहरण दे देते हैं कि वह विषय अनायास समझ में आ जाता है । शिक्षा का यह सर्वोत्तम सिद्धान्त है । इसके कुछ उदाहरण ये हैं—

"इन्द्र जिमि जंभ पर .........,
त्यों मलेच्छ वंश पर शैर शिवराज है ।

शि० बा० २ ।

"शक्र जिमि शैल पर..............,
म्लेच्छ चतुरंग पर चिन्तामणि देखिये ।"

× × ×

"कामिनि कन्त सों, जामिनि चन्द सों,
दामिनि पावस-मेघघटा सों।
कीरति दान सों, सूरति ज्ञान सों,
प्रीति बड़ी सनमान महा सों।
'भूषन' भूषन सो तरुनी—
नलिनी नव पूषण देव प्रभा सों।
जाहिर चारहु ओर जहान,
लसै हिंदुआन खुमान सिवा सों।
शि० भू० १२६।

"अटल रहे हैं दिग अन्तन के भूप धरि,
रैयति को रूप निज देस पेस करिकैं।
रानारह्यो अटल बहाना करि चाकरी को,
बाना तजि 'भूषन' भनत गुन भरि कैं।
हाड़ा राठौर कछवाहे गौर और रहे,
अटल चकत्ता को चँवारू धरि डरि कै।
अटल शिवाजी रह्यौ दिल्ली कौं निदरि धरी,
धरि ऐंड धरि तेग धरि गढ़ धरि कैं॥"
शि०भू० १३३।

इसी प्रकार के अनेक उदाहरण भूषण की रचना में मिलते है। ऐसी रचनाओं में ओज का प्रस्फुटन पूर्ण रूप से हुआ है। इस छन्द की अंतिम पंक्ति में दीपक द्वारा अपार ओज भर दिया गया है। इसमें संदेह नहीं कि जिस समय भूषण अपनी ओज

पूर्ण वाणी से अपने कवित्त सुनाते होंगे, उस समय सारा दरबार दंग रह जाता होगा। भूषण की यह शैली राजदरबारों तथा समाज में बड़ा ही गहरा प्रभाव डालती थी। 'शिवा बावनी' के छंद नं० ३, ४, ५ तथा 'शिवराज भूषण' के अनेक छंद इसी शैली के अन्तर्गत आ जाते हैं।

भूषण की रचना-शैलियों के परिवर्तन से पढ़ने अथवा सुनने में जी नहीं ऊबता। नवीनता रहने के कारण उनमें नीरसता कभी नहीं आने पाती। भूषण यदि एक स्थान पर सांसारिक लेन-देन के रूप में वर्णनात्मक शैली का प्रयोग करके नवीनता उत्पन्न कर देते हैं, तो दूसरे स्थान पर इस शैली को दूसरा ही रूप दे देते हैं। यथा—

"जङ्ग जीतिलेवा ते वै है कै दामदेवा भूप,
सेवा लागे करन महेवा महिपाल की।"

छत्रसाल प्रशंसा ५।

"संगर में सरजा सिवाजी अरि सैननि कौ,
सार हरि लेत हिन्दुआन सिर सारु दै।
'भूषन' भुसल जय जस कौ पहारु लेत,
हरजू को हारु हरगनकौं अहारु दै।

शि० भू० २४६।

इस प्रकार भूषण भिन्न-भिन्न शैलियों का अनुगमन करते हुए वीर रस के विकास में पूर्ण सफल हुए हैं। उन्होंने जिस किसी शैली पर अपनी लेखनी उठाई है, उसी का सफलता-पूर्वक निर्वाह किया है।

## रस-निरूपण

भूषण की रचना में वीर रस का इतना सुन्दर परिपाक हुआ है कि उससे जीवन शून्य व्यक्ति में भी नवीन स्फूर्ति और उत्साह

की उमंग भर जाती है। भूषण ने वीर रस को मथकर और उसके प्रत्येक पहलू पर दृष्टि डालकर अपनी पूर्ण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। दानवीर, दयावीर, धर्मवीर युद्धवीर, कर्मवीर और ज्ञानवीर ये ही वीर रस के भेद माने गये हैं; परन्तु यथार्थ वीरता युद्ध में ही है। अतः भूषण ने इसी का विशेष चित्रण किया है और इसी को सच्चा वीर रस माना है। इसका दिग्दर्शन भी यहाँ कराया जाता है। दानवीर का एक उदाहरण निम्नलिखित है

"सहज सलील सील जलद से नील डील ,
पब्बय से पील देत नहिं अकुलात है।
'भूषन' भनत महाराज सिवराज देत ,
कंचन को ढेरु सो सुमेरु सो लखात है।
सरजा सवाई कासों करि कविताई तव ,
हाथ की बड़ाई को बखान करि जात है।
जाको जस टंक साती दीप नवखंड माहिं,
मण्डल की कहा ब्रह्ममंड ना समात है।
शि० भू० २२७।

दयावीर का उदाहरण यह है—

"दिल्ली को हरौल भारी सुभट अडोलगोल,
चालिस हजार लै पठान धायो तुरकी।
'भूषन' भनत जाकी दौर ही को सोर मच्यो,
एदिल की सीमा पर फौज आनि ढुरकी
भयो है उचाट करनाट नरनाहन कों,
डोलि उठी छाती गोलकुंडा ही के धुर की।

साहि के सपूत सिवराज वीर तैंने तब,
बाहु बल राखी पातसाही बीजापुर की ।

शि० भू० फुटकर छन्द २४ ।

अब धर्मवीर का भी एक उदाहरण देखिये—

"राखी हिंदुआनी हिन्दुआन को तिलक राख्यो,
अस्मृति पुरान राखे बेद विधि सुनी मैं ।
राखी रजपूती राजधानी राखी राजनकी,
धरा में धरम राख्यो राख्यो गुन गुनी मैं ।
'भूषन' सुकवि जीति हद्द मरहट्टन की,
देस देस कीरति बखानी तव सुनी मैं ।
साहि के सपूत सिवराज समसेर तेरी,
दिल्लीदल दाबि कैं दिवाल राखी दुनी मैं ।

शि० बा० २५ ।

ज्ञानवीर का उदाहरण यह है—

"चाहत निर्गुन सगुन कौं, ज्ञानवंत की बान ।
प्रकट करत निर्गुन सगुन, सिवा निवाजी दान ॥"

शि० भू० १४३ ।

युद्धवीर का उदाहरण भी लिजिये—

"उमड़ि कुड़ाल मैं खवास खान आये भनि,
'भूषन' त्यों धाये शिवराज पूरे मन के ।
सुनि मरदाने बाजे हय हिहिनाने घोर,
मूछैं तरराने मुख वीर धीर जन के ।

एकै कहैं मार मार सम्हरि समर एकै,
म्लेच्छ गिरैं मार बीच बेसम्हार तन के।
कुंडन के ऊपर कड़ाके उठैं ठौर ठौर,
जीरन के ऊपर खड़ाके खड़गन के।"

कर्मवीर का उदाहरण—

केतिक देश दल्यौ दल के बल,
दच्छिन चांगुल चापि कै चाख्यौ।
रूप गुमान हर्‌यौ गुजरात कौ,
सूरत कौ रस चूँसि कैं नाख्यौ।
पंजन पेलि मलिच्छ मले सब,
सोह बच्यौ जेहि दीन ह्वै भाख्यौ।
सो रँग है सिव राज बली,
जिन नौ रँग पे रँग एक न राख्यौ।

इस प्रकार भूषण कवि ने वीर रस के भिन्न भिन्न अंगों का बड़ी चतुरता से चित्रण किया है।

## वीररस में अन्य रसों का विवेचन

भूषण ने वीर रस के अन्तर्गत अन्य रसों का समावेश कितनी चतुरता से किया है। यह नीचे के उदाहरणों से भली भाँति स्पष्ट हो जाता है। उन्होंने नीचे के छन्द में शृंगार रस को वीर रस के अन्तर्गत प्रत्यक्ष किया है।—

"मेचक कवच साजि बाहन बयारि बाजि,
गाढ़े दल गाजि रहे दीरघ दलन के।
'भूषण' भनत समसेर सोई दामिनी है,
महामद कामिनी के मान के कदन के।
पैदरि बलाका धुरवान की पताका गहे,
घेरियत चहूँ ओर सूने ही सदन के।
न करु निरादर पिया सों मिलु सादर ये,
आये वीर बादर बहादर मदन के।

शि० भूषण फुटकर छन्द ४९।

इस छंद में भूषण ने शृंगार रस को वीर रस के रूपक में ढालकर यह प्रत्यक्ष कर दिया है कि शृंगार रस किस प्रकार वीर रस के अधीन होकर काम कर सकता है। निम्नलिखित उदाहरण शान्त रस का है -

"देह देह देह फिर पाइये न ऐसी देह,
जौन तौन जो न जानै कौन जौन जाइबो।
जेते मनि मानिक हैं तेते मन मानि कहैं,
धराई में धरे ते तो धराई धराइबो।
एक भूख राखै भूख राखै मति भूखन की,
यही भूख राखै भूप "भूखन" बनाइबो।
गगन के गौन जम गिनन न देहैं नग,
नगन चलैगो साथ नग न चलाइबो॥"

शि० भू० फुटकर छन्द ५५।

यह छंद आदि से अन्त तक शान्त रस से ओतप्रोत है। यहाँ कवि ने 'भूप भूखन बनाइबो' कहकर अपने देशव्यापी क्रांतिकारी आन्दोलन की ओर अवश्य संकेत कर दिया है। इससे शांति की भावना में वीर रस का समन्वय हो गया है।—

रौद्र रस का उदाहरण यह है—

सबन के ऊपर ही ठाढ़ो रहिबे के जोग,
ताहि खरो कियो जाय जारन के नियरे।
जानि गैर मिसिल गुसीले गुसा धारि उर,
कीन्हों न सलाम न वचन बोले सियरे।
'भूषन' भनत महाबीर बलकन लाग्यो,
सारी पातसाही के उड़ाय गये जियरे।
तमक ते लाल मुख सिवा को निरखि भये,
स्याह मुख नौरँग सिपाह मुख पियरे॥"

शि० बा० फुटकर छन्द १७।

उक्त छन्द में रौद्र रस को वीर रस के सहायक रूप में उपस्थित किया गया है।

भयानक रस का एक उदाहरण यह है—

"माँगि पठायो सिवा कछु देस,
वजीर अजाननि बोल गहे ना।
दौरि लियो सरजा परनालो यों,
'भूषन' जो दिन दोय लगे ना।

धाक सो खाक बिजैपुर भो मुख,
आइगो खान खवास के फेना।
भै भरको करकी दरकी धरकी,
दिल आदिल साह की सेना॥"
शि० भू० २५५।

अब वीर रस के अन्तर्गत करुणा रस को लीजिये -
"शुंडन समेत काटि विहद मतंगन कौं,
रुधिर सौं रंग रन मण्डल मैं भरिगो।
'भूषन' भनत तहाँ भूप भगवन्तराय,
पारथ समान महाभारथ सो करिगो।
मारे देखि मुगल तुराबखान ताही समय,
काहू असजानी मानौ नट सो उचारिगो।
बाजीगर कैसी दगाबाजो करि बाजी चढ़ि,
हाथीहाथा हाथी तैं सहादति उतरिगो॥*

"हाथी हाथा हाथी तैं सहादति उतरिगौ" के अन्तर्गत पूर्ण करुणारस भरा हुआ है। वीभत्स रस को वीर रस के अन्तर्गत लाने का एक उदाहरण इस प्रकार है।

* 'नागरी प्रचारिणी' पत्रिका भाग ६, संख्या ३।

"दिल्ली दल दलै सलहेर के समर सिवा,
'भूषन' तमासे आय देव दमकत हैं।
किलकति कालिका कलेजे की कल्लि करि,
करि कै अलल भूत भैरों बमकत हैं।
कहूँ रुंड मुंड कहूँ कुंड भरे श्रोनित के,
कहूँ बखतर करि झुंड झमकत हैं।
खुले खग्ग कंध धरि ताल गति बंध परी,
धाय धाय धरनि कबंध धमकत हैं॥"

सम्मेलन की शि० भा० २६।

भूषण ने शृंगार रस के सहायक अद्भुत रस को वीर रस के सहयोगी रूप में इस प्रकार दिखलाया है। –

"ता दिन अखिल खल भलैं खल खलक में,
जा दिन शिवाजी गाजी नेक करखत हैं।
सुनत नगारन अगार तजि अरिन की,
दारगन भाजत न बार परखत हैं।
छूटे बार बार छूटे बारन ते लाल देखि,
'भूषन' सुकवि बरनत हरखत हैं।
क्यों न उतपात होंहि बैरिन के झुंडन में,
कारे घन उमड़ि अँगारे बरखत हैं॥"

शि० भू० १६०।

इस छन्द में 'कारे घन उमड़ि अँगारे बरखत हैं', कहकर भया-

नक रस के अन्तर्गत आश्चर्य दिखलाया गया है। हास्य रस को वीर रस के सहयोगी रूप में इस प्रकार दिखलाया गया है।—

"मारि करि पातसाही खाकसाही कीनी जिन,
छीनि लीनी छिति हद सब सरदारे की।
खिसि गई सेखी फिसि गई सूरताई सबै।
हिसि गई हिम्मति ही हियते हजारे की।
'भूषन' भनत भारी धौंसा की धुकार बाजै,
गरजत मेघ ज्यों बरात चढ़ै भारे की।
दूल्हो शिवराज भयो दच्छिनी दमाकदार,
दिल्ली दुलहिन भई सहर सितारे की।।"

शि० बा० ३६।

'शिवराज भूषण' में अनेक छन्द हैं जो हास्य, वीभत्स, अद्-भुत और करुणा रस को व्यक्त करते हैं; परन्तु उनकी वास्तविक भावना वीर रसमयी है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि यद्यपि भूषण की प्रभुता का उत्कर्ष वीर रस ही में मिलता है; परन्तु वीर रस के अन्तर्गत नवो रसों का समावेश करने में उन्हें अद्भुत सफलता मिली है।

## भूषण की आलंकारिकता

अनेक विद्वानों ने भूषण की रचना में अलंकार-संबंधी विविध प्रकार के दोष ढूँढे हैं। अलंकारों के अशुद्ध लक्षण लिखने तथा भ्रमपूर्ण उदाहरण देने का दोष भी उनके सिर पर मढ़ा गया है। एक सज्जन ने लिखा है,—'इन्होंने (भूषण ने) सीधे किसी संस्कृत अलंकार-ग्रन्थ को भी अपना आधार नहीं बनाया; वरन्

हिंदी के कवियों में अलंकारों के संबंध में जो सामान्य भावना प्रचलित थी, उसी को पकड़ा है। यही कारण है कि भूषण के लक्षण और उदाहरण कई जगह अस्पष्ट और दूषित हैं।"

इसी प्रकार के अनेक आक्षेप इन अलंकारों के विषय में किये गये हैं। यहाँ हमें यह देखना है कि ये आक्षेप कहाँ तक तर्कपूर्ण हैं। एक विद्वान ने 'पंचम प्रतीप' पर इस प्रकार विचार किया है। भूषण ने उक्त अलंकार का यह लक्षण लिखा है—

**"हीन होय उपमेय सों, नष्ट होत उपमान।"**

इसी लक्षण को चन्द्रालोककार ने इस भाँति दिया है।—

"प्रतीप मुपमानस्य कैमर्थ्य मपि मन्यते।"

अब प्रथम प्रतीप का उदाहरण देखिये—

"यत्त्वन्नेत्र समान कान्ति सलिले मग्नं तदिन्दीवरम्।
मेघै रन्तरितः प्रिये तव मुखच्छायानुकारी शशी।
येऽपित्वद् गमनानुसारि गतयस्ते राजहंसा गता।
त्वत्सादृश्य विनोद मात्र मपि मे दैवेन न क्षम्यते॥*

चन्द्रालोककार ने पंचम प्रतीप के लक्षण में 'कैमर्थ्यमपि' कहकर स्वयं द्विविधा पैदा कर दी है। इसका कारण भी है। यह लक्षण आक्षेप के अन्तर्गत आता है। जिसका लक्षण 'साहित्य-दर्पणकार' इस प्रकार करते हैं।—

"वस्तुना वक्तु मिष्टस्य विशेष प्रतिपत्तये।
निषेधाभास आक्षेपो वक्ष्यमाणोक्ति गो द्विधा।" *

---

* 'कुवलया नन्द,' पृ० १२।

* साहित्य दर्पण' दशमः परिच्छेदः पृ० २०२।

इसी को चन्द्रालोककार ने इस प्रकार लिखा है—

"निषेधाभास माक्षेप बुधाः केचन मन्वते ।" +

यहाँ स्पष्ट है कि भूषण ने पंचम प्रतीप को आक्षेप की सीमा से बचाने और द्विविधा से अलग रखने के लिए उसी स्वरूप में ग्रहण न कर यह कहा है कि "यदि उपमान उपमेय से हीन हो जाय अथवा बिलकुल लुप्त हो जाय तो पञ्चम प्रतीप होता है ।"

भूषण को यह लक्षण 'चन्द्रालोक' के प्रथम प्रतीप के उक्त उदाहरण के ध्यान में आने से ही सूझा है । उसी भाव पर भूषण का लक्षण घटित होता है, जो 'चन्द्रालोक' के प्रथम प्रतीप के लक्षण "प्रतीप मुपमानस्योपमेयत्व प्रकल्पनम" से भिन्न है ।

इस लक्षण की रचना के समय भूषण के मस्तिष्क में तीन भावनाएँ काम कर रही थीं—

( १ ) उसे कैमर्थ्य से बचाना जिससे उनका लक्षण आक्षेप के भीतर न चला जाय । ( २ ) 'चन्द्रालोक' के प्रथम उदाहरण का समावेश कराना और ( ३ ) द्विविधा में न रहकर लक्षण को स्पष्ट करना ।

'कैमर्थ्य' रहने से आक्षेप में कहीं अन्तर्भाव न हो जाय, इसी को बचाने के लिए भूषण ने कैमर्थ्य के स्थान पर 'हीन' शब्द रखा है । भूषण का भाव यह है । पञ्चम प्रतीप के पर्यवसान में उपमान की हीनता किसी न किसी प्रकार स्पष्ट रूप से होनी आवश्यक है । अधिकतर उपमेय के आगे उपमान की तुच्छता दिखाने से वह व्यक्त होती है । इस दृष्टि से भूषण का लक्षण बिलकुल निर्दोष है ।

---

+ 'कुवलयानन्द' पृ० ९६ ।

पञ्चम प्रतीप के प्रथम उदाहरण में भूषण के "तो सम हो सेस सो ता बसत पताल लोक···इत्यादि" * छन्द में उपमान के स्पष्ट रूप से लुप्त होने का भाव व्यक्त किया गया है। उसी को भूषण ने नष्ट शब्द से व्यक्त किया है। यह उदाहरण 'चन्द्रालोक' के प्रथम प्रतीप के उदाहरण के ढंग पर लिखा गया है।

उसके दूसरे और तीसरे उदाहरण में भूषण ने—"कुंद कहा पयवृन्द कहा······अति साहस में शिवराज के आगे।"† और "यों सिवराज को राज अडोल······कुंडलि कोल कछू न कछू है" लिखकर उपमान की तुच्छता प्रकट की है। इसे भूषण ने 'हीन' शब्द से व्यक्त किया है। 'न्यून' और 'हीन' शब्द में महान् अन्तर है। अतः इस परिभाषा में 'व्यतिरेक' की व्याप्ति कभी हो ही नहीं सकती। फिर भी काव्यप्रकाशकार मम्मट ने उपमालंकार के प्रकरण में 'काव्य प्रकाश' के पृष्ठ ४४६ पर लिखा है।—

"रसादिस्तु व्यङ्गयो ऽर्थोऽलङ्कारान्तञ्च सर्वथा।
व्यभिचारी त्यगण यित्यैव तदलंकाराउदाहृता॥"

इस कथन से यह स्पष्ट है कि एक अलंकार के साथ अन्य अलंकार अवश्य रहते हैं और वे अनायास ही आ जाते हैं। परन्तु उनमें उदाहरण-स्वरूप प्रधान अलङ्कार ही लिया जाता है। अतः व्यतिरेक की शंका पैदा करना निर्मूल है।

इन बातों से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि लक्षण की भूल भूषण की नहीं, वरन् चन्द्रालोककार की है। जिसे आलोचक महोदय भूषण के सिर थोप रहे हैं। यहाँ पर यह कहना अनुचित

* 'शिवराज भूषण' ५०।
† 'शिवराज भूषण' ५१।

न होगा कि हिन्दी में भूषण ही एक ऐसे आचार्य हुए हैं, जिन्होंने संस्कृत आचार्यों का अन्धानुकरण नहीं किया और शास्त्रानुमोदित संशोधन कर आचार्यत्व की मर्यादा को अक्षुण्ण रखा।

दूसरा उदाहरण 'निदर्शना' का है। इसका लक्षण 'चन्द्रालोक' में इस प्रकार है।

"वाक्यार्थयोः सदृशयोरैक्यारोपो निदर्शना।"

अर्थात् दो सदृश वाक्यार्थों का ऐक्य स्थापन होने पर 'निदर्शना' होती है। उदाहरण यह है—

"यद्दातुः सौम्यता सेयं पूर्णेन्दोरकलंकिता।"

यहाँ पर 'यत्' और 'तत्' शब्दों द्वारा दाता की सौम्यता और पूर्णेन्दु की अकलंकिता में ऐक्य स्थापित किया गया है।

भूषण ने इसी लक्षण का पूर्ण भाव इस प्रकार प्रकट किया है।

"सदृश वाक्य युग अरथ को करिये एक अरोप।"

इसका उदाहरण भी उसी के अनुकूल निम्नलिखित है—

"मच्छहु कच्छ मैं कोल-नृसिंह मैं,
बावन मैं भनि 'भूषन' जो है।
जो द्विज राम मैं जो द्विजराज मैं,
जोऽब कह्यो बलरामहु को है।

---

❀'चन्द्रालोक' पृ० ५६।

बौद्ध मैं जो अरु जो कलकी महँ,
विक्रम हूवे को आगे सुनो है ।
साहस भूमि अधार सोई अब,
श्री सरजा सिवराज में सो है ॥"

[शि० भू० १४० ।

इस छन्द में मच्छ, कच्छादि उपमानों का क्रम पूर्ण नियमानुसार है तथा "अरु जो कलकी मह विक्रम हूवे को आगे सुनो है" कहकर भूषण ने इस पद्य में चौगुना चमत्कार भर दिया है। इस उदाहरण में ठीक 'चन्द्रालोक' के 'यत्' की ही भाँति 'जो' 'सो' शब्दों से उपमेय-उपमान का ऐक्यारोपण किया गया है, जिसका पर्यवसान उपमा में होता है। मम्मट ने लिखा है कि जहाँ अनेक उपमानों के साथ एक उपमेय का ऐक्यारोप हो, वहाँ मालारूपी 'निदर्शना' होती है। भूषण का उक्त दृष्टान्त मालारूपी निदर्शना का ही है। इस उदाहरण में द्विवाक्यता का बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव स्पष्ट है। जब कि विश्वनाथ ने अपने 'साहित्य-दर्पण' में निम्नलिखित उदाहरण दिया है।—

"प्रयाणं तव राजेन्द्रः मुक्ता वैरि मृगी दृशाम् ।
राजहंस गतिः पद्भ्यामाननेन शशि द्युतिः ॥"

इसमें द्विवाक्यता अत्यन्त अव्यक्त है। इस पर भी भूषण के उक्त छन्द में जहाँ स्पष्ट रूप से दो वाक्य दृष्टिगोचर हो रहे हैं। फिर भी द्विवाक्यता न मानना अन्यायपूर्ण है।

तीसरा उदाहरण विरोध अलंकार का है। एक सम्पादक प्रवर का कहना है कि विरोध अलंकार अलग न होना चाहिए। उन्होंने भूषण की निम्नलिखित परिभाषा को भी भ्रामक बतलाया है।—

'द्रव्य क्रिया गुण में जहाँ, उपजत काज विरोध।'

शि० भू० २८२।

साहित्य-दर्पणकार ने इस विरोध अलंकार की परिभाषा इस प्रकार की है।—

जातिश्चतुर्भि र्जात्याद्यैर्गुणो गुणादि भिस्त्रिभिः।
क्रिया क्रिया द्रव्याभ्यां यद् द्रव्यं द्रव्येण वा मिथः॥
विरुद्ध मेव भासेत् विरोधोऽसौ दशाकृतिः।*

भूषण का उदाहरण भी देखिये।—

श्री सरजा सिव तो जस-सेत सों, होत हैं वैरिन के मुँह कारे।
'भूषन' तेरे अरुन्न प्रताप सपेद लसे कुनबा नृप सारे॥

शि० भू० १८३।

साहित्य-दर्पण का उदाहरण भी लीजिये।—

"तव विरहे मलय मरुद्वानलः शशि रुचोऽपि सोष्माणः।
हृदय मलिरुत मपि भिन्ते, नालिनी दलमपि निदाघरविरस्याः॥ +

इन उदाहरणों से सिद्ध होता है कि 'शिवराज भूषण' और 'साहित्य दर्पण' की परिभाषाएँ आपस में मिलती हुई हैं। उनके उदाहरण भी एक से ही हैं। अतः यह निश्चित है कि भूषण ने न तो विरोध अलंकार के मानने में भूल की है और न उनकी परिभाषा में कोई भ्रम दिखाई देता है।

हाँ, 'साहित्य दर्पण'-कार ने विरोधालंकार के जो दस भेद माने हैं, वे भूषण ने नहीं लिये। उनके न मानने में कोई अनौचित्य भी नहीं है। तथापि, उक्त सम्पादक जी का कथन है कि

---

* 'साहित्य-दर्पण' दशमः परिच्छेदः, पृष्ठ ६८।

† 'साहित्य-दर्पण' दशमः परिच्छेदः पृ० २०५।

यह विषमालंकार का भेद होना चाहिए। परन्तु विषम अलंकार की परिभाषा ही इससे नितान्त भिन्न है। यथा—

"कहाँ बात यह कहँ वहै, यों जहँ करत बखान।
तहाँ विषम भूषण कहत, 'भूषण' सुकवि सुजान॥

शि० भू० २०६।

इस अलंकार का भूषण ने यह उदाहरण दिया है—

"बापुरो एदिल शाह कहाँ
कहाँ दिल्ली को दामनगीर सिवाजी।"

शि० भू० २०७।"

चन्द्रालोककार ने भी विषमालंकार का प्रथम रूप इसी प्रकार व्यक्त किया है। जैसे—

'केयं शिरीष मृद्वङ्गी क्वतावन्मदनज्वरः।*

परन्तु इसका दूसरा लक्षण और उदाहरण इससे नितान्त भिन्न है। इसलिए भूषण ने उसे विरोध माना है। यथा—

"विरूप कार्यस्योत्पत्तिरपरं विषमं मतम्।
कीर्तिप्रसूते धवलां श्यामा तव कृपाणिका॥" †

चन्द्रालोक के इन दोनों भेदों में कोई साम्य नहीं है। अतः इसे भूषण का विरोध अलंकार मानना ही युक्ति युक्त है। इसमें भी भूषण की व्युत्पन्न मति का स्पष्ट दर्शन होता है। इसमें आलंकारिकता भी न मानना भूल है। इसके लिए भूषण का उक्त उदाहरण ही पर्याप्त है। इन उदाहरणों से हम सहज ही

* "चन्द्रालोक" पृष्ठ १०५।

† "चन्द्रालोक" पृष्ठ १०५।

भूषण की आलंकारिक योग्यता और गंभीर अध्ययन का अनुमान कर सकते हैं। उनके ऊपर थोपे गये आक्षेपों का तो प्रश्न ही नहीं उठता।

त्रिनेत्र जी ने अपने लेखों द्वारा 'भूषण विमर्श' पर जहाँ अन्य प्रकार के आक्षेप किये हैं, वहाँ अलंकारों पर भी विचार करने की कृपा की है। यहाँ पर यह कह देना अनुचित न होगा कि पं० विश्वनाथ प्रसाद जी मिश्र इत्यादि पाँच सज्जनों ने 'शिवराज भूषण' पर एक टीका लिखी है। उसमें अनेक आक्षेप-जनक बातों के साथ 'शिवराज भूषण' के कई अलंकारों में भी दोष दिखाने का निरर्थक प्रयास किया है। 'भूषण विमर्श' के आलंकारिक अध्याय में श्री विश्वनाथ प्रसाद जी मिश्र आदि पंचवर्गीय सम्पादकों की भूलें दिखलाई गई हैं। जिन्हें वे भूषण के सिर थोप रहे थे। विद्वत्समाज ही इसका निराकरण कर सकता है कि भूषण की आलंकारिक रचनाएँ संस्कृत आलंकारिकों से भी कितनी महत्वपूर्ण एवं विशेष योग्यता से परिपूर्ण हैं। इसका उत्तर तो दिया ही क्या जाता! हाँ, जो उत्तर दिया गया है, उसे ही अविकल रूप में उद्धृत करना पर्याप्त होगा। त्रिनेत्र जी लिखते हैं।—'भूषण की आलंकारिकता' नामक अध्याय में

"भूषण के अलंकार-विधान का वैशिष्ट्य या उनकी आचार्यता न दिखला कर पूर्व की रचनाओं में दिखाये गये दोषों का परिहार करने का दुस्साहस किया गया है। जो यह भी नहीं जानता कि आक्षेप और प्रतीप में जमीन-आसमान का अन्तर है, जो केवल जो सो शब्द के प्रयोग को निदर्शना ( प्रथम ) माने बैठा है, जो यह भी नहीं जानता कि विषमालंकार के कई भेद

होते हैं, और विरोधाभास उसके दूसरे भेद से भिन्न है, वह न जाने कितनी अद्भुत बातें लिख सकता है।"

ये हैं पं० विश्वनाथप्रसाद जी मिश्र के उद्‌गार भरे विवेचन और इस आक्षेपपूर्ण अनर्गल कथन में कितना अन्तर है। इसे पाठक दोनों को देखकर ही अनुमान कर सकते हैं। पाठकगण स्वयं देखें कि मैंने जो, सो के प्रयोग को ही 'निदर्शना' कहा है अथवा उसके साथ कुछ और भी जुड़ा हुआ है' जो कि उसका प्रधान लक्षण है। इसी प्रकार 'विरोध' और 'विषम' अलंकारों के स्वरूपों का निरूपण भी हँसी में नहीं उड़ाया जा सकता। "पंचम-प्रतीप" संबंधी भूषण की मौलिक खोज को इस रीति से हास्यास्पद बनाना अपनी योग्यता का वास्तविक परिचय देना नहीं तो क्या है?

## भूषण की रचना में वैदिक भावना

आर्ष साहित्य के पश्चात् वैदिक भावना लुप्तप्राय हो गई थी। यही कारण है कि भूषण के पहले किसी भी कवि की रचनाओं में उन भावनाओं का दर्शन नहीं होता। गोस्वामी तुलसीदास जी ने वेदों की भूरि-भूरि प्रशंसा की है और उनके द्वारा भगवान् रामचन्द्र जी की स्तुति भी कराई है, परन्तु भूषण की रचनाओं में उन भावनाओं का जैसा सहज, स्वाभाविक और उत्कृष्ट वर्णन मिलता है, वैसा अन्य कवियों की रचनाओं में नहीं। भूषण ने वैदिक भावना को फिर से जाग्रत किया और वीर रस में रँगकर उसे पुनर्जीवित करने का प्रयत्न किया है। 'शिवराज भूषण' के मङ्गलाचरण में वे लिखते हैं।—

"विकट अपार भव पंथ के चले को श्रम,
हरन करन बिजना से ब्रह्म ध्याइये।

यहि लोक परलोक सुफल करन कोक-
नद से चरन हिये आनि कै जुड़ाइये।
अलि कुल कलित कपोल ध्यान ललित,
अनन्द रूप सरित मैं 'भूपन' अन्हाइये।
पाप तरु भञ्जन विघन गढ़ गञ्जन,
जगत मनरञ्जन द्विरद मुख गाइये।
शि० भू० १।

इस छन्द में गणेशरूप ब्रह्म की स्तुति की गई है, जो अपार और भयावने संसार के मार्ग को सुरक्षित रखता है।

इस प्रार्थना द्वारा भूषण वैदिक मंत्रों की भाँति सांसारिक और आध्यात्मिक दोनों भावों को व्यक्त करनेवाली स्तुति करते हैं। इस स्तुति में ब्रह्म शब्द निराकार, सर्वव्यापक परमात्मा के लिए आया है। अध्यात्म भाव में जहाँ हृदय की शुद्धि, म की प्रसन्नता और उत्साह आदि के लिए प्रार्थना की गई है, वहाँ सांसारिक विजय की भी आकांक्षा दृष्टिगोचर होती है। द्विरद कह कर गढ़भंजनी रूप तो व्यक्त किया ही गया है, गणेश के इस रूप में एक और विशेषता है कि गणेशजी का एक दाँत परशुराम जी ने तोड़ दिया था। इससे उन्हें अपमान भी सहन करना पड़ा था हमारा यह राष्ट्रिय कवि पराजित गणेश ब्रह्म को उपासना के लिए सामने नहीं लाना चाहता। अतः गणेश के द्विरद रूप की प्रर्थना करने को कहता है।

इसी ग्रन्थ में दूसरी प्रार्थना देवी की है। इसमें शिवाजी की आध्यात्मिक भावना को संसार व्यापी होने के लिए प्रार्थना की गई है।

अब सूर्य की उपासना-सम्बन्धी छन्द देखिये—

"तरनि, जगत जलनिधि तरानि, जय-जय आनँद ओक ।
कोक कोकनद सोक हर, लोक-लोक आलोक ॥"

इस स्तुति का वैदिक सूर्योपासना से मिलान कीजिये ।

चित्रंदेवाना मुद गादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः ।
आ प्रा द्यावा पृथिवी अंतरिक्षः सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च ॥

इन दोनों प्रार्थनाओं में बहुत साम्य है। भूषण ने केवल कोक-कोकनद की संसार से उपमा देकर उसे आलंकारिक रूप दे दिया है।

अब प्रधान वैदिक मंत्र गायत्री से भी इसी स्तुति का मिलान कीजिये।

"तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ।"

इस मंत्र का भी पूरा भाव सूर्य की स्तुति में प्रतिबिंबित हो रहा है। इसका 'जय जय' शब्द "यो नः प्रचोदयात्" के भाव को बड़ी सुन्दरता से व्यक्त कर रहा है।

इस प्रकार भूषण की रचना में वैदिक भावनाएँ पूर्ण रूप से परिलक्षित होती हैं।

'शिवराज भूषण' एक अलंकार विषयक ग्रन्थ है। इस ग्रंथ के प्रथम उदाहरण में ही भूषण ने एक नई भावना व्यक्त की है। वे उपमालंकार का उदाहरण देते हुए लिखते हैं—

"मिलतहि कुरुख चकत्ता को निरखि कीन्हौं,
सरजा सुरेस ज्यौं दुचित ब्रजराज कौं।

शि० भू० ३४ ।

इसमें शिवाजी की उपमा इन्द्र से और औरंगजेब की तुलना श्रीकृष्ण से की गई है। कुछ सज्जनों ने यह आपत्ति की है कि औरंगजेब से श्रीकृष्ण की उपमा देना अनुचित है। परंतु वे इस बात को भूल जाते हैं कि वेद में इन्द्र का पद विष्णु से ऊँचा माना गया है। यद्यपि पुराणों में विष्णु को इन्द्र से ऊँचा पद दिया गया है। श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। अतः यहाँ पर इन्द्र को विष्णु से श्रेष्ठ दिखलाने के विचार से ही यह उपमा दी गई है। इस प्रकार भूषण ने वैदिक मार्ग का ही अनुगमन किया है।

इस भाव को भूषण ने और भी अनेक उदाहरणों द्वारा स्पष्ट किया है। 'शिवराज भूषण' के छन्द नं० १०३ में शिवाजी के पहाड़ी किलों का वर्णन करते हुए वे लिखते हैं—

"इन्द्र कौ अनुज तै उपेन्द्र अवतार याते,
तेरा बाहुबल लै सलाह साधियतु है।
पाँय तर आय नित निडर बसाइबे कौं,
कोट बाँधियतु मानो पाग बाँधियतु है॥"

यहाँ पर शिवाजी को इन्द्र का अनुज उपेन्द्र (विष्णु) का अवतार कहा गया है। इन्द्र पहाड़ों का शत्रु माना जाता है। शिवाजी द्वारा उनके रक्षणरूप फल की उत्प्रेक्षा की गई है। इन्द्र और पहाड़ सम्बन्धी इसी भाव को व्यक्त करनेवाला एक वेद मंत्र, जिसमें इन्द्र की महत्ता प्रकट की गई है। इस प्रकार है—

"युवं तन्मिन्द्र पर्वता पु·ो युधायोनः प्रतन्याद पतं—
तमित्सदृतं वज्रेण तन्त मिद्धतम्। दूरे चराय
छन्त्यद्ध गहनं यदि नक्षत्। अस्माकं शत्रून्
परिशूर विश्वतो दर्मा दर्षीष्ट विश्वतः!

गोस्वामीजी ने 'स्वान समान पाकरिपु रीती' आदि उपमाओं द्वारा इन्द्र को बहुत ही गहरे गड्ढे में गिराने का प्रयत्न किया था। भागवत में भी श्रीकृष्ण की तुलना में उसे कई बार नीचा दिखलाया गया है। भूषण ने पौराणिक भावना को हटाकर समाज को वैदिक मार्ग की ओर ले जाने का उद्योग किया है। वैदिक मर्यादा को सुरक्षित रखने के विचार से 'शिवराज भूषण' में विष्णु को इन्द्र का छोटा भाई कहा गया है। इसी प्रकार 'शिवराज भूषण' के छन्द नं० ६६ में शिवाजी को इन्द्र मानकर उनकी प्रशंसा इस प्रकार की गई है—

"किरवान बज्र सो बिपच्छ करिबे के डर,
मानि कै कितेक आये सरन की गैल हैं।
मघवा मही में तेजवान शिवराज वीर,
कोट करि सकल सपच्छ किये सैल हैं॥"

इस छन्द में शिवाजी को इन्द्र मानकर पहाड़ों पर उनकी शरण में जाना वर्णित है। इसी से उन्होंने पहाड़ों पर किले बनवाकर मानों उन्हें फिर सपच्छ कर दिया है। इस तरह 'भूषण' ने यहाँ भी उसी वैदिक भावना को सुरक्षित रखने का उद्योग किया है।

भूषण युद्ध का वर्णन करते हुए 'शिवराज भूषण' के ३३३ वें छन्द में लिखते हैं—

"अजौ रवि-मण्डल रुहेलन की राह है।'

प्रत्येक पुण्यात्मा शरीर छोड़ने के पश्चात सूर्यमण्डल में जाता है, यह वैदिक सिद्धान्त है। इसके विरुद्ध पुराणों में मृतात्माओं के लिए स्वर्ग और नरक की स्थापना की गई है

अतः निश्चित है कि भूषण उक्त कथन द्वारा वैदिक सिद्धान्त का ही प्रतिपादन कर रहे हैं।

भूषण ने 'शिवराज भूषण' के छन्द नं० ५ और ८ में सरजा, सीसौदिया, भौंसिला और खुमान शब्दों की जो निरुक्ति की है, वह वैदिक ढंग पर ही की गई है। इस प्रकार वे जनता के समक्ष वैदिक भावों को रखना चाहते थे।

## वैदिक उपासना

भूषण ने सामयिक परिस्थिति का अनुशीलन कर निर्गुण और सगुण दोनों उपासनाओं का आधार लिया है। वस्तुतः वैदिक उपासना निर्गुणात्मक होने के लिए ही आदेश करती है। भूषण कालीन समाज सगुणोपासक था, तथापि उन्होंने किसी विशेष उपासना को न मानकर दोनों का ही प्रतिपादन किया है। इस उपासना में मुसलमानों की विचारधारा को भी स्वीकार करके उन्होंने हिंदू-मुसलमानों का स्थायी मेल स्थापित करने का भी प्रयत्न किया है। भूषण का यह आयोजन स्तुत्य और उनकी बुद्धिमत्ता का परिचायक है। वे कहते हैं—

**"चाहत निर्गुण सगुण को, ज्ञानवन्त की बान।**
**प्रकट करत निर्गुण सगुण, शिवा निवाजी दान॥**

शि० भू० १४३।

भूषण की यही विचारधारा उन महाशयों के लिए स्पष्ट उत्तर है जो भूषण पर जातिगत द्वेष फैलाने का दोष लगाते हैं। उनकी रचना में अनेक वर्ण हैं, जिनमें जातिगत द्वेष को दूर करने का प्रयत्न किया गया है। उसमें मूर्ति-पूजा तथा देवी-देवताओं की उपासना के लिए कोई उच्च-स्थान नहीं है। अनेक स्थलों पर वे इन्हें उपेक्षणीय कहते हैं। यथा—

"देवल गिरावते फिरावते निसान अली,
ऐसे डूबे राव-राने सबी गये लबकी।
गौरा गनपति आप औरन को देत ताप,
आपनी ही बार सब मारि गये दबकी।

शि० बा० ४२।

'शिवा बावनी' के छन्द नं० ४३ में यही भाव व्यक्त किया गया है। उसी के ४४ वें छन्द में उन्होंने लिखा है—

"भूषण भनत भाग्यौ काशीपति विश्वनाथ,
और कौन गिनती में भूली गति भव की।
चारो वर्ण धर्म छोड़ि कलमा निवाज पढ़ि,
सिवा जी न होतो तो सुनति होति सबकी॥"

भूषण की रचना से इस प्रकार के अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं। इन छन्दों से स्पष्ट विदित होता है कि गौरा, गनपति, देवी, देवता, यहाँ तक कि काशीपति विश्वनाथ में भी उनकी अधिक श्रद्धा नहीं प्रतीत होती। वे उन्हें शक्तिहीन समझते थे। उनकी यह भावना वैदिक विचारों के प्रति आकर्षण-स्वरूप तथा सामयिक परिस्थितियों के कारण ही बनी थी। संभव है इस सम्बन्ध में वे दक्षिण में निवास करने के समय पेशवा बाजीराव तथा वहाँ के अन्य विद्वानों और पंडितों से विचार-विनिमय भी करते रहे हों। क्योंकि बाजीराव पेशवा की प्रशंसा करते हुए वे कहते हैं कि—

"उलटत पलटत गिरत झुकत उझकत,
शैषफन वेदपाठिन के हाथ से ।*

इससे स्पष्ट है कि दक्षिण के ब्राह्मणों के विचार भी भूषण के समान ही थे।

भूषण को अपने हृदय में गो-भक्ति का विशेष महत्व दिखलाना अभीष्ट न था। उनका प्रधान लक्ष्य था अहितकर रूढ़ियों का उत्पाटन और हितकर भावनाओं का पुनर्जीवन। औरगंजेब तथा अन्य धर्मान्ध आततायियों ने गाय का आश्रय लेकर अनेक बार धर्मभीरु हिन्दुओं को पददलित किया था। अतः भूषण ने इस भावना को नष्ट करने का प्रयत्न निम्न लिखित छन्द द्वारा किया था —

"सिंह सिवा के सुवीरन सों,
गो अमीर न वाचि गुनीजन धोषैं।"

भूषण की विचारधारा में अधोगामिनी भावनाओं को नाममात्र के लिए भी स्थान नहीं था। उनकी दृष्टि सदैव उत्कर्ष की ओर रहती थी। इसलिए उन्होंने संकुचित विचार-शृंखलाओं को छिन्न-भिन्न कर दिया था और वे निर्भीक होकर अपने मत के समर्थन एवं प्रचार में तन, मन और धन से लग गये थे। इसी के परिणाम-स्वरूप उन्होंने अपने जीवन में ही देश की दशा कुछ से कुछ कर दी थी। वैदिक भावना का यह उत्कृष्ट स्वरूप भूषण की रचना में बड़े ही सुन्दर ढंग से प्रतिपादित हुआ है। इस प्रकार राजनीतिक क्रान्ति के साथ-साथ धार्मिक और समाजिक क्रान्ति भूषण के मस्तिष्क की अभूतपूर्व उपज थी।

---

* "भूषण ग्रन्थावली' फुटकर छन्द ३२।

## वीर रस का विकास और भूषण

पहले कहा जा चुका है कि भारतीय समाज का विकास वैदिक सभ्यता से हुआ था। इसी का आश्रय पाकर आर्य-संस्कृति ने अपना उत्कृष्ट रूप संसार के सम्मुख उपस्थित किया था। इस वैदिक संस्कृति का मेरुदण्ड वीर रस ही था, जिसका स्थायी भाव उत्साह है। इसी की प्राप्ति के लिए आर्य लोगों ने सहस्रों मंत्रों की रचना की थी। उनकी प्रत्येक प्रार्थना तथा अन्य अनेक ऋचाओं में एक यही भावना ओतप्रोत है। इसी शक्ति की प्राप्ति के लिए यज्ञों की रचना हुई थी। आर्यों का प्रत्येक कार्य इसी विचार-संकलन में संश्लिष्ट था। "संगच्छध्वं सवदध्वं सं वो मनासि जानताम्" की ध्वनि सर्वत्र गूँज रही थी। यही उनका मूल मंत्र था। उत्साह ही उनका जीवन था। उनके मंत्रों की प्रधान साधना कार्य की परिणति ही थी। उसी के लिए वे सतत प्रयत्नशील थे।

'रामायण' और 'महाभारत' में प्रधान युद्ध स्त्री-मानरक्षा के कारण ही कराये गये हैं और उनके कथन आदर्श माने गये हैं। परंतु परवर्ती काव्यों में पुरुषों और स्त्रियों का कामुकतापूर्ण वर्णन ही मिलता है। कालिदास, भवभूति, श्रीहर्ष, चन्द, विद्यापति, केशव, बिहारी और देव इत्यादि की रचनाओं में शृंगारिक भावों का ही बाहुल्य है। यहाँ तक कि महात्मा सूरदास की रचना में भी हम वही वासनायुक्त भावना नृत्य करती हुई पाते हैं। कबीर और तुलसी की भावनाएँ अवश्य हमारे सम्मुख उच्चादर्श रखकर हमारे लिए पथ-प्रदर्शन का कार्य करती हैं। भूषण की रचना में भी धर्म. स्वदेश-रक्षण और सतीत्व-पालन के लिए अद्वितीय प्रोत्साहन मिलता है। शिवाजी के अपूर्व स्वदेश-रक्षण अदम्य उत्साह और वीरत्व प्रदर्शन के कारण ही भूषण ने उन्हें ईश्वरावतार बतला कर

राम, कृष्ण, शिव, विष्णु और नृसिंह अवतार के रूप में उन्हें चित्रित किया है। वीरत्व-प्रदर्शन में शत्रु-पक्ष की पराजय और स्वपक्ष-विजय का ही ध्येय रहता है। भूषण ने भी अत्याचारी औरंगजेब से स्वदेश और समाज-रक्षण करना ही शिवाजी का उद्देश्य बतलाया है, जो एक ऐतिहासिक तथ्य है।

वीरत्व भाव का पालन करते हुए जीवनोत्सर्ग करना तो भूषण की रचना का ध्येय ही था। भूषण ने शिवाजी का चरित्र आदर्शरूप में अंकित किया है। उनके प्रबल भुजदंडों से उद्वेलित वीररस-सागर में अखिल भारतवर्ष निमज्जित होकर उत्साह से परिपूर्ण हो गया था। भूषण की उसी पूतवाणी के परिणाम-स्वरूप आर्यावर्त का मानचित्र ऐसा परिवर्तित हो गया था कि उसे देख कर दाँतों तले उँगली दबानी पड़ती है।

## तुलनात्मक आलोचना

भूषण का जन्म एक विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए हुआ था। एक विद्वान् के कथनानुसार उनका यह उद्देश्य था "हिंदुओं को जगाकर राष्ट्रिय संस्था का संस्कार करना और नायक-नायिका-भेद के विश्लेषण में फँसे हुए विद्वानों एवं कवियों का उद्धार कर साहित्य का सुधार करना।" हम इसमें ये वाक्य और जोड़ देना चाहते हैं।—"उन्होंने सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्र में महान् क्रान्ति कर राष्ट्र को जो उत्थान दिया था, वैसा उसे सैकड़ों वर्षों से न प्राप्त हो सका था।" यह कार्य उन्होंने अपनी रचनाओं द्वारा किया था। इसका प्रमाण एक प्रसिद्ध किंवदन्ती से मिलता है। जो यद्यपि अशुद्ध बतलाई जा चुकी है, औरंगजेब को अपनी वीर रसमयी कविता सुनाते समय भूषण ने उनसे 'नापाक हाथ धो डालने' के लिए कहा था।

यहाँ भूषण की वीर रस की रचनाओं के कुछ * नमूने अन्य कवियों की रचनाओं-सहित तुलनात्मक दृष्टि से उद्धृत किये जाते हैं। मरहठों में नवजीवन प्रदान करने और उत्साह भरने के लिए भूषण कहते हैं —

"उद्धत अपार तव दुंदुभी धुकार साथ,
लंघैं पारावार बालबृन्द रिपुगन के।
तेरे चतुरंग के तुरंगन के रँगे रज,
साथ ही उड़ात रजपुंज हैं पटन के।
दच्छिन के नाथ सिवराज! तेरे हाथ चढ़ैं,
धनुष के साथ गढ़-कोट दुरजन के।
'भूषन' असीसैं तोहि करत कसीसैं पुनि,
बानन के साथ छूटैं प्रान तुरकन के॥"

इस छन्द में 'तुरकन' शब्द केवल औरंगजेबी सेना के लिए प्रयुक्त हुआ है, सम्पूर्ण मुसलमानों के लिए नहीं। 'तुर्क' शब्द का अर्थ भी 'अत्याचारी' होता है। भूषण के इस युद्ध प्रोत्साहन से सरवाल्टर स्काट की उस ललकार की तुलना कीजिये जो 'लेडी ऑव द लेक' में वर्णित है।

"Hail to the chief who in triumph adavences.
Honour'd and blessed be the ever green pine.
Long may the tree in his banner that glances,
Flourish the shetter andgrace of our line.
Roderigh vich Alpine dhu, ho! ieroe. †

---

* 'नागरी प्रचारिणी' सभा से प्रकाशित 'भूषण-ग्रन्थावली' की भूमिका।

† 'माधुरी' आश्विन १९९०, पृ० ३१३।

यद्यपि उपर्युक्त वर्णन बड़ा ही प्रभावशाली है, परंतु भूषण की दहाड़ इसमें कहाँ ?

युद्ध में हाथियों की दशा का चित्र अंकित करते हुए वे कहते हैं।

"उतै पातसाहजू के गजन के ठट्ठ छूटे,
उमड़ि घुमड़ि मतवारे घन कारे हैं।
इतै सिवराज जू के छूटे सिंहराज,
औ विदारे कुंभ करिन के चिक्करत भारे हैं।
शि० बा० ३२।

इसी भाव को महाकवि 'चन्द बरदाई' पृथ्वीराज के युद्ध का दिग्दर्शन कराते हुए इस प्रकार व्यक्त करते हैं।—

"गही तेग चहुवान हिंदुवान एनं।
गजं जूथ परि कोप केहरि समानं।
करे रुंड मुंडं करी कुम्भ फारै।
वरं सूर सामंत हुकि गर्ज मारै।

इन दोनों छन्दों को पढ़ने से ज्ञात होता है कि चंदबरदाई की अपेक्षा भूषण की रचना अधिक उत्कृष्ट एवं वीर रस की सृष्टि में कहीं अधिक अनुकूल बैठती है। भूषण के 'चिक्करत' शब्द में जो ओज-पूर्ण भावना निहित है, वह चंद के गर्ज से पूरी नहीं होती तथा उनके 'हुकि' शब्द से 'शक्ति' शब्द के प्रभाव में न्यूनता प्रतीत होती है।

भूषण की रचना में जोश की भावना क्रमशः प्रस्फुटित होती जाती है। उनकी शब्द व्यञ्जना भी उत्तम है। चंद ने उसी भाव

को अनुस्वार द्वारा प्रकट करने का प्रयत्न किया है; परन्तु उन्हें भूषण की सी सफलता नहीं मिल सकी। अब इसी भाव से मिलती-जुलती गंग की रचना भी देखिये ।—

"झुकत कृपान मयदान ज्यों उदोत भान,
एकन ते एक मानो सुषमा जरद की ।
कहै कवि 'गंग' तेरे बल की बयारि लागे,
फूटो गज-घटा घन-घटा ज्यों सरद की ॥"

भाव-विकास की दृष्टि से यह छंद उच्च-कोटि का है परंतु भूषण ने शिवाजी को सिंहराज बनाकर बहुत ही उत्कृष्ट वीर रस का रूप दे दिया है । 'गंग' की 'हवा और बादल' की तुलना में वह उत्कर्ष नहीं दिखलाई देता ।

भूषण की रचना में 'दुर्गा सप्तशती' का कुछ प्रभाव दृष्टिगोचर होता है । भगवती चंडी अनंत शक्तिशालिनी तथा महिषासुर, मधुकैटभ, शुंभ, निशुंभ आदि दैत्यों का संहार करनेवाली मानी जाती हैं । इसलिए उनका आदर्श भूषण की कविता में फलित होना स्वाभाविक है । भूषण के पिता देवी के परम उपासक थे । भूषण ने भी 'शिवराज भूषण' के प्रारंभ में गणेश-वन्दना के पश्चात् जगज्जननी महाकाली की वन्दना की है । उन की रचना में कहीं-कहीं तो दुर्गा-सप्तशती के वाक्य के वाक्य ही अनूदित रूप में पाये जाते हैं । भूषण के निम्नलिखित छन्द को देखिये—

"क्रुद्धद्धरि किय युद्धद्धरि अरि अद्धद्धरि करि ।
मुंडड्डरि तहँ रुंडड्डकरत डुंडड्डग भरि ।"

शि० भू० ३५७ ।

इसको पढ़कर सप्तशती के निम्नलिखित श्लोकों का स्मरण हो आता है।

"छिन्नेपि चान्ये शिरसि पतिता पुनिरुत्थिता।
कबन्धा युयुधुर्देव्या गृहीत परमाश्रिताः॥
ननृ तुश्चापरे तत्र युद्धे तूर्य लयाश्रिताः।
कबन्धाश्छिन्न शिरसः शब्द शक्तयष्टि पाणयः।
तिष्ठ तिष्ठेति भाषन्ती देवी मन्ये महासुरः।

आगे फिर देखिये।—

"चंडी ह्वै घुमंडी अरि चंड मुंड चाव करि,
पीवत रुधिर कछु लावत न बार है।"

में 'चामुंडा पीत शोणितम्' का स्पष्ट आभास मिलता है। इसी प्रकार —

कालिका प्रसाद के बहाने तें खवायो महि,
बाबू उमराव राव पसु के छलनि सों।

छंदांश तो "मया तवात्रोपहृतौ चण्ड मुण्ड महा पशू" का भाषान्तर मात्र है।

इनके अतिरिक्त 'शिवराज भूषण' और दुर्गा सप्तशती के कुछ अन्य वाक्यांश भी टक्कर खाते से प्रतीत होते हैं। यथा—

( १ ) आदि सकति – 'प्रकृतिस्त्वमाद्या'

( २ ) मधुकैटभ छलनि—'वञ्चिताभ्यामितितदा'

( ३ ) बिड्डाल बिहडिनि—बिडालस्यानिका यात्पातया मासवैशिर :—

भूषण के वर्णन में युद्ध का साक्षात् चित्र सा अंकित हो जाता है। इस विषय में ये उतने ही सिद्धहस्त हैं, जितने आँग्ल कवि सरवाल्टर स्काट वीर रस लिखने में। तुलना के लिए एक

छन्द भूषण का और कुछ पंक्तियाँ स्काट की 'मार्मियन' नामक पुस्तक से यहाँ उदाहरणार्थ उद्धृत हैं।

"मुण्ड कटत कहुँ रुंड नटत कहुँ सुंड पटत घन।
गिद्ध लसत कहुँ सिद्ध हँसत सुख-वृद्धि रखत मन।
भूत फिरत करि बूत भिरत सुर दूत घिरत तहँ।
चंडि नचत गन मंडि रचत धुनि डंडि मचत जहँ।
"इमिठानि घोर घमसान अति, 'भूषण' तेज कियो अटल।
शिवराज साहि तुव खग्ग बल, दलि अडोल बहलोल दल॥"

They close in clouds of .smoke and dust,
with sword-sway and with lances thrust.
And such a yell was there.
Of sudden and portentious birth;
As if men fought upon the earth,
And finds in upper air;
O, life and death were in the shout,
Recoil and relly, charoe and rout.
And triumph and despair.*

यहाँ वर्णनात्मक शक्ति में कौन बढ़ा हुआ है, यह कहना सरल नहीं है। भूषण की रचना १७ वीं शताब्दी की है और स्काट १९ वीं शताब्दी में हुए हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि वे समय से कितना आगे बढ़े हुए थे।

---

* 'माधुरी' आश्विन १९९० वि०।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी वीर रस का वर्णन बहुत सुन्दर किया है। कवितावली रामायण का एक उद्धरण यहाँ दिया जाता है।—

"दबकि दबोरे एक वारिधि में बोरे एक,
मगन मही में एक गगन उड़ात हैं।
पकरि पछारे कर चरन उखारे एक,
चीरि फारि डारे एक मींजि मारे लात हैं।
'तुलसी' लखत राम-रावन विबुध विधि,
चक्रपानि चंडीपति चंडिका सिहात हैं।
बड़े बड़े बान इत वीर बलवान बड़े,
जातुधान जूथप निपाते बात-जात हैं।"

अब भूषण का भी एक छन्द देखिये —

"गढ़न गँजाय गढ़ धरन सजाय करि,
छाँड़े केते धरम दुआर दै भिखारी से।
साहि के सपूत पूत वीर सिवराज सिंह,
केते गढ़धारी किये वन बनचारी से।
भूषण बखानै के ते दीन्हें बन्दीखाने, सेख—
सय्यद हजारी गहैं रैयत बजारी से।
महता से मुगल महाजन से महाराज,
डाँड़ि लीन्हें पकरि पठान पटवारी से।"

तुलसीदास जी ने हनुमानजी की प्रशंसा की है और भूषण ने शिवाजी की। 'तुलसी' के छन्द में असंभूत शक्ति और देवत्व-भावना के दर्शन होते हैं। परंतु भूषण की रचना में कहीं भी न तो असंभावना प्रतीत होती है और न दैवी शक्ति-समन्वित अलौकिकता ही पाई जाती है। पूरा छन्द स्वाभाविकता से आप्लावित है। वैसे दोनों ही छन्द ओज और प्रसाद गुणयुक्त हैं और उनमें वीर रस का पूर्ण परिपाक हुआ है। तथापि मानव-चरित्र ही आदर्श एवं अनुकरणीय होता है। देव-भावना इससे परे की वस्तु है। इसलिए गोस्वामीजी की रचना हमारे अधिक काम की नहीं है।

भूषण और मतिराम की रचना में भी कुछ साम्यावस्था दिखलाई पड़ती है। मतिराम का शृंगार रस का दोहा इस प्रकार है।—

"अली चलीं नवलाहि लै, पिय पै साजि सिंगार।
ज्यों मतङ्ग अड़दार कौं, लिये जात गड़दार॥"

भूषण उसी भाव को वीर रस में ऐसे व्यक्त करते हैं।—

"दावदार निरखि रिसानो दीह दलराय,
जैसे गड़दार अड़दार गजराज को।"

उपर्युक्त दोनों छन्दों में मतवाले हाथी को पुचकार कर ले जाने की उपमा दी गई है। प्रथम छन्द में 'मुग्धा नायिका' है, दूसरे में वीर शिवाजी की प्रशंसा की गई है। दोनों वर्णन उत्तम हैं, परंतु यह उपमा वीर रस के ही अधिक उपयुक्त है। औरंगज़ेब के दरबार में शिवाजी जैसे वीर योद्धा के जाने का वर्णन इससे अधिक ओजपूर्ण शब्दों में हो ही नहीं सकता।

प्रथम मतिराम ने अपने 'ललित ललाम' में लिखा है—

"मूँछिन सौं राव मुख लाल रङ्ग देखि मुख
औरन कौ मूँछन बिना ही स्याम रङ्ग भौ।"

उसी भाव को 'शिवराज भूषण' में भूषण ने इस प्रकार व्यक्त किया है।—

"तमक ते लाल मुख सिवा को निरखि भयो,
स्याह मुख औरंग सिपाह मुख पियरे।"

इन दोनों छन्दांशों में से भूषण की रचना अधिक ओजस्विनी है। उस में वीर रस का पूर्ण उद्रेक हुआ है। मतिराम के छन्द में शत्रुओं पर बूंदी के राव का उतना प्रभाव दृष्टिगोचर नहीं होता, जितना भूषण के छन्द में शिवाजी का। इन तुलनाओं से यह भली भाँति प्रकट हो जाता है कि वीर रस वर्णन में भूषण के सामने कोई खड़ा नहीं हो सकता।

## 'शिवराज भूषण' में बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव

भूषण ने अपना ग्रंथ 'शिवराज भूषण' सितारा में ही बैठकर लिखा था। ग्रंथ-निर्माण में सहायक ऐतिहासिक घटनाएँ जानने के लिए उन्होंने महाराष्ट्र-साहित्य का अध्ययन भी किया था। इसीलिए वहाँ के साहित्य की ध्वनि भूषण में यत्र-तत्र सुन पड़ती है। इसी कारण मराठी भाषा के शब्द भी उनकी रचना में पर्याप्त रूप से पाये जाते हैं। तुलनात्मक दृष्टि से इस स्थान पर वहाँ के कुछ साहित्यिकों के बिम्ब-प्रतिबिम्ब भावों का दिग्दर्शन कराना अनुपयुक्त न होगा।

जयराम कवि शिवाजी के समकालीन थे। उनका 'राधा-माधव-विलास चम्पू' प्रसिद्ध ग्रंथ है। उसमें दस-बारह भाषाओं का

प्रयोग किया गया है। उसकी रचना गद्य और पद्य-दोनों ही में हुई है। उसके एक छन्द का अर्द्धांश यह है—

साहे खुमान कौ दान कहा विधि,
कैसे कियो निधि मोल लियो है।
कारन याकौ कह्यौ करतार ने,
सीसोदिये कुल सीस दियो है॥"

अब भूषण कृत "सीसौदिया" वंश की निरुक्ति पर भी विचार कीजिये। 'शिवराज भूषण' में वे लिखते हैं।—

"महावीर ता वंश में, भयो एक अवनीस।
लियो विरद सीसौदिया, दियो ईस कौं सीस।"

इन दोनों छंदों में अपूर्व भाव साम्य है! दोनों की निरुक्ति भी एक सी ही है। परंतु जयराम की निरुक्ति का ढंग कुछ उथला तथा उखड़ा हुआ है। और भूषण की निरुक्ति सार्थक व सटीक बैठती है।

'शिव भारत' नामक संस्कृत ग्रन्थ के कुछ श्लोक इस प्रकार हैं।—

तं वीर ग्रंथ सेनान्यं सं विधाय महामनाः। १७
अन्यानमूंश्चमूंनाथाँ स्तत्साह्यये समादिशत्। ५०
अम्बरः शम्बर समः प्रतापी याकुतो युतः। ५१
तथैवांकुश खानोऽपि निरंकुश गजक्रमः। ५२

भूषण के 'शिवराज भूषण' में इसी भाव का एक कवित्त यह है।—

"साहि के सिवाजी गाजी सरजा समत्थ महा,
मदगल अफजलै पंजा-बल पटक्यौ।

ता बिगरि ह्वै करि निकाम निज धाम कहँ,
आकुत महाउत सो आँकुस लै सटक्यौ।"

शि० भू० ६३।

इन दोनों रचनाओं में भाव-साम्यता होते हुए भी भूषण की कविता अधिक भावपूर्ण है। "आकुत महाउत सुआँकुस लै सटक्यो" में जो आलंकारिक सौंदर्य है, वह 'शिव भारत' की रचना में नहीं दिखलाई देता।

'शिवराज भूषण' के २५६ वें छंद में भूषण लिखते हैं—

"गौर गरबीले अरबीले राठौर गह्यौ
लौहगढ़ सिंहगढ़ हिम्मति हरष ते।"

यही भाव 'शिव भारत' नामक संस्कृत ग्रंथ में इस प्रकार प्रकट किया गया है —

"सिंह लौहं महात्तं च प्रबलं च शिलोच्चयम्।
पुरन्दरम् गिरिं तद्वत् पुरीं चक्रावती मपि॥"

उपर्युक्त छन्दों में सिंह गढ़ और लौहगढ़ दोनों का एक साथ वर्णन किया गया है, यद्यपि वे भिन्न-भिन्न समय में जीते गये थे।

"जेधे* शकावली-" में लिखा है कि ज्येष्ठ शुल्क ४ शुक्रवार को रस्सियों की सीढ़ियों द्वारा चढ़कर लौहगढ़ जीता गया था। 'शिव दिग्विजय' नामक ग्रंथ में लिखा है कि यह किला शिवाजी के सरदार 'माणकोजी दहातोड़े' ने विजय किया था और सिंहगढ़ का किला उदयभान राठौर की मातहती में था। जिसे "तानाजी मौलसरे" ने सर किया था।

---

*'माधुरी' वर्ष ८, खंड १, संख्या ४, कार्तिक सं० १९८६ पृ० ७१०।

ऊपर वर्णित अवतरणों से स्पष्ट है कि 'शिवराज-भूषण' के अनेक छन्दों में महाराष्ट्र ग्रन्थों के छन्दों की ध्वनि गूँजती है। इससे यह प्रमाणित होता है कि भूषण ने अपना ग्रन्थ रचने के पूर्व इन ग्रन्थों को अवश्य देखा होगा।

## भूषण की रचना में मौलिकता

हिन्दी के प्राचीन साहित्य में मौलिक रचनाओं का प्रायः अभाव है। विद्वानों का विचार था कि सूरदास की कविता में मौलिक भावनाओं का अधिक समावेश हुआ है। परन्तु गंभीरता-पूर्वक विचार करने से ज्ञात होता है कि भूषण की रचना में सूर से भी अधिक मौलिकता है। सूरसागर में जहाँ मौलिकता की मात्रा अधिक पाई जाती है, वहाँ उसमें पिष्टपेषण भी कम नहीं है। एक ही विचार को इतनी बार दोहराया गया है कि उसकी सुन्दरता न्यून पड़ जाती है। भूषण की यह विशेषता है कि उनकी रचना में जहाँ मौलिकता सबसे अधिक दिखलाई देती है, वहाँ उसमें पिष्टपेषण नाम को भी नहीं है।

'शिवराज भूषण' की प्रारंभिक गणेश-वन्दना में ही हमें भूषण की मौलिकता का पूरा आभास हो जाता है।

—"विकट अपार भव पंथ के चले को श्रम,
हरन करन विजना से ब्रह्म ध्याइये।

❀ ❀ ❀
❀ ❀ ❀

पाप तरु भंजन विघन गढ़ गंजन,
जगत मनरंजन द्विरद मुख गाइये।"

एक ओर तो यह प्रार्थना वीररस के अनरूप है दूसरी ओर

इसमें मौलिक भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। गणेश जी का जहाँ पापनाशक कहा है, वहाँ युद्ध में हाथियों द्वारा गढ़ का दरवाजा तोड़े जाने का संकेत भी किया गया है। इस प्रकार हाथी के स्वभाव का चित्रण कर मानव प्रकृति का सामञ्जस्य बड़े अनोखे ढंग से किया गया है। 'विजना से ब्रह्म' कहकर आध्यात्मिकता और सांसारिकता का मिश्रण भी खूब किया गया है।

'शिवराज भूषण' के छन्द नं० ३ में सूर्य की उपासना का ढंग भी देखने योग्य है।—

"तरनि जगत जलनिधि तरनि, जय-जय आनँद ओक।
कोक कोकनद सोक हर, लोक लोक आलोक ॥"

इसमें सूर्य की तुलना नौका से की गई है। जिससे जगत रूपी जलनिधि से पार हो सकें। दूसरी पंक्ति में वैदिक भावना की कितनी अच्छी पुट दी गई है।

भूषण ने राजवंश वर्णन में 'सरजा', 'सीसौदिया', 'भौंसिला' और 'खुमान' की निरुक्ति वैदिक ढंग पर ही की है। इसके उदाहरण निम्नलिखित हैं।

"ताते 'सरजा' विरद भो, सोभित सिंह समान।
रन भूसिला सु 'भौंसिला' आयुष्मान खुमान ॥"

शि० भू० ८।

"महावीर ता बंस मैं, भयो एक अवनीस।
लियौ विरद "सीसौदिया", दियौ ईश कौं सीस ॥"

इन निरुक्तियों में नवीनता के साथ-साथ अनूठापन भी है। शिवाजी के लिए सीसौदिया की निरुक्ति ऐतिहासिकता के विरुद्ध होते हुए भी उत्तेजक और महत्वपूर्ण है।

शिवाजी के प्रसिद्ध किले रायगढ़ का वर्णन करते हुए भूषण लिखते हैं।

"जा मधि तीनहुँ लोक की दीपति,
ऐसो बड़ो गढ़ राज विराजै।
वारि पताल सिमाची मही,
अमरावति की छवि ऊपर छाजै।"

शि० भू० १५।

इस छंद में रायगढ़ को तीनों लोकों में उत्तम बतलाते हुए उसकी 'माची' का उल्लेख किया है। रायगढ़ के किले में तीन माची होने का उल्लेख यदुनाथ सरकार ने अपने 'शिवाजी' नामक ग्रन्थ में भी किया है। इसके निचले भाग पर पाताल निछावर है। तीन गढ़ियों पर पूरी पृथ्वी तथा ऊपरी भाग पर देव लोक निछावर होता है। फिर भूषण कहते हैं –

"पावक तुल्य अमीतन कौं भयौ
मीतन कौं भयौ धाम सुधा को।
आनँद भौ गहिरो समुदै,
कुमुदावलि तारन को वहुधा को।"

शि० भू० ३७।

यहाँ शिवाजी को अग्नि और चन्द्र के समान कहा गया है। वे शत्रुओं को अग्नि की भांति दुखदाई हैं, परन्तु मित्रों के लिए चन्द्रवत् (समुद्र कुमुद और तारों को) समान रूप से सुखदायक हैं। कैसो अनोखी उपमा और मनोहारिणी शब्द व्यञ्जना है।

अब प्रतीपालंकार का एक उदाहरण देखिये—

"शिव प्रताप तव तरनि सम, अरि पानिप हर मूल।
गरब करत केहि हेतु है, बड़वानल तो तूल॥"

शि० भू० ४४।

यहाँ सूर्य की उपमा शत्रु के पानिप हरण के लिए देना वीररस के उपयुक्त ही है। भूषण ने शिवाजी को 'इंद्र जिमि जंभ पर......सेर सिवराज है" नामक छंद में शिवाजी के लिए ११ उपमायें दी हैं। इनमें कई नवीन हैं। छंद नं० ६१ में कलियुग और समुद्र का रूपक भी अवलोकनीय है।

"कलियुग जलधि अपार उद्ध अधरम्म उर्म्मिमय।
लच्छनि लच्छ मलिच्छ कच्छ अरु मच्छ मगरचय॥
नृपति नदी नद बृन्द होत जाको मिलि नीरस।
भनि 'भूषन' सब भुम्मि घेरि किन्निय सुअप्प बस॥
हिंदुआन पुन्य गाहक बनिक, तासु निवाहक साहि सुव।
बर बादवान किरवान धरि, जस जहाज शिवराज तुव॥"

शि० भू० ६१।

इस छंद द्वारा भूषण ने संसार रूपी समुद्र में शिवराज के यशरूपी जहाज को तिराकर भारत का निर्वाह करवाया है। इसमें बादवान को किरवान बतलाकर वीरत्व की भावना भी प्रस्फुटित कर दी गई है। इसी प्रकार 'शिवराज भूषण' के छंद ६३ में—

"आकुत महाउत सो आँकुस लै सटक्यो।"

कहकर ऐतिहासिक भावना को कैसी सुन्दरता से साहित्यिक रूप दे दिया है। बीजापुर के सेनापति अफ़जल खाँ के साथ

ग़ाकूत खाँ और अंकुश खाँ भी शिवाजी को पकड़ने गये थे। अन्त में अफ़जल खाँ के मारे जाने पर ये दोनों सरदार बीजापुर को भाग गये थे। इस छंद में अंकुश को हाथी के चलाने के अस्त्र की उपमा देकर अंकुश का निर्वाह बड़ी कुशलता से किया गया है।—

"किरवान वज्र सों विपच्छ करिबे के डर
आनि कै कितेक गहे सरन की गैल हैं।
मघवा मही में तेजवान सिवराज वीर,
कोट करि सकल सपच्छ किये सैल हैं॥"

उपर्युक्त छंद में वर्णित है कि इन्द्र ने पहाड़ों को पच्छहीन कर दिया था। अब इन्द्र के छोटे भाई विष्णु ने शिवाजी के अवतार रूप में पहाड़ी किले बनाकर फिर उन्हें सपच्छ कर दिया है। कैसी अनोखी उपमा है। वीररस की उद्भावना इससे उत्कृष्ट रूप में कोई कवि क्या कर सकता है?

इसी प्रकार के उदाहरणों से भूषण की सम्पूर्ण रचनाएँ ओत-प्रोत हैं। कहीं से भी कुछ छंदों के पढ़ने पर हम सरलता-पूर्वक उसका आभास पा सकते हैं। 'शिवराज भूषण' के छंद नं० ६८, ७२, ७५, ७७, ७६, ८१' ८३, ६०, ६६, ६६, १०१, १०२, १०३, १०४, १११, १२४, १३२, १४०, १५५, १६१ इत्यादि तथा 'शिवा बावनी' 'छत्रसाल प्रशंसा' और फुटकर रचनाओं के अधिकांश भाग को देखने पर भूषण की मौलिकता सहज ही सिद्ध हो जाती है।

# ७—समाज-सुधार की योजना

## विवाह का आदर्श

भूषण ने राजनीतिक क्षेत्र में जो कार्य किया है, वह तो सर्व साधारण को विदित है; परन्तु उन्होंने समाज-सुधार के कार्य में जो क्रान्तिकारी परिवर्तन किये हैं, उनकी ओर हिन्दी-जगत् का ध्यान अभी आकर्षित ही नहीं हुआ है। यहाँ उसी पर विचार करना अभीष्ट है।

भूषण को ठीक-ठीक समझने के लिए इस बात का ध्यान रखना अत्यन्त आवश्यक है कि तत्कालीन परिस्थिति में भूषण का स्थान बहुत ऊँचा था। उस समय केवल हिन्दू समाज ही नहीं वरन् मुसलमान समुदाय भी उनकी कृपा की आकांक्षा रखता था। उन्हें अपने दरबार में बुलाने के लिए राजा, महाराजा और बादशाह तक विशेष प्रयत्नशील रहते थे तथा उनके पहुँचने पर गौरव का अनुभव करते थे। उनकी सामाजिक भावना को वास्तविक रूप में समझने के लिए उन्हीं के शब्दों में अकबर तथा उनके दो मंत्रियों ( महाराजा मानसिंह और राजा बीरबल ) की प्रशंसा का वर्णन करना असंगत न होगा।

निम्नलिखित छंद में जयपुर-नरेश महाराजा मानसिंह की प्रशंसा सवाई जयसिंह के सामने उनका पूर्वज मानकर की गई है।—

"अकब्बर पायो भगवन्त के तनै सौं मान,
बहुरि जगतसिंह महा मरदाने सों।
'भूषण' त्यों पायो जहाँगीर महासिंह जू सों,
साहिजहाँ पायो जयसिंह जग जाने सों।
अब अवरङ्गजेब पायो रामसिंह जू सों,
औरौ दिन-दिन पैहैं कूरम के माने सों।
केते राजा राय मान पावैं पातसाहन सों,
पावैं पातसाह मान मान के घराने सों॥"❀

इस छन्द को कुछ सज्जनों ने जयपुर-नरेश रामसिंह की प्रशंसा में माना है; परंतु वास्तव में यह छन्द महाराजा मानसिंह की प्रशंसा में कहा गया है। इसीलिए आदि और अंत में उन्हीं का वर्णन है। दूसरों को तो उनका वंशज होने के कारण महत्व दिया गया है। मान के घराने में कहकर इस बात को बहुत ही स्पष्ट कर दिया गया है। मानसिंह का अकबर से विशेष सम्बन्ध था। भूषण भी मानसिंह की नीति को प्रशंसनीय समझते थे। वे हिन्दू-मुसलमानों के मेल की भावना को दृढ़ीभूत करके समाज-सुधार को आगे बढ़ाना चाहते थे। महाराजा मानसिंह मुसलमानों से वैवाहिक संबंध भी कर चुके थे। जिसके कारण उन्हें सामाजिक भर्त्सना भी सहनी पड़ी थी। परन्तु वे सतत प्रयत्नशील रहे। भूषण ने इसी भावना द्वारा सवाई जयसिंह को उसी साँचे में ढालने का प्रयत्न किया था और उनके

---

❀ 'भूषण ग्रन्थावली' फुटकर छन्द ३४।

पूर्वजों की महत्ता प्रकट करते हुए उन्हें उसी प्रणाली पर चलने का उपदेश दिया था।

राजपूताने के अन्य अनेक राजाओं ने महाराजा मानसिंह की इस प्रणाली का पूर्ण रूपेण अनुकरण किया था। केवल चित्तौड़-नरेश महाराणा प्रतापसिंह के विरोध के कारण सुधार का यह कार्य वहीं का वहीं अवरुद्ध होकर रह गया। राणा प्रताप के तप, त्याग और बलिदान की तीव्र धारा में भारतीय समाज को उस सुधार की ओर ध्यान देने का अवकाश ही नहीं मिला, जिसे हमारे राष्ट्रिय कवि ने पुनर्जीवित करने का प्रयत्न किया था। उन्हीं के आदेशानुसार जयपुर-नरेश सवाई जयसिंह ने दो बड़ी-बड़ी सभाएँ करवाई थीं। जिनमें उक्त प्रकार के निर्णय-स्वरूप विद्वानों द्वारा दो व्यवस्थाएँ बनवाई गई थीं। सवाई जयसिंह ने भूषण के कहने से ही उत्तरी भारत के नरेशों का नेतृत्व ग्रहण किया था। जिसमें स्वराज्य-भावना का उद्योग निहित था। इसका उल्लेख सावरकर महोदय ने अपनी 'हिन्दुत्व' नामक पुस्तक में स्पष्ट रीति से किया है।

अकबर के दूसरे मंत्री राजा बीरबल की प्रशंसा भूषण ने 'शिवराज भूषण'' के प्रारंभ में इस प्रकार की है।—

"वीर वीरवर से जहाँ, उपजे कवि अरुभूप।
देव विहारीश्वर तहाँ, विश्वेश्वर तद्रूप।"

इस छंद में बीरबल की कवि और राजा के रूप में प्रशंसा की गई है। उन्होंने बिहारीश्वर का मंदिर कानपुर हमीरपुर रोड पर सजेंती गाँव में बनवाया था। बीरबल ने अकबर का "दीन इलाही" मजहब स्वीकार किया था। जिसके सारे सिद्धांत वैदिक भावना पर अवलंबित थे।

इन्हीं दोनों मंत्रियों की सहायता से अकबर ने सिद्धान्त रूप से हिन्दू-मुसलमानों के मेल की स्थापना की थी और दोनों को वैवाहिक सूत्र में भी आबद्ध कर लिया था। भूषण ने भी इस सिद्धान्त का पूर्ण समर्थन करके उसे और आगे बढ़ाने का उद्योग किया था। उन्होंने मुसलमानों को हिन्दू लड़कियाँ देना ही उचित नहीं समझा, वरन् मुसलमान लड़कियों से हिन्दू लड़कों के विवाह-संबंध को भी हिन्दू-समाज में प्रचलित कराने का उद्योग किया था।

भूषण ने ऐसे दो प्रसिद्ध विवाहों में भी हाथ बँटाया था। उनमें एक तो भगवन्तराय खीची के लड़के का था और दूसरा बाजीराव पेशवा का। जब भगवन्तराय खीची ने कोड़ा * जहानाबाद के मुसलमान सूबेदार को मारकर उसका राज्य छीन लिया था। उस समय उक्त सूबेदार की लड़की खीची के हाथ पड़ गई थी। तब उसने अपने लड़के शेरसिंह के साथ उस लड़की का विवाह कर दिया था। भगवन्तराय खीची के दरबार में भूषण का पर्याप्त सम्मान था। अतः इस विवाह के आयोजन में भूषण का हाथ अवश्य रहा होगा। क्योंकि उन्हीं के हृदय की यह वैदिक उद्भावना समाज-सुधार के रूप में प्रस्फुटित हुई थी और वे ही इसके प्रवर्तक थे। भूषण के हृदय में खीची का जो सम्मान था, वह उनके उन दोनों छंदों से भली भाँति व्यक्त होता है, जो उन्होंने उसके निधन पर कहे थे।

बाजीराव पेशवा ने मुसलमान लड़की मस्तानी से ब्राह्मण होते हुए भी विवाह किया था। इस विवाह में भी भूषण का पूरा

* हिन्दी पाण्डुलिपि नं० १२९ की खोज रिपोर्ट, परिशिष्ट २।

हाथ था और वर-कन्या दोनों ही पक्ष उनके आश्रयदाता थे। मस्तानी के विषय में हम पहले लिख चुके हैं। *

महाराज छत्रसाल के प्रसिद्ध गुरु स्वामी प्राणनाथ के विचार भी भूषण के विचारों से मिलते थे। उन्होंने 'कुलजम' (अंजीर-रस) नामक एक ग्रंथ की रचना की थी। इसमें हिन्दू मुसलमानों के मिश्रित भावों को एकरूपता देते हुए विवेचना की गई है और कृष्ण तथा मोहम्मद को समान रूप में चित्रित किया गया है। यह पुस्तक अमीनुद्दौला पब्लिक लाइब्रेरी कैसरबाग लखनऊ में हस्तलिखित रूप में सुरक्षित है।

ये घटनाएँ तत्कालीन राजनीतिक और सामाजिक परिस्थिति पर अच्छा प्रकाश डालती हैं। साथ ही भूषण की कार्यशैली का भी भलाभाँति दिग्दर्शन करा देती हैं।

इस अवसर पर यह उल्लेख करना असंगत न होगा कि बाजीराव पेशवा और मस्तानी के विवाह से छत्रपति साहू भी सहमत थे। क्योंकि वे २७ वर्ष की अवस्था तक औरंगजेब की कैद में रहकर मुसलमानी संस्कृति के भी अभ्यस्त रह चुके थे। उनपर हिन्दू-मुसलिम संयुक्त संस्कृति का पर्याप्त प्रभाव पड़ चुका था। महाकवि भूषण के विचारों का भी उनपर अवश्य प्रभाव पड़ा होगा। महाकवि भूषण ने परोक्ष रीति से इस प्रकार के विवाहों का अपनी रचना द्वारा भी समर्थन किया है—

"भेजैं लिखि लग्न शुभ गनिक निजाम बेग,
इतै गुजरात उतै गंग ज्यों पतारा † की।

---

* यहाँ इतना ही पर्याप्त है कि बाजीराव पेशवा से उसके दो पुत्र हुए थे जो 'बाँदा' के नवाब के नाम से प्रसिद्ध थे।

† 'शिवराज भूषण'

एक जस लेत अरि फेरा फिरि गढ़हू कौं,
खंडि नवखंड दिये दाज ज्यों ध्रुव तारा की।
ऐसे ब्याह करत विकट साहू साहन सों,
हद हिन्दुआन जैसे तुरुक ततारा की।
आवत वरात सजे ज्वान देस दच्छिन के,
दिल्ली दुलहिन भई सहर सितारा की।

इसी प्रकार के और भी कुछ उदाहरण दिये जा सकते हैं। इस रीति से भूषण ने प्राचीन पद्धति का अनुगमन कर समाज-संशोधन का महान कार्य प्रारंभ किया था। स्थायी मेल के प्रतिपादन करनेवाले ऐसे महानुभाव को यदि कोई व्यक्ति समाजद्रोही कहता है तो फिर उसकी बुद्धि की बलिहारी है।

## वर्ण-व्यवस्था-संबंधी सुधार

यद्यपि भूषण का प्रधान लक्ष्य देश का राष्ट्रियकरण और स्वराज्य-संस्थापन ही था। उनकी वाहरी कार्यवाहियों से हम देख चुके हैं कि वे समाज-सुधार में हिन्दू-मुसलमानों के एकीकरण के लिए वैवाहिक संबंध तक के पक्षपाती थे। अब उनके साहित्य से अवलोकन करना है कि उसमें समाज-संशोधन की सामग्री कहाँ तक प्रस्तुत है।

भूषण-ग्रन्थावली में कहीं पर भी स्त्रियों अथवा शूद्रों की निन्दा की चर्चा नहीं है और न उनकी भर्त्सना ही की गई है जैसा गोस्वामी तुलसीदास जी की रचना में पाया जाता है वरन् स्त्री जाति की प्रतिष्ठा और मर्यादा-रक्षण का उनके मन में सदैव ध्यान रहता था। वे कहते हैं —

"हिन्दुआन द्रुपदी की इज्जति बचैबे काज,
झपटि विराटपुर बाहर प्रमान की।
शि० भू० ३३९।

इसमें द्रौपदी की 'इज्जति' की रक्षा के लिए विराट नगर के बाहर भीम द्वारा कीचक-वध का संकेत किया गया है। इससे स्पष्ट है कि वे स्त्रियों की मर्यादा को कितना महत्व देते थे। यहाँ तक कि उन्होंने स्त्री-समाज के मान-रक्षा के लिए अत्याचारी को कठोर दंड देना तथा उसका वध करना भी उचित ठहराया है। 'शिवराज भूषण' के आरम्भ में देवी की स्तुति भी स्त्री जाति के प्रति किये गये आदर की परिचायिका है।

हाँ, वे वेश्याओं को वे अवश्य घृणा की दृष्टि से देखते थे। क्योंकि वे 'शिवराज भूषण' में लिखते हैं—

"दारा गनिका समान सुन्दरी दिल्ली दल की।"
शि० भू० १६६।

इससे ज्ञात होता है कि गनिका की भर्त्सना उसके घृणित कर्म के कारण ही की गई है।

कुछ आक्षेपकों का कथन है कि भूषण ने शत्रु-स्त्रियों के भागने और भयभीत होने का उल्लेख कर स्त्री जाति का अपमान किया है। परन्तु यह उनकी भूल है। युद्ध के अन्त में विजित शत्रु-स्त्रियों का भय के मारे भागना स्वाभाविक चित्रण है। यदि यह न होता तो वीररस का वर्णन अधूरा होता और अस्वाभाविकता आ जाती। परंतु भूषण ने कहीं पर भी उनके प्रति घृणा के भाव व्यक्त नहीं किये। न उनके प्रति अत्याचार दुराचारादि घृणित भावों का ही समावेश किया है। शिवाजी ने सदैव स्त्री जाति की पवित्रता को स्थिर रक्खा था। हाँ, इसमें एक बात

अवश्य प्रतीत होती है कि औरंगजेब की सेना के लोग उक्त प्रकार के अत्याचार के आदी थे। इसलिए उन्हें स्वयं ध्यान रहता था कि उनके साथ भी वैसा ही अत्याचार होगा, जैसा वे दूसरों के साथ करते थे। इसीलिए उनकी स्त्रियाँ यत्र-तत्र भागती फिरती थीं।

भूषण के इष्टदेव छत्रपति शिवाजी छुआछूत आदि दुर्गुणों को त्याज्य समझते थे। वे हिन्दू-मुसलमान दोनों को समान भाव से देखते थे। जब उनके दामाद को औरंगजेब ने मुसलमान बना लिया था तो उन्होंने उसे पुनः ग्रहण कर अपनी जाति में सम्मिलित कर लिया था। शिवाजी एक मुसलमान फकीर बाबा याकूत केलोसी के परम भक्त थे। उनका प्राइवेट सेक्रेटरी काजी हैदर मुसलमान ही था। वे मंदिर और मसजिद दोनों का समान भाव से आदर करते थे। उनके विषय में प्रसिद्ध इतिहासज्ञ खफीखाँ लिखता है —

"He made it a rule that whenever his followers went plundering, they should do no harm to the mosques, the book of god or the woman of anyone, Whenever a copy of the sacred Quran Came into his hands, he treated it with respect and gave it to some of his Mussalman followers."

इस घटना का समर्थन और भी कई मुसलमान लेखकों ने किया है। बशीरुद्दीन अहमद ने 'वाक़ियात मुमलिकात बीजापुरी' में भी इसी बात का उल्लेख किया है। इन्हीं सब गुणों पर मुग्ध होकर भूषण ने आदर्श रूप में शिवाजी को अपना इष्टदेव माना

और उन्हें विष्णु के अवतार तथा राम-कृष्ण के रूप में प्रतिपादित किया है।

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि भूषण के सामाजिक सिद्धान्त बहुत उच्च थे और उदारता की भित्ति पर निर्धारित किये गये थे। भूषण 'शिवराज भूषण' के छन्द नं० २६७ में लिखते हैं।—

"भूलिगे भोज से विक्रम से,
औ भई बलि बेनु की कीरति फीकी।"

राजा भोज और विक्रमादित्य विद्वानों और कवियों का आदर करते थे। साथ ही विक्रम ने अत्याचारी शकों को हराया था। अतः शिवाजी में भी इन्हीं गुणों का आरोप कर उनकी विक्रम से तुलना की गई है। यहाँ पर शकों के रूप में औरंगजेब का दिग्दर्शन करना इतिहास की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्षीकरण ही मानना पड़ेगा। बलि राक्षस होने पर भी उत्कृष्ट कोटि का राजा था। उसकी दानवीरता और उदारता जगत्प्रसिद्ध थी। अतः उसे आदरणीय कहा गया है। बेनु को पुराणों में अत्यन्त उद्दण्ड प्रकृति का प्रबल प्रतापी राजा कहा गया है। वह ईश्वर को भी नहीं मानता था। फिर भी उससे तुलना करके भूषण ने शिवाजी को साम्प्रदायिकता और संकुचित सामाजिकता से भिन्न ठहराया है। इन उदाहरणों से हम भूषण की सामाजिक प्रणाली का अनुमान कर सकते हैं।

फिर 'शिवराज भूषण' के छन्द नं० ३४३ में शिवाजी की 'जगदेव जनक जजाति अम्बरीक सों' कहकर तुलना करते हैं। जगदेव बड़ा युद्धप्रिय और साहसी व्यक्ति था। जनक मिथिला के बड़े ज्ञानी राजा थे। ययाति बड़े सुधारक राजा थे। उन्होंने क्षत्रिय होकर भी ब्राह्मणकन्या देवयानी से अपना विवाह किया था।

अंबरीष भी बड़े सदाचारी, धर्मात्मा और तपस्वी राजा थे और अपने नियमों पर सदा अटल रहते थे उन्होंने दुर्वासा ऋषि के शाप की भी अवहेलना की थी ; परंतु अपने धार्मिक नियमों का कभी उल्लघन नहीं किया। शिवाजी में भी यही भावनाएँ दिखाकर शांतिप्रिय और तपस्वी के रूप में उन्हें चित्रित किया गया है। जो पूर्ण रूप से वास्तविकता का द्योतक है।

इस प्रकार वीर जगदेव, ज्ञानी जनक, समाज-सुधारक ययाति और धर्मरत अम्बरीष के समान शिवाजी को बतलाकर इन चारों गुणों का उनमें समारोप किया गया है।

इन रचनाओं से हम भूषण के सामाजिक सुधारों और अन्तर्जातीय विवाह तक के पक्षपाती होने का अनुमान कर सकते हैं। इस प्रकार हम उनकी सामाजिक सुधार-योजना को भिन्न-भिन्न मार्गों में प्रवाहित होती हुई पाते हैं। यह बात इनके कार्यों और वाणी दोनों प्रकार से भली भाँति प्रकट होती है। यहाँ तक कि शूद्रों और अन्त्यजों को भी समता का आदर्श देकर भी वे उन्हें उत्थित करने में न हिचकते थे।

## भूषण में हिन्दू-मुसलिम मेल की भावना

जहाँ भूषण ने एक ओर हिन्दू-मुसलमान मेल के लिए विवाह-सम्बन्ध की योजना की थी, वहाँ अकबर की नीति पर चलने के कारण ही बीरबल और मानसिंह की प्रशंसा की है। ऐसे सम्बंध के लिए भगवंतराय खीची, छत्रसाल तथा ब्राह्मण बाजीराव पेशवा को अग्रसर कर विवाह सम्पन्न कराये थे जिसके लिए सवाई जयसिंह द्वारा पंडितों की व्यवस्थाएँ भी दिलवाई थीं। इनका उल्लेख पूर्व ही किया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त भूषण ने सगुण और निर्गुण उपासना का

सामञ्जस्य हिंदू-मुसलिम मेल के लिए ही कराया है और शिवाजी द्वारा दोनों प्रकार के ज्ञानियों का आदर करवाकर उनको दान से कृतार्थ करने का वर्णन किया है। उदाहरणार्थ—

"चाहत निर्गुण सगुण को, ज्ञानवन्त की बान।
प्रकट करत निर्गुण सगुन, शिवा निवाजी दान॥"

शि० भू० १८३।

मुसलमानों में निर्गुण अर्थात् निराकार एकेश्वरवाद और हिंदुओं में सगुणोपासना प्रधान थी। भूषण ने इस छंद द्वारा मुसलमान और सूफी फकीरों का सम्मान कराकर मेल की भावना को दृढ़ीभूत कराने का प्रयत्न किया है। फिर 'शिवराज भूषण' के छंद नं० १७६ में—

"छूटि गयो तो गयो परनालो,
सलाह की राह गहो सरजा सों।"

छंद द्वारा आदिलशाह को शिवाजी से सलाह करने को कहा गया है। इसके पश्चात्—

"तिन ओट गहे अरि जात न जारे।"

शि० भू० १८३।

तथा—

"मानो हय हाथी उमराव करि साथी,
अवरंग डरि शिवाजी पै भेजत रसाल है।"

शि० भू० १०२।

इन दोनों उदाहरणों में भी भूषण ने मेल की भावना को उत्कर्ष देने के लिए औरंगजेब के प्रति ये भाव कहलाये हैं। 'शिवराजभूषण' के छंद नं० २१३ में—

"और करौ किन कोटिक राह,
सलाह बिना बचिहौ न सिवा सों।"

इससे स्पष्ट हो जाता है कि वे मेल को कितना महत्व देते थे तथा अत्याचारी को दबाने, फटकारने और भर्त्सना करने को सदैव सन्नद्ध रहते थे। इसके लिए वे साम, दाम, दंड और भेद चारों का प्रयोग करते थे। इसी प्रकार उसी ग्रंथ के छन्द नं० २७८ में भी उसी मेल के लिए सलाह दी गई है। अन्त में उन्होंने—

"मेरे कहे मेरु करु सिवाजी सों बैर करि,
गैर करि नैर निज नाहक उजारे तैं।"
शि० भू० २८१।

कहकर मेल की भावना को बहुत ही आवश्यकीय बतला दिया है। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि भूषण मेल के बड़े पक्षपाती थे। उनकी रचनाएँ तथा कार्य सभी इसका समर्थन करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी अत्याचारी के लिए इस मेल की भावना को इसी रूप में रक्खा है।—

"विनय न मानत जलधि जड़, गये तीनि दिन बीति।
बोले राम सकोप तब, भय बिनु होय न प्रीति।"

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि दुष्ट जब समाज को छिन्न-भिन्न करना चाहे तो देश हित के लिए उक्त सिद्धान्त ही ठीक लागू होता है। भूषण ने भी इसी का अनुगमन किया था और अन्त में वे सफल भी हुए थे।

भूषण धार्मिक स्वतंत्रता के पक्षपाती थे। वे लिखते हैं।—

"आदि को न जाने देवी देवता न माने साँच,
कहूँ सो पिछानो बात कहत हौं अब की।
बब्बर अकब्बर हुमाऊँ हद बाँधि गये,
हिन्दू औ तुरक की कुरान वेद ढब की।
और बादसाहन में हती चाह हिन्दुन की
जहाँगीर साहजहाँ साखि पूरै तब की।
कासिहु की कला जाती मथुरा मसीद होती,
शिवाजी न होतो तो सुनति होति सबकी।"

शिवा बावनी ४३।

भूषण ने इस छन्द में बाबर, हुमाऊँ, अकबर शाहजहाँ और जहाँगीर को उत्तम कहा है और उनकी नीति का समर्थन किया है।

'शिवराज भूषण' के छन्द नं० १८१ में वे लिखते हैं —

"दौलति दिल्ली की पाय कहाये आलमगीर,
बब्बर अकब्बर के बिरद बिसारे तैं।"

इसमें फिर उसी 'साम' नीति का समर्थन किया गया है।

भूषण ने इन प्रारंभिक मुगल बादशाहों की ही प्रशंसा नहीं की, वरन् औरंगजेब के पोते जहाँदारशाह तक की तारीफ की है। जिसका वर्णन पूर्व में ही आ चुका है। यहाँ तक कि अकबर को भगवान् राम के समकक्ष बैठाने में भी वे नहीं हिचके थे, जैसा कि आगे वर्णित है इस प्रकार भूषण ने हिन्दू-मुसलमानों में मेल के लिए अनेक प्रकार के प्रयत्न किये थे और उन्हें सफलता भी होने लगी थी। परन्तु उनके पश्चात् उनका उचित उत्तराधिकारी

न होने से इस कार्य में बड़ी बाधा पड़ी और वह अधूरा ही रह गया।

## भूषण में उत्साह और साहस की भावना

वीर रस का स्थायी भाव उत्साह है। भूषण की रचना वीर रसमयी होने के कारण उसमें सर्वत्र उत्साह व्याप्त है। अनेक स्थलों पर तो यह उत्साह उच्च कोटि का दिखलाई पड़ता है। इसी प्रकार साहस भी अनेक छन्दों में बहुत सुन्दर और उत्कृष्ट रूप में दृष्टिगोचर होता है। इसके कुछ उदाहरण यहाँ उपस्थित करना उचित प्रतीत होता है। यथा—

"यहि रूप अवनि अवतार धरि,
जेहि जालिम जग दंडियव।
सरजा सिव साहस खग्ग गहि,
कलियुग सोइ खल खंडियव।"

शि० भू० ६२।

इसमें शिवाजी द्वारा कलिकाल के नष्ट किये जाने का बड़ा ही साहसपूर्ण वर्णन है फिर वे कहते हैं—

"एक कहैं नरसिंह है संगर,
एक कहैं नरसिंह सिवा है।"
"राम कहा द्विजराम कहा,
बलराम कहा रन में अनुरागे।
बाज कहा मृगराज कहा,
अति साहस में सिवराज के आगे।"

शि० भू० ६५१।

भूषण ने शिवाजी के साहसपूर्ण कार्यों का और भी विशद वर्णन करते हुए लिखा है—

"दीनों कुज्वाब दिलीपति कौं,
अरु कीन्हों वजीरन को मुँह कारो।
नायो न माथहि दक्खिन नाथ,
न साथ में फौज न हाथ हथ्यारो।"

शि० भू० १८९।

"जासों बैर करि भूप बचे न दिगन्त,
ताके दन्त तोरि तखत तरेते आयो सरजा।"

शि० भू० १९८।

उपर्युक्त छन्दों में औरंगजेब के दरबार में शिवाजी के उपस्थित होने तथा उसकी कैद से निकल आने का बड़ा ही उत्तम वर्णन है। साथ ही उनके साहस का भी कैसा सत्य से परिपूर्ण एवं आकर्षक भाव व्यक्त किया गया है। भूषण कहते हैं।—

"ताव दै दै मूँछनि कँगूरनि पै पाँव दै दै,
अरि मुख घाव दै दै कूदे परैं कोट मैं।"

शि० बा० २६।

"रज लाज राजत आजु है,
महाराज श्री शिवराज में।"

शि० भू० २३४।

इन उदाहरणों से हम भूषण के ओजस्वी वर्णनों, उत्साह-वर्द्धक कथनों तथा शिवाजी के साहसपूर्ण कार्यों का सरलता से अनुमान कर सकते हैं। वीर रस का स्थायी भाव उत्साह होने

से इसमें स्वाभाविक ओजस्विता रहती ही है; परंतु महाकवि भूषण की वाणी से निसृत होकर तो उनके छन्दों में यह भावना उत्साह और साहसमयी होकर सहस्र धाराओं में फूट निकली है। इसका भारतवासियों पर कैसा प्रभाव पड़ा होगा, उसको भी हम सहज ही ध्यान में ला सकते हैं। महाकवि भूषण की रचना में यह सर्वत्र ओतप्रोत है। भारतीय जीवन में इन भावों का अभाव हो गया था। इसी कारण वे संसार में पश्चात्पद होते चले जाते थे। यही भूषण की भारत को सर्वोत्कृष्ट देन है।

### नीति-वर्णन

महाकवि भूषण ने जहाँ शिवाजी के अनेक गुणों का वर्णन किया है, वहाँ उनकी राजनीति का भी अच्छा दिग्दर्शन कराया है। उसके उदाहरण ये हैं—

"अति मतवारे जहाँ दुरदै निहारियत,
तुरगन में हो चंचलाई पर कीति है।
'भूषन' भनत जहाँ पर लागैं बानन मैं,
कोक पच्छिनहिं माहिं बिछुरन रीति है।
गुनि गन चोर जहाँ एक चित्त ही के लोक,
बँधै जहाँ एक सरजा की गुन प्रीति है।
कम्प कदली में वारिबुन्द बदली मैं,
शिवराज अदली के राज मैं यों राजनीति है॥"

शि०भू० २४८।

भूषण का यह राजनीति-वर्णन गोस्वामी तुलसीदास जी के निम्नलिखित नीति-कथन से किसी प्रकार निम्न कोटि का नहीं माना जा सकता।

"दंड यतिन कर भेद जहँ, नर्तक नृत्य समाज।
जितहु मनहिं अस सुनिय जग, रामचन्द्र के राज ॥"
मानस उत्तर कांड

भूषण ने ऊपर के छन्द में शिवाजी के राजनीतिक चरित्र का चित्रण किया है। साथ ही वे शिवाजी के व्यक्तिगत चरित्र की विशेषताएँ बतलाते हुए कहते हैं।

"सुन्दरता गुरुता प्रभुता, भनि 'भूषण' होत है आदर जा मैं।
सज्जनता औ दयालुता दीनता, कोमलता झलकै परजा मैं।
दान कृपानहु को करिबो करिबो, अभै दीनन को बर जा मैं।
साहनसों रन टेक विवेक, इते गुन एक सिवा सरजा मैं ॥"

इस छन्द में शिवाजी के अन्य अनेक गुणों के साथ उनके प्रभाव का भी बड़ा ही सुन्दर चित्रण किया गया है। साथ में शिवाजी के कुछ कार्यों का भी दिग्दर्शन नीतिपूर्ण ढंग से हुआ दिखलाई देता है। इसके पश्चात् भूषण वर्णन करते हैं।—

"पग रन में चल यों लसै, ज्यों अङ्गद पद ऐन।
ध्रुव सो ध्रुव सो मेरु सो, सिव सरजा को बैन ॥"
शि० भू० २७४।

इस छन्द में शिवाजी की युद्ध में दृढ़ता और सत्य प्रतिज्ञा का बड़ा ही विशद वर्णन किया गया है।

भूषण ने अपने 'शिवराज भूषण' नामक ग्रन्थ में शिवाजी की नीति और गुणों का भिन्न-भिन्न पहलुओं से विचार किया है। इस प्रकार इस ग्रन्थ में हम केवल शिवाजी के युद्ध-संबंधी कार्यों तथा युद्ध-प्रणाली का ही दिग्दर्शन नहीं पाते, वरन् उनके व्यक्तिगत गुणों, उनके जीवन की विभिन्न घटनाओं और परिस्थितियों का भी बड़े ही विवेकपूर्ण ढंग से चित्रण देखते हैं।

## ८—आक्षेपों का उत्तर

### क्या भूषण भिखमंगे थे ?

अपने को साहित्यिक समझनेवाले एक सज्जन ने भूषण के चरित्र पर आक्षेप किया है कि "भूषण भीख माँगते फिरते थे। वे घोर शृंगारी थे। उनके द्वारा नाम मात्र को भी वीर रस का स्फुरण नहीं हुआ।" यहाँ हमें यह देखना है कि यह आक्षेप कहाँ तक युक्ति-युक्त है।

छत्रपति शाहू और महाराजा सवाई जयसिंह दोनों ही भूषण के आश्रयदाता थे। इन पर भूषण की रचना एवं नीति का पूर्ण प्रभाव पड़ा था और वे राष्ट्रीय रंग में रँग गये थे तथा देशोद्धार के उद्योग में तन-मन-धन से प्रयत्नशील थे। महाकवि भूषण की इस महत्ता को जो नहीं समझ सकता, वही उन्हें भिखमँगा आदि नामों से पुकार सकता है।

कुमाऊँ-नरेश महाराज ज्ञानचन्द्र की अमूल्य भेंट पर लात मारनेवाले भूषण ऐसे स्वाभिमानी व्यक्ति के लिए एक महाशय लिखते हैं। —"किसी भटैत ने अपने आपको इतना नहीं गिराया है, जितना भूषण ने" यहाँ पर हम केवल इतना ही कहना पर्याप्त समझते हैं कि भूषण के कार्य स्वयम् ही उनकी महत्ता प्रदर्शित कर रहे हैं। अतः हम यह निर्णय पाठकों पर ही छोड़ते हैं कि उक्त लेखक का यह लांछन कहाँ तक ठीक है। हाँ, महाकवि भूषण ने

भगवान् शिवाजी से प्रार्थना करते समय अपने को 'भिक्षुक' अवश्य कहा था। इस पर भी विचार कर लेना चाहिए कि इसमें कौन सी भावना निहित है। भूषण ने शिवाजी को ईश्वरावतार रूप में प्रतिपादित किया है और शिवाजी की मृत्यु के बहुत काल पश्चात् अपने को भगवान शिवाजी का भिक्षु कहा था। बौद्ध-कालीन साहित्य में भिक्षु शब्द संन्यासी या प्रचारक के रूप में प्रयुक्त होता था और यह अत्यन्त आदरणीय एवं त्याग भावना-सूचक शब्द समझा जाता था। भूषण की रचना में भी भिखारी (भिक्षु) शब्द उसी भाव का द्योतक है। जिन्होंने भूषणकी रचना का अध्ययन गंभीर एवं सूक्ष्म दृष्टि से किया है, उन्होंने अनुभव किया होगा कि भूषण की रचना आर्यकालीन संस्कृति और भावना को ही व्यक्त करने में अधिक अग्रसर हुई है। उक्त लेखक ने भूषण को भिक्षु बतलाते हुए निम्नलिखित उदाहरण दिया है।—

"जाहि पास जात सो तौ राखि न सकत याते,
तेरे पास अचल सुप्रीति नाधियतु है।
'भूषन' भनत शिवराज तव कित्ति सम,
और की न कित्ति कहिबे कौं काँधियतु है।
इन्द्र कौ अनुज तें उपेन्द्र अवतार याते,
तेरो बाहुबल लै सलाह साधियतु है।
पाय तर आय नित निडर बसाइबे कौं,
कोट बाँधियतु मानो पाग बाँधियतु है।"

शि० भू० १०३।

इसका अर्थ आपने इस प्रकार किया है।—"भूषण कहते हैं तुम्हारी कीर्ति के समान किसकी कीर्ति है ? तुम्हारे पैरों के नीचे

आगया हूँ। मेरे सिर पर पगड़ी बँधवा दो। मेरे लिए वह किला बनवा देना है ”

उपर्युक्त छन्द पर दृष्टि डालने से ज्ञात होता है कि उक्त सज्जन ने अर्थ का कितना अनर्थ कर डाला है इसका वास्तविक अर्थ यह है

“महाकवि भूषण कहते हैं कि अचल ( पहाड़ ) जिसके पास जाते हैं, वह उनकी रक्षा नहीं कर सकता। इसलिए वे ( पहाड़ ) तेरे ( शिवाजी के ) पास आकर स्थायी प्रीति करते हैं। हे शिवराज ! तेरे यश के समान अन्य किसी का यश नहीं है। यद्यपि कहने को तो औरों की भी प्रशंसा की ही जाती है तू इन्द्र के छोटे भाई विष्णु का अवतार है। इसलिए ये पहाड़ तेरी भुजाओं का बल और सहारा पाकर तुमसे सलाह करते हैं। जब ये तेरे संरक्षण में आ जाते हैं, तब उन्हें निर्भय रहने के लिए आप उन, पर किला बाँध देते हैं। मानो उनके सिर पर पगड़ी बाँध कर उनका सम्मान करते हैं।”

यह छन्द शिवाजी की नीति को कितने भावपूर्ण ढंग से व्यक्त करता है। मुख्यतः शिवाजी के पहाड़ी किलों का कितना सांगोपांग ऐतिहासिक विवेचन है। यहाँ शिवाजी को इन्द्र का अनुज कहकर एक वैदिक घटना का बड़ा ही मार्मिक और भावपूर्ण विश्लेषण किया गया है। भूषण को भिखमँगा सिद्ध करने के लिए इस छन्द को उद्धृत करना अज्ञानता की पराकाष्ठा है।

भूषण ने देश के लिए वैसा ही कार्य किया, जैसा प्राचीन काल में आर्य संन्यासियों और बौद्ध भिक्षुओं ने किया था। दोनों ही ने देश और समाज के संरक्षण में अपना जीवन अर्पण कर निस्पृहता का पूर्ण परिचय दिया था।

उनकी पूत भावना, देशप्रेम, अध्यवसाय तथा संलग्नता

देखकर उन्हें सर्वत्र सम्मान, अतुल धन-राशि एवं दिगन्तव्यापी यश प्राप्त हुआ था। उस धन का उपयोग भी देश-हित में ही होता था। महाकवि भूषण का सारा जीवन अपने आराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् शिवाजी की रीति-नीति के प्रचार में ही व्यतीत हुआ था। इसका प्रभाव भी वही हुआ जैसा होना चाहिए था। अर्थात् सारा देश उद्‌बुद्ध हो उठा था, जिसका परिणाम यह हुआ कि देव जैसे प्रसिद्ध और उच्च कोटि के शृंगारी कवि को कोई अच्छा आश्रयदाता तक न मिल सका था।

भूषण अन्य दरबारों में शिवाजी की प्रशंसा करते थे, जिससे उन्हें हाथी-घोड़े मिलते थे। वे स्वयम् कहते हैं—

"देत तुरीगन गीत सुने बिन,
देत करीगन गीत सुनाये।

शि० भू० १३८।

भूषण शिवाजी के वैसे ही भक्त थे, जैसे गोस्वामी तुलसीदास राम के। अन्तर यही है कि गोस्वामी तुलसीदासजी पारलौकिक मोक्ष के लिए प्रयत्नशील थे और भूषण सांसारिक तथा पारलौकिक दोनों ही प्रकार की मुक्ति चाहते थे। भूषण को हाथी-घोड़े आदि के रूप में जो धन मिलता था, वह निस्वार्थ भाव से राष्ट्र-निधि के रूप में परिणत हो जाता था। भूषण की यही राष्ट्रियता देश और समाज के लिए उत्थान का कारण हुई। ऐसे व्यक्ति को यदि कोई भिखमंगा आदि उपाधियों से विभूषित करता है, तो उसकी बुद्धि पर बिना तरस आये नहीं रह सकता। महाकवि भूषण एक नवीन युग के विधायक थे। देश और समाज ने उसी रूप में उनका सम्मान भी किया था।

## अश्लीलता का आरोप

भूषण की रचना वीररस के लिए प्रसिद्ध है। उनकी एक आध शुद्ध शृंगारिक रचनाएँ भी अपवाद रूप में ही मानी जाती हैं। ऐसे महानुभाव के ऊपर उक्त कथित सज्जन ने अश्लीलता का आरोप करके दुस्साहस का ही काम किया है। इसकी पुष्टि में उन्होंने यह छंद उद्धृत किया है।—

"कूरम कमल कमधुज है कदम फूल,
गौर है गुलाब राना केतकी बिराज है।
पाँडरि पवांर जुही सोहत है चंदावत,
सरस बुंदेला सो चमेली साज बाज है।
'भूषण' भनत मुचुकुंद बड़ गूजर है,
बघेले बसंत सब कुसुम समाज है।
लेइ रस एतेन को बैठि न सकत है पै,
अलि नवरंगजेब चम्पा सिवराज है।"

शिवा बावनी २१।

यह छंद भूषण ने शिवाजी की प्रशंसा में कहा है। उक्त सज्जन को इसमें अश्लीलता की गंध आती है। इसका अर्थ यह है—"औरंगजेब रूपी भौंरा राणा आदि राजाओं रूपी फूलों से कर रूपी रस लेता है। परंतु चम्पा रूपी शिवाजी के पास नहीं फटकता, और न कर ही वसूल कर सकता है।"

यह एक आलंकारिक वर्णन है, जो वास्तविक तथ्य और शुद्ध ऐतिहासिक घटना का दिग्दर्शन कराता है। इस वर्णन को इससे सुंदर रूप में कदाचित ही किसी कवि ने रख पाया हो।

शिवाजी को अन्य राजाओं से उत्तम बताने के लिए ही यह छंद कहा गया है। इसमें कवि को पूर्ण सफलता मिला है। साथ ही ध्वनि से औरंगजेब के आक्रमण की विफलता भी व्यक्त हो जाती है! यदि शृंगारिक कवियों ने चम्पा की उपमा बिगड़ैल नायिका से दी, तो इसमें कवि के दृष्टिकोण का अन्तर है। प्राकृतिक वस्तुओं में भलाई-बुराई तथा शुद्ध और अश्लील भावना खोज निकालना कवि की प्रतिभा, उसकी निरीक्षण-शक्ति एवं बुद्धि पर निर्भर है, इसमें चम्पा का क्या दोष!! उदाहरण के लिए 'रहिमन-विनोद' से उद्धृत रहीम का यह दोहा देखिये।—

"सोई राज सराहिये, ससि सम सुखद जो होइ।
कहा बापुरो भानु है, तप्यो तरैयन खोइ।"

इस नीति के दोहे में चन्द्रमा के समान शान्तिमय राज्य की प्रशंसा की गई है। परंतु कवि-गण चन्द्रमा से स्त्री के मुख की भी समानता करते हैं। तो क्या उक्त दोहा शृंगारिक बन जायगा? कदापि नहीं। यह केवल दृष्टिकोण और भावना पर निर्भर है। शृंगारिक कवियों में जगत को शृंगार रूप में देखने की ही भावना रहती है। जिसे पीलिया रोग हो गया है, उसे प्रत्येक वस्तु पीली ही पीली दिखलाई देती है। अतः उक्त समालोचक की भावना भी यही दिग्दर्शन कराती है।

इसी प्रकार के और भी बहुत से उदाहरण दिये जा सकते हैं, जिनमें एक ही उपमा विभिन्न कवियों ने अपनी रुचि के अनुसार पवित्र और अश्लील रूप में व्यवहृत की है। अतः कोई शब्द अश्लील नहीं होता। शब्दों के प्रयोग से ही अच्छे और अश्लील रूप लिये जा सकते हैं।

एक डाक्टर और कामुक व्यक्ति एक ही प्रयोग भिन्न-भिन्न

भावनाओं को लेकर करते हैं। यही दशा भूषण की रचना की है। उन्होंने अपने प्रयोग नितान्त प्राञ्जल, परिष्कृत एवं पवित्रतम रूप में किये हैं। उनमें किसी प्रकार की कलुषित भावना नाम-मात्र को भी नहीं है। तथापि समालोचक सज्जन 'शिवाबावनी' के उक्त छन्द में भी अश्लीलता पाते हैं, जो उनकी अपरिमार्जित मति का ही परिचय देती है।

भूषण ने जिन छन्दों में शत्रु-स्त्रियों के भयभीत होकर जंगल में भटकती फिरने तथा उनके रोने का वर्णन किया है, वह शिवाजी की विजय दिखलाने और उनका आतंक-प्रदर्शित करने के विचार से ही है। उन छन्दों में अश्लीलता का नाम भी नहीं है।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपनी "कवितावली रामायण" में लंका की स्त्रियों के भागने और रोने-बिलबिलाने आदि का वर्णन किया है। परन्तु उन्हें किसी ने अश्लील नहीं कहा। उन्हीं सज्जन ने भूषण की अश्लीलता सिद्ध करने के लिए निम्नलिखित छन्द भी दिया है।—

"अरे ते गुसलखाने बीच ऐसे उमराय,
लै चले मनाय शिवराज महाराज कौं।
दावदार निरखि रिसानौ दीह दलराय,
जैसे गड़दार अड़दार गजराज कौं।
शि० भू० ३४।

इस छन्द में शिवाजी को दलपति मस्त हाथी की उपमा दी गई है जिसे औरंगजेब के सरदार समझा-बुझा कर उसके दरबार से हटा ले गये थे। इसमें अश्लीलता का पता तक नहीं है।

अश्लीलता की भावना उक्त सज्जन के मस्तिष्क में इस लिए उद्भूत हुई कि स्त्री को "गज गामिनी" की उपमा दी जाती है। केवल इसलिए यहाँ अश्लीलता का श्रोत फूट पड़ा। उक्त सज्जन यदि यह भी बतला देते कि जब तलवार की उपमा कटाक्ष से, घोड़े के मुँह की उपमा घूँघट से, भाले और तीर की तुलना सुरमा लगी आँख की नोक से और भौंह की उपमा धनुष से दी जाती है, तो क्या ये सब वस्तुएँ भी-शृंगारिक और अश्लील बन गईं?

उन्होंने निम्नलिखित उदाहरण द्वारा भी भूषण की रचना को अश्लील ठहराया है।—

"बाजि गजराज शिवराज सैन साजत ही,
दिल्ली दिलगीर दसा दीरघ दुखन की।
तनियाँ न तिलक सुथनियाँ पगनियाँ न,
धामैं धुमरात छोड़ि सेजियाँ सुखन की।
'भूषन' भनत पति बाँह बहियाँ न तेऊ,
छहियाँ छबीली ताकि रहियाँ रुखन की।
बालियाँ बिथुरि जिमि आलियाँ नलिन पर,
लालियाँ मलिन मुगलानियाँ मुखन की॥"

शि० बा० २९।

इस छन्द को उक्त लेखक ने कामोद्दीपक तथा मानसिक प्रवृत्तियों को दुराचार की ओर ले जानेवाला बतलाया है।

इस छन्द में भूषण ने शिवाजी के आतंक से भयभीत शत्रु-स्त्रियों का चित्र अंकित किया है। युद्ध के उपरान्त पराजित

भयत्रस्त और भागी हुई जातियों में यह स्थिति होती ही है। यह वर्णन नितान्त स्वाभाविक है। इसमें अपडर की प्रधानता होती है। इसे अश्लील और कामुकतापूर्ण कहना नितान्त अनुचित है। ऐसी दीन-हीन आपद्ग्रस्त दशा का वर्णन पढ़कर यदि किसी में दया के स्थान पर काम-वासना उत्पन्न हो तो उसे मनुष्य मानने में भी संकोच होगा। इस दशा में दया और कामुकता को पर्याय वाची एक मानना पड़ेगा।

महाकवि भूषण ने कहीं पर भी यह नहीं लिखा कि शिवाजी अथवा उनकी सेना ने शत्रु-नारियों पर कभी किसी प्रकार का अत्याचार या परिहास किया।

शिवाजी का ही आदर्श लेकर भूषण ने 'शिवराज भूषण' और अन्य ग्रंथों की रचना की थी। वही आदर्श वे सारे भारतवर्ष में फैलाना चाहते थे। ऐसे व्यक्ति के विषय में यह कहना कि "उसने अश्लीलता का प्रसार किया" अत्यन्त घृणित एवं गर्हित आक्षेप है। उन्होंने तो अपनी रचनाओं द्वारा शृंगारिक भावनाओं का तिरोभाव किया तथा सदाचार एकता और उत्साहपूर्ण वीरत्व का विस्तार करके एक आदर्श चरित्र की स्थापना की। भूषण के पश्चात् लगभग २५० वर्ष तक राष्ट्रिय जीवन प्रदान करनेवाला वैसा कोई व्यक्ति उत्पन्न ही नहीं हुआ। केवल उन्हीं की भावना ने देश और समाज की रक्षा की थी। ऐसे व्यक्ति के लिए अश्लीलता का आरोपण करना औचित्यपूर्ण है या नहीं, यह बिलकुल स्पष्ट है।

## जाति विद्वेष का आक्षेप

भूषण पर जातिगत विद्वेष का आक्षेप किया जाता है। कई विद्वानों ने उन्हें मुसलमान-द्रोही कहा है। यहाँ तक कि विश्ववन्द्य

महात्मा गांधी तक ने अपने एक भाषण में भूषण की एक रचना पर यही आक्षेप किया है। यद्यपि उन्होंने यह स्वीकार किया है कि "मैंने यह कथन एक मुसलमान सज्जन के कहने से किया है।" इस गर्हित आक्षेप पर प्रकाश डालना अत्यन्त आवश्यक प्रतीत होता है।

भूषण ने अराष्ट्रिय भावना को किंचित मात्र भी प्रश्रय नहीं दिया। वे विशुद्ध राष्ट्रिय कवि थे। उन्होंने केवल औरंगजेब की निंदा उसके अत्याचार, साम्प्रदायिकता तथा अन्य घृणित भावनाओं के कारण की है। क्योंकि उसने धार्मिक कट्टरता के कारण हिन्दू-मुसलमान दोनों पर ऐसा घोर अत्याचार किया था जो वर्णनातीत है। यही नहीं, भूषण ने उन हिंदू राजाओं की भी निन्दा की है, जो औरंगजेब का साथ दे रहे थे। जो मुसलमान बादशाह अच्छे थे और हिंदू-मुसलमानों का मेल चाहते थे, भूषण ने उनकी भूर-भूरि प्रशंसा की है इसकी-पुष्टि में दो-चार उदाहरण देना पर्याप्त है।

"आदि को न जानों देवी देवता न मानो साँच,
कहूँ सो पिछानो बात कहत हौं अब की।
बब्बर अकब्बर हुमाऊँ हद बाँधि गये,
दो में एक करी ना कुरान बेद ढब की।
और पातसाहन में हुती चाह हिन्दुन की,
जहाँगीर साहजहाँ साखि पूरैं तब की।
कासिहु की कला जाती मथुरा मसीद होती,
सिवाजी न होतो तो सुनति होति सबकी॥"

इससे स्पष्ट है कि महाकवि भूषण बाबर, हुमाऊँ और अकबर

की नीति को पसन्द करते थे। जिन्होंने हिंदुओं के धार्मिक भावों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया था और उन्हें सब प्रकार की धार्मिक स्वतंत्रता दे रखी थी। यही नहीं, वे उनके पूर्वजों के अनुकरण पर चलनेवाले जहाँगीर और शाहजहाँ की भी प्रशंसा करते हैं।

औरंगजेब ने इस नीति को बदल दिया था। मंदिरों को तोड़कर मसजिदें बनवाने, हिन्दुओं को जबरन मुसलमान करने तथा अन्य प्रकार के अत्याचारों के कारण ही भूषण ने उसकी निन्दा की थी। यही नहीं, शिया मुसलमानों पर घोर अनाचार करने के लिए उसको अत्यन्त निन्दनीय ठहराया है। अतः ऐसे व्यक्ति को भूषण जैसा राष्ट्रिय कवि कब अच्छा समझ सकता था ?

भूषण ने 'शिवराज भूषण' के २८१ वें छंद में—

"दौलत दिल्ली की पाय कहाये आलमगीर'
बब्बर अकब्बर के बिरद बिसारे तैं।"

कहकर अरंगजेब को अपने पूर्वजों के प्रण की याद दिलाई है और उसे समझाया है कि उसके इस प्रकार के कार्यों से बाबर और अकबर के सुयश में कलङ्क-कालिमा लग जायगी। इसी की पुष्टि भूषण ने नीचे लिखे छंद द्वारा भी की है।—

"सतयुग त्रेता औ द्वापर कलियुग माँहि
आदि भयो नाहिं भूप तिनहूँ तें अगरी।
अकबर बब्बर हुमाऊँ शाह सासन सों,
स्नेह ते सुधारी हेम हीरन ते सगरी॥"

भूषण ग्रन्थावली फुटकर छन्द ४।

इस छन्द में भूषण ने अपनी हार्दिक भावना को और भी अधिक स्पष्ट कर दिया है। वे प्रत्यक्ष रूप में लिखते हैं कि बाबर, हुमाऊँ और अकबर ने सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग के उत्कृष्ट राजाओं से भी अधिक स्नेह से भारतीय समाज का संरक्षण कर प्रेम भाव दर्शाया था तथा उसे धन-धान्य से परिपूर्ण किया था। इससे अधिक उत्कृष्ट भाव तो किसी हिंदू कवि ने मुसलमानों के प्रति प्रकट ही नहीं किया। जिस व्यक्ति ने इन मुगल बादशाहों को राम के समकक्ष ला बिठाया है, ऐसे व्यक्ति को यदि कोई जाति-द्वेषी कहता है, तो उसकी बुद्धि की बलिहारी है!

यदि भूषण में सामाजिक या राष्ट्रिय द्वेष होता, तो उनके मुख से किसी मुसलमान की प्रशंसा न निकलनी चाहिए थी। परन्तु यह महाकवि केवल औरंगजेब के पूर्वजों की ही प्रशसा नहीं करता, वरन् औरंगजेब के पौत्र जहाँदारशाह की भी भूरि-भूरि प्रशंसा करता है। उनकी प्रशंसा का एक छन्द यह है।-

"डंका के दिये ते दल डंबर उमंड्यौ,
उडमंड्यौ उडमंडल लौं खुर की गरद है।
जहाँदारशाह बहादुर के चढ़त पैंड,
पैंड में मढ़त मारू राग बंब नद्द है।
'भूषण' भनत घने घूमत हरौलवारे,
किम्मत अमोल बहु हिम्मत दुरद्द है।
हद्दन छपद्द महि मद्द फरनद्द होत,
कद्दन भनद्द से जलद्द हलहद्द है।★

★ 'हिन्दुस्तानी' पत्रिका जुलाई १९३४, पृ० ३२६।

बीजापुर और गोलकुंडा के शिया नरेशों के दरबारों में भी भूषण का रहना पाया जाता है। इससे सिद्ध हो जाता है कि भूषण की रचना में समाज-द्वेष का नाम भी नहीं था। भूषण ने तो औरंगजेब का साथ देनेवाले ऐसे अनेक हिन्दुओं की भी निन्दा की है, जो उसके अत्याचार में सहयोग दे रहे थे। जोधपुर नरेश जसवन्तसिंह का उदाहरण इसके लिए पर्याप्त है। उन्होंने बूँदी-नरेश भाऊसिंह ( औरंगजेब के दीवान ) और करणसिंह को भी निन्दा के योग्य ठहराया है। ये सब केवल इसीलिए बुरे कहे गये हैं कि इन्होंने अत्याचारी औरंगजेब की सहायता की थी साथ ही उन्होंने 'शिवा बावनी' के छन्द नं० ९ में पराजित दशा में भागती हुई 'हिन्दू' और 'मुसलमान' दोनों की स्त्रियों की दुर्दशा का वर्णन "बीबी गहैं सूथनी सुनीबी गहैं रानियाँ" कहकर किया है। केवल मुसलिम स्त्रियों की ही दुर्दशा का चित्रण नहीं किया! इस भय में अपडर की प्रधानता है।

इन उदाहरणों से यह बात निर्विवाद रूप से स्पष्ट हो जाती है कि भूषण में जातीय द्वेष नाम मात्र को भी नहीं था। वे तो शुद्ध राष्ट्रिय कवि और हिन्दू-मुसलिम एकता के पक्षपाती थे। उन्होंने इन दोनों जातियों में मेल को दृढ़ रखने के लिए आपस में विवाह-सम्बन्ध भी सम्पन्न कराये थे। और ऐसा मेल करानेवाले की उन्होंने भर पेट प्रशंसा की है।

इन विवरणों से हम भूषण विषयक राष्ट्रिय भावना का ठीक-ठीक अनुमान कर सकते हैं।

## म्लेच्छ, तुर्क और खल शब्द

जिन्होंने भूषण का गंभीर अध्ययन किया है, वे भली भाँति समझ सकते हैं कि भूषण की शब्द-योजना की एक विशेष शैली

है। वे बहुधा वैदिक ढंग पर शब्दों का प्रयोग करते हैं। उन शब्दों की व्याख्या का भी एक विशेष स्वरूप होता है। भौंसिला, सीसोदिया और खुमान शब्दों की निरुक्ति और उनकी व्याख्या इसके ज्वलन्त उदाहरण हैं। म्लेच्छ और तुर्क शब्दों का प्रयोग भी उसी ढंग पर किया गया है।

म्लेच्छ शब्द का अर्थ है गंदे और घृणित कार्य करने तथा भाव रखनेवाला व्यक्ति और तुर्क शब्द का अर्थ है जालिम या अत्याचारी। भूषण ने इन शब्दों का प्रयोग औरंगजेब की सेना के लिए किया है। इनके कुछ नमूने ये हैं—

"भूषण भनत भौंसिला की दिलदौर सुनि,
धाक ही मरत म्लेच्छ औरंग के दल में,

शि० भू० ३०० ।

इसी प्रकार 'शिवराज भूषण' के ५६ वें छन्द में—

"त्यों मलेच्छ बंस पर शैर शिवराज है।"

कहने में भूषण का आशय म्लेच्छ के समूह से ही है। अनेक साहित्यिक कवियों और आचार्यों ने वंश का अर्थ समूह लिया है। शिवाजी की तलवार की प्रशंसा करते हुए वे कहते हैं।—

"लीनो अवतार करतार के कहे ते काली,
म्लेच्छन हरन उद्धरन भुवि-भार को।"

शि० भू० ८४ ।

यहाँ भी उन्हीं अत्याचारियों के दमन का स्पष्ट उल्लेख है। इसी प्रकार 'शिवराज भूषण' के छन्द १६३ में—

"कुल मलिच्छ कुल चन्द ।"

औरंगजेब के लिए स्पष्ट रूप से कहा गया है। यहाँ पर 'कुल' शब्द साफ तौर से समूह का द्योतक है। कुलचंद कहकर उन्होंने अवश्य वंश में कलंक रूप माना है, जो उचित ही है। इसी प्रकार 'शिवराज भूषण' के छन्द १७४ में—

"म्लेच्छ मनसब छोड़ि ।"

का आशय अवश्य औरंगजेब के सरदारों से है। फिर छन्द १८५ में—

"म्लेच्छ के दीनहिं मारि मिटावै ।"

कहकर अधर्मियों का लोप कर देने के लिए कहा गया है। उन्होंने अपनी सम्पूर्ण रचनाओं में कहीं भी मुसलमानों को बुरा नहीं कहा। न इस शब्द का प्रयोग ही किया है। भूषण के आरोप केवल औरंगजेब और उसकी अत्याचारी सेना के प्रति हैं।

इसी भाँति 'शिवराज भूषण' के छन्द नं० २३१, २५३, २७६, २९६, ३०६, ३५१ तथा कहीं-कहीं 'शिवा-बावनी' और फुटकर छंदों में यह म्लेच्छ शब्द घृणित एवं गंदे भावों को प्रकट करने के रूप में ही प्रयुक्त हुआ है। भूषण ने 'चकता' शब्द केवल औरंगजेब के लिए प्रयुक्त किया है। यद्यपि यह शब्द चंगेज खाँ के वंशज सभी मुगलों के लिए प्रयुक्त हो सकता था। ऐसा एक भी स्थल उनकी सारी रचनाओं में न मिलेगा, जहाँ यह शब्द औरंगजेब के अतिरिक्त किसी मुगल बादशाह या सरदार के लिए आया हो। चंगेज खाँ महान् अत्याचारी और लुटेरा था। उसके कारनामे इतिहास के पृष्ठों पर रक्त से लिखे हुए हैं। इसी

भावना को लेकर औरंगजेब के प्रति यह शब्द प्रयुक्त हुआ है। यथा—

"पातसाह चकता की छाती माहिं छेदा है।

शि० भू० ७९।

"सुनि सु उजीरन यों कह्यो, सरजा शिव महराज।
'भूषण' कहि चकता सकुचि, नहिं सिकार मृगराज।

शि० भू० ९४।

"चक्रवती चकता चतुरंगिनि,
चारियौ चापि लई दिसि चक्का॥"

शि० भू० १३२।

"हाड़ा राठौर कछवाहे गौर और रहे,
अटल चकत्ता को चँवारू धरि डरि कै।"

शि० भू० १३३।

इसी प्रकार 'शिवराज भूषण' के छन्द नं० ६६, 'शिवा बावनी' के छन्द नं० २७, ३४, ४६ और फुटकर छन्दों में 'चकता' शब्द केवल औरंगजेब के ही लिए आया है।

अब तुर्क शब्द को लीजिये। इसका प्रयोग भूषण ने औरंगजेबी सेना के ही लिए किया है। यथा—

"हिन्दु कौ दिवाल भयौ काल तुरकान को।"

शि० भू० ७३।

"काल करत तुरकान को, शिव सरजा करवाल।"

शि० बा० ८६।

"निज बचिबे कौं जपत जनु, तुरकौ हर कौ नाम।"

शि० भू० १०४।

"तुरकानगन व्योमयान हैं चढ़त,

बिनु मान हू चढ़त बदरंग अवरंग के।"

शि० भू० १२४

"फैले मध्य देस में समूह तुरकाने के।"

भूषण ग्रन्थावली फु० छन्द पृ० १३४।

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि भूषण ने अपनी रचनाओं में सर्वत्र 'तुर्क' शब्द औरङ्गजेब की सेना के लिए प्रयुक्त किया है। ऐसे उदाहरणों से भूषण की रचना भरी पड़ी है। भूषण ग्रन्थावली के छंद नं० ६१, २६४ ३२८, ३३४ और अन्य रचनाओं में अनेक छंद इसी के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

इन शब्दों के अतिरिक्त भूषण ने औरंगजेबी सेना के लिए अत्याचारी होने के कारण 'खल' शब्द का भी प्रयोग किया है। जैसे—"असंकक्कुलिखल।"

शि० भू० ३५६।

"शिवाजी की धाक मिलैं खल कुल खाक बसे,

खलन के खेरन खबीसन के खोम हैं।"

शि० भू० ३६२।

"भूषण शिवाजी गाजी खग्ग सों खपाये खल,

खाने खाने खलन के खेरे भये खीस हैं।"

शि० भू० ३६३।

खल की ही भाँति 'दुर्जन' शब्द का प्रयोग भी भूषण ने औरंगजेब के सरदारों और सेना के ही लिए किया है। यथा—

"दुरजन दार भजि भजि बे सम्हार,
चढ़ीं उत्तर पहार डरि शिवाजी नरिन्द ते।"
शि० भू० १००।

"दच्छिन के नाथ सिवाराज तेरे हाथ चढ़ैं,
धनुष के साथ गढ़ कोट दुरजन के।"
शि० भू० ११३।

इस प्रकार 'खल' और 'दुर्जन' शब्द भी वैसे ही हैं जैसे 'मलेच्छ', तुर्क और 'चकता'। इनका प्रयोग भी वैसा ही किया गया है। इसमें कहीं भी समाजगत द्वेष और घृणा फैलाने की भावना नहीं है। यदि भूषण को ऐसा करना होता, तो वे मुसलमान शब्द का भी वैसा ही प्रयोग कर सकते थे, जैसा उन्होंने उन शब्दों का किया है। परन्तु भूषण का विचार केवल औरंगजेब और उसके अत्याचारी साथियों के प्रति घृणा पैदा करने का था। इसके भीतर भूषण की राष्ट्रिय भावना का श्रोत निहित था, जिसे उन्होंने समाज में व्याप्त कर दिया था।

## मध्य देश पर आरोप

भूषण ने भगवन्तराय खीची की मृत्यु पर। एक शोक-सूचक कवित्त लिखा है, जिसमें उसकी वीरता की प्रशंसा भी की गई है। उसमें उन्होंने खीची को मध्यदेश का राजा बतला कर तुर्कों (अत्याचारियों) से आक्रान्त प्रदेश का दिग्दर्शन कराया है। वह छन्द यह है—

"उठिगो सुकवि शील उठिगो जशीलो डील,
फैलो मध्यदेश में समूह तुरकाने को।

फूटे भाल भिच्छुक के जूझे भगवन्तराय,
अरराय टूट्यौ कुल खंभ हिन्दुआने को।*

मिश्रबन्धु महोदयों ने इस छंद में वर्णित 'मध्य देश' को मध्य प्रदेश (C. P.) माना है † और लिखा है "इस छंद में 'युक्त प्रान्त' का उल्लेख नहीं, मध्य प्रान्त का वर्णन है।" उनसे मेरा विनम्र निवेदन है कि वे इस छंद में ब्रिटिश राज्य के बीसवीं शताब्दी में बने प्रान्तों का उल्लेख न समझें। यह छंद अबसे दो सौ वर्ष पूर्व का बना है। उस समय फतहपुर, कानपुर, प्रयाग और आगरे के बीच का स्थान मध्यदेश कहलाता था।

मतिराम के पन्ती बिहारीलाल कवि ने निम्नलिखित दोहे में अपनी जन्मभूमि तिकवाँपुर को मध्यदेश के अन्तर्गत बतलाया है।

"बसत त्रिविक्रमपुर नगर, कालिन्दी के तीर।
बिरच्यौ भूप हमीर जनु, मध्य देस कौ ॥"‡

भगवन्तराय खीची के आश्रित गोपाल कवि ने भी 'असोथर' (जिला फतहपुर) नरेश खीची को मध्यदेश के अवतार-रूप में इस प्रकार वर्णित किया है।—

"श्री धनिकेस नरेस भे, मध्य देस अवतार।
तिनके नृप भगवन्त जिन, धरचौ भुवन भुव भार।

---

* भूषण ग्रन्थावली' फुटकर छन्द १२, पृ० १३४।

† 'माधुरी' वैशाख सं० १९८१ वि० में मिश्रबन्धुओं का लेख।

‡ 'विक्रम सतसई' की रस चन्द्रिका टीका तथा 'माधुरी' ज्येष्ठ सं० १९८१ वि० में भूषण मतिराम पर पं० कृष्णबिहारीजी मिश्र की टिप्पणी।

★ सन् १९०९-११ की खोज रिपोर्ट नं० ९८, पृ० १६०।

इन प्रमाणों से स्पष्ट है कि असोथर मध्यदेश प्रांत में ही था और फतहपुर, कानपुर, प्रयाग तथा आगरे के मध्य का प्रांत 'मध्यदेश' कहलाता था। उस समय का 'मध्यदेश' वर्तमान मध्यदेश ( सी० पी० ) नहीं था। भूषण के मुख से इस प्रांत को युक्त प्रदेश कहलाना अनभिज्ञता का द्योतक है। इस प्रांत का नाम युक्त-प्रांत सन् १६०१ ई० में लार्ड कर्जन के समय में रखा गया था।

## ऐतिहासिक आक्षेप

महाराज छत्रसाल के दरबार में भूषण के जाने का समय मिश्रबन्धु महोदय सं० १७३५ या १७४० वि० मानते हैं। आपका कथन है—"हमारी समझ में यह भी नहीं आता कि चौंसठ वर्ष का वृद्ध महाराज ( पन्ना नरेश छत्रसाल ) किसी की पालकी का डंडा अपने कंधे पर धर लेगा। ये तो युवापन की उमंगे हैं। फिर छत्रसाल कोई ऐसे-वैसे न थे। हमारे विचार में पालकी कंधे पर धरनेवाली घटना १७३५-४० वि० के लगभग हुई होगी।"★

आपके विचार में अवस्था, धन और राज्य का महत्व सबसे अधिक है। आपने यह विचार ही नहीं किया कि त्याग, परोपकार, सदाचार, विद्वत्ता और उत्तम भावनाओं का उनसे कहीं ऊँचा स्थान है। स्वामी शंकराचार्य ३० वर्ष की ही अवस्था में 'विश्व-वंद्य' हो गये थे। छत्रसाल द्वारा पालकी में कंधा लगाये जाने पर भूषण ने कहा था—

"साहू को सराहौं कै सराहौं छत्रसाल को।"

इससे स्पष्ट है कि छत्रसाल के दरबार में जाने से पूर्व वे सितारा-नरेश शाहू के दरबार में हो आये थे। जिसे मिश्रबन्धु महोदय भी मानते हैं। साथ ही यह भी निश्चित है कि शाहू

---

★ 'सुधा' वर्ष ६, खंड १, संख्या ५, मार्गशीर्ष सं० १९८९ वि०

सं० १७६४ वि० में औरंगजेब की जेल से छूटे और सं० १७६५ वि० में सितारा की गद्दी पर बैठे थे। इस विषय में यदुनाथ सरकार, राजवाड़े, तकाखब, कैलूस्कर तथा अन्य सब इतिहासकार एकमत हैं। यदि मिश्रबंधु वर्ग इन सब इतिहासकारों को शाहू के राज्याभिषेक का समय वास्तविक समय से कम से कम तीस वर्ष पूर्व मानने को राजी कर लें, तो हम भी उनके कथन को स्वीकार करने के लिए शायद सहमत हो जायँगे। परन्तु ऐसा होना संभव नहीं। अतः मिश्रबंधु महोदयों की सम्मति मानने में हम असमर्थ हैं। कोई भारतीय इतिहासज्ञ भी उनकी इस उक्ति को स्वीकार नहीं कर सकता।

पुनः दूसरे स्थल पर ये ही महोदय लिखते हैं—"जिस काल शिवाजी ने उनका सत्कार किया था, तब वह किसी अन्य के यहाँ नहीं गये। जब शिवाजी का शरीरान्त हो गया तब शाहू के गुरुतर भूपाल होने पर भी भूषण अन्यान्य आश्रयदाताओं के यहाँ दौड़ते फिरे। जिससे समझ पड़ता है, शाहू ने उनका यथायोग्य सम्मान नहीं किया और केवल अपनी भलमनसाहत के कारण शिवाजी के सम्बन्ध को स्मरण करके उन्होंने शाहू जी के भी थोड़े से छन्द बना दिये, जो उमङ्गपूर्ण भी न थे।"*

भूषण छत्रसाल के यहाँ जाने से पूर्व मोरंग, कुमाऊँ, श्रीनगर, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कुतुब और आदिलवंशी राजकुमारों तथा शाहू बाजीराव पेशवा और दिल्ली नरेश, राजा अनिरुद्ध सिंह तथा असोथर-नरेश के यहाँ जा चुके थे। इनमें सबसे उत्तम उन्होंने शाहू जी को माना है। ऐसी दशा में "शाहू" के प्रति भूषण का आदरास्पद कथन न मानना उपहास के योग्य ही है।

---

* सुधा, वर्ष ६, खंड १, संख्या ५ मार्गशीर्ष सं० १९८९ वि०।

भूषण के छन्द छत्रसाल को छोड़कर अन्य किसी राजा की प्रशंसा में इतने नहीं मिलते, जितने शाहू की प्रशंसा में पाये जाते हैं। अतः उन्हें नगण्य नहीं कहा जा सकता। 'शिवा-बावनी' के अनेकों छन्द उनकी प्रशंसा में हैं। जिन्हें मिश्रबन्धु महोदय भी उत्तम मानते हैं। इन्हें केवल 'शिवाजी के सम्बन्ध' के कारण रचा हुआ नहीं बतलाया जा सकता।

भूषण के तीन ही आश्रयदाता प्रधान थे, १—सवाई जयसिंह, २—छत्रपति शाहू, ३—छत्रसाल। इनमें 'शाहू' का स्थान उनके हृदय में सर्वोच्च था। शिवाजी तो उनके 'इष्टदेव' थे। उस कोटि में किसी मानव को रखा ही नहीं जा सकता है।

## भूषण और भटैती

कुछ सज्जनों ने महाकवि भूषण पर यह आक्षेप किया है कि उन्होंने शिवाजी की झूठी प्रशंसा की है और वे दूसरे दरबारों में भी भटैती करते फिरते थे। अब देखना यह है कि उक्त लाञ्छन कहाँ तक उचित है।

छत्रपति शिवाजी की मृत्यु भूषण के जन्म से एक वर्ष पूर्व ही हो चुकी थी। अतः भूषण का शिवाजी को प्रशंसा करना भटैती नहीं कहला सकता। उन्होंने शिवाजी को ईश्वर का अवतार माना हैं और उन्हें पुण्यश्लोक कहा है। हिन्दी के अधिकांश विद्वानों ने भूषण को शिवाजी के दरबार में मानकर भयङ्कर भूल की है। इसी कारण उन्होंने उन्हें 'अत्युक्ति का पुल' बाँधनेवाला बतलाया है। परन्तु वे यह नहीं समझते कि उन्होंने स्वयम् गोस्वामी तुलसीदास के—

"कीन्हें प्राकृतजन गुण गाना।
शिर धुनि गिरा लागि पछिताना॥"

की तरह—

"भूषण यों कलि के कवि राजन
राजन के गुन गाय हिरानी।
पुण्य चरित्र शिवा सरजे सर,
न्हाय पवित्र भई पुनि बानी॥"

शि० भू० २६१।

का उल्लेख किया है। इससे स्पष्ट है कि भूषण के हृदय में भी तुलसी की भाँति उक्त विचारधारा विद्यमान थी। वे औचित्य तथा अनौचित्य को भली भाँति समझते थे। अतः मानव-समाज के उद्धारक स्वराज्य द्रष्टा, राष्ट्र निर्माता भूषण ऐसे महान् व्यक्ति को भटैती करनेवाले की उपाधि देना अपनी अज्ञानता का परिचय देना है।

## एक साहित्यिक प्रत्यालोचना

त्रिनेत्रजी ने अपनी साहित्यिक योग्यता और ज्ञान-गरिमा प्रदर्शित करते हुए तथा मेरे अर्थों को अशुद्ध बतलाते हुए 'शिवा बावनी' और 'भूषण विमर्श' के ५-६ पद्यों में से किसी का आंशिक और किसी का पूर्णतः अर्थ करने की कृपा की है। उन पर विवेचनात्मक रूप से विचार करना समीचीन प्रतीत होता है। जिससे पाठकगण वास्तविकता समझ लें कि भूल किधर ढल रही है। सर्वप्रथम इस पद्यांश पर विचार कीजिये।—

"लै परनालो शिवा सरजा करनाटक लौं सब देस बिगूँचे।

शि० भू० २०७।

'भूषण विमर्श' में इसका यही भाव लिखा गया है कि "शिवा-

जी ने परनाले का किला जीतकर वहाँ से आगे बढ़ते हुए कर्नाटक तक के सब देशों को रौंद डाला। कर्नाटक भी इन जीते हुए देशों में सम्मिलित है।"

इस अर्थ पर आलोचना करते हुए त्रिनेत्रजी लिखते हैं—"हिंदी का ककहरा जाननेवाला भी 'कर्नाटक लौं' का अर्थ कर्नाटक-विजय या कर्नाटक की चढ़ाई न लेगा। इसका अर्थ तो 'कर्नाटक तक होगा। अर्थात् कर्नाटक विगूँचे जानेवाले देशों से प्रथक् है। पर ऐतिहासिक खोज करनेवाले दीक्षित जी भला व्याकरण की परवाह क्यों करने लगे। यदि "करनाटक लै" पाठ होता, तो "लै" का लेकर या सहित अर्थ किया जा सकता था।" इस पर त्रिनेत्र जी को सटीक उत्तर सप्रमाण दिया गया। अतः फिर वे ही महाशय लिखते हैं—"करनाटक लौं सब देश बिगूँचे" में "करनाटक लौं" का अर्थ दीक्षित जी कर्नाटक की सीमा नहीं लेते। वे विगूँचे जाने वाले देशों में उसे भी मानना चाहते हैं। जिससे उक्त वर्णन कर्नाटक-विजय के संबंध का माना जा सके कि 'शिवराजभूषण' में १७३० वि० के उपरांत की भी घटनाएँ हैं। क्योंकि यह घटना सं० १७३४ वि० की है।" अंत में त्रिनेत्र जी ने यह स्वीकार कर लिया है कि "लौं" के अर्थ मर्यादा व अभिविधि के आधार पर रहित और सहित दोनों होते हैं। तब भी आप फिर लिखते हैं "दीक्षित जी 'लौं' का अर्थ अभिविधि के आधार पर लेना चाहते हैं।" किंतु, 'ब्रजभाषा' में लौं का प्रयोग अधिकतर विस्तार का अर्थ द्योतन करने के लिए मर्यादा में ही होता है यथा—

( १ ) "सावन लौं आवन सुन्यो है घनस्याम जू को,
आँगन 'लौं' आप पाँय पटकि-पटकि जात।"

( २ ) "है सखि संग मनोभव सो भट,
कान 'लौं' बान-सरासन ताने।"

पद्माकर ।

आइये त्रिनेत्र जी के उपरोक्त पद्यांशों पर विचार करें। ये पद्य मर्यादा का भाव व्यक्त करनेवाले उदाहरणों में आपने उपस्थित किये हैं। "आँगन लौं आय पायँ पटकि पटकि जात" का स्पष्ट अर्थ अभिविधि का द्योतक है। क्योंकि यहाँ पर नायिका की उत्कंठा इतनी तीव्र हो जाती है कि वह अनुभव करती है कि मेरा पति आँगन में आ गया है। उसके परों की खटपट उसे सुनाई देती है। वर्षा के कारण बूँदों की पट पटाहट को ही पैरों की आवाज मान लेना स्वाभाविक चित्रण है। अतः इसको मर्यादा के उदाहरण में प्रस्तुत करना अज्ञानता का द्योतक है। आँगन के बीच में स्पष्ट आवाज़ होने से यह 'अभि-विधि' का द्योतक है 'मर्यादा' का नहीं।

इसी प्रकार "सावन लौं" का अर्थ भी 'श्रावण मास के बीच में ही' लिया जायगा। क्योंकि विवशता में जो कुछ सम्मिलन हो जाय, वही पर्याप्त होगा।

दूसरे उदाहरण में "कान लौं बान-सरासन ताने का अर्थ अत्यन्त रूप से कान के पिछले भाग तक प्रत्यञ्चा का खींचना माना जाता है। यदि त्रिनेत्र जी ने स्वयं कभी तीर कमान न चलाये हों, तो भी राम का मारीच ( हिरण रूप ) के पीछे दौड़ने का चित्र तो अवश्य देखा होगा। उसे देखकर भी यदि आपको 'मर्यादा' और 'अभिविधि' के अन्तर का ज्ञान न हुआ, तो फिर आपकी साहित्यिकता ही व्यर्थ माननी पड़ेगी।

अतः "करनाटक लौं सब देश विगूँचे" का अर्थ भी कर्नाटक तक के सब देशों को रौंद डाला है। इन रौंदे जानेवाले देशों में कर्नाटक भी है। शिवाजी ने तीसरी बार परनाले का किला जीत कर कर्नाटक पर चढ़ाई की थी। यह इतिहास-प्रसिद्ध घटना है। इससे पूर्व वे कभी भी कर्नाटक की उत्तरी सीमा तक नहीं पहुँचे। कर्नाटक की उत्तरी सीमा तुंगभद्रा नदी है, जहाँ वह कृष्णा नदी में मिल जाती है। वहाँ से आगे कर्नाटक की सीमा कृष्णा नदी बन जाती है।

देखिये-( सोर्स बुक आफ मराठा )

अतः स्पष्ट है कि कर्नाटक की चढ़ाई का उक्त छन्द में दिग्दर्शन कराया गया है जो सं० १७३० वि० के कई वर्ष पश्चात् की घटना है। 'शिवराज भूषण' में ऐसी एक नहीं बीसियों घटनाएँ प्रस्तुत हैं। कुछ घटनाएँ तो शिवाजी की मृत्यु के उपरान्त की भी हैं, जिनका यथास्थान उल्लेख किया गया है।

( २ ) अब एक कवित्त और लीजिये जिसके अर्थ पर मिश्र जी का गर्व फूट पड़ता है। वह यह है—

"उत्तर पहार विधनौल खँडहर झार—
खंड हू प्रचार चारु केली है विरद की।
गौर गुजरात और पूरब पछाँह ठौर,
जंतु जंगलीन की बसति मार रद की।
'भूषन' जे करत न जाने बिनु घोर सोर,
भूलि गयो आपनी उँचाई लखे कद की।

खोइयो प्रबल मदगल गजराज एक,
सरजा सों बैर कै बड़ाई निज मद की ॥"
शि० भू० १५६ ।

इस पर त्रिनेत्र जी की टिप्पणी का अवलोकन कीजिये । आप लिखते हैं—

" 'शिवराज भूषण' से आपने शिवाजी की मृत्यु के बहुत पीछे की भी एक घटना खोज निकाली है । उसका पाठक मुलाहिजा फरमावें । विवाद का आधार उक्त छन्द है । इसका अर्थ समझाते हुए फिर आप (दीक्षित) जी कहते हैं—यह समासोक्ति का उदाहरण है जिसका लक्षण यह है 'बरनन कीजे आन को ज्ञान आन को होत' यहाँ मदगल गजराज और सरजा ( सिंह ) का वर्णन किया गया है। और औरंगजेब तथा शिवाजी के कार्यों का ज्ञान हो जाता है ।"

भूषण तीन चरणों में गजराज की मदमस्ती का वर्णन करते हैं कि उसने किस प्रकार इन देशों को नष्ट-भ्रष्ट किया था । पर उसका सारा मद सरजा के सामने आते ही फूट गया । इससे स्पष्ट है कि जिन देशों का उल्लेख किया गया है, उनकी बरबादी औरंगजेब की की हुई है । मरहठों से उसका कोई सम्बन्ध नहीं । परन्तु अपनी प्रकृतिसिद्ध घपलेबाजी के अनुसार आप ( दीक्षित जी ) दूसरा चरण उद्धृत करके कहते हैं—"इस पद में भूषण ने मरहठों द्वारा गोर ( बंगाल ) और गुजरात प्रान्त के बरबाद किये जाने का उल्लेख किया है । ये घटनाएँ शाहू से सम्बन्धित हैं । शिवाजी के समय में कभी भी इन प्रान्तों पर आक्रमण नहीं किया गया ।" पाठक ही विचार कर लें कि "जे

कोदौं देकर पढ़ता है" वही इस प्रकार के अर्थ लगा सकता है। जैसा कि दीक्षित जी ने लगाया है।"

ये हैं उद्गार अहंमन्य त्रिनेत्रजी के। परन्तु इस छन्द का अर्थ करने में भी इस महान् पंडितराज ने वैसी ही ठोकरें खाई हैं, जैसा अन्य छन्दों के अर्थ करने में। सौभाग्य से इस छंद में भी ऐतिहासिक घटनाओं की चर्चा है, जिससे अर्थ की गंभीरता और यथार्थता समझने में पर्याप्त सहायता प्राप्त हो सकती है। प्रथम पंक्ति में शिवाजी के यश का वर्णन है। जो गढ़वाल, कुमाऊँ, मौरंग आदि उत्तर पहाड़ी स्थानों तथा विदनूर आदि जगहों में पूर्णरूपेण प्रसरित हो चुका था। भूषण शिवाजी का आदर्श लेकर इन स्थानों पर जा चुके थे। विदनूर को तो स्वयं शिवाजी ने ही विजय किया था। अतः इन स्थानों पर उनके यश का विस्तार होना स्वाभाविक था। औरंगजेब के यश का विस्तार-कथन तो अस्वाभाविक ही माना जायगा। फिर वह न तो कभी विदनूर गया था और न उसे विजय ही कर पाया था। अतः स्पष्ट है कि ये कथन शिवाजी से ही सम्बन्ध रखते हैं, औरंगज़ेब से नहीं।

गोर ( बंगाल ), गोंडवाना और गुजरात में मरहठों ने ही शाहू के समय में विजय प्राप्त की थी। अतः शेर शिवाजी द्वारा ही इन बस्तियों के रद्द करने की बात मानी जा सकती है। हाथी रूपी औरंगजेब तो जंगली जानवर तेंदुए, बघर्रा, गैंडा आदि से ही भयभीत रहता है। अतः शेर द्वारा ही जंगलों की बरबादी होना ठीक है। जिसका मेल मरहठों की लूट से भी हो जाता है। अतः छन्द की प्रथम दो पंक्तियों से हाथी रूपी औरंगजेब का कोई संबंध नहीं।

तीसरी पंक्ति का 'जो' शब्द एक विशेष भाव की ओर संकेत

करता है। जो बड़े बनते और महान् समझे जाते थे तथा जिन्होंने अपना आतंक फैला रखा था, वे भी ढीले पड़कर शांत हो गये। औरंगजेब का महान् साम्राज्य और विशाल सेना की चिंघाड़ शेर शिवाजी के सामने मंद पड़ गई। उसका सब घमंड जाता रहा। यह है इस छन्द का अर्थ। इससे पता चलता है कि त्रिनेत्र जी अर्थ करने में कितनी ठोकरें खाते हैं! साथ ही 'कोदों देकर पढ़ने' की बात किस पर लागू होती है, इसका भी पता पाठकों को लग जाता है।

(३) एक बानगी और भी देखिये। त्रिनेत्रजी इस छन्द का अर्थ करते हुए कैसी ठोकरें खाते हैं। छन्द यह है—

"भौंसिला भुवाल साहितनै गढ़पाल,
दिन द्वै हू ना लगाये गढ़ लेत पंच तीस को।
सरजा सवाई जयसाह मिरजा को लीन्हें,
सौगुनी बड़ाई गढ़ दीने हैं दिलीस को।"

इसमें स्पष्ट कथन है कि शिवाजी ने पैंतीस किले जो थोड़े समय में जीते थे, वे सब बादशाह औरंगजेब को दे दिये। अर्थात जो ३५ किले जीते थे, वे सब मिर्जा जयसिंह के दबाव में पड़कर अथवा पारस्परिक रक्तपात से बचाने के लिए बादशाह को भेंट कर दिये। उक्त पद्य का यही अर्थ है। परंतु त्रिनेत्र जी इसका एक दूसरा ही अर्थ करते हैं। वे कहते हैं कि इसका आशय यह है।—"शिवाजी ने ३५ किले जीते तो थे परंतु दिये कितने इसका पता नहीं।"

इसके कुछ व्यावहारिक उदाहरण लीजिये। "मोहन ने पाँच रुपये उधार लिये थे और वापस कर दिये।" इसका यही

आशय लिया जायगा कि जितने उधार लिये थे, वे सब दे दिये। उसका कुछ भी अंश शेष नहीं रहा। इसी संबंध का एक और उदाहरण लीजिये। यथा—"सेना के कुछ सवार आये थे, पर थोड़ी देर ठहर कर चले गये।" इसका भी यही अर्थ लिया जायगा कि जितने सवार आये थे, वे सब चले गये। कोई सवार उस स्थान पर रह नहीं गया। परंतु त्रिनेत्र जी कहते हैं 'संभव है वहाँ पर कुछ सवार रह भी जायँ, अथवा रुपये वापस करने में कुछ कम ही लौटाये जायँ। परन्तु त्रिनेत्रजी के इस अर्थ को न तो कोई साहित्यिक ही मानेगा और न कोई अन्य व्यक्ति ही। अतः हम भी उनके आशय से सहमत नही हो सकते। इसी प्रकार भूषण का भी कथन है कि ३५ किले जो शिवाजी ने थोड़े समय में जीते थे, उन्हें मिर्जा जयसिंह की प्रसन्नता के लिए बादशाह को दे दिये। इसः पद्य का दूसरा कोई भी भाव नहीं है। परन्तु त्रिनेत्रजी का कथन है कि ३५ किले जीते थे, किंतु दिये २३ ही थे। यही आशय भूषण का है। इस पर कोई भी टिप्पणी देना व्यर्थ है।

इनके कुछ उदाहरणों की छान बीन हम "शिवा बावनी" पर विचार करते हुए तथा बहादुर खाँ के विषय में लिखते हुए पहले भी कर चुके हैं। अतः हम कह सकते हैं कि पं० विश्वनाथ प्रसाद जी मिश्र उर्फ त्रिनेत्रजी साहित्यिक ज्ञान-गरिमा का प्रदर्शन करने में कितनी ठोकरें खाते हैं। यथार्थ रूप से देखा जाय तो इन पर "गजस्तत्र न हन्यते" वाली कहावत ही चरितार्थ होती है।

## भूषण की राष्ट्रियता

भूषणकी रचनाओं पर अराष्ट्रियता का एक महान् आक्षेप

किया जाता है। परंतु अन्य दोषारोपणों की भाँति यह आक्षेप भी मिथ्या है। भूषण की राष्ट्रियता शिवाजी के आदर्श पर निर्धारित है। उसमें न तो सामाजिक द्वेष की गन्ध है और न कोई अराष्ट्रिय भावना ही।

